

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 11 फरवरी 2025 । वर्ष – 66 । अंक –296 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



अमेरिका से निर्वासित भारतीयों की स्थिति पर चर्चा की मांग पृष्ठ 2

■ दिल्ली: दो नावों की सवारी में आप हुई धड़ाम!
■ दिल्ली में मिली करारी हार के बावजूद आप एक राजनीतिक ... पृष्ठ 6

■ बांग्लादेश : हिंसा फैलाने वाले 'शैतानों' के खिलाफ सरकार की बड़ी कार्रवाई, 1300 से ज्यादा गिरफ्तार पृष्ठ 7

मेरा फोकस ज्यादा से ज्यादा वक्त क्रीज पर बिताकर लंबी पारी खेलने पर था : रोहित पृष्ठ 8

नगरीय निकाय चुनाव 2025

## आज मतदान, मतदान दलों ने संभाला मोर्चा

### लोग चुनेंगे मनचाहा पार्षद–अध्यक्ष–महापौर

■ सुबह 8 से शाम 5 बजे तक होगा मतदान



**रायपुर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में आज होने वाले नगरीय निकाय चुनावों के लिए सोमवार को दोपहर से मतदान दलों को ईवीएम तथा अन्य मतदान सामग्री सहित बूथों में अपना मोर्चा संभाल लिया है। प्रदेश में रायपुर समेत 10 नगर निगम, 49 नगरपालिका और 114 नगर पंचायतों में महापौर, अध्यक्ष तथा पार्षदों के चुनाव के लिए वोटिंग सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी और शाम तक चलेगी। ऐसा पहली बार होगा, जब ईवीएम पर हर वोटर को एक बटन मेयर–अध्यक्ष के लिए और दूसरा पार्षद के लिए दबाना होगा। दोनों बटन दबाने के बाद ही प्रक्रिया पूरी होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने वोटर के लिए 15 कार्ड मान्य किए हैं। इनमें वोटर आईडी, आधार, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड और मजदूर कार्ड तक हर वो सरकारी कार्ड चलेंगे, जिनमें वोटर का फोटो है, जो उसकी पहचान कराता है। निर्वाचन आयोग ने प्रदेशभर में 5992 बूथ बनाए हैं। आपकी आसानी के लिए बता दें कि विधानसभा चुनाव में जहां वोट डालने गए थे, इस बार भी अधिकांशतया उन्हीं बूथ पर आपको वोट देना है। रायपुर सहित दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, जगदलपुर, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, अंबिकापुर और चिरमिरी नगर निगमों में मतदान होगा।

रायपुर नगर निगम के सभी 10 जोन और 70 वार्ड के लिए सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज से मतदान दलों को मतदान पेटियों का वितरण किया गया। प्रदेश की राजधानी में अन्य शहरों की तरह अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर है। रायपुर में महापौर पद के लिए एक तरफ कांग्रेस से दीप्ति प्रमोद शर्मा, तो दूसरी ओर भाजपा की ओर से मीनल चौबे प्रत्याशी हैं।

इसी तरह बिलासपुर नगर निगम सहित जिले के नगरीय निकायों के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरण किया गया। बिलासपुर नगर निगम में भाजपा की ओर से जहां पूजा विधानी तो दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से प्रमोद नायक मैदान में हैं। नगर निगम क्षेत्र में 70 वार्डों में मतदान के लिए 509 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। महापौर सहित पार्षद प्रत्याशियों की किस्मत निगम क्षेत्र के 506162 मतदाता तय करेंगे, जिनमें से 2,54,771 महिला और 2,51,322 पुरुष मतदाता हैं। अंबिकापुर नगर निगम ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### 10 लाख से अधिक मतदाता रायपुर के महापौर और पार्षदों को चुनेंगे



रायपुर नगर निगम में निर्वाचन हेतु 70 वार्डों में कुल 1095 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें कुल मतदाताओं की संख्या 10 लाख 36 हजार 118 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 5 लाख 18 हजार 954 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 5 लाख 16 हजार 908 है। तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 256 है। जिले में सभी नगरीय निकायों के 240 वार्ड में कुल 11 लाख 68 हजार 373 मतदाता हैं। जिनमें पुरूष मतदाता 5 लाख 83 हजार 807, महिला मतदाता 5 लाख 84 हजार 307 एवं तृतीय लिंग मतदाता की संख्या 259 हैं। रायपुर नगर निगम मे मतदान को सुचारू रुप से कराने के लिए 104 सेक्टर ऑफिसर की नियुक्ति की गई है। वहीं जिले में कुल 136 सेक्टर ऑफिसर हैं।

## फर्जी कागजात के साथ रायपुर में रह रहे तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार

### एटीएस ने मुंबई एयरपोर्ट में किया गिरफ्तार



**रायपुर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तीन बांग्लादेशी नागरिक कई वर्षों से फर्जी कागजात के जरिए रायपुर में रह रहे थे। जिन्हें छत्तीसगढ एटीएस ने आरोपियों को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मोहम्मद स्माइल, शेख अकबर और शेख साजन को गिरफ्तार किया है। एटीएस तीनों आरोपियों को रायपुर ला रही है। ये तीनों कबाड़ का काम करते थे और टिकरापारा के छत्तीसगढ़ नगर में निवासरत थे। यूसीसी लागू होने के बाद ये तीनों इराक जाने की फिराक में थे। मिली जानकारी के अनुसार, मोहम्मद इस्माईल, शेख अकबर, शेख साजन नाभरन, जिला जैसोर, प्रांत खुलना, बांग्लादेश के रहने वाले हैं। वर्तमान ये तीनों भाई मिश्रा बाड़ा, ताजनगर टिकरापारा, रायपुर में रह रहे थे। तीनों व्यक्तियों द्वारा फर्जी दस्तावेज बनवाकर 26 जनवरी को बगदाद (इराक) जाने के लिए हावड़ा मुंबई मेल ट्रेन से मुंबई पहुंचे। आरोपियों की सूचना मिलने के बाद इन्हें ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### सत्कार कम्प्यूटर के संचालक ने बनाए फर्जी दस्तावेज, पुलिस ने हिरासत में लिया

तीनों आरोपियों ने रायपुर में रहने के दौरान ही भारतीय दस्तावेज आधार, पैनकार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनवाया है। यूसीसी लागू होने और भारत में पकड़े जाने के डर से जन्मतिथि के प्रमाण पत्र के लिए फर्जी मार्कशीट, सत्कार कम्प्यूटर के संचालक मोहम्मद आरिफ के माध्यम से बनवाया था। उन्होंने यह जानकारी भी दी कि, पूर्व में भी कई व्यक्ति इसी तरह सत्कार कंप्यूटर के संचालक मोहम्मद आरिफ़ की मदद से फर्जी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### दुर्ग कलेक्टर ऋचा केन्द्रसरकार में प्रतिनियुक्ति पर



**रायपुर।** दुर्ग कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर जा रही हैं। उनकी पोस्टिंग केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में डिप्टी सेक्रेटरी के पद पर हुई है। दुर्ग की तरह धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी की केन्द्र सरकार में पोस्टिंग हो चुकी हैं। दोनों ही कलेक्टरों को पंचायत चुनाव निपटने के बाद रिलीव किया जा सकता है।

### मोदी फ्रांस की यात्रा के लिए रवाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए फ्रांस रवाना हुए। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों और प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने और अंतरराष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का दौरा करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे। फ्रांस से मोदी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के न्योते पर अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे।

### गुमराह करने वाले विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कई राज्यों के मुख्य सचिव तलब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाओं के भ्रमित करने वाले विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफलता को लेकर सोमवार दिल्ली, आंध्र प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों को फटकार लगाई और उनके मुख्य सचिवों को तलब किया। कोर्ट के आदेशों का पालन शायद ही कहीं किया गया है। बेंच ने इन राज्यों के मुख्य सचिवों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया और यह स्पष्ट करने को कहा कि वे नियमों का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं।

## रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर के 28 अस्पतालों का किया निरीक्षण

**रायपुर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत फर्जी दावों पर सख्त कार्रवाई करते हुए रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के 28 अस्पतालों का निरीक्षण किया। जांच के बाद 15 अस्पतालों का पंजीयन एक वर्ष के लिए निरस्त कर दिया गया, जबकि 4 अस्पतालों को 6 माह के लिए, 4 को 3 माह के लिए निलंबित किया गया और 5 अस्पतालों को चेतावनी पत्र जारी किया गया है।

### 15 के पंजीयन निरस्त

■ आयुष्मान योजना अंतर्गत फर्जी दावे करने वाले अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (ह.॥) की नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट समय-समय पर फर्जी दावों की पहचान कर ट्रिगर भेजती रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शासन ने विस्तृत परीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके बाद राज्य नोडल एजेंसी ने संदिग्ध अस्पतालों की पहचान कर राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की विशेष बैठक बुलाई। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें डॉक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीमों ने प्रत्येक दिन दो अस्पतालों की ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## राष्ट्रपति ने महाकुंभ संगम में लगाई डुबकी



**नई दिल्ली**, 10 फरवरी (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रयागराज पहुंच चुकी हैं। वीआईपी घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम है। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संगम में आस्था की डुबकी लगाई। राष्ट्रपति के पहुंचते ही सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम पर प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। यूपी के सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद थीं। संगम में स्नान करने के उपरांत मुर्मू ने गंगा में नारियल और पुष्प ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## महाकुंभ में महाजाम से हाहाकार

**महाकुंभ नगर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। वसंत पंचमी स्नान के बाद से प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। जाम से हालत बिगड़ गए। शहर से लेकर वाराणसी, मिर्जापुर, लखनऊ और रीवा हाईवे समेत 7 एंट्री पॉइंट पर 20 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं। भीड़ के चलते संगम तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पा रही। सभी एंबुलेंस वीआईपी ड्यूटीज में लगा दी गईं। महिला श्रद्धालुओं की हालत बिगड़ने के बावजूद दो घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। इस पर एक श्रद्धालु ने बताया कि फोन किया तो कहते हैं आवाज नहीं आ रही। प्रयागराज में 5 किलोमीटर का सफर पूरा करने में 8 घंटे से ज्यादा का समय लग रहा है। इस दौरान फोर व्हीलर्स में लोग घंटों भूखे-प्यासे फंसे हैं। जाम के कारण संगम नोज तक पानी पहुंचाने में परेशानी हो रही। वाटर कूलर भी कई जगह बंद मिले। कड़ी धूप में पानी के लिए श्रद्धाल परेशान होते दिखे। महाकुंभ के पलट प्रवाह के चलते रामनगरी अयोध्या में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। प्रयागराज महाकुंभ से बड़ी संख्या में श्रद्धालु लगातार पहुंच रहे हैं। अयोध्या में श्रद्धालु सरयू स्नान करने के बाद रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन कर रहे हैं।



■ वाराणसी, मिर्जापुर, लखनऊ व रीवा हाईवे समेत सात एंट्री पॉइंट पर 20 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें

## दिल्ली के मुख्यमंत्री चेहरे पर मंथन तेज

■ मुख्यमंत्री की दौड़ में चार महिलाएं भी शामिल
■ 48 विधायकों में से ही चुना जाएगा डिप्टी सीएम

**नई दिल्ली**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 27 साल का सूखा खत्म करते हुए प्रचंड जीत दर्ज की है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी को करारी शिकस्त देते हुए दिल्ली की 48 सीटें जीती हैं। जबकि आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर ही सिमट गई है। अब भाजपा ने दिल्ली के सीएम चेहरे पर मंथन तेज कर दिया है। भाजपा सूत्रों की मानें तो विजेता 48 विधायकों में से ही एक महिला विधायक को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। पार्टी के शीर्ष नेता इस पर विचार-विमर्श करने में जुटे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में भाजपा के टिकट पर चार महिलाएं विधायक चुनी गई हैं। इनमें शालीमार विधानसभा सीट से रेखा गुप्ता, ग्रेटर कैलाश विधानसभा सीट से शिखा राय, वजीरपुर विधानसभा सीट से पूनम शर्मा और नजफगढ़ विधानसभा सीट से नीलम पहलवान के नाम शामिल हैं। महिलाओं के अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री चेहरे के लिए जिन नामों पर चर्चाएं तेज हैं। उनमें नई दिल्ली विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को पटखनी देने वाले साहिब सिंह वर्मा, रोहिणी विधानसभा सीट पर 'आप' प्रत्याशी प्रदीप मित्तल को हराने वाले विजेंद्र गुप्ता और मालवीय नगर विधानसभा सीट से विधायक बने सतीश उपाध्याय शामिल हैं। इस बीच पार्टी सूत्रों के हवाले से खबर यह भी है कि दिल्ली की नवनिर्वाचित चार महिला विधायकों में से किसी एक को मुख्यमंत्री का पद दिया जा सकता है। इसकी पुष्टि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे से वापस लौटने के बाद ही होगी, लेकिन दिल्ली में मुख्यमंत्री पद के चेहरे के लिए सियासी सरगर्मियां बढ़ गई हैं।

## परीक्षा पे चर्चा युवाओं और अभिभावकों को संबल देने वाली पहल : साय

■ मुख्यमंत्री ने छात्र छात्राओं के साथ सुनी 'परीक्षा पे चर्चा' की आठवीं कड़ी

**रायपुर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल देश की प्रगति की चिंता ही नहीं करते, बल्कि वे युवाओं से विशेष जुड़ाव रखते हैं। उनका यह प्रयास है कि भावी पीढ़ी सही निर्णय ले, जीवन की परीक्षाओं को आत्मविश्वास के साथ दे और देशहित में अपनी ऊर्जा का सर्वोत्तम उपयोग करे। प्रधानमंत्री की यह सोच 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से मूर्त रूप लेती है, जो देश के करोड़ों छात्रों और उनके अभिभावकों को संबल प्रदान करने वाली पहल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम शामिल होकर छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वार्ता 'परीक्षा पे चर्चा' को सुना। इसके उपरांत विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री साय ने बोर्ड सहित अन्य परीक्षाओं की तैयारी भयमुक्त और तनावरहित वातावरण में करने के लिए छात्र छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले आठ वर्षों से लगातार परीक्षा के समय देश के विद्यार्थियों से संवाद कर रहे हैं और उन्हें मूल्यवान टिप्स दे रहे हैं। सालभर की मेहनत के बावजूद परीक्षा के समय तनाव और दबाव का अनुभव होना स्वाभाविक है, लेकिन प्रधानमंत्री की यह पहल इस समस्या को दूर करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रही है। प्रधानमंत्री न केवल छात्रों से संवाद करते हैं, बल्कि अपने अनुभवों के माध्यम से सफलता का मंत्र भी देते हैं। यह संवाद न केवल बच्चों बल्कि उनके ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



# देश

**उवाच** “ वास्तविकता यह है कि इस गठबंधन का नेतृत्व करने वाली पार्टी कांग्रेस के पास न तो इसके लिए परंपरा है और न ही स्वभाव। यही कारण है कि एक के बाद एक सहयोगी दल गठबंधन से खुद को अलग कर रहे हैं। जब गठबंधन का नेतृत्व करने वाली पार्टी संपत्ति की बजाय बोझ बन जाती है, जब वह ताकत की बजाय समस्या बन जाती है : **मुख्तार अब्बास नकवी, भाजपा नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 28.4 | 09.7 |
| मुंबई | 34.9 | 20.1 |
| कोलकाता | 31.2 | 15.2 |
| चेन्नई | 32.0 | 22.2 |

### लोकसभा में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने दिया स्थगन प्रस्ताव

# अमेरिका से निर्वासित भारतीयों की स्थिति पर चर्चा की मांग

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने सोमवार को लोकसभा में एक महत्वपूर्ण स्थगन प्रस्ताव दिया है। अपने प्रस्ताव में उन्होंने अमेरिका से निर्वासित भारतीय नागरिकों के साथ किए गए व्यवहार और इस पर भारत सरकार के रुख पर चर्चा की मांग की है। सांसद ने अपने प्रस्ताव में कहा कि वह लोकसभा की कार्यवाही को स्थगित कराना चाहते हैं, ताकि इस अहम और तात्कालिक मुद्दे पर चर्चा की जा सके।

मनीष तिवारी ने कहा कि यह सदन शून्यकाल और प्रश्नकाल सहित दिन के अन्य निर्धारित कार्यों को स्थगित कर भारतीय नागरिकों के अमेरिका से निर्वासन के दौरान किए गए व्यवहार और भारत सरकार की प्रतिक्रिया पर चर्चा करे। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अनुमान के अनुसार, लगभग 7.25 लाख भारतीय नागरिक अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं, जिनमें से 24 हजार लोगों को वर्तमान में हिरासत में रखा गया है। इनमें से 487 व्यक्तियों पर अंतिम निर्वासन आदेश जारी किए गए हैं और 298 की पहचान भारतीय नागरिक के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ रिपोर्ट्स और दृश्यों से यह संकेत मिलता है कि भारतीय निर्वासित नागरिकों को हाथों में हथकड़ी समेत अन्य प्रतिबंधात्मक उपायों का सामना करना पड़ा है। इससे गहरी चिंता और परेशानी उत्पन्न हो रही है। देश के ऐसे नागरिक जिन्होंने बेहतर जीवन की तलाश में विदेश जाने का फैसला किया, उन्हें सम्मान और मानवाधिकारों के तहत उचित व्यवहार मिलना चाहिए। तिवारी ने इस मुद्दे की संवेदनशीलता को देखते हुए भारत सरकार से यह स्पष्ट करने का अनुरोध किया। साथ ही पूछा कि क्या अमेरिकी कानून के तहत इन निर्वासित नागरिकों के साथ उचित प्रक्रियाओं का पालन किया गया था? उन्होंने सवाल किया कि भारत सरकार किस प्रकार के कूटनीतिक कदम उठा रही है ताकि भारतीय नागरिकों के अधिकार और गरिमा की रक्षा हो सके। मनीष तिवारी ने आगे कहा कि यह मुद्दा राष्ट्रीय महत्व का है क्योंकि यह भारतीय नागरिकों की विदेश में सुरक्षा और उनके साथ होने वाले व्यवहार से संबंधित है। उन्होंने सरकार से यह अपील की कि सदन को सूचित किया जाए कि सरकार ने इस मामले में किस तरह के कदम उठाए हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे।



यह सदन शून्यकाल और प्रश्नकाल सहित दिन के अन्य निर्धारित कार्यों को स्थगित कर भारतीय नागरिकों के अमेरिका से निर्वासन के दौरान किए गए व्यवहार और भारत सरकार की प्रतिक्रिया पर चर्चा करे। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के अनुसार, लगभग 7.25 लाख भारतीय नागरिक अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं: **मनीष तिवारी, कांग्रेस**

## ‘भारत को तोड़ने के लिए मिला विदेश से पैसा’: निशिकांत

**नई दिल्ली।** झारखंड के गोड्डा लोकसभा सीट से सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को संसद में यूएसएआईडी द्वारा गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी से जुड़े ट्रस्टों को फंडिंग देने के मामले को उठाया। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से इस पूरे मामले में जांच की मांग की। इस दौरान कांग्रेस के सांसदों ने जमकर नारेबाजी की।

निशिकांत दुबे ने कहा कि अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूएसएआईडी को पूरी तरह से बंद कर दिया है। उन्होंने इसके पीछे का कारण बताया कि यूएसएआईडी वर्षों से केवल विभिन्न सरकारों को गिराने के लिए पैसा खर्च करती रही है और भारत के लिए इसके आंकड़े बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संसद में सरकार और विपक्ष से कई सवाल पूछे। दुबे ने प्रमुखता से पूछा कि क्या यूएसएआईडी ने ओपन सोसाइटी फाउंडेशन और जॉर्ज सोरोस को भारत में राजीव गांधी फाउंडेशन और राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट को पैसे दिए थे, ताकि देश को कमजोर किया जा सके? उन्होंने यह भी पूछा कि क्या ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा को यूएसएआईडी से पैसा मिला था? इसके अलावा, उन्होंने बांग्लादेश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार माने जाने वाले बांग्लादेश के प्रमुख युनुस से गांधी परिवार के संबंधों पर सवाल किया। उन्होंने राजीव गांधी फाउंडेशन के विजय महाजन और उनकी संस्थाओं को यूएसएआईडी द्वारा पैसे दिए जाने का सवाल भी उठाया।



यूएसएआईडी को लेकर निशिकांत दुबे के दावे से हड़कंप

## ‘प्रगति यात्रा’ में नवादा पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, 211 करोड़ रुपए की दी सौगात

**पटना,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को प्रगति यात्रा के क्रम में नवादा जिले के रजौली प्रखंड पहुंचे। यहां उन्होंने बहादुरपुर ग्राम पंचायत के करिगांव ग्राम में बने कृषि फार्म में आयोजित कार्यक्रम में 211.96 करोड़ रुपए की कुल 202 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिले की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गोविंदपुर-रोह पथ में सकरी नदी पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने रजौली प्रखंड के बहादुरपुर पंचायत के करिगांव ग्राम के कृषि फार्म में बने कार्यक्रम स्थल पर डिग्री कॉलेज, करिगांव के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जीविकोपार्जन के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में जब हम लोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तब स्वयं सहायता समूह की संख्या नाममात्र की थी। इसके बाद विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या बढ़ाने की कोशिश की गई। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम ‘जीविका’ दिया, जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसका नाम ‘आजीविका’ किया। मुख्यमंत्री ने नूतन नवादा के प्रस्तावित मॉडल का अवलोकन किया और रिमोट के माध्यम से इसे लॉन्च किया। नूतन नवादा के तहत एक ही जगह पर विभिन्न संस्थानों का निर्माण किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत माखर के रुनीपुर में खेल मैदान का उद्घाटन किया।

उन्होंने रजौली के रोह एवं गोविंदपुर प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क पर सकरी नदी पर पुल का निर्माण, हिसुआ-नवादा-जमुई राज्य उच्च पथ पर नवादा बाइपास निर्माण, नवादा जिले में बहुद्देशीय प्रेक्षागृह का निर्माण और पकरीबरावां अंचल के कचना मौजा में ग्रिड सब-स्टेशन का निर्माण कराने की घोषणा की। उन्होंने रजौली अनुमंडल में डिग्री कॉलेज की स्थापना की भी बात कही।



वर्ष 2005 में जब हम लोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तब स्वयं सहायता समूह की संख्या नाममात्र की थी। इसके बाद विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या बढ़ाने की कोशिश की गई: **नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री बिहार**

### सार संक्षेप

#### आकाश आनंद नहीं कर सके कमाल, दिल्ली में भी गिरा ग्राफ

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के गिरते जनाधार को संभालने के लिए मायावती ने अपने भतीजे और नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को कमान दी है। लेकिन हरियाणा के बाद दिल्ली के विधानसभा चुनाव में वह खाता खोलने में भी सफल नहीं हो सके। वह कोई कमाल नहीं दिखा सके हैं। दिल्ली में पार्टी का ग्राफ और गिर गया है। दरअसल, बसपा मुखिया मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी का राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर और उत्तराधिकारी बनाकर पार्टी को पूरे देश में मजबूत करने की जिम्मेदारी दी है। बसपा को हरियाणा के बाद दिल्ली से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह खरे नहीं उतर सके। बसपा मुखिया मायावती ने इसके लिए किसी को जिम्मेदार नहीं माना है।

#### विपक्ष ख्याली पुलाव पका रहा है, बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी : कुशवाहा

**पटना।** एनडीए में शामिल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनने की भविष्यवाणी करते हुए कहा कि विपक्ष ख्याली पुलाव पका रहा है, बिहार में 100 प्रतिशत गारंटी है कि एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि दिल्ली के चुनाव का परिणाम कुछ भी होता लेकिन बिहार में स्पष्ट है कि एनडीए की सरकार बनेगी और बहुत ढंग से बनेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीमार होने के विपक्षी नेताओं के बयान पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कुशवाहा ने कहा कि जिनको जो बोलना है बोलते रहें, मुख्यमंत्री फिलहाल अपनी प्रगति यात्रा पर हैं और मजबूती से अपना काम कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान वह लोगों के बीच जा रहे हैं। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि बीमार तो कोई हो सकता है।

#### इंडिया ब्लॉक खत्म, कांग्रेस क्षेत्रीय दलों को समाप्त करना चाहती है : केसी त्यागी

**नई दिल्ली।** पूर्व राज्यसभा सांसद और जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने बातचीत में इंडी अलायंस की स्थिति और सोशल मीडिया पर सख्त कानून बनाने की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किया। इंडी अलायंस की स्थिति और उसे खत्म करने को लेकर उठ रही मांग के सवाल किए जाने पर केसी त्यागी ने कहा, ‘गठबंधन पहले ही समाप्त हो चुका है। जब नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जदयू ने अपने आप को गठबंधन से अलग कर लिया, तो हमारी भविष्यवाणी सही साबित हुई। कांग्रेस पार्टी हमेशा से क्षेत्रीय दलों को समाप्त करने की कोशिश करती रही है।

## प्रशांत किशोर का राजनीतिक बदलाव का मॉडल संदेह के घेरे में है : जेडीयू

**पटना,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। जनता दल (यूनाइटेड) ने सोमवार को प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की फंडिंग से लेकर उसकी राजनीतिक गतिविधियों पर सवाल उठाए। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और विधान परिषद के सदस्य नीरज कुमार ने प्रशांत किशोर की राजनीतिक गतिविधियों एवं जन सुराज और उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर संदेह जताते हुए कहा कि जन सुराज पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चेहरा तक सामने नहीं आता। प्रशांत किशोर स्वयं को पार्टी का संरक्षक बताते हैं, लेकिन चुनाव आयोग के दस्तावेजों में उनका नाम तक दर्ज नहीं है। इससे पार्टी के वास्तविक नेतृत्व और नियंत्रण को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। विधान पार्षद नीरज कुमार एवं जदयू नेता अजीत पटेल ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि प्रशांत किशोर की पार्टी को प्रत्यक्ष रूप से फंडिंग नहीं मिल रही, बल्कि ‘ज्वाय ऑफ लिविंग ग्लोबल फाउंडेशन’ नामक स्वयंसेवी संस्था को आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है। इस एनजीओ का वित्तीय प्रबंधन संदिग्ध व्यक्तियों के हाथों में है, जो बार-बार अपने निदेशकों को बदलते रहते हैं।

जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कई दस्तावेज दिखाते हुए आरोप लगाया कि राजनीतिक उद्देश्यों के लिए एनजीओ का इस्तेमाल कानूनी और नैतिक रूप से गलत है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस एनजीओ को 48.75 करोड़ रुपए की डोनेशन प्राप्त हुई, जिसमें सबसे बड़ा डोनेशन (14 करोड़ रुपए) रामसेतु इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड से प्राप्त हुआ।



जन सुराज पार्टी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चेहरा तक सामने नहीं आता। प्रशांत किशोर स्वयं को पार्टी का संरक्षक बताते हैं: नीरज

## रक्षा मंत्री ने बेंगलुरु में एशिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस और रक्षा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

**बेंगलुरु,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेंगलुरु में येलहंका एयरफोर्स स्टेशन पर सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया के 15वें संस्करण का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण और अग्रणी प्रौद्योगिकियों का संगम ‘एयरो इंडिया-2025’ आज की अनिश्चितताओं से निपटने के लिए आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी लाभ के आधार पर समान विचारधारा वाले देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

**एयरो इंडिया 2025**

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ‘एयरो इंडिया-2025’ देश की औद्योगिक क्षमता और तकनीकी प्रगति को विश्व के समक्ष प्रदर्शित करेगा, साथ ही मित्र देशों के साथ सहजीवी संबंधों को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि स्थायी शांति तभी प्राप्त की जा सकती है, जब राष्ट्र एक साथ मजबूत बनें और बेहतर विश्व व्यवस्था की दिशा में कार्य करें।

रक्षा मंत्री ने कहा कि पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में विश्व भर से सरकारी प्रतिनिधि, उद्योग प्रमुख, वायु सेना के अधिकारी, वैज्ञानिक, रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञ, स्टार्ट-अप, शिक्षाविद् और अन्य हितधारक भाग लेंगे तथा यह संगम भारत के साझेदारों को सभी के लाभ के लिए करीब लाएगा। उन्होंने कहा कि हम अक्सर खरीदार और विक्रेता के रूप में वार्तालाप करते हैं, जहां हमारे संबंध लेन-देन के स्तर पर होते हैं। हालांकि, दूसरे स्तर पर, हम अपनी साझेदारी को खरीदार-विक्रेता संबंध से आगे औद्योगिक सहयोग के स्तर तक ले जाते हैं। हमारे पास समान विचारधारा वाले देशों के साथ सह-उत्पादन और सह-विकास के कई सफल उदाहरण हैं। हमारे लिए, भारतीय सुरक्षा या भारतीय शांति अलग नहीं है। सुरक्षा, स्थिरता और शांति साझा निर्माण हैं, जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। हमारे विदेशी मित्रों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि हमारे साझेदार ‘एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य’ के हमारे दृष्टिकोण को साझा करते हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के वर्तमान वातावरण के बावजूद भारत एक ऐसा बड़ा देश है, जो शांति और समृद्धि का अनुभव कर रहा है। भारत ने कभी किसी देश पर हमला नहीं किया और न ही वह किसी महाशक्ति के साथ प्रतिद्वंद्विता में शामिल रहा है। हम हमेशा शांति और स्थिरता के समर्थक रहे हैं। यह हमारे मूल आदर्शों का हिस्सा है।



महत्वपूर्ण और अग्रणी प्रौद्योगिकियों का संगम ‘एयरो इंडिया-2025’ आज की अनिश्चितताओं से निपटने के लिए आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी लाभ के आधार पर समान विचारधारा वाले देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा: **राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### अश्लील जोक्स मामला

# रणवीर अल्लाहबादिया-समय रैना समेत अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज

**मुंबई,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना के शो ‘इंडियाज गॉट लेटेंट’ में पेरेंट्स पर अश्लील जोक्स करने पर यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया, कॉमेडियन समय रैना, अपूर्वा मखीजा के साथ ही शो के आयोजकों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज की गई है। यह शिकायत मुंबई कमिश्नर और महाराष्ट्र महिला आयोग में दर्ज कराई गई है।

अभद्र और अश्लील भाषा का इस्तेमाल करने पर यह शिकायत दर्ज कराने के साथ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत पत्र में लिखा है, ‘इंडिया गॉट लेटेंट’ के जरिए समय रैना, रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा और अन्य सहयोगी आरोपियों के साथ मिलकर जानबूझकर ठहाके लगाते हुए महिलाओं पर अश्लील शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लोकप्रियता और पैसे के लिए ऐसा किया। महिलाओं के विषय में अश्लील कमेंट करने और उनके सम्मान को ठेस पहुंचाने जैसे संगीन अपराध के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाने के लिए शिकायत पत्र दाखिल किया गया है।’



## रणवीर अल्लाहबादिया-समय रैना पर प्रियंका चतुर्वेदी भड़कीं

**नई दिल्ली।** स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना के शो ‘इंडियाज गॉट लेटेंट’ में पेरेंट्स पर अश्लील जोक्स करने पर यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया और शो के आयोजकों की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। इस मामले को लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को आईटी और संचार की स्थायी समिति के सामने उठाएंगी। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ‘मैं एक संसद सदस्य के रूप में आईटी और संचार की स्थायी समिति में इंडियाज गॉट लेटेंट नामक शो के मुद्दे को उठाऊंगी, जिसमें अश्लील, ईशनिंदा वाली सामग्री को कॉमेडी के रूप में पेश किया जाता है। हमें सीमाएं तय करने की जरूरत है, क्योंकि ये प्लेटफॉर्म युवा दिमाग को प्रभावित करते हैं और वे पूरी तरह से बकवास सामग्री को कंटेंट के रूप में पेश कर रहे हैं।



संसद की स्टैंडिंग कमेटी में उठाएंगी मामला

## दुनिया भर में छात्रों ने देखा ‘परीक्षा पे चर्चा’

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। दुनिया भर में फैले भारतीय स्कूलों के हजारों छात्रों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम, ‘परीक्षा पे चर्चा’ (पीपीसी)- 2025’ कार्यक्रम को देखा। परीक्षा के तनाव को कम करने और सीखने के प्रति सकारात्मक नजरिए को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ‘परीक्षा पे चर्चा’ का आठवां संस्करण आयोजित हुआ। जापान से लेकर ऑस्ट्रेलिया, नेपाल से लेकर केन्या तक, इसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों उत्साह के साथ भाग लिया। जापान में, इंडिया इंटरनेशनल स्कूल और ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों के साथ-साथ टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास के शिक्षक और प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।



**पीएम मोदी ने तनाव कम करने के दिए टिप्स**

ऑस्ट्रेलिया में, कैनबरा में भारतीय उच्चायोग में ‘परीक्षा पे चर्चा’ की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई। भारतीय छात्रों और अभिभावकों ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका में भारतीय उच्चायोग की तरफ से आयोजित एक विशेष स्क्रीनिंग में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। भूटान में, उत्साही छात्र, अभिभावक और शिक्षक कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखने के लिए थिम्पू के नेहरू-वांगचुक सांस्कृतिक केंद्र में एकत्र हुए।

भूटान में भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट किया, ‘सत्र ने छात्रों और अभिभावकों को तनाव मुक्त परीक्षा, नेतृत्व और समग्र शिक्षा के लिए प्रेरित किया।’

पड़ोसी नेपाल में, इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण केंद्रीय विद्यालय काठमांडू, मॉडर्न स्कूल काठमांडू और अन्य सीबीएसई स्कूलों में किया गया।

### पहल — सामाजिक सुरक्षा और उनके वाजिब अधिकारों को झारखंड सरकार कानूनी तौर पर संरक्षण देगी

# झारखंड सरकार डिलीवरी ब्वॉय से लेकर कैब चलाने वालों के लिए विधेयक लाएगी

**रांची, 10 फरवरी (एजेंसियां)। फूड-पिज्जा की डिलीवरी या इस तरह के काम करने वाले लोगों को सामाजिक सुरक्षा और उनके वाजिब अधिकारों को झारखंड सरकार कानूनी तौर पर संरक्षण देगी। इसके लिए कानून बनाने की तैयारी कर ली गई है। इससे संबंधित विधेयक का ड्राफ्ट राज्य सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने तैयार कर लिया है।**

इसे विधि और वित्त विभाग की सहमति के बाद कैबिनेट से पारित कराया जाएगा। फिर, इसे 24 फरवरी से शुरू होने वाले झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में पेश किया जाएगा। इस विधेयक का नाम ‘द झारखंड प्लेटफॉर्म बेस्ड गिग वर्कर्स (रजिस्ट्रेशन एंड वेलफेयर) बिल’ रखा गया है। इस विधेयक में ऐसे प्रावधान किए जा रहे हैं, जिससे फूड डिलीवरी करने वाले, ई-कॉमर्स कंपनियों के डिलीवरी ब्वॉय, ओला-उबर-रैपिडो जैसी कंपनियों के ड्राइवर और इस प्रकृति के काम करने वाले वर्कर्स को मिनिमम वेज, बीमा, स्टाइपेंड और अन्य प्रकार की सामाजिक सुरक्षा हासिल हो सके।

अनुमान है कि पूरे झारखंड के विभिन्न जिलों में लगभग 12 लाख लोग ऐसे कामों में लगे हैं। विधेयक में प्रावधान किया जा रहा है कि ऐसे श्रमिकों का पंजीकरण करने के लिए एक प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा और प्रत्येक को एक यूनिक आईडी जारी की जाएगी। गिग वर्कर्स के मामलों की सुनवाई के लिए ‘झारखंड प्लेटफॉर्म बेस्ड गिग वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड’ का गठन किया जाएगा। इस विधेयक का प्रस्तावित ड्राफ्ट सरकार ने पिछले साल जुलाई महीने में ही प्रकाशित किया था, जिस पर नियोजक कंपनियों, गिग वर्कर्स और आम लोगों से सुझाव मांगे गए थे। इसके पहले राज्य के श्रम विभाग के अंतर्गत झारखंड राज्य न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ पर्षद ने गिग वर्कर्स की स्थिति का अध्ययन करने के लिए एक कमेटी गठित की थी।



24 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र में पेश किया जाएगा विधेयक

## हेमंत सरकार जनादेश का अपमान बंद करे, अन्यथा भाजपा करेगी आंदोलन : बाबूलाल मरांडी

रांची। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जनादेश का अपमान और जनता से किए गए वादों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। उन्होंने राज्य में ‘मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना’ की लाभार्थियों को जनवरी एवं फरवरी की किस्त का भुगतान नहीं किए जाने, बुजुर्गों एवं विधवाओं की पेंशन लंबित रखे जाने और झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन पद पर नियुक्ति नहीं किए जाने को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सोमवार को लिखा, ‘कल फरवरी महीने की 11 तारीख हो जाएगी। वादे के अनुरूप कल तक प्रदेश की सभी बहनों के खाते में ‘मंईयां सम्मान योजना’ की राशि चली जानी चाहिए।






# महाकुंभ में महामहिम ने भी लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुंभ नगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। सनातन संस्कृति के सबसे बड़े मानव समागम महाकुंभ में उमड़ रहे आस्था और श्रद्धा के महासागर में सोमवार को महामहिम का भी आगमन हुआ। भारत की दूसरी महिला और पहली आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रयागराज महाकुंभ में मां गंगा, मां यमुना और

## एकता और सामाजिक समरसता का दिया संदेश

मां सरस्वती की त्रिवेणी के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने पूरी आस्था के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया। पावन डुबकी लगाने से पहले राष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम में पुष्प और नारियल अर्पित किया और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर प्रणाम किया। उन्होंने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की आराधना करते हुए एक के बाद एक कई बार पवित्र जल में डुबकी लगाई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच उन्होंने संगम स्थल पर पूजा अर्चना की और संगम की आरती भी उतारी। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाने से पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सपरिवार विधिवत



पूजा-अर्चना की। संगम में उतरने से पहले राष्ट्रपति ने सबसे पहले पूर्ण आस्था के साथ जल को स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और फिर पवित्र जल में फूल माला और नारियल अर्पित कर समस्त राष्ट्र की समृद्धि और शांति की मनोकामना की। इसके बाद उन्होंने भगवान सूर्य की आराधना की और अर्घ्य देकर प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ संगम में एक के बाद एक कई डुबकियां लगाईं। स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया। राष्ट्रपति ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी का दुग्धाभिषेक किया। इसके बाद उन्होंने अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहां मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उन्हें कलावा बांधकर अभिनंदन किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सोमवार सुबह प्रयागराज पहुंचने पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। यहां से राष्ट्रपति अरैल घाट पहुंचीं, जहां से क्रूज पर सवार होकर वह त्रिवेणी संगम पहुंचीं। इस दौरान राष्ट्रपति ने डेक पर खड़े होकर नौका विहार का आनंद भी लिया और अपने हाथों से पक्षियों को दाना खिलाया। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें महाकुंभ के आयोजन और इससे जुड़ी अनेक व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी।

## राष्ट्रपति ने बड़े हनुमान के दरबार में टेका मत्था



प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पहुंचकर पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच उन्होंने संगम स्थल पर पूजा-अर्चना की और संगम की आरती भी उतारी। राष्ट्रपति यहां महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता की साक्षी बनीं। इसके उपरांत उन्होंने अक्षयवट और सरस्वती कूप के दर्शन किए, साथ ही बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर श्रद्धाभाव से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में पवित्र स्नान के उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन किया। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वे यहां सरस्वती कूप के दर्शन को भी पहुंचीं। उन्होंने बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया और देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत और बाघंबरी पीठ के पीठाधीश्वर बलबीर गिरि ने पूरे विधि विधान से पूजन संपन्न कराया और राष्ट्रपति को मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी समर्थन दिया।

### अक्षयवट और सरस्वती कूप का किया दर्शन

# राष्ट्रपति को अपने बीच में पाकर श्रद्धालु दिखे उत्साहित

**महाकुंभ नगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। 13 जनवरी से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में पवित्र स्नान किया। इस दौरान अपने बीच राष्ट्रपति को पाकर वहां मौजूद श्रद्धालु भी काफी उत्साहित दिखे। श्रद्धालु नवीन कुमार ने कहा कि मैं ओडिशा से आया हूं। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पवित्र संगम में स्नान किया है। मुझे काफी गर्व हो रहा है। क्योंकि, राष्ट्रपति जी हमारे स्टेट से आती हैं। बाकी प्रयागराज आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यहां पर मेला प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था की है। किसी भी प्रकार से कोई दिक्कत नहीं हुई है। पवित्र संगम में स्नान कर बहुत अच्छा लग रहा है।

ओडिशा से आए राजेश कुमार ने कहा कि मैं दूसरी बार प्रयागराज आया हूं। पवित्र संगम में स्नान करने से मन को काफी शांति मिली है। यहां प्रशासन ने इतनी अच्छी व्यवस्था की है कि बार-बार यहां आने का मन करता है। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां पर पवित्र संगम में स्नान किया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। आस्था




के संगम में देश भर के श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने के लिए पहुंचे हैं। यहां पर मेला प्रशासन द्वारा भीड़ को नियंत्रित किया गया है।

बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में पवित्र स्नान करने के बाद अक्षयवट का दर्शन-पूजन किया। उनके साथ यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी मौजूद रहे। ज्ञात हो कि 13 जनवरी से अब तक 43.57 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई और भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। उधर महाकुंभ के चलते प्रयागराज शहर में जबरदस्त भीड़ है। इसे देखते हुए सुरक्षा के और इंतजाम किए गए हैं। कई जगह ट्रैफिक वनवे कर दिया गया है।

# त्रिवेणी में ऑस्ट्रेलियाई दंपति ने लगाई डुबकी

## बोले- दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के लिए सीएम योगी को शुभकामनाएं

**महाकुंभ नगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ अपनी दिव्यता और भव्यता के लिए दुनियाभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी कड़ी में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सांस्कृतिक राजदूत और मल्टीकल्चरल प्रोग्राम के हेड डॉ. आशुतोष मिश्रा अपनी पत्नी श्वेता के साथ भारत आए और काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के बाद संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई।



काशी मूल के दंपति ने इस दौरान कहा कि दुनिया के सबसे बड़े आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं, जो उन्होंने महाकुंभ नगर में दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन किया। ऑस्ट्रेलियाई दंपति अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ मनाने भारत पहुंचे और 144 साल बाद आए महाकुंभ के गवाह बने। उनका कहना है कि बाबा विश्वनाथ की मंगल आरती और संगम में दिव्य स्नान कर हमारा जीवन सफल हो गया है। डॉ. आशुतोष मिश्रा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है कि हम इस ऐतिहासिक महाकुंभ का हिस्सा बने। मानवता के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन चल रहा है, जो 144 साल बाद आया है। इस भव्य आयोजन के लिए उन्होंने केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को शुभकामनाएं भी दीं। महाकुंभ में प्रशासन की तैयारियों की सराहना करते हुए डॉ. आशुतोष ने कहा कि इतनी भव्य व्यवस्था करना आसान नहीं होता, लेकिन यूपी सरकार ने इसे संभव कर दिखाया। डॉ. मिश्रा की पत्नी श्वेता ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि हम दोनों ने अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ भारत में मनाने का निर्णय लिया। हमने दुनिया के अन्य पर्यटन स्थलों को छोड़कर सबसे पहले बाबा विश्वनाथ की मंगल आरती में शामिल होने और फिर संगम में दिव्य स्नान करने का निश्चय किया। जिसके बाद हमें ऐसा लग रहा है कि जैसे अब हमारा जीवन सफल हो गया है।

श्वेता मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अभूतपूर्व आयोजन और सुव्यवस्थित महाकुंभ के लिए सरकार बधाई की पात्र है। उन्होंने आम जनता से भी आह्वान किया कि सरकार और प्रशासन की मेहनत को सफल बनाने के लिए सभी श्रद्धालु नियमों का पालन करें और सहयोग करें। दंपति ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक शक्ति और सनातन संस्कृति की भव्यता को देखने के लिए पूरी दुनिया से लोग आ रहे हैं। उन्होंने संगम में स्नान के बाद 'हर हर गंगे', 'हर हर महादेव' के जयघोष के साथ अपनी आस्था प्रकट की। डॉ. आशुतोष मिश्रा ने कहा कि महाकुंभ के दिव्य आयोजन से पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की शक्ति देख रही है। केंद्र और यूपी सरकार ने मिलकर इसे ऐतिहासिक बना दिया है।

# प्रतिदिन औसतन 1.44 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई संगम में डुबकी

**महाकुंभ नगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक सांस्कृतिक समागम 'महाकुंभ 2025' ने दुनिया को अचंभित कर रखा है। दुनियाभर के बड़े धार्मिक आयोजनों में यह अपनी विशेष पहचान बना चुका है। प्रयागराज में मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के पावन संगम में बीते 30 दिनों में आस्था का अटूट रेला उमड़ रहा है। प्रतिदिन महाकुंभ में श्रद्धाभाव से पहुंच रहे श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन करें तो औसतन 1.44 करोड़ लोग हर रोज त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। महाकुंभ के जरिए सनातनियों की आस्था और श्रद्धा की बेमिसाल लहर देखने को मिल रही है।

विशेष पर्वों पर श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के पर्व पर सर्वाधिक 7.64 करोड़ से ज्यादा, जबकि इससे एक दिन पहले 28 जनवरी को 4.99 करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम स्नान किया। वहीं 14 जनवरी (मकर संक्रांति) को 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया था। आस्थावानों का रेला मौनी अमावस्या के बाद भी नहीं थमा है और प्रतिदिन करीब एक करोड़ और इससे ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। इस दौरान महाकुंभ नगरी भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आ रही है। 9 फरवरी तक 43 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। योगी सरकार की ओर से इस विराट और ऐतिहासिक आयोजन के लिए विशेष तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं, जिससे श्रद्धालुओं को सुगम स्नान की और अन्य सुविधाएं मिल सकीं हैं। सुरक्षा, स्वच्छता और प्रबंधन के शानदार प्रयासों ने महाकुंभ को ऐतिहासिक बना दिया है। आस्था के इस महामेले ने न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के सनातन संस्कृति प्रेमियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है।

**इन तिथियों पर जुटे सर्वाधिक श्रद्धालु**

- 13 जनवरी (पौष पूर्णिमा) को 1.70 करोड़
- 14 जनवरी (मकर संक्रांति) को 3.50 करोड़
- 26 जनवरी को 1.74 करोड़
- 27 जनवरी को 1.55 करोड़
- 28 जनवरी को 4.99 करोड़
- 29 जनवरी (मौनी अमावस्या) को 7.64 करोड़
- 30 जनवरी को 2.06 करोड़
- 31 जनवरी को 1.82 करोड़
- 1 फरवरी को 2.15 करोड़
- 3 फरवरी (बसंत पंचमी) को 2.57 करोड़
- 9 फरवरी को 1.57 करोड़

# महाकुंभ से टैंकर में भोपाल लाया गया गंगाजल, घर-घर बांटा जाएगा

**भोपाल,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इन दिनों महाकुंभ चल रहा है। इस कुंभ के मौके पर श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं, मगर कई श्रद्धालु प्रयागराज नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए मध्य प्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग ने बड़ी पहल करते हुए गंगा जल का टैंकर मंगाया और इस गंगा जल का घर-घर वितरण किया जाएगा। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र से विश्वास सारंग विधायक हैं। उन्होंने अपने क्षेत्र के निवासियों को गंगाजल उपलब्ध कराने के लिए प्रयागराज से एक टैंकर में गंगाजल मंगाया है। यह टैंकर सोमवार को भोपाल पहुंचा। इस मौके पर मंत्री सारंग ने कहा है कि सनातन का सबसे बड़ा महापर्व कुंभ



का गंगाजल टैंकर के माध्यम से हम भोपाल लेकर आए हैं।

उन्होंने कहा कि हर सनातन धर्मावलंबी का यही प्रयास रहता है कि वह कुंभ के मौके पर गंगा नदी में डुबकी लगाए। बहुत से लोग प्रयागराज पहुंचते हैं और बहुत से नहीं पहुंच पाते हैं। इस मौके पर हमारी ओर से प्रयास किया गया है कि हम कुंभ से गंगाजल लेकर भोपाल आएं और हम गंगाजल लेकर आए हैं। घर-घर इस गंगाजल का बोतल के जरिए वितरण किया जाएगा। प्रयागराज में चल रहे कुंभ में की गई व्यवस्थाओं को लेकर सारंग ने कहा कि कुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी हैं। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देता हूं कि उन्होंने कुंभ की व्यवस्थाएं की हैं। करोड़ों लोगों के आने के बाद भी व्यवस्था अच्छी हैं।

प्रयागराज जाने वाले बड़ी संख्या में मध्य प्रदेश से गुजर रहे हैं और इस दौरान वाहन बड़ी तादाद में रीवा सहित अन्य मार्गों पर फंसे हुए हैं। मंत्री सारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इन श्रद्धालुओं की मदद की अपील की है। पूरा प्रशासन मदद में लगा हुआ है।

# छोटी सी पिप्पली में गुण बड़े-बड़े, पेट से लेकर सांसों तक का रखती है ख्याल

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। वह दौर कोरोना का था। कोरोनावायरस की मार पूरा विश्व सह रहा था। तरह-तरह के उपचार और उपायों में दुनिया लगी थी। ऐसे समय में ही आयुष मंत्रालय ने स्वास्थ्य मंत्रालय संग मिलकर एक अध्ययन किया। क्लीनिकल रिसर्च स्टडी जिसमें आयुर्वेदिक औषधियों के जरिए उपचार को तवज्जो दी गई। इनमें चार औषधियों को रिसर्च के काबिल माना गया और इन्हीं में से एक थी पिप्पली। अध्ययन में पिप्पली संग यष्टिमधु, अश्वगंधा, गुडुची और एक पॉली हर्बल को भी शामिल किया गया था। ये सभी हर्ब सेहत की दृष्टि से काफी फायदेमंद हैं।



- **अध्ययन में पिप्पली संग यष्टिमधु, अश्वगंधा, गुडुची और एक पॉली हर्बल को भी शामिल**
- **पिपली का अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और सांस की समस्या से जूझ रहे लोगों पर जबरदस्त असर**

पिप्पली एक आम सा मसाला नहीं है बल्कि शरीर के हरेक अंग का ख्याल रखने वाला आयुर्वेदिक खजाना है। ऐसा खजाना जिसमें गुण कूट-कूट कर भरे हुए हैं। अंग्रेजी में जो पेपर कहते हैं न, वो भी हमारी पिप्पली से लिया गया शब्द है ऐसा विशेषज्ञ बताते हैं! इसे इंडियन लॉन्ग पेपर भी कहा जाता है। सुश्रुत संहिता और चरक संहिता में इसका जिक्र है। सुश्रुत संहिता में इसे दहन उपकर्ण के तौर पर जाना जाता है जो त्वचा संबंधी तकलीफों को कम करने में मदद करता है। वहीं चरक संहिता विमानस्थान में इसके उपयोग को लेकर निर्देश दिए गए हैं। बताया गया है कि इसे कुछ स्थितियों में नहीं खाना चाहिए। इसे इमरजेंसी कंडिशन से निपटने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली औषधि के रूप में वर्णित किया गया है लेकिन लंबे समय तक न लिए जाने का परामर्श भी दिया गया है।

पेंसिलवेनिया यूनिवर्सिटी के पेरेलमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन ने भी कुछ साल पहले एक रिसर्च किया। इसमें बताया गया है कि भारत में पाई जाने वाली पिप्पली में पाइपरलोंगुमाइन नाम का एक केमिकल कंपाउंड है जो कैंसर की कोशिकाओं को मारने में मदद करता है। यह अलग-अलग तरह के ट्यूमर की कोशिकाओं को भी खत्म करता है, जिसमें से एक ब्रेन ट्यूमर भी है। अध्ययन में बताया गया कि पिप्पली ब्रेन कैंसर के सबसे खतरनाक रूप ग्लाओब्लासटोमा पर भी असरदार है। आयुर्वेद में ही नहीं, यूनानी और सिद्ध चिकित्सा पद्धति में भी पिप्पली का बखान किया गया है। इस वनस्पति के फल और जड़ों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। जड़ों और तने के मोटे हिस्से को काटकर सुखाया जाता है और इसलिए आयुर्वेद इसे पीपलामूल नाम से पुकारता है। ये पिप्पली मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मदद करती है और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण सूजन कम करने में भी सहायक होती है। इसे इम्यूनिटी बूस्टर भी कहा जाता है। पाचन तंत्र से लेकर श्वसन तंत्र तक को नियंत्रण में रखती है। तासीर गर्म होती है, इसलिए गर्भवती महिलाओं को इससे बचने की सलाह दी जाती है। आयुर्वेद के मुताबिक, पिपली अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और सांस की समस्या से जूझ रहे लोगों पर जबरदस्त असर करता है।

ये कफ और बलगम निकालने में मदद करता है। चूंकि इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण है, इसलिए दर्द निवारक के तौर पर काम करता है, जोड़ों के दर्द और सूजन कम करने में मददगार साबित होता है। सुश्रुत संहिता में इसे दहन उपकर्ण के तौर पर जाना जाता है यानि ऐसी औषधि जो त्वचा संबंधी तकलीफों को कम करने में मदद करता है।

# पहली बार फरवरी में भी खुला है जोजिला दर्रा, मौसम की आंख मिचौनी या प्रयासों का नतीजा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। इतिहास में पहली बार मौसम की आंख मिचौनी का परिणाम यह है कि कश्मीर को लद्दाख से जोड़ने वाला जोजिला दर्रा इस बार फरवरी में भी अभी तक खुला हुआ है। जानकारी के लिए जोजिला दर्रा, लद्दाख को कश्मीर और उससे आगे जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण पर्वतीय दर्रा है, जो 11,575 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। और इसे ऐतिहासिक उपलब्धि कहें या मौसम का बदलाव की यह क्षेत्र की बेहद कठोर सर्दियों की परिस्थितियों के बावजूद पहली बार फरवरी के दौरान भी खुला हुआ है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि का श्रेय स्थानीय प्रशासन, जिला अधिकारियों, सीमा सड़क संगठन और भारतीय सेना के अथक प्रयासों को जाता है, जिन्होंने शून्य से नीचे के तापमान और चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति के बावजूद डटे रहे।

जोजिला दर्रा कश्मीर और लद्दाख के बीच एक आवश्यक संपर्क है, जो रक्षा, व्यापार, नागरिक आवाजाही और




- **जोजिला दर्रा कश्मीर और लद्दाख के बीच एक आवश्यक संपर्क**
- **रक्षा, व्यापार, नागरिक आवाजाही और पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण**

पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण है। यह नियंत्रण रेखा व वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास सैन्य परिवहन की सुविधा प्रदान करता है और लद्दाख में महत्वपूर्ण वस्तुओं की डिलीवरी की गारंटी देता है।

यह सच है कि जेड मोड़ सुरंग सहित कनेक्टिविटी में हाल के विकास ने क्षेत्र में पहुंच को और बढ़ा दिया है। जेड मोड़ सुरंग जम्मू और कश्मीर में एक गेम-चेंजिंग इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना है। 6.5 किलोमीटर लंबी यह दो लेन वाली सुरंग गगनगीर को सोनमर्ग से जोड़ती है, जिससे इस हिल स्टेशन तक साल भर पहुंच सुनिश्चित होती है, जो पहले हिमस्खलन-प्रवण सड़कों के कारण कठोर सर्दियों के दौरान कट जाता था।

श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर 2,400 करोड़ की लागत से बनी यह सुरंग एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम कर रही है, जो लद्दाख से संपर्क बढ़ाती है और क्षेत्र में सैन्य रसद में सुधार करती है। जोजिला दर्रे पर काम करने वाले अब्दुल रशीद लोन ने मार्ग को बनाए रखने में अपनी टीम के समर्पण पर जोर दिया। वे कहते थे कि इस सर्दी में अब तक जोजिला केवल कुछ दिनों के लिए ही बंद हुआ है।

वे कहते थे कि हमारी टीम सुबह 5.30 बजे काम शुरू करती है ताकि सड़क की स्थिति की निगरानी की जा सके, खासकर हिमस्खलन वाले क्षेत्रों में। टीम का नेतृत्व जूनियर इंजीनियर (जेई) कर रहे हैं। हम बर्फ काटने वाली मशीनों और जेसीबी मशीनों के साथ अथक परिश्रम कर रहे हैं। ऐसी ठंडी परिस्थितियों में काम करना बेहद चुनौतीपूर्ण है।

उन्होंने जोजिला सुरंग के चालू होने के बाद भी दर्रे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सड़क ज़रूरी बनी रहेगी और इसके अपने फ़ायदे भी होंगे। 20 से ज़्यादा सालों से निकासी अभियान से जुड़े फ़याज़ अहमद मीर ने मज़दूरों के सामने आने वाली चुनौतियों पर बात करते हुए बताया कि हालांकि इस साल बर्फबारी कम हुई है, लेकिन मुश्किलें अभी भी बनी हुई हैं। तेज़ हवाएँ और सबज़ीरो तापमान में काम करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है।

प्रभारी अधिकारी कैप्टन संजय कोहन ने दर्रे को साफ़ रखने के रणनीतिक और तकनीकी महत्व पर ज़ोर दिया। वे कहते थे कि मैं ज़ोजिला की निकासी के लिए ज़िम्मेदार हूं और यह अब तक हर दिन खुला रहा है। कड़ाके की ठंड के बावजूद, हम कुशलता से काम कर रहे हैं। उन्होंने दर्रे का रखरखाव करने वाले मज़दूरों की दृढ़ता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहाँ मज़दूरों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उनका दृढ़ता काबिले तारीफ़ है। हम उचित अभ्यास करते हैं और ऑपरेशन को प्रबंधित करने के लिए उन्नत मशीनों का इस्तेमाल करते हैं। तेज़ हवाएं और हिमस्खलन के जोखिम इस काम को और भी मुश्किल बना देते हैं। ज़ोजिला सुरंग से फ़ायदा तो होगा ही, लेकिन इस दर्रे को चालू रखना भी ज़रूरी है।

रायपुर, मंगलवार 11 फरवरी 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## देर से हुआ बीरेन सिंह का इस्तीफा

पिछले पौने दो सालों से हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके पहले उन्होंने दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। राजभवन में बीरेन सिंह के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ए. शारदा, पूर्वोत्तर राज्यों के प्रभारी सांसद संबित पात्रा तथा 14 पार्टी विधायक भी उपस्थित थे। कभी मणिपुर से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल खिलाड़ी के रूप में मशहूर हुए बीरेन सिंह 2017 में पहली बार तथा 2022 में दूसरी बार भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री बने थे। मार्च 2023 से राज्य में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जारी हिंसक संघर्ष में वे स्थिति को सम्हालने में नाकाम रहे हैं। उनकी असफलता की आंच केन्द्र सरकार और समग्र भाजपा तक पहुंची। खासकर इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बहुत आलोचना हुई थी, जिन्होंने पिछले पौने दो सालों में एक बार भी मणिपुर का दौरा नहीं किया, न ही इस बीच मुख्यमंत्री को हटाने की कोई पहल की। बल्कि कुकी और मैतेई के संघर्ष की आड़ में भाजपा हिन्दू वोटों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश में लगी रही, वह भी पार्टी की राज्य व केन्द्रीय इकाइयों के मौन रखने का कारण बना।

यह त्यागपत्र इतनी देर से हुआ है कि उसके बारे में यह कहना व्यर्थ होगा कि राज्य में जारी हिंसक झड़पों से व्यथित होकर या नैतिकता के आधार पर दिया गया है। यदि हिंसा से दुखी होकर बीरेन सिंह को पद छोड़ना होता तो वे 2023 के मध्य में ही छोड़ देते जब मार्च में कुकियों के साथ हुए दुर्व्यवहार एवं उत्पीड़न के वीडियो सामने आये थे। इनमें दो कुकी युवतियों को निर्वस्त्र कर उनकी परेड कराई गई थी। इसे लेकर मणिपुर सरकार ही नहीं वरन केन्द्र सरकार ने जो चुप्पी साधी थी उसके कारण मोदी व भाजपा सरकार की जबर्दस्त आलोचना होती रही। मोदी के बारे में तो कहा ही जाता रहा कि वे 'मणिपुर का 'म' भी नहीं बोलते।' इसे लेकर दुनिया भर में भारत की निंदा हुई थी। यहां तक कि मोदी जब अमेरिका के दौरे पर गये थे तो उनसे इस बाबत सवाल किया गया था।

संसद में भी कभी सरकार ने इस विषय पर कोई चर्चा नहीं होने दी। जब पुराने से नये संसद भवन में कामकाज प्रारम्भ हुआ था तब कहीं मोदीजी ने सदन के बाहर इस पर बामुश्किल डेढ़-दो मिनटों का बयान देकर अपनी पीड़ा व्यक्त की थी लेकिन इस पर अधिकृत बयान कभी संसद के भीतर एक जिम्मेदार लहज़े में नहीं दिया था और न ही किसी भी सदन में गम्भीर बहस होने दी थी। मोदी को इस पर थोड़े लफ़्ज़ इसलिये जाया करने पड़े थे क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान लेकर कहा था कि 'इस हिंसा को रोकने के लिये यदि सरकारों (राज्य व केन्द्र) द्वारा कुछ नहीं किया जाता तो उसे ही कुछ करना पड़ेगा।' वैसे इसे लेकर जब मणिपुर में जन प्रदर्शन (कुकी व मैतेई दोनों पक्षों के) जारी थे, तब ज़रूर एक बार बीरेन सिंह ने अपना इस्तीफा जनता को सौंप दिया था जिसे रोती हुई एक महिला ने फाड़ दिया था। साफ था कि वह एक सुनियोजित प्रदर्शन था जिसके जरिये वे यह संदेश देना चाहते थे कि मुख्यमंत्री का पद तो वे छोड़ना चाहते हैं लेकिन जनता का उन पर ऐसा भरोसा है कि वह उन्हें नहीं छोड़ना चाहती। मणिपुर की स्थिति को लेकर वे किस कदर संजीदा व जिम्मेदाराना थे उसका उदाहरण इसी से लगाया जा सकता है कि एक बार जब उनसे एक हिंसक वारदात को लेकर सवाल हुआ तो उन्होंने कहा था कि 'ऐसी अनेक घटनाएं होती रहती हैं। सभी पर कार्रवाई नहीं की जा सकती।' हालांकि पिछले साल के अंत में उन्होंने राज्य की जनता से इस हिंसा व जान-माल के नुकसान के लिये माफी मांगते हुए उम्मीद जताई थी कि साल 2025 शांतिपूर्ण रहेगा।

विपक्ष ने तो इस दौरान अनेक बार पूछा कि मोदीजी मणिपुर कब जा रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री कभी भी नहीं गये। यहां तक कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने तक यह टिप्पणी की थी कि पूरी केन्द्र सरकार को मणिपुर जाकर बैठ जाना चाहिये तथा वहां की स्थिति को सुधारना चाहिये। केन्द्र सरकार व भाजपा के लिये इससे बड़ा निर्देश नहीं हो सकता था पर इस दौरान केवल अमित शाह कुछ दिनों के लिये वहां गये थे। दूसरी तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 14 जनवरी, 2024 को अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत मणिपुर से ही की थी। इसका असर वहां हुआ था लेकिन केन्द्र सरकार पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा तथा वह पहली की तरह मणिपुर को लेकर उदासीन रही।

सवाल यह उठ सकता है कि इतने लम्बे समय से चली आ रही हिंसा के बाद ऐसा क्या हुआ कि मुख्यमंत्री से इस्तीफा ले लिया गया अथवा उन्होंने दे दिया। इसका कारण यह बताया जाता है कि सोमवार से निर्धारित मणिपुर विधानसभा के सत्र में, जो रद्द कर दिया गया, कांग्रेस द्वारा बीरेन सिंह के प्रति अविश्वास व्यक्त करने के लिये प्रस्ताव लाया जाना था। आशंका थी कि प्रस्ताव को कुछ भाजपा विधायक समर्थन दे सकते हैं, तो खुद को फज़ीहत से एवं पार्टी को टूटने से बचाने के लिये ऐसा किया गया है। अभी प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर निकल गए हैं। अमेरिका में उनसे मणिपुर के मसले पर मानवाधिकार को लेकर पहले भी सवाल हो चुके हैं, फिर से वैसी ही नौबत न आए, संभवत: इस वजह से भी अभी बीरेन सिंह का इस्तीफा लिया गया है। इसके पहले 19 विधायकों ने बीरेन के इस्तीफे की मांग की थी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने उस ऑडियो की फोरेंसिक जांच के भी आदेश दिए हैं जिसमें बीरेन सिंह द्वारा हिंसा भड़काने की पुष्टि होती है।

बहरहाल, मणिपुर में इस इस्तीफे का क्या राजनैतिक असर होता है, यह देखना होगा, लेकिन भाजपा ने फैसला लेने में बहुत देर कर दी, इसमें कोई दो राय नहीं है।

# दिल्ली: दो नावों की सवारी में आप हुई धड़ाम!

आखिरकार, दिल्ली में वह हो गया, जिसकी बहुतों द्वारा आशंकाएं जताई जा रही थीं। भाजपा सत्तर में से 48 सीटें जीतकर, अट्ठाईस साल के बाद दिल्ली में सत्ता निर्णायक तरीके से वापसी करने का मौका मिल गया। और बारह वर्ष बाद, दिल्ली के चुनाव में जनता का फैसला आम आदमी पार्टी नाम की उस नयी राजनीतिक पार्टी के खिलाफ आया है, जो राजधानी दिल्ली से ही धूमकेतु की तरह उठी थी, जिसका दिल्ली से ही अस्त होने की भविष्यवाणियां सुनाई देने लगी हैं। यह दूसरी बात है कि हालांकि आम आदमी को सिर्फ 22 सीटें मिली हैं और वह भाजपा से पूरे 26 सीटों से पिछड़ गयी है, फिर भी दोनों पार्टियों के वोट में सिर्फ 2 फीसदी का अंतर रहा है। इस चुनाव में भाजपा को जहां 45.56 फीसदी वोट मिले हैं, आम आदमी पार्टी को 43.57 फीसद वोट पर ही संतोष करना पड़ा है। बेशक, यह हमारी 'जो पहले आए, सब ले जाए' पर आधारित चुनाव प्रणाली की विचित्रता का हिस्सा है कि सिर्फ 2 फीसदी वोट के अंतर से भाजपा, आप से दोगुनी से ज्यादा सीटें पाने में कामयाब रही है।

हैरानी की बात नहीं है कि संघ-भाजपा, इस जीत को लेकर न सिर्फ बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं बल्कि इस चुनावी जीत को भाजपा और मोदी राज के पक्ष में दिल्ली की जनता का जोरदार जनादेश साबित करने की भी कोशिश कर रहे हैं। इसके बल पर यह साबित करने की भी कोशिश की जा रही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को जो धक्का लगा था, देश की जनता अब अपनी उस भूल का 'सुधार' कर रही है, लोकसभा चुनाव के बाद से हरियाणा, महाराष्ट्र और अब दिल्ली में भाजपा जीते, इसका जीता-जागता सबूत हैं। लेकिन, स्पष्ट जनादेश के ये दावे इस मायने में संदेहास्पद हैं कि न सिर्फ भाजपा को आम आदमी पार्टी के मुकाबले केवल 2 फीसदी वोट की बढ़त हासिल हुई है और भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां मिलकर भी, 47 फीसदी का आंकड़ा नहीं छू पाई हैं, भाजपा और उसके सहयोगियों के घोषित विरोध के मंच के आधार पर चुनाव लड़ रही कांग्रेस को भी इस चुनाव में 6.34 फीसद वोट मिला है और उसका तथा आम आदमी पार्टी का वोट मिलकर ही पचास फीसदी के करीब हो जाता है। भाजपा के विरोध के आधार पर सीमित संख्या में सीटों पर चुनाव लड़ी वामपंथी पार्टियों का वोट भी जोड़ लिया जाए तो, भाजपा के विरुद्ध जनादेश का बल 50 फीसदी से ज्यादा वोट का हो जाता है।

बेशक, तिकोने मुकाबले में भाजपा के खिलाफ लड़ते हुए भी, एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रही आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का वोट आपस में जोड़े जाने का चुनाव नतीजों के हिसाब से कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं है। फिर भी, इस वोट का जोड़कर देखा जाना इसलिए प्रासंगिक है कि जैसा कि करीब दस महीने पहले ही हुए संसदीय चुनाव ने दिखाया था, इन पार्टियों का चुनाव के लिए साथ आना सिर्फ कोरी कल्पना का ही मामला नहीं था, बल्कि एक व्यावहारिक संभावना का मामला था। और जैसा कि देश में जनतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों की परवाह करने वाली अनेक ताकतों तथा लोगों ने चुनाव से पहले ही आगाह भी किया था, संघ-भाजपा को सत्ता से दूर बनाए रखने के लिए, आम तौर पर तमाम संघ-भाजपा विरोधी ताकतों का और खासतौर पर आप तथा कांग्रेस का साथ आना, जरूरी था। इस आगाही का वजन लोकसभा चुनाव में भाजपा के दिल्ली में सभी सात सीटें एक बार फिर जीतने और पहले हरियाणा तथा उसके बाद महाराष्ट्र में उसका विजयरथ फिर से दौड़ पड़ने के प्रभावों को देखते हुए, और भी ज्यादा बढ़ गया था।


इस सब को देखते हुए, यह बात भी दर्ज करने वाली जरूर है कि आप को 22 सीटों पर जीत मिलने के अलावा कम से कम 13-14 सीटों पर आप और कांग्रेस का संयुक्त वोट, जीत के लिए काफी होता। यानी दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ी होतीं तो, इसी गणित में भी चुनाव का नतीजा बदल सकता था। जाहिर है कि साथ मिलकर चुनाव लड़ने से जो राजनीतिक-चुनावी प्रभाव पड़ा होता, इस गणित को संघ-भाजपा के खिलाफ ही झुका सकता था। वास्तव में पिछले लोकसभा चुनाव में ही इसका भी सबूत मिल गया था, जब सभी सात सीटें जीतने के बावजूद, भाजपा के मत फीसदी में, 2019 के चुनाव के मुकाबले करीब 3 फीसदी वोट की कमी दर्ज हुई थी। भाजपा के वोट में इस कमी के पीछे एक बड़ा कारक, आप और कांग्रेस का मिलकर चुनाव लड़ना था। इसे देखते हुए, कम से कम इतना तो कहा ही जा सकता है कि दिल्ली में भाजपा की अट्ठाईस साल बाद सत्ता में वापसी को संभव बनाने में, एक कारण आप और कांग्रेस का, संघ-भाजपा को समान रूप से विरोधी मानते हुए भी, उसके खिलाफ एकजुट नहीं हो पाना था। इंडिया के मंच की इस विफलता की जनतांत्रिक तथा धर्मनिरपेक्ष ताकतों को आने वाले समय में बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। याद रहे कि जनतांत्रिक विपक्षी मंच ने ऐसी ही विफलता का प्रदर्शन इससे पहले मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान तथा बाद में हरियाणा जैसे राज्यों में भी किया था। इन सबसे पहले गुजरात, गोवा आदि राज्यों में भी जनतांत्रिक विपक्ष का ऐसा ही बिखराव देखने को मिला था। कम से कम इतना तो कहा ही जा सकता है कि आम चुनाव के बाद से इंडिया ब्लाक, राज्यों के स्तर पर इस बिखराव को दूर करने में कोई सुधार नहीं कर पाया है। यहां तक कि इसे देखते हुए मीडिया में अब इंडिया ब्लाक के ही अंत की भविष्यवाणियां भी की जाने लगी हैं।

फिर भी दिल्ली के चुनाव के नतीजों को सिर्फ या मुख्यत: आप और कांग्रेस के गठबंधन न कर पाने का नतीजा नहीं कहा जा सकता है। इसका सीधा सा कारण यह है कि 2015 और 2020 के विधानसभाई चुनावों में आम आदमी पार्टी ने जो झाड़ूमार जीत हासिल की थी, उसके पीछे अकेले उसकी ही पचास फीसदी से ज्यादा वोट की ताकत थी। पिछले विधानसभाई चुनाव में आम आदमी पार्टी को 53.57 फीसदी वोट मिले थे, जबकि भाजपा को 38.51 फीसदी वोट पर ही संतोष करना पड़ा था। लेकिन, ताजातरीन चुनाव में आम आदमी पार्टी का वोट, घटकर 43.57 फीसदी रह गया है यानी पूरे 10 फीसदी से घट गया है, जबकि भाजपा का वोट, करीब 7 फीसदी बढ़कर, 45.46 फीसदी हुआ है। इसी दौरान कांग्रेस का वोट 4.26 फीसदी से बढ़कर 6.34 फीसदी हुआ है यानी आप पार्टी के वोट में हुई गिरावट में से 2 फीसदी से ज्यादा वोट कांग्रेस के हिस्से में भी आया है। आप के वोट में करीब 7 फीसदी छीनने ने ही, इस चुनाव के नतीजे को निर्णायक रूप से भाजपा के पक्ष में झुकाया है।

आप पार्टी के दुर्भाग्य ये, उसके वोट में भाजपा का इतनी ही बड़ी सेंध लगाना, न केवल संभव था बल्कि उसके सारे आधार पहले से मौजूद थे। दिल्ली के हाल के चुनावी इतिहास की जिस विशिष्टता को अनेक टीकाकार बार-बार रेखांकित करते रहे थे, आम आदमी पार्टी के दिल्ली के राजनीतिक मंच पर उभरने के बाद से, मतदाताओं के एक उल्लेखनीय हिस्से का लोकसभा और विधानसभा के चुनावों में स्पष्ट रूप से भिन्न चुनाव करना था। जैसा कि हमने पहले ध्यान दिलाया, 2015 के चुनाव से विधानसभा में दिल्ली के मतदाताओं में आधे से ज्यादा आप पार्टी के पक्ष में मतदान कर, उसकी झाड़ूमार जीत सुनिश्चित करते रहे थे और दूसरी ओर, लोकसभा चुनावों में 2014 से ही आधे से ज्यादा मतदाता इसी प्रकार, भाजपा की झाड़ूमार जीत सुनिश्चित करते आए थे। लेकिन, आप पार्टी के दुर्भाग्य से लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ रहने के बाद, विधानसभा में आप पार्टी का साथ देने वाला यह मतदाता घट रहा था और उसका बढ़ता हुआ हिस्सा विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में जा रहा था। 2015 के चुनाव में ऐसा वोट 40 फीसदी माना गया था, जो 2020 के चुनाव तक घटकर 35 फीसदी रह गया था। इस चुनाव में यह हिस्सा और भी घट गया लगता है और दस महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव और अब हुए विधानसभा चुनाव के बीच, भाजपा के वोट में गिरावट घटकर 8 फीसदी के करीब ही रह गयी है।

इसे इस प्रकार भी कह सकते हैं कि दिल्ली में आप की शानदार जीत की इमारत, बहुत हद तक संघ-भाजपा के समर्थन आधार पर ही खड़ी थी। कहने की जरूरत नहीं है कि इसे आप आदमी पार्टी के एक ऐसी मूलत: अराजनीतिक राजनीति मध्यवर्गीय परिघटना होने ने ही संभव बनाया था, जिसका अपने जन्म के समय संघ-भाजपा के साथ गहरा साझा रहा था। एक राजनीतिक पार्टी के रूप में दिल्ली में सत्ता में पहुंचने के बाद भी आप पार्टी ने सचेत रूप से अपनी अराजनीतिक-राजनीति की इस छवि को ही नहीं बनाए रखा था, संघ-भाजपा की हिंदुत्ववादी राजनीति के साथ बुनियादी सहानुभूति का अपना रिश्ता भी बनाए रखा था। बहुसंख्यक सांप्रदायिकता और जातिवादी दमन, इन दोनों के तमाम पहलुओं पर और इसी प्रकार, आर्थिक नीति के अनेकानेक पहलुओं पर भी आप ने, ऐसा रुख अपनाए रखा था, जो संसदीय चुनाव में मोदी को चुनने वालों को, विधानसभा में आप को चुनने से रोकता नहीं था। हैरानी की बात नहीं है कि दिल्ली में संघ-भाजपा के बढ़ते दबाव के सामने आप ने, मौन स्वीकृति की ओट लेने के बजाए, हिंदुत्व के अपने ही प्रारूप से लेकर, सवर्णत्व के अपने ही प्रारूप तक को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने का रास्ता अपनाया था। जम्मू-कश्मीर में धारा-370 के खत्म किए जाने के लिए समर्थन से लेकर, इस चुनाव के बीच आप के उम्मीदवारों के विहिप के त्रिशूल वितरण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर शामिल होने तक, इसके बेशुमार उदाहरण मिल जाएंगे। जैसा कि अब साफ हो गया है, इस सबने जिसे आप के अवसरवादी रुख के रूप में प्राय: सभी टिप्पणीकार दर्ज करते आए थे, संघ-भाजपा के आप से अपनी आधारभूमि का हिस्सा छीनने की गति को तेज करने का ही काम किया। हिंदुत्व के समर्थन और भाजपा विरोध की दो नावों में एक साथ सवार होने की कोशिश में आप, बीच नदी में मुंह के बल गिर पड़ी है।

बेशक, आप के अंत की भविष्यवाणियां करने वाले इस अर्थ में गलत हैं कि इस चुनाव में भी आप को, भाजपा से सिर्फ 2 फीसदी वोट कम मिला है। फिर भी, इस हार से आप पार्टी के लिए अस्तित्वगत संकट पैदा हो जाने से इसलिए इंकार नहीं किया जा सकता है कि यहां से आगे आप को एक जनतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष राजनीति के संदर्भ में खुद को स्पष्ट रूप से पुनर्परिभाषित करने की चुनौती स्वीकार करनी ही पड़ेगी। वर्ना अब भी संघ-भाजपा के आधार पर अमरबेल बनकर फूलते रहने की कोशिश करेगी, तो आगे और भी तेजी से सूखती जाएगी।



राजेंद्र शर्मा

> तिकोने मुकाबले में भाजपा के खिलाफ लड़ते हुए भी, एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रही आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का वोट आपस में जोड़े जाने का चुनाव नतीजों के हिसाब से कोई व्यावहारिक अर्थ नहीं है। फिर भी, इस वोट का जोड़कर देखा जाना इसलिए प्रासंगिक है कि जैसा कि करीब दस महीने पहले ही हुए संसदीय चुनाव ने दिखाया था, इन पार्टियों का चुनाव के लिए साथ आना सिर्फ कोरी कल्पना का ही मामला नहीं था।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# दिल्ली में मिली करारी हार के बावजूद आप एक राजनीतिक ताकत बनी रहेगी

■ डॉ. ज्ञान पाठक

दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार और भाजपा के हाथों सत्ता गंवाने के बावजूद, आम आदमी पार्टी (आप) एक राजनीतिक ताकत बनी रहेगी। आप का विशाल मतदाता समर्थन आधार बरकरार है और चुनाव परिणाम दर्शाते हैं कि भाजपा केवल 1.99 प्रतिशत वोटों के मामूली अंतर से जीत सकी है, जो आप की स्थानीय और राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को जीवित रखेगा। आप और उसके सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के अनिश्चित राजनीतिक भविष्य, उनके अन्त की शुरुआत, मतदाताओं और भारतीय समुदाय के बीच उनकी राजनीतिक विश्वसनीयता में कमी और उनकी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा के टूटने की भविष्यवाणी करने वाले राजनीतिक विश्लेषक शायद अतिशयोक्तिपूर्ण हैं।

दिल्ली चुनाव परिणाम के अंतिम आंकड़ों से पता चलता है कि आप को 43.57 प्रतिशत वोट मिले, जबकि भाजपा को 45.56 प्रतिशत। मात्र 1.99 प्रतिशत के मामूली अंतर से आप को हुआ यह नुकसान दर्शाता है कि आप भाजपा के अत्यंत शक्तिशाली राजनीतिक और प्रशासनिक जाल में फंसने के बावजूद शानदार प्रदर्शन कर सकी है।

चुनाव प्रचार के दौरान आप आरोप लगाती रही है कि दिल्ली पुलिस और भाजपा के गुंडों द्वारा उनके कार्यकर्ताओं को डराया-धमकाया जा रहा है, केंद्रीय जांच एजेंसियां उन्हें निशाना बना रही हैं, उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के अधिकारी उनके खिलाफ काम कर रहे हैं और चुनाव मशीनरी उन्हें निशाना बना रही है, आदि-आदि, जो अभी भी जांच के विषय हैं।

आप, इसके सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और पार्टी के कई नेताओं को पहले भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था, हालांकि वे सभी जमानत पर थे। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा नेतृत्व, बल्कि कांग्रेस नेताओं, यहां तक कि राहुल गांधी ने भी केजरीवाल और उनकी पार्टी को भ्रष्ट बताते हुए निशाना बनाया। अगर वोटों के प्रतिशत को देखें तो आप को ऐसे राजनीतिक हमलों के बावजूद अपना विशाल जनाधार बचाने में सफल रही है।

चुनाव हारने के बावजूद केजरीवाल ने दिल्ली में एक राजनीतिक नायक के रूप में अपनी स्थिति को बचाए रखा है, जिन्होंने भाजपा नेतृत्व खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कड़ी चुनावी टक्कर दी, जो केजरीवाल और आप के खिलाफ प्रचार करते रहे हैं।

जहां तक कांग्रेस का सवाल है, तो उसे केवल 6.34 प्रतिशत वोट ही मिल पाये, जो कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 में पार्टी को मिले वोटों की तुलना में लगभग दो प्रतिशत की मामूली वृद्धि है। दिल्ली में कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी का प्रभाव नगण्य है।

इस प्रकार दिल्ली चुनाव परिणाम से पता चलता है कि आप और केजरीवाल अभी भी सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक ताकत हैं, और भाजपा शासन और उसके सांप्रदायिक राजनीतिक एजेंडे के मुख्य विपक्ष हैं। इसलिए, देश की धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक संघीय राजनीति में, आप स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण राजनीतिक ताकत बनी रहेगी।

आप का बहुत बड़ा वोट शेयर यह भी दर्शाता है कि लोगों के कल्याण के लिए केजरीवाल का राजनीतिक रुख सही दिशा में और अटल था। भाजपा ने वास्तव में सामाजिक कल्याण योजनाओं के संबंध में वायदे करने की आप की लाइन का पालन किया है। भाजपा ने आप से ज्यादा का वादा किया और दिल्ली में आप की सभी कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने का भी वायदा किया।

आप की राजनीति देश के सभी राज्यों में आम लोगों और गैर-भाजपा राजनीतिक दलों को आप की ओर आकर्षित करना जारी रखेगी। पंजाब, गोवा और गुजरात जैसे राज्यों में गैर-भाजपा मतदाताओं के पास आप का समर्थन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। इस प्रकार दिल्ली में सत्ता खोने से भी आप की राष्ट्रीय आकांक्षाएं प्रभावित नहीं होंगी।

कांग्रेस की राजनीतिक हार से आप की राष्ट्रीय आकांक्षाएं और मजबूत होंगी। कांग्रेस लगभग उन सभी राज्यों में हार गयी जहां उसका सीधा मुकाबला भाजपा से था। जिन प्रमुख राज्यों में पार्टी हारी, वे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा थे। महाराष्ट्र और दिल्ली के हालिया चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन दयनीय रहा। जिस कटुता के साथ कांग्रेस और आप ने दिल्ली चुनाव लड़ा, वह निकट भविष्य में उन्हें हाथ मिलाने से रोकेगा। आप उन राज्यों में अपना ध्यान केंद्रित करने की पूरी कोशिश करेगी जहां कांग्रेस की राजनीतिक ताकत कम हो रही है। कांग्रेस दिल्ली और पंजाब में अपनी राजनीतिक किस्मत बदलने की स्थिति में नहीं है। आप के पास दिल्ली में वापसी करने और पंजाब में बढ़त बनाये रखने की पूरी संभावना है।

जहां तक इंडिया ब्लॉक की बात है, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी) और तृणमूल कांग्रेस जैसे प्रमुख गैर-कांग्रेसी सहयोगी आप का समर्थन कर रहे थे। वास्तव में, देश का कोई भी राजनीतिक दल दिल्ली या पंजाब में आप और केजरीवाल को नजरंदाज नहीं कर सकता। दोनों राज्यों में आप कांग्रेस पर अपना दबदबा बनाये रखना चाहती है। दिल्ली में भाजपा के मुख्य विपक्षी दल के रूप में आप की प्रासंगिकता बरकरार है।

फिर भी, दिल्ली चुनाव के नतीजों से इंडिया ब्लॉक के भीतर राजनीतिक ताकतों के पुनर्गठन की संभावना है। यह देखना होगा कि कांग्रेस या आप के साथ या उसके बिना इंडिया ब्लॉक बचता है या नहीं। इंडिया ब्लॉक में नेतृत्व परिवर्तन की मांग पहले से ही थी, जबकि आप इंडिया ब्लॉक से कांग्रेस को बाहर करने की मांग कर रही थी।

दिल्ली चुनाव में हार ने निश्चित रूप से आप और उसके नेतृत्व, खासकर केजरीवाल के सामने राजनीतिक चुनौतियों को बढ़ा दिया है, लेकिन उनका बचा हुआ विशाल समर्थन आधार भी खत्म नहीं होगा। उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं को उनका विशाल जनाधार ही जीवित रखेगा। भाजपा और उसके नेतृत्व के लिए आगे कठिन समय होगा, भले ही वे 1998 के बाद लंबे अंतराल के बाद दिल्ली में मजबूत पैर जमाकर सत्ता में आये हों। जिस बहुत कम अंतर से उन्होंने यह चुनाव जीता है, वह उन्हें प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में एक सत्तारूढ़ पार्टी के रूप में राजनीतिक रूप से सक्रिय बनाये रखेगा।

> दिल्ली चुनाव के नतीजों से इंडिया ब्लॉक के भीतर राजनीतिक ताकतों के पुनर्गठन की संभावना है। यह देखना होगा कि कांग्रेस या आप के साथ या उसके बिना इंडिया ब्लॉक बचता है या नहीं। इंडिया ब्लॉक में नेतृत्व परिवर्तन की मांग पहले से ही थी, जबकि आप इंडिया ब्लॉक से कांग्रेस को बाहर करने की मांग कर रही थी।

## आपके पत्र

### प्रकृति का अनमोल उपहार स्वास्थ्य

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और न ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराशा एवं कुंठाग्रस्त रह सकता है इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है। इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना बना कर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना होगा। फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा। शुरुआत शारीरिक फिटनेस से फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव, फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 2020 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55प्रतिशत हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टीबी, अस्थमा, डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं, यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्यगत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुत: सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### पूंजीवादी जनतंत्र और 'आप'

*मैं जब आम आदमी पार्टी की अभूतपूर्व दिल्ली विजय की समीक्षा करने का प्रयत्न करता हूं तब यही सोचने पर मजबूर होता हूं कि देश में आप के रूप में एक ऐसी पार्टी का उदय हुआ है जो अमेरिकी शैली में पूंजीवादी जनतंत्र की ध्वजवाहक होगी। मैं याद करना चाहता हूं कि फ्रांसिस फुकुयामा ने लगभग ढाई दशक पहले अपनी बहुचर्चित पुस्तक 'द एंड ऑफ हिस्ट्री' यह अवधारणा प्रस्तुत की थी कि राजनैतिक इतिहास में पूंजीवादी जनतंत्र ही अंतिम विकल्प है। आगे चलकर फुकुयामा ने तो अपनी स्थापना को काफी हद तक संशोधित किया लेकिन क्या आश्चर्य कि भारत में मीमांसकों को उसका पुराना रूप ही स्वीकार हो!*

*जैसा कि हम जानते हैं योगेन्द्र यादव आम आदमी पार्टी के सबसे प्रबल, सबसे प्रमुख और सबसे मुखर भाष्यकार हैं। वे सीएसडीएस नामक उस संस्था या थिंक टैंक से भी जुड़े रहे हैं जिसकी राजनैतिक सोच मुख्यत-कांग्रेस विरोधी रही है। श्री यादव ने नतीजे आने के तुरंत बाद ही टीवी पर यह स्पष्ट रूप से घोषित किया कि आम आदमी पार्टी की विचारधारा वर्ग संघर्ष की विचारधारा नहीं है। सीएसडीएस से ही जुड़े आप समर्थक प्रखर पत्रकार अभय कुमार दुबे का भी कहना है कि आम आदमी पार्टी पूंजी-विरोधी या व्यापार-विरोधी नहीं है। आप के प्रणेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी शपथ ग्रहण के बाद व्यापार जगत को निर्भय होकर अपना व्यापार करने और उस पर कानूनन टैक्स जमा करने का संदेश दिया है। ये तीनों उक्तियां आप के राजनैतिक दर्शन को समझने में हमारी मदद करती हैं।*

**(देशबन्धु में 19 फरवरी 2015 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/02/blog-post_18.html

## पावन प्रसंग

### अच्छे संस्कार ही मानव जीवन की पूंजी है

आम और नीम दोनों के मूल जीवन मे एकत्रित होने से नीम के संसर्ग से आम भी नीम का कड़ुवापन को प्राप्त करता है अर्थात दुर्जन की संगत से प्राय: सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाये तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है ? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता ? आम ही कड़वा क्यों होता है ? नीम मीठा क्यों नहीं होता ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है। इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए।

मनुष्य का जितना अहित दुश्मन नहीं करता, उतना उसका अविवेक कर बैठता है। बाबू बंकिमचंद्रजी ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते हैं। विवेकहीन माता-पिता धर्मभावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय-वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता-पिता अपनी संतानों को धनवान बनाने की भावना तो रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर ध्यान नहीं जाता। वे अपनी संतान को कुसंस्कारित करने की ओर ध्यान ही नहीं दे पाते जिसमे स्वयं संस्कारों का अभाव होता है, वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं। व्यसनग्रस्त माता-पिता की संतान यदि दुर्व्यसनों की आदि हो जाती है तो कसूरवान उनकी संतान कैसे हो सकती है। माता-पिता संस्कार देते हैं तो वे अपनी संतान पर हर क्षण ध्यान देते हैं। वे देखते हैं कि उनकी संतान का कैसे लोगों के साथ उठना-बैठना है। वह कैसे-कैसे लोगों की संगत करती है। कैसी पुस्तकें पढ़ने में रुचि प्रदर्शित करती है। आज की इस टीवी संस्कृति ने पूरे भारतीय समाज को नये रोग से ग्रस्त किया है। पाश्चातय चैनल भारतीय संस्कृति को तहस-नहस करने में कोई कसर नहीं रखा है। आज का बालमन टीवी के आकर्षक चलचित्रों में इस कदर खोया है कि अध्यात्म के संस्कारों में वह प्रवृत्त नहीं होता है। बालक का मन तो रेशम के धागे की तरह मुलायम होता है। उसे आप जिधर चाहे मोड़ सकते हो। जीवन में शान्ति एवं आनन्द की अभिलाषा रखने वालों को अपनी संतान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अगर संतान संस्कारित होगी तो धन का सदुपयोग करेगी। उसे सुकृत्य में लगाएगी। यदि उसे कुसंग का ज्वर चढ़ गया तो उसकी दवा करना मुश्किल है। लक्ष्मी चंचल है। वह दुर्व्यसनी के घर अधिक नहीं टिकती। अच्छे संस्कार ही मानव जीवन की पूंजी है। प्रत्येक मनुष्य का यह उत्तरदायित्व है कि वह अच्छी परम्पराओं को आगे से आगे बढ़ाए। वर्तमान युग में बुराइयों का प्रभाव विशेष रूप से दृष्टिगोचर हो रहा है,मगर यह नहीं भूलना चाहिए कि रावण का राज्य अधिक समय तक नहीं रहता। विजय तो सदैव अच्छाई व सत्य की ही होती है। अच्छाई कमजोर पड़ सकती है मगर पराभूत नहीं होती। समाज में जो जागृत पुरुष हैं, उन्हें जागृति के प्रयासों को मंद नहीं होने देना चाहिए। उन्हें चाहिए कि वे नई पीढ़ी को सुसंस्कारित करते हुए कुसंग की ओर बढ़ने से रोकने का अहिर्निश प्रयास करे। जंगल में वास करना श्रेष्ठ है, परन्तु कुमित्र की संगति अच्छी नहीं है। जो मनुष्य कुसंग से बच जाता है। वह दुर्गुणों से अपने आप ही बच जाता है।

**कांतिलाल मांडोत**

# देश विदेश

## सैनिकों को हमने सीरिया से हो रही गोलीबारी का जवाब देने का दिया आदेश : लेबनान

**बेरूत,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। लेबनानी सेना ने सीमावर्ती क्षेत्र में सीरिया की ओर से हो रही गोलीबारी के जवाब में हमले का आदेश अपने सैनिकों को दिया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में सेना ने रविवार को लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्रों में तोप से दागे जा रहे गोले के जवाब में कार्रवाई की पुष्टि की। बयान के अनुसार, सीमा पर सुरक्षा के असाधारण उपाय लागू किए जा रहे हैं, जिनमें निगरानी चौकियां, गश्ती और अस्थायी जांच चौकियां स्थापित करना शामिल है। सेना ने इस बात पर जोर दिया कि वह स्थिति पर बारीकी से नजर बनाए हुए है और भविष्य में भी आवश्यकतानुसार उचित कदम उठाएगी।

## बांग्लादेश : हिंसा फैलाने वाले 'शैतानों' के खिलाफ सरकार की बड़ी कार्रवाई, 1300 से ज्यादा गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश के सुरक्षा बलों ने शनिवार को शुरू किए गए एक बड़े एक्शन में सोमवार तक 1,300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई का उद्देश्य पिछले कुछ दिनों से देश में जारी हिंसा की नई लहर को दबाना है। देशव्यापी अभियान को 'ऑपरेशन डेविल हंट' नाम दिया गया है। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के परिवार और उनकी अवामी लीग पार्टी के प्रमुख सदस्यों से जुड़ी संपत्तियों को निशाना बनाए जाने के बाद यह ऑपरेशन शुरु किया।

हिंसा तेज से पूरे देश में फैल गई, भीड़ ने अवामी लीग के प्रतीकों को निशाना बनाया और राजनीतिक गुटों के बीच तनाव बढ़ गया। शुक्रवार रात गाजीपुर जिले में



छात्रों और नागरिकों पर हमले के बाद अंतरिम सरकार ने शनिवार को 'ऑपरेशन डेविल हंट' का आदेश दिया। ऑपरेशन में शामिल संयुक्त बलों में सेना के जवान, पुलिस और विशेष इकाइयां शामिल हैं। अब तक, अधिकारियों ने पिछले चार दिनों में देश में फैली अशांति और हिंसा के सिलसिले में 1,300 लोगों को गिरफ्तार किया है। अंतरिम सरकार ने देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे 'सभी शैतानों' को जड़ से उखाड़ फेंकने की कसम खाई है।

हिंसा के दौरान सबसे भयावह घटनाओं में से एक तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने राजधानी ढाका में स्थित बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के ऐतिहासिक आवास में आग लगा दी। यह घर देश के इतिहास में अहम जगह रखता है क्योंकि यहीं से रहमान ने 1971 में पाकिस्तान से बांग्लादेश की स्वतंत्रता की घोषणा की थी। 'ऑपरेशन डेविल हंट' की निगरानी एक कमांड सेंटर स्थापित किया गया है। मुख्य सलाहकार के कार्यालय ने पुष्टि की है कि ऑपरेशन पूरे जोरों पर है, साथ ही कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं।

## फिलिस्तीनियों को उनकी जमीन से हटाने की ताकत किसी के पास नहीं : तुर्की राष्ट्रपति

**इस्तांबुल,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि कोई भी ताकत फिलिस्तीनियों को उनकी मातृभूमि से बेदखल करने की ताकत नहीं रखती। एर्दोगन ने एशिया के तीन देशों के दौरे पर जाने से पहले रविवार को अतातुर्क एयर पोर्ट पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'कोई भी ताकत गाजावासियों को उनकी प्राचीन मातृभूमि से बाहर नहीं कर सकती। गाजा, पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम सभी फिलिस्तीनियों के हैं।'

एर्दोगन ने कहा, 'इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के बावजूद हम देख रहे हैं कि इजरायली सरकार के पास और भी खतरनाक योजनाएं हैं।' उन्होंने कहा, 'जायोनी लॉबी के दबाव में गाजा के मुद्दे पर नए अमेरिकी प्रशासन के सुझाव हमारे लिए कोई महत्व नहीं रखते।'

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 4 जनवरी को वाशिंगटन में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना 'गाजा प्लान' पेश किया।

ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका युद्ध से तबाह गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा और फिलिस्तीनियों को



**'इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के बावजूद हम देख रहे हैं कि इजरायली सरकार के पास और भी खतरनाक योजनाएं हैं : रेसेप तैयप एर्दोगन, तुर्की राष्ट्रपति**

कहीं और बसाए जाने के बाद इसे आर्थिक रूप से विकसित करेगा। उन्होंने गाजा का विकास करने का प्रस्ताव रखते वक्त यह स्पष्ट कहा था कि फिलिस्तीनियों का विस्थापन स्थायी होगा। हालांकि बाद में व्हाइट हाउस में इस पर सफाई दी थी कि गाजा से कोई भी विस्थापन अस्थायी होगा।

ट्रंप ने गुरुवार को ट्रूथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक बार फिर अपना विचार दोहराया। उन्होंने लिखा, 'लड़ाई के अंत में इजरायल गाजा पट्टी को संयुक्त राज्य अमेरिका को सौंप दिया देगा।'

## बांग्लादेश मुख्य चुनाव आयुक्त का दावा, किसी के साथ नहीं, किसी के विरोध में नहीं, हम हैं 'निष्पक्ष'



**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने कहा कि आयोग का किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन या विरोध करने का इरादा नहीं है। स्थानीय मीडिया से बात करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ने कहा कि उन्होंने 'निष्पक्ष' रहने की शपथ ली। नासिर उद्दीन ने कहा कि हम राजनीति में शामिल नहीं होना चाहते। हम किसी राजनीतिक दल के पक्ष में या उसके खिलाफ खड़े नहीं होना चाहते। हम 'निष्पक्ष' रहना चाहते हैं। देश के प्रमुख समाचार पत्र 'द डेली स्टार' की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को राजधानी के निर्वाचन भवन में रिपोर्टर्स फोरम फॉर इलेक्शन एंड डेमोक्रेसी (आरएफईडी) की वार्षिक आम बैठक और पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने ये टिप्पणियां कीं।

## डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर हमास ने कहा, गाजा 'बिकाऊ' नहीं है

**झगाजा,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। हमास ने कहा कि गाजा ऐसी संपत्ति नहीं जिसे खरीदा या बेचा जा सके, यह कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र का अभिन्न अंग है। फिलिस्तीनी ग्रुप का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी के जवाब में आया जिसमें उन्होंने कहा था कि गाजा को खरीद रहा है और उसका स्वामित्व लेने के लिए प्रतिबद्ध है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य इज्जत अल-रिश्क ने एक बयान में ट्रंप की टिप्पणी की निंदा की। बयान में कहा गया, 'हमारे फिलिस्तीनी लोग सभी विस्थापन और निर्वासन योजनाओं को नाकाम कर देंगे।' इसमें आगे कहा गया, 'गाजा अपने लोगों का है।'

ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह 'गाजा को खरीदने और उसका



स्वामित्व रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' उन्होंने कहाकि संयुक्त राज्य अमेरिका मध्य पूर्व के अन्य देशों को युद्धग्रस्त पट्टी का पुनर्निर्माण करने दे सकता है। पिछले हफ्ते से ट्रंप लगातार गाजा को खाली कर उस पर कब्जे की बातें कर रहे हैं। उनके 'गाजा प्लान' की दुनिया भर में निंदा हो रही है लेकिन लगता है कि उन पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा। 4 जनवरी को वाशिंगटन में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना 'गाजा प्लान' पेश किया।

ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका युद्ध से तबाह गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा और फिलिस्तीनियों को कहीं और बसाए जाने के बाद इसे आर्थिक रूप से विकसित करेगा। उन्होंने गाजा का विकास करने का प्रस्ताव रखते वक्त यह स्पष्ट कहा था कि फिलिस्तीनियों का विस्थापन स्थायी होगा। हालांकि बाद में व्हाइट हाउस में इस पर सफाई दी थी कि गाजा से कोई भी विस्थापन अस्थायी होगा।

ट्रंप ने गुरुवार को ट्रूथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक बार फिर अपना विचार दोहराया। उन्होंने लिखा, 'लड़ाई के अंत में इजरायल गाजा पट्टी को संयुक्त राज्य अमेरिका को सौंप दिया होगा।' उन्होंने यह भी दावा किया कि इस क्षेत्र के पुनर्निर्माण के लिए ज़मीन पर किसी अमेरिकी सैनिक की ज़रूरत नहीं होगी। 6 जनवरी को नेतन्याहू ने इजरायल के चैनल 14 के साथ एक साक्षात्कार में कहा, 'सऊदी अरब में एक फिलिस्तीनी राज्य स्थापित किया जा सकता है। वहां उनके पास बहुत सारी जमीन है।'

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 11 फरवरी, 2025 माघ शुक्ल पक्ष 14

### राशिफल

मेष - भावनाओं का अतिरेक आपके मन को संवेदनशील बना देगा, इसलिए किसी की वाणी और व्यवहार से आपको जल्द बुरा महसूस होगा। माता की अस्वस्थता के कारण आपको चिंता होगी। आपके सम्मान को ठेस पहुंचेगी।

वृषभ - आपकी चिंता कम होने से राहत का अनुभव होगा। आपका मन प्रेम से परिपूर्ण रहेगा। आपकी सृजनशीलता और कल्पना शक्ति में भी वृद्धि होगी। कला और साहित्य में आप अपनी कुशलता बता सकेंगे।

मिथुन - आपके निर्धारित काम पूरे होने में विलंब होगा। वित्तीय योजनाएं अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए दिन मध्यम रहेगा।

कर्क - आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आपका आज का दिन मित्रों और स्नेहियों के साथ मौज-मस्ती में गुजरेगा। आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे।

सिंह - मन में अस्थिरता और भावना की दुर्बलता के कारण आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। गलत वाद-विवाद या चर्चाओं में न पड़ें। कानूनी मामलों में सावधानी रखें। वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखें।

कन्या - आपकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से आपको लाभ होगा। व्यापार और नौकरी करने वाले लोगों को आर्थिक लाभ हो सकेगा। अधिकारी आपसे खुश रहेंगे इसलिए आपकी पदोन्नति हो सकती है।

तुला - आज घर और ऑफिस में अच्छा वातावरण मिलने के कारण आप खुश होंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी करने वाले लोग उच्च पद प्राप्त कर सकेंगे। अधिकारी आपके काम की कद्र करेंगे।

वृश्चिक - आज आप नकारात्मक विचारों में रह सकते हैं। भय का अनुभव होगा, थकान लगेगी, स्फूर्ति का अभाव महसूस होगा। नौकरी या व्यवसाय में कठिनाई हो सकती है। अधिकारी के साथ वाद-विवाद ना करें।

धनु - कुछ खराब प्रसंग, बीमारी या उग्र स्वभाव के कारण आप मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। आपको क्रोध पर नियंत्रण में रखने की सलाह दी जाती हैं। अवैध प्रवृत्ति तथा नए संबंध के कारण आपकी परेशानी बढ़ सकती है।

मकर - आपको काम की चिंता रहेगी। सगे- सम्बंधियों के साथ दिन मौज-मस्ती में दिन व्यतीत होगा। आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने-फिरने का आनंद ले पाएंगे। सुखी दांपत्यजीवन गुजार सकेंगे। आपके व्यापार में वृद्धि हो सकेगी।

कुंभ - आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ अनुभव करेंगे। नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग मिलता रहेगा।

मीन - आपकी सृजनशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप कला और साहित्य में रुचि लेंगे। आप अत्यधिक भावनाशील बनेंगे और स्नेहीजनों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ बनेंगे। काफी मस्ती के मूड़ में रहेंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1613 – मुगल शासक जहांगीर ने ईस्ट इंडिया कंपनी को सूरत में कारखाना खोलने की अनुमति दी।
1814 – यूरोपीय देश नॉर्वे ने स्वतंत्रता की घोषणा की।
1826 – लंदन यूनिवर्सिटी की स्थापना 'यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन' के नाम से की गई।
1919 – फ्रेडरिक एबर्ट जर्मनी के पहले राष्ट्रपति चुने गये।
1931 – भारतीय सिद्धांतकार, साहित्यिक आलोचक और उर्दू विद्वान गोपी चंद नारंग का जन्म।
1933 – गांधी जी के 'हरिजन वीकली' का प्रकाशन शुरू हुआ।
1942 – प्रसिद्ध समाजसेवी जमनालाल बजाज का निधन।
1944 – जर्मन सेना ने इटली के अप्रिलिया पर दोबारा क़ब्ज़ा किया।
1950 – भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज राव इन्द्रजीत सिंह का जन्म।
1959 – भारतीय क्रिकेटर चीनू मार्कंड ने अपना आखिरी टेस्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में खेला।
1975 – मार्गरेट थैचर ब्रिटिश कंजर्वेटिव पार्टी की पहली महिला नेता चुनी गईं।
1987 – अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
1990 – दक्षिण अफ्रीका के अश्वेत नेता नेल्सन मंडेला 28 वर्षों बाद जेल से रिहा किये गए।
1997 – भारतीय खगोल भौतिकविद डॉ जयंत वी. नार्लीकर 1996 के यूनेस्को के 'कलिंग' पुरस्कार से सम्मानित।
1998 – 'आपरेशन बीच' के तहत अंडमान के एक द्वीप में अंतरराष्ट्रीय गिरोह के छह सदस्य मारे गए और 74 गिरफ़्तार हुए।
1999 – चीन द्वारा रूस से 20 सुखोई लड़ाकू विमान खरीदने की घोषणा।
2003 – डोप टेस्ट में पकड़े जाने पर शेन वार्न स्वदेश लौटे।
2008 – रुन्त (रूस) के प्रधानमंत्री विक्टर जुबकोव दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**जनता आज चुनेगी...**

के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान दलों को चुनावी सामग्री का वितरण कर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। नगर निगम क्षेत्र में 1 लाख 21 हजार 454 मतदाता हैं, जिनके लिए शहर के 48 वार्डों में 143 बूथ बनाए गए हैं। इनमें से 8 मतदान केंद्रों को राजनीतिक तौर पर जिला निर्वाचन आयोग ने संवेदनशील घोषित किया है।

इसी कड़ी मे महासमुंद जिले के तीन नगर पालिका एवं तीन नगरपंचायत के लिए बनाए गए 6 अलग ङ्क अलग स्ट्रांग रुम से आज सुबह 7 बजे से ही मतदान सामग्री वितरण किया जा रहा है। जिले के 3 नगरपालिका ङ्क महासमुंद, बागबाहरा और सरायपाली और 3 नगर पंचायत – तुमगांव, पिथौरा, बसना के लिए कुल 144 मतदान केन्द्र बनाये गए है। महासमुंद नगर पालिका में 60, बागबाहरा नगर पालिका में 21, सरायपाली नगर पालिका में 18, तुमगांव नगर पंचायत में 15, पिथौरा नगर पंचायत में 15 और बसना नगर पंचायत के लिए 15 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। गौरतलब है कि महासमुंद जिले के 6 नगरीय निकायों में कुल एक लाख 3 हजार 692 मतदाता हैं, जिसमें पुरुष मतदाता 49 हजार 408, महिला मतदाता 54 हजार 271 और तृतीय लिंग के 13 मतदाता हैं। मतदाता 5 अध्यक्ष और 102 पार्षदों प्रत्याशियों के लिए 11 फरवरी को मतदान करेंगे, इनमें से एक अध्यक्ष और तीन पार्षद पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं।

राजनांदगांव जिले में कल राजनांदगांव नगर निगम के अलावा डोंगरगढ़ नगर पालिका, छुरिया नगर पंचायत और डोंगरगांव नगर पंचायत, एल्बी नगर नगर पंचायत के लिये मतदान होना है। मतदान के लिए मतदान सामग्री एवं ईवीएम मशीन का कृषि उपज मंडी समिति के नव निर्मित गोदाम से वितरण किया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान दल को रवाना किया।

**फर्जी कागजात के साथ ...**

एटीएस ने मुंबई के नागपाड़ा यूनिट के सहयोग से पायधुनी इलाके से पकड़ा। इनके पास से भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड के साथ बगदाद का वीजा बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान तीनों ने बताया कि, वे तीनों जियारत के बहाने बगदाद जाकर छिपकर रहने वाले थे और वापस भारत नहीं आने वाले थे। आरोपियों के पिता शमसुद्दीन, माता रशीदा, भाई अजगर, बहन सुरैया, इस्माईल की पत्नी यास्मीन और 2बेटियां वर्तमान में बांग्लादेश में रह रहे हैं। आरोपियों के विरुद्ध थाना टिकरापारा में धारा 318(4), 338, 340, 111बीएनएस, भारतीय पासपोर्ट अधिनियम की धारा 12(बी) का अपराध दर्ज किया गया है।

**सत्कार कम्प्यूटर के संचालक...**

दस्तावेज बनवाकर इराक जा चुके हैं और वापस नहीं आए हैं। मोहम्मद आरिफ और शेख अली एवं अन्य के द्वारा संगठित रैकेट बनाकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगों को देश के बाहर भेजा जा रहा है। संदिग्धों की अन्य अवैधानिक गतिविधियों के संबंध में जांच की जा रही है।

फर्जी दस्तावेज बनाने वाले सत्कार कम्प्यूटर के संचालक मोहम्मद आरिफ को भी हिरासत में लिया है, टिकरापारा पुलिस आरिफ से पूछताछ कर रही है।

**रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर के...**

गहन भौतिक जांच की। निरीक्षण के दौरान अनियमितताओं के प्रमाण पाए जाने पर सभी 28 अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए और जवाब देने के लिए पर्याप्त समय दिया गया। अस्पतालों द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण समाधानकारक नहीं पाए गए, जिसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस कार्रवाई को जरूरी बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना और शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का उद्देश्य प्रदेश के हर नागरिक को सुलभ और निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि अनियमितता करने वाले अस्पतालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और इस तरह की अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य योजनाओं की पारदर्शिता को लेकर पूरी तरह गंभीर है और जो भी अस्पताल नियमों का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। आयुष्मान योजना का लाभ केवल योग्य लाभार्थियों तक सही रूप में पहुंचे, यह सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार पूरी सख्ती से निगरानी रखेगी और आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

**राष्ट्रपति ने महाकुंभ ...**

अर्पित किए तथा सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। डुबकी लगाने के दौरान राष्ट्रपति को सफेद रंग के सलवार-सूट पहने देखा गया। स्नान के बाद राष्ट्रपति ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच, गंगा आरती तथा पूजा-अर्चना की। इससे पहले, भारत की प्रथम नागरिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तीर्थराज कुंभ नगरी प्रयाग में आगमन पर प्रयागराज के प्रथम नागरिक महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने प्रयागराज महानगर की चाबी भेंट कर उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम पर प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। यूपी के सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद हैं। महाकुंभ में राष्ट्रपति संगम में पूजा अर्चना करने के साथ ही अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करेंगी। जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रपति डिजिटल कुंभ अनुभव केंद्र भी जाएंगी। बता दें कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान किया था।

**युवाओं और अभिभावकों को ...**

अभिभावकों को भी बहुत कुछ सिखाता है। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि परीक्षा के समय उनका मनोबल बढ़ाएं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा बच्चों को छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करने, संतुलित आहार लेने, भरपूर नींद लेने और मानसिक शांति बनाए रखने की सलाह देते हैं। इस वर्ष उन्होंने 'सूर्य स्नान' के महत्व पर भी चर्चा की, जिससे विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति प्राप्त होती है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नई प्रेरणा भी देते हैं।

**मुख्यमंत्री ने साझा किए छात्र जीवन से जुड़े अनुभव**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर अपने छात्र जीवन से जुड़े प्रेरक अनुभव भी साझा किए। उन्होंने कहा कि गांव में उनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई और वे पढ़ाई में हमेशा अच्छे रहे। लेकिन बचपन में ही पिता के निधन ने जीवन में कई चुनौतियाँ प्रस्तुत कीं, जिससे उन्होंने बहुत कुछ सीखा। उन्होंने आगे बताया कि उनकी हैंडराइटिंग बहुत अच्छी थी और शिक्षक उसे अन्य विद्यार्थियों के लिए उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करते थे।

मुख्यमंत्री साय ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तनाव तो स्वाभाविक है, लेकिन जब हमें अपनी तैयारी पर भरोसा होता है, तो हम किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान रायपुर के मयाराम सुरजन शासकीय स्कूल की छात्रा युक्तामुखी साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात का अनुभव मुख्यमंत्री साय के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान उन्हें प्रधानमंत्री से सीधे सवाल पूछने का अवसर मिला, जो उनके लिए अविस्मरणीय क्षण था। युक्तामुखी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनके प्रश्न का उत्तर देते हुए सकारात्मक रहने और छोटी-छोटी खुशियों में आनंद खोजने का मंत्र दिया। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह गर्व की बात है कि हमारे प्रदेश से 20 लाख से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रधानमंत्री से सवाल पूछने के लिए आवेदन किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा' केवल परीक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि यह युवाओं के मानसिक विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाली एक सशक्त पहल है। यह कार्यक्रम न केवल छात्रों को, बल्कि अभिभावकों को भी उनके मार्गदर्शन और सहयोग की दिशा में नई दृष्टि प्रदान करता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस संवाद को अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक संजीव कुमार झा, संचालक शिक्षा श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सुडोकू 6822

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 6 | 5 | 3 |
| | | | | | 9 | 2 | | |
| | 4 | 5 | 6 | | | | | 1 |
| | | 1 | | 7 | | | | |
| 9 | | | 1 | 6 | 8 | | | 5 |
| | | | | 9 | | 1 | | |
| 5 | | | | | 7 | 3 | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| 2 | 3 | 8 | | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6822

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. संविधान संबंधी
४. दूसरा साल
६. पीछे का, पीछे की ओर बढ़ने वाला
७. पूजा में देवता को चढ़ाई जाने वाली सामग्री
८. बजरंग बली
१०. धातु का बना हुआ, धातु संबंधी
११. एक तरह का वाद्य यंत्र
१३. उत्साह, उल्लास, मौज, जोश
१४. सुग्रीव के राज्य की राजधानी
१५. कमखर्ची, कम दाम, बचत (उर्दू)
१७. चांदी
१९. जो मोटा न हो, जो गाढ़ा न हो
२१. दबाव देना, दबा
२२. चापलूस
२४. बड़ा शहर

**ऊपर से नीचे:-**

१. सिकुड़ना
२. अविरल गति से होने या जारी रहने वाल
३. काशी के पास का एक तीर्थस्थान
४. मेघ, बादल, पर्वत, कृष्ण के चार घोड़ों में एक
५. अनुवाद (उर्दू)
९. जिसका गठन अभी हाल ही में हुआ हो
११. वृद्धि (उर्दू)
१२. मुरदे रखने का संदूक (उर्दू)
१३. ऋण, कर्ज
१४. भाग्य, नसीब (उर्दू)
१५. किले में रहने वाली सेना का प्रधान, दुर्ग रक्षक (उर्दू)
१६. अपने नाम के अनुरूप
१८. जोंक
१९. वायु, हवा
२०. निरुपाय (उर्दू)
२३. खून, लहू

### वर्ग पहेली-6821

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ रा | ज | २ न | यि | ३ क | ■ | ४ व | नो | ५ प | ज |
| ज | ■ | र | ■ | ६ म | का | न | ■ | तं | ■ |
| ७ धा | व | क | ■ | ला | ■ | ८ वा | रां | ग | ९ ना |
| नी | ■ | पा | ■ | १० स | मा | स | ■ | ■ | ट |
| ■ | ११ उ | ल | १२ झ | न | ■ | ■ | १३ मो | द | क |
| ■ | धा | ■ | र | ■ | १४ उ | त्को | च | ■ | का |
| १५ ह | र | १६ जा | ना | ■ | त्कं | ■ | १७ न | १८ ज | र |
| म | ■ | न | ■ | १९ प | ठा | २० र | ■ | रू | ■ |
| २१ रा | जी | व | ■ | ठि | ■ | २२ वै | शा | र | २३ द |
| ही | ■ | २४ र | वि | त | न | या | ■ | ■ | क्ष |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### इजरायली शोधकर्ताओं ने की ऑटिज्म से संबंधित मस्तिष्क गतिविधि की खोज

**यरुशलम,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। इजरायली शोधकर्ताओं की एक टीम ने दूसरों की भावनात्मक अवस्थाओं को पहचानने में शामिल मस्तिष्क प्रणाली को उजागर किया है, जिसका ऑटिज्म जैसे सामाजिक विकारों के उपचार में संभावित प्रभाव हो सकता है। ऑटिज्म एक न्यूरोडेव्लपमेंटल डिसऑर्डर है, जिससे ग्रसित व्यक्ति सामाजिक तौर पर खुद को कटा हुआ पाता है। इस स्थिति वाले लोग अक्सर सीमित रुचियों और दोहराव वाला व्यवहार करते हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने करंट बायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन ने भावनात्मक पहचान और व्यवहार से जुड़े मस्तिष्क के मीडियल प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स (एमपीएफसी) की भूमिका पर प्रकाश डाला। ऑटिज्म स्पेक्ट्रम वाले व्यक्तियों में यह क्षमता अक्सर कमजोर होती है, जिससे सामाजिक संपर्क मुश्किल हो जाता है। इसके पीछे के तंत्रिका तंत्र को समझने के लिए, इजरायल के हैफा विश्वविद्यालय (यूएच) के शोधकर्ताओं ने चूहों का इस्तेमाल किया। उन्नत तकनीकों का उपयोग करते हुए टीम ने पता लगाया कि एमपीएफसी के प्री लिम्बिक भाग में न्यूरॉन्स अन्य चूहों की भावनात्मक स्थितियों पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं और पाया कि ये न्यूरॉन्स तनावग्रस्त और शांत चूहों के प्रति अलग तरह से व्यवहार करते हैं।

# खेल जगत

## अपने आलोचकों को बल्ले से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार दिखाई दिए रोहित : जतिन परांजपे

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा पिछले छह महीनों से खराब फॉर्म के कारण आलोचना झेल रहे थे, लेकिन उन्होंने कटक में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच में अपनी शानदार बल्लेबाजी से सभी सवालों का जवाब दे दिया। रोहित ने 90 गेंदों में 119 रनों की जबरदस्त पारी खेली और भारत को चार विकेट से जीत दिलाकर सीरीज 2-0 से अपने नाम करने में अहम भूमिका निभाई। यह उनका 32वां वनडे शतक था। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी और चयनकर्ता जतिन परांजपे, जो वर्तमान में बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्य हैं, ने कहा कि वह रोहित को अपने बेहतरीन अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए देखकर बेहद खुश थे। उन्होंने कहा, 'रोहित ने न केवल अपने लिए बल्कि टीम के लिए भी इस शानदार शुरुआत को बड़े स्कोर में बदला और सीरीज जीतना सुनिश्चित किया।



# मेरा फोकस ज्यादा से ज्यादा वक्त क्रीज पर बिताकर लंबी पारी खेलने पर था : रोहित

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले कटक के बाराबती स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपने चिर परिचित आक्रामक अंदाज में तूफानी शतक जड़ रंग में लौट आए। कप्तान रोहित के वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 32 वें तूफानी शतक और उनके सलामी जोड़ीदार उपकप्तान शुभमन गिल के बेहतरीन अर्द्धशतक के साथ इन दोनों की पहले विकेट की 136 रन की भागीदारी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड द्वारा जीत के लिए रखे 304 रन के पहाड़ के से लक्ष्य को 33 गेंद के बाकी रहते मात्र छह विकेट खोकर हासिल कर तीन वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की सीरीज लगातार दूसरी जीत के साथ 2-0 की बढ़त के साथ जीत ली। भारत की जीत के दूसरे वन डे में मैन ऑफ द'मैच रहे कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, 'मैदान पर उतर कर अपनी टीम के लिए रन बनाने का मैंने वाकई लुत्फ उठाया। हमारे लिए कटक में दूसरा वन डे मैच बेहद अहम था क्योंकि सीरीज दांव पर थी। मैंने अपनी पारी को टुकड़ों में बांट कर मैच के मिजाज के मुताबिक बल्लेबाजी कर आगे बढ़ाया। वन डे क्रिकेट प्रारूप के लिहाज से टी 20 क्रिकेट से कुछ बड़ा और टेस्ट क्रिकेट से बहुत छोटा है और इसीलिए मैं अपनी पारी



- मैंने अपनी पारी को टुकड़ों में बांट कर मैच के मिजाज के मुताबिक बल्लेबाजी कर आगे बढ़ाया
- शुभमन बेहद शास्त्रीय बल्लेबाज हैं और मैदान पर किसी भी स्थिति से घबराते नहीं

को दूसरे वन डे में टुकड़ों में बांट कर बराबर उसका आकलन कर आगे बढ़ना चाहता था। एक बल्लेबाज के लिए जरूरी था कि जमने के बाद वह लंबी पारी खेले। मेरा फोकस ज्यादा से ज्यादा वक्त क्रीज पर बिता कर लंबी पारी खेलने पर था। पिच को देखते हुए जब आप काली मिट्टी पर खेलते हैं इस पर गेंद इस पर थोड़ा फिसलती हुई आती है और आपको इस पर शुरू में बल्लेबाजी करते हुए अपने बल्ले का मुंह कुछ खोलना पड़ता है। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने हमारे शरीर और विकेटों को निशाना बना गेंदबाजी की और मैंने इसी के मुताबिक योजना बना कर क्षेत्ररक्षकों के बीच से गेंद को निकाल कर रन बनाए। क्रीज पर मेरे सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल के साथ श्रेयस अय्यर ने मेरा पूरी तरह साथ निभाया। शुभमन गिल के साथ बल्लेबाजी का मैंने भरपूर लुत्फ उठाया।

शुभमन बेहद शास्त्रीय बल्लेबाज हैं और मैदान पर किसी भी स्थिति से घबराते और हड़बड़ाते नहीं है और उनके आंकड़े भी इस बात की गवाही देते हैं। पारी में बीच के ओवर बेहद अहम होते हैं और इन्हीं ओवर में मैच किसी भी टीम की ओर मुड़ सकता है। यदि आप बीच के ओवर में कसी हुई गेंदबाजी करते हैं तो आपको आखिरी के मारधाड़ वाले ओवरों की बाबत चिंता करने की जरूरत नही होती है। नागपुर में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच में भी बीच के ओवर बेहद अहम थे और हमने इन्हीं ओवर में इंग्लैंड को बांधा और विकेट भी चटकाए । जब आप बराबर विकेट चटकाते हैं तो तब रन बनाना आसान नहीं होता है। हम आगे भी बराबर और बेहतर होना चाहते हैं। हम किसी एक खास चीज पर तवज्जो दे उसे बेहतर करने पर नही बल्कि हम समग्र रूप से बतौर खिलाड़ी और टीम बेहतर होना चाहते हैं। हम ऐसा ही करने को प्रतिबद्ध हैं। जब तक हमारी टीम के खिलाड़ियों को यह मालूम है कि उन्हें क्या करना है और वे यदि ऐसा करता रहेंगे तो फिर बहुत सोचने की जरूरत नहीं है।'

### रोहित भाई का तेज गेंदबाजों पर हावी होकर बल्लेबाजी करना वाकई दर्शनीय : शुभमन



भारत के उपकप्तान शुभमन गिल ने कहा, 'जब मैं बल्लेबाजी के लिए उतारा तो बहुत बढ़िया महसूस कर रहा था। रोहित के साथ बल्लेबाजी करने में बहुत मजा आता है। रोहित भाई ने रविवार को इंग्लैंडके गेंदबाजो को जमकर निशाना बनाया। रोहित भाई बीते कई बरसों से वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के लिए इसी अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं। रोहित भाई ने जिस अंदाज में इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों पर हावी होकर बल्लेबाजी की वह वाकई दर्शनीय थी। कटक की पिच बल्लेबाजी के लिए बढ़िया थी कुछेक गेंदें नीची और घिसट कर आ रही थी। मेरे और रोहित भाई के बीच क्रीज पर बस यही बात हुई कि गेंद को देख कर बस उसी के मुताबिक खेले एक बार जमने के बाद उन पर हावी हुआ जाए।'

### भारत के लिए कप्तान रोहित ने एक और बेहतरीन पारी खेली : बटलर

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा, 'जब हम बल्लेबाजी के लिए उतरे तो हम अच्छी स्थिति में थे। मेरा मानना हमारे लिए हममें से कुछ और आक्रामक बल्लेबाजी कर स्कोर को 350 रन तक ले जाने की जरूरत थी। भारत के लिए कप्तान रोहित ने एक और बेहतरीन पारी खेली। रोहित भारत के लिए वन डे अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में काफी समय से बराबर ऐसी ही बेहतरीन पारियां खेल रहे हैं। बेशक कटक की पिच पर गेंद कई बार तेजी से फिसल कर आई और हमने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन भारत के बल्लेबाजों ने भी बढ़िया बल्लेबाजी की। हमने 330-350 रन बनाने की कोशिश और यह संभवत ऐसा स्कोर हो सकता था,जिसका हम बचाव कर सकते थे। हम बस सही दिशा में कदम बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं हालांकि नतीजे हमारे हक में नहीं आए लेकिन हमें बराबर जरूरत सही दिशा में बढ़ने की है।



# उपविजेता जर्मनी का ध्यान एफआईएच महिला प्रो हॉकी लीग में अपना किला मजबूत करने पर

### उपकप्तान सारा बोलीं, निगाह बेशकीमती अंक हासिल करने पर



**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। जर्मनी की महिला टीम भुवनेश्वर में एफआईएच महिल प्रो हॉकी लीग 2024-25 में शिरकत करने के लिए सोमवार को भुवनेश्वर पहुंच गई। जर्मनी की महिला टीम अपने अभियान का आगाज 15 और 16 फरवरी को स्पेन के खिलाफ मैच खेल कर करेगी। सह कप्तान लिनिया वीडमैन और सारा स्ट्रॉस की अगुआई वाली जर्मनी की टीम मेजबान भारत के खिलाफ 21 और 22 फरवरी को खेलेगी। पिछले प्रो एफआईएच लीग सीजन में नीदरलैंड से हार कर उपविजेता रही जर्मनी की टीम का 2024-25 के सीजन में प्रदर्शन ढीला रहा और चार मैचों में दो ड्रॉ के साथ तीन अंकों के साथ जर्मनी की महिला टीम फिलहाल सातवें स्थान पर है। जर्मनी ने फिलहाल अब तक इस सीजन में 13 गोल खाए है और अब भुवनेश्वर में उसका ध्यान आगामी मैचों में अपने किले को मजबूत करने पर रहेगा। पिछली उपविजेता जर्मनी की सह कप्तान लिनिया वीडमैन ने भुवनेश्वर पहुंचने पर कहा, ' कलिंगा स्टेडियम में हॉकी के लिए माहौल हमेशा शानदार रहता है। हम कलिंगा स्टेडियम में खेलने को बेताब है।' वीडमैन की राय से इत्तफाक जताते जर्मनी की सह कप्तान सारा स्ट्रॉस ने कहा, 'मैं भुवनेश्वर में खेलने के लिए लौट कर बहुत बढ़िया महसूस कर रहीं हूं। हम तीन बरस पहले भुवनेश्वर में खेली थीं और इस स्टेडियम में खेलने का अनुभव शानदार रहा। पेरिस ओलंपिक के बाद आराम करने के बाद कई हमारी जर्मन टीम में वापस लौटी हैं और हमारी टीम तरोताजा नजर आ रही है। हमारी निगाह जर्मनी टीम के एके और बेशकीमती अंक हासिल करने पर लगा रही हैं।'

# दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीत्जके ने वनडे डेब्यू में बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**लाहौर,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीत्जके ने वनडे क्रिकेट में अपने डेब्यू मैच में इतिहास रच दिया। सोमवार को गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए त्रिकोणीय सीरीज के दूसरे मैच में उन्होंने 150 रन बनाकर नया रिकॉर्ड कायम किया। वह अपने पहले ही वनडे मैच में 150 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। ब्रीत्जके ने 148 गेंदों पर 150 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज डेसमंड हेन्स के नाम था, जिन्होंने 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पहले वनडे में 148 रन बनाए थे।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए वनडे डेब्यू पर सबसे बड़ा स्कोर 124 रन



था, जो 2010 में कॉलिन इंग्राम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया था। लेकिन अब ब्रीत्जके ने इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नई ऊंचाई हासिल कर ली है। उनकी इस पारी में संयम, आक्रामकता और बेहतरीन शॉट चयन देखने को मिला, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 304/6 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ब्रीत्जके हाल ही में एसए20 2025 सीजन में खेलने के बाद वनडे क्रिकेट में लौटे थे, लेकिन उन्होंने बेहतरीन तरीके से तालमेल बैठाते हुए खुद को साबित किया। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए जेसन स्मिथ (41) के साथ 93 रनों की अहम साझेदारी की।

उन्होंने 68 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और 128 गेंदों में अपना पहला वनडे शतक लगाया, जिसमें 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे। इस उपलब्धि के साथ वह वनडे डेब्यू में शतक लगाने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले यह कारनामा कॉलिन इंग्राम, कप्तान टेम्बा बवुमा और रीजा हेंड्रिक्स कर चुके हैं। शतक के बाद ब्रीत्जके ने ओ'रुरके के एक ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़कर रन गति को तेज किया।

# स्पेन के कप्तान इगलेशियस अलवारो बोले, हमें भुवनेश्वर में और मैच जीतने की जरूरत

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। स्पेन की पुरुष और महिला हॉकी टीमें भारत में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में शिरकत करने के लिए सोमवार को भुवनेश्वर पहुंच गईं। स्पेन की पुरुष टीम भारत की पुरुष हॉकी टीम के खिलाफ 15 और 16 फरवरी को खेलेगी जबकि19 फरवरी का इंग्लैंड से भिड़ेगी। वहीं जर्मनी की महिला टीम भी 15 और 16 फरवरी को जर्मनी के खिलाफ खेल अपना अभियान शुरू करने के बाद 18 व 19 फरवरी को मेजबान भारत से भिड़ेगी। स्पेन की पुरुष चार मैचों के बाद एक जीत और एक ड्रॉ के साथ छठे और पहली जीत की बाट जोह रही महिला टीम आठवें स्थान पर है। स्पेन की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान अलवारो इगलेशियस ने अपनी टीम के भुवनेश्वर पहुंचने पर कहा, ' हम भारत फिर एफआईएच प्रो लीग में खेलने आने पर रोमांचित हैं। हमने अपने चार मैच ऑस्ट्रेलिया में खेले लेकिन हमें अपना खेल बेहतर करने के साथ भुवनेश्वर में और मैच जीतने की जरूरत है।'





# भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे के दौरान 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' अभियान शुरू किया जाएगा

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले के दौरान अहमदाबाद में 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' नामक जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। यह जानकारी आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने दी। भारत ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे में चार विकेट से जीत दर्ज कर इंग्लैंड पर बढ़त बनाई थी। इसके बाद कटक में हुए दूसरे वनडे में भी भारत ने इसी अंतर से जीत हासिल कर 2-0 की अजेय बढ़त ले ली। अब तीसरा और आखिरी वनडे बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

जय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, '12 फरवरी को अहमदाबाद में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे के अवसर पर हम 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' नामक जागरूकता अभियान शुरू कर रहे हैं। खेल में लोगों को प्रेरित करने, जोड़ने और मैदान से बाहर भी



सकारात्मक प्रभाव डालने की ताकत होती है। इस पहल के माध्यम से हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे सबसे बड़ा उपहार देने की दिशा में एक कदम बढ़ाएं - जीवनदान। 'एक संकल्प, एक निर्णय, कई जिंदगियां बचा सकता है। आइए, हम सब मिलकर बदलाव लाने में योगदान दें!' दूसरे वनडे में कप्तान रोहित शर्मा और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने आसानी से जीत दर्ज की। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे रोहित ने इस मुकाबले में जबरदस्त वापसी करते हुए 119 रनों की शानदार पारी खेली।

# पीएम मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' में अवनि लेखरा को दिया आमंत्रण, स्टार शूटर ने कहा- अनुभव रहा शानदार

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की स्टार पैरा शूटर अवनि लेखरा को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। पैरालंपिक खेलों में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाली अवनि लेखरा ने कहा, पीएम मोदी ने परीक्षा के अवसर पर छात्रों को तनाव से दूर रखने के लिए 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम की पहल की है। एक खिलाड़ी और छात्र का माइंडसेट काफी हद तक एक जैसा होता है। जैसे खिलाड़ियों के लिए इवेंट तनावपूर्ण होते हैं, वैसे ही छात्रों के लिए परीक्षा की घड़ी नर्वस करने वाली होती है। पीएम मोदी किसी बड़े इवेंट से पहले खिलाड़ियों से भी मुलाकात करते हैं। उन्होंने अवनि लेखरा से ओलंपिक अभियान की शुरुआत करने से पहले कहा था कि उम्मीदों को बोझ नहीं बल्कि अपनी ताकत बनाएं।

कुछ ऐसी ही बातें पीएम मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान बोलते हैं। इस बार अवनि



पीएम मोदी ने परीक्षा के अवसर पर छात्रों को तनाव से दूर रखने के लिए 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम की पहल की है। एक खिलाड़ी और छात्र का माइंडसेट काफी हद तक एक जैसा होता है। जैसे खिलाड़ियों के लिए इवेंट तनावपूर्ण होते हैं, वैसे ही छात्रों के लिए परीक्षा की घड़ी नर्वस करने वाली होती है: **अवनि लेखरा**

लेखरा को भी आमंत्रण मिला है। उन्होंने बताया, 'मुझे इस आमंत्रण को लेकर काफी अच्छा लग रहा है। काफी सारे बच्चों से मिलना, उनसे अपने अनुभव शेयर करना, ये सब चीजें देख मुझे अपने स्कूल के दिन याद आते हैं। जब हमारी परीक्षा होती थी तब काफी तनाव और चिंता रहती थी। इन सबको लेकर बात करना, इससे कैसे निपटा जाए, ये सब चीजें चर्चा का विषय हैं।'

अवनि ने बताया कि 'परीक्षा पे चर्चा' जैसे पहल से काफी प्रेरणा मिलती है और छात्रों का माइंडसेट सही रहता है। परीक्षा में और उससे भी पहले छात्र तनाव में होते हैं जिस कारण वह ढंग से फोकस नहीं कर पाते, ठीक से याद भी नहीं कर पाते। परीक्षा पर चर्चा में टिप्स और ट्रिक्स पर भी बात होती है। इसलिए इस तरह की चर्चाओं से काफी प्रेरणा मिलती है।

अवनि पीएम मोदी से कई बार मिल चुकी हैं। अपने अनुभव पर उन्होंने कहा, 'पीएम से मिलना हर बार एक शानदार अनुभव रहा। उन्होंने टोक्यो जाने से पहले और बाद में भी खिलाड़ियों से बातचीत की थी। सभी एथलीट को मोटिवेट किया था। फिर पेरिस ओलंपिक में भी यही हुआ। मेरे साथ उनकी मुलाकात खास थी क्योंकि मैं डिफेंडिंग चैंपियन थी।

## सार संक्षेप

### श्याम लाल कॉलेज ने जीता 11वां पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच

**नई दिल्ली**। मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने सोमवार को इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस को 4-2 से हरा कर 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल आमंत्रण हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में जीत के साथ शुरुआत की। आज यहां श्यामलाल कॉलेज के मैदान में आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय में डीन प्रोफेसर बालाराम पाणि और पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद ने 10 से 17 फरवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व ओलंपियन अशोक ध्यानचंद ने कहा, 'श्याम लाल कॉलेज के साथ मेरा 50 वर्ष का नाता है। मुझे बहुत खुशी होती है कि हॉकी सहित अनेक खेलों को यहां खूब बढ़ावा दिया जा रहा है। मेरा दिल कर रहा है कि हॉकी स्टिक लेकर मैदान में उतर जाऊं।' सुबह हुये पहले मुकाबले में श्याम लाल टीम की तरफ से प्रवीण ने दो गोल कर 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

### स्पेशल ओलंपिक में पदक जीतने वाले एथलीटों को मिलेगा नगद पुरस्कार

**नई दिल्ली**। स्पेशल ओलंपिक भारत (एसओ भारत) की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने विश्व खेलों में पदक जीतने वाले बौद्धिक दिव्यांग एथलीटों के लिए नकद पुरस्कार आवंटित करने के युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के फैसले का स्वागत किया। डॉ. नड्डा ने युवा मामले एवं खेल मंत्रालय को धन्यवाद देते हुए कहा, 'यह भारतीय खेल संस्कृति को और अधिक समावेशी बनाने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। ये पुरस्कार न केवल एथलीटों को उनके वित्तीय मामलों में मदद करने का एक तरीका है, बल्कि एक प्रेरणा उपकरण के रूप में भी काम करते हैं, जो बौद्धिक और विकासात्मक दिव्यांग एथलीटों को खेल जगत का हिस्सा बनने और अपने जीवन को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। हम युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे के अति आभारी हैं।'

### आरसीएल के जरिए हर 10 रन पर 100 जरूरतमंदों को मिलेगा भोजन

**नई दिल्ली**। रेस्तरां क्रिकेट लीग (आरसीएल) 2025 के जरिए प्रत्येक 10 रन पर 100 जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया जायेगा।

# एक करोड़ रुपए की इनामी राशि के साथ पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप आज से शुरू

**कोलकाता,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप 11 से 14 फरवरी तक कोलकाता के टॉलीगंज क्लब में होगी। यह टूर्नामेंट 2025 पीजीटीआई सत्र की शुरुआत करेगा और इसमें विजेताओं को कुल 1 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिलेगी। 15 फरवरी को प्रो-एम इवेंट खेला जाएगा।

इस प्रतियोगिता में कुल 124 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें 121 पेशेवर (प्रोफेशनल) और 3 एमेच्योर खिलाड़ी शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में भारत के कई बड़े खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें एसएसपी चौरसिया, राहील गंगजी, राशिद खान, चिक्कारंगप्पा, युवराज संधू, करणदीप कोचर, मौजूदा चैंपियन मनु गांडस, ओम प्रकाश चौहान और उदयन माने प्रमुख नाम हैं।

विदेशी खिलाड़ियों में बांग्लादेश के जमाल हुसैन, बादल हुसैन, मोहम्मद जाकिरुज्जमान

- चैंपियनशिप 11 से 14 फरवरी तक कोलकाता के टॉलीगंज क्लब में होगी
- प्रतियोगिता में कुल 124 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे
- चैंपियनशिप में भारत के कई बड़े खिलाड़ी भाग लेंगे

जाकिर, मोहम्मद सोमराट सिकदार, मोहम्मद मुआज, मोहम्मद राजू, मोहम्मद सुलेमान और मोहम्मद साजिब अली शामिल हैं। श्रीलंका के एन थंगराजा और के प्रभाकरन, इटली के मिशेल ऑर्टोलानी और फेडेरिको जुकेटी, चेक गणराज्य के स्टेपन डेनेक, अमेरिका के कोइचिरो साटो और डोमिनिक पिसिरिलो, और नेपाल के सुभाष तमांग भी इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। एसएसपी चौरसिया के



अलावा, कोलकाता के अन्य पेशेवर खिलाड़ियों में शंकर दास, मोहम्मद संजू, दिव्यांशु बजाज, इंद्रजीत भलोटिया, फिरोज अली मोल्ला और करन वर्मा शामिल हैं। वहीं, कोलकाता के तीन एमेच्योर खिलाड़ी वरिष मोहता, सुवीर कपूर और अंशुल मिश्रा भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे।

टॉलीगंज क्लब के गोल्फ कैप्टन हरमंदर बिंद्रा ने कहा, 'हमें गर्व है कि हम एक बार फिर प्रतिष्ठित पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहे हैं। यह टूर्नामेंट सीजन की शुरुआत का संकेत देता है। बीते चार सालों से टॉलीगंज क्लब इस आयोजन का हिस्सा बना हुआ है, जिससे अनुभवी खिलाड़ियों, नए प्रतिभाशाली और उभरते हुए सितारों को अपना खेल दिखाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि कपिल देव के नेतृत्व में पीजीटीआई भारत में गोल्फ के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है और यह खिलाड़ियों व गोल्फ जगत से जुड़े अन्य लोगों के लिए नए अवसर भी पैदा कर रहा है। इस बार हमने खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन खेलने की परिस्थितियां तैयार की हैं। ग्रीन और फेयरवे शानदार स्थिति में हैं। हम उम्मीद करते हैं कि यह हफ्ता रोमांचक मुकाबलों और शानदार खेल प्रदर्शन का गवाह बनेगा।'

पीजीटीआई के सीईओ अमनदीप जोहल ने कहा, 'हम 2025 का रोमांचक सीजन टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के साथ शुरू करने को लेकर उत्साहित हैं। हम इस आयोजन में सहयोग के लिए टॉलीगंज क्लब के आभारी हैं। इस टूर्नामेंट में दांव पर लगी बड़ी इनामी राशि इसे और भी रोमांचक बना रही है। हम उन युवा खिलाड़ियों का स्वागत करते हैं जिन्होंने पीजीटीआई में अपनी जगह बनाई है। बीते कुछ हफ्तों में उन्होंने कड़ी प्रतिस्पर्धा में अपना हुनर दिखाया है। हमें इस साल भी शानदार मुकाबलों की उम्मीद है।'

### सुडोकू 6822 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 |

# अर्थ जगत

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 1.20 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.90 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.48 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.41 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.40 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 3.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 3.11 प्रतिशत |
| जोमैटो | 2.87 प्रतिशत |
| टाइटन | 2.83 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.15 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 86,833 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,02,500 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 87.50 | 87.60 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7250-7350 |
| उड़द दाल | 8900-9000 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 7550-7650 |

## ईएफटीए ने किया विशेष डेस्क का शुभारंभ

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों के उद्यमों के बीच सम्पर्क तथा सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को यहां वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में भारत-ईएफटीए डेस्क का सह-शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर स्विट्जरलैंड की स्टेट सेक्रेटेरियट फॉर इकनोमिक अफेयर्स (आर्थिक मामलों के विभाग ) की मंत्री हेलेन बुडलिगर आर्टिडा, नॉर्वे के व्यापार और उद्योग मंत्री श्री टॉमस नॉरवोल, आइसलैंड के मंत्री मार्टिन आइजोलफसन, लिकटेंस्टीन की विदेश मामलों, शिक्षा और खेल मंत्री सुश्री डोमिनिक हस्लर तथा भारत तथा ईएफटीए के सदस्य देशों के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा कि दोनों देशों के उद्यमों के बीच सहयोग बढ़ने के लिए समर्पित यह विशेष मंच भारत और ईएफटीए के व्यवसायों के बीच एक सेतु का काम करेगा। उन्होंने कहा कि यह मंच भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टेपा) के तहत व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करते हुए व्यापार



**दोनों देशों के उद्यमों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए समर्पित यह विशेष मंच भारत और ईएफटीए के बीच एक सेतु का काम करेगा : पीयूष गोयल**

सुविधा और नियामक मार्गदर्शन प्रदान करेगा। भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) के अध्याय 7 के अनुरूप इस मंच का उद्देश्य भारत और चार ईएफटीए देशों- स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन के बीच व्यापार, निवेश और व्यवसाय सुविधा को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर श्री गोयल के अलावा उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और वाणिज्य विभाग (डीओसी) के वरिष्ठ अधिकारियों ने ईएफटीए देशों के साथ मजबूत आर्थिक भागीदारी के लिए भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

भारत-ईएफटीए समर्पित डेस्क भारत में विस्तार करने की इच्छुक ईएफटीए कंपनियों के लिए एक केंद्रीकृत सहायता व्यवस्था के रूप में कार्य करेगा। यह बाजार की जानकारी और विनियामक मार्गदर्शन, व्यापार मिलान और भारत की नीति और निवेश परिदृश्य को समझने में सहायता प्रदान करेगा।

भारत-ईएफटीए डेस्क के उद्घाटन के बाद उच्च स्तरीय ईएफटीए-भारत व्यापार गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें भारत और ईएफटीए देशों के 100 से अधिक अग्रणी व्यवसाय भाग लिया।

## द. कोरियायी संस्थान के साथ बुनियादी ढांचा विकास में सहयोग का समझौता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) और दक्षिण कोरिया के कोरिया परिवहन संस्थान (केओटीआई), कोरिया (आरओके) ने दोनों देशों के बीच लॉजिस्टिक्स और बुनियादी ढांचे के विकास में परस्पर सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रायल की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि इस समझोते पर आज अही दक्षिण कोरिया के सेजोंग राष्ट्रीय अनुसंधान परिसर में हस्तार किए गए गए।
कोरियायी संगठन की ओर से उसके अध्यक्ष यंगचन किम और सोल में भारत के राजदूत अमित कुमार ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस समझौते से भारत की महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास में केओटीआई की विशेषज्ञता का लाभ उठाया जा सकेगा । इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त कार्य बैठकें आयोजित की जाएंगी। विभाग का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच आदान-प्रदान और संस्थागत सहयोग के लिए एक व्यापक प्रणाली स्थापित की जाएगी। इससे प्रतिष्ठित कार्यक्रम-पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तत्वावधान में बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स मास्टर प्लान के विकास में सहायता मिलेगी। इसमें शोध-संचालित कार्यक्रम की स्थापना का भी प्रावधान है।

## सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च में की 5 गुना से अधिक की बढ़ोतरी : सिंधिया

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हाइवे, रेलवे और पोर्ट्स जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में सरकारी निवेश 2024 में बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि 2014 में यूपीए के समय में 2 लाख करोड़ रुपए था। यह बीते एक दशक में 5 गुना से अधिक की बढ़ोतरी को दर्शाता है। सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को ही चार जातियां मानते हैं और 2025-26 का बजट इन चार वर्गों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में बीते एक साल में 6,000 किलोमीटर के हाइवे और 2,031 किलोमीटर की रेलवे लाइन बिछाई गई है। इसके अलावा 10,700 गांवों में कनेक्टिविटी सुधारने के लिए टावर लगाए गए हैं।

सिंधिया ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी हुई है। वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास दर 3.2 प्रतिशत है। वहीं, भारत की जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत पर बनी हुई



**दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है भारत**

है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के कृषि क्षेत्र की विकास दर 3.5 प्रतिशत है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगले दो वर्षों में जर्मनी और जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हमारा लक्ष्य 2028 तक भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है।

सिंधिया ने आगे कहा कि बैंकिंग क्षेत्र 2014 में कुल ऋणों के 11.5 प्रतिशत के एनपीए के भारी बोझ से जूझ रहा था, जो पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की देन थी। मोदी सरकार ने बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई सुधार लागू किए हैं, जिससे एनपीए घटकर 2.6 प्रतिशत रह गया है।

## स्टील व एल्युमीनियम आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे ट्रंप

**न्यूयॉर्क,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह सभी प्रकार के इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 फीसदी शुल्क लगाएंगे। इस्पात और एल्युमीनियम का व्यापार भारत और अमेरिका के बीचकी लंबे समय से विवादास्पद रहा है। टैरिफ का मुद्दा ऐसे समय में सामने आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा पर जा रहे हैं। वह 12 से 14 फरवरी तक अमेरिका में रहेंगे।



सुपरबोल के लिए न्यू ऑरलियन्स जाते समय ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में आने वाले किसी भी स्टील पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, एल्युमीनियम पर भी। उन्होंने कहा कि टैरिफ की घोषणा सोमवार को की जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी देशों के लिए पारस्परिक टैरिफ भी लगाए जाएंगे। पारस्परिक टैरिफ यानी जो देश अमेरिकी सामानों पर जितना टैरिफ लगाएगा, अमेरिका भी उस देश से आने वाले सामानों पर उतना ही टैरिफ लगाएगा।

ट्रंप ने कहा कि बहुत सरल शब्दों में, अगर वे हमसे शुल्क लेते हैं, तो हम उनसे शुल्क लेंगे। भारत ने 2023 के दौरान 4 बिलियन डॉलर का इस्पात और 1.1 बिलियन डॉलर का एल्युमीनियम निर्यात किया था। इस्पात और एल्युमीनियम बिजनेस भारत और अमेरिका के लिए एक विवादास्पद और जटिल मुद्दा रहा है। वाशिंगटन ने नई दिल्ली पर इन निर्यातों को सब्सिडी देने का आरोप लगाया है।

## वैश्विक अस्थिरता से ऑल-टाइम हाई पर गोल्ड

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। वैश्विक अस्थिरता के चलते गोल्ड की कीमत सोमवार को 85,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई है। यह गोल्ड का अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है। इसमें तेजी की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा स्टील और एल्यूमीनियम उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ के ऐलान के कारण वैश्विक स्तर पर अस्थिरता का बढ़ना है।

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 671 रुपये बढ़कर 85,370 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि शुक्रवार को 84,699 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत बढ़कर 83,320 रुपए प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,980 रुपए प्रति 10 ग्राम और



**पहली बार 85 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के पार**

18 कैरेट गोल्ड की कीमत 69,150 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 4 अप्रैल के कॉन्ट्रैक्ट में गोल्ड फ्यूचर्स की कीमत ऑल-टाइम हाई 85,384 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। फिलहाल यह कॉन्ट्रैक्ट 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 85,325 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी गोल्ड की कीमत ऑल-टाइम हाई पर चल रही है। गोल्ड का भाव 2,923 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है।

आमतौर पर जब भी वैश्विक अस्थिरता बढ़ती है, तब सुरक्षित निवेश होने के कारण गोल्ड की कीमतों में तेज उछाल देखा जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड की कीमतों में जनवरी की शुरुआत के बाद से 9 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिल चुकी है।

कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह के मुताबिक, आने वाले समय में भी गोल्ड में तेजी रह सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड की कीमत 3,000 डॉलर प्रति औंस और घरेलू बाजारों में 88,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है। रुपया ऑल-टाइम लो पर बना हुआ है। यह सोमवार को डॉलर के मुकाबले 49 पैसे गिरकर 87.92 पर पहुंच गया है।

### सार संक्षेप

## गोमैकेनिक दो वर्षों में करेगी 100 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** मल्टी-ब्रांड ऑटो सर्विस कंपनी गोमैकेनिक ने सोमवार को घोषणा की कि वह भारत में दोपहिया वाहनों की सर्विसिंग शुरू करने के लिए अगले दो वर्षों में 100 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारत में कुल वाहन बिक्री में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत से अधिक है। इस रणनीतिक विस्तार का उद्देश्य देशभर में लाखों सवारों को किफायती, उच्च गुणवत्ता वाली और मानकीकृत सर्विसिंग उपलब्ध कराना है। गोमैकेनिक ने बताया कि दोपहिया वाहन सेवा दो चरणों में शुरू की जाएगी। पहले चरण में यह सेवा पहले ही दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, ठाणे और पुणे जैसे प्रमुख महानगरों में शुरू हो चुकी है। दूसरे चरण में बेंगलुरु, हैदराबाद, चंडीगढ़, अहमदाबाद सहित अन्य शहरों में विस्तार किया जाएगा।

## पीएलआई स्कीम से इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में पैदा हुई 1.37 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां

**नई दिल्ली,** 10 फरवरी (एजेंसियां)। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के कारण दिसंबर 2024 तक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 10,213 करोड़ रुपए का निवेश आया है और 1.37 लाख प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। यह जानकारी संसद में सरकार द्वारा दी गई। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा को बताया कि पीएलआई स्कीम के तहत 662,247 करोड़ रुपये का संचयी उत्पादन हुआ है। साथ ही 137,189 अतिरिक्त रोजगार (प्रत्यक्ष नौकरियां) के अवसर सृजित किए गए हैं। लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर सरकार का जोर होने के कारण भारत एक मोबाइल फोन आयातक से निर्यातक देश बन गया है। उन्होंने आगे बताया कि पीएलआई स्कीम के कारण देश में मोबाइल फोन का उत्पादन 5 गुना बढ़कर 2023-24 में 33 करोड़ यूनिट्स पर पहुंच गया है, जो कि 2014-15 में 6 करोड़ यूनिट्स पर था। बीते 10 वर्षों में देश में बनने वाले मोबाइल फोन की वैल्यू में 77 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। 2023-24 में देश में बने मोबाइल फोन की वैल्यू 4,22,000 करोड़ रुपये थी, जो कि 2014-15 में 19,000 करोड़ रुपए थी। इसमें सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़त हुई है।

## मिला ब्यूटी की खुदरा कारोबार के विस्तार की योजना

**नई दिल्ली।** सौंदर्य प्रसाधन बनाने वाली कंपनी मिला ब्यूटी ने सौंदर्य और कॉस्मेटिक्स उद्योग में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए 2025 में रिटेल कारोबार के विस्तार की योजना बनाई है। कंपनी ने कहा कि वह द्वारा पहले ही 300 से अधिक शहरों में 11,500 से ज्यादा रिटेल स्टोर्स के जरिए ग्राहकों तक पहुंच बना चुका है और अब इसका लक्ष्य टियर-2 और टियर-3 शहरों में अपनी पकड़ और मजबूत करना है, ताकि लाखों ग्राहकों को किफायती और प्रीमियम सौंदर्य उत्पाद आसानी से उपलब्ध कराए जा सकें। कंपनी अपने सफल रिटेल मॉडल को और विकसित कर उन बाजारों में विस्तार करेगी, जहां ग्राहक मेकअप और सौंदर्य प्रसाधन खरीदने के लिए पारंपरिक दुकानों पर निर्भर हैं।


**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 1413/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 10/02/25**

प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास (सरोना) योजनांतर्गत श्रीमती कुमुद सिन्हा पति स्व. राजीव सिन्हा द्वारा फ्लैट क्रमांक ए-104 (भूतल) क्षेत्रफल 290 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। आबंटिती के द्वारा फ्लैट का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 23.09.15 को प्राप्त कर उक्त फ्लैट को दानग्रहिता श्री रोहित सिन्हा पिता स्व. राजीव सिन्हा निवासी-ए-104, आर.डी.ए. कॉलोनी, सरोना, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. को दिनांक 21.01.2025 को पंजीकृत दान विलेख द्वारा दान किया गया है। दानग्रहिता द्वारा उक्त फ्लैट हेतु प्राधिकरण में नाम दर्ज करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त फ्लैट का नामांतरण दानग्रहिता के नाम पर किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार दानग्रहिता का नाम दर्ज करने की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 10-02-25 को जारी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHASHANK RANJAN AGARWAL S/O SHIV KUMAR AGARWAL resident of 1294,WARD NO 10,SHANKAR NAGAR KUMHARI DURG (C.G.) 490042 have changed my old name SHASHANK RANJAN AGARWAL S/O SHIV KUMAR AGARWAL so in future I should be recognized by my new name that is SHASHANK RAJAN AGRAWAL S/O SHIV KUMAR AGARWAL in all Government and other documents.

**SHASHANK RAJAN AGRAWAL**
1294, WARD NO 10,
SHANKAR NAGAR KUMHARI
DURG (C.G.) 490042

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ARVIND KUMAR S/O TILOK CHAND resident of D00035 G 08 NAVDURGA CHOWK GOVIND NAGAR RAJATALAB RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name ARVIND KUMAR S/O TILOK CHAND so in future I should be recognized by my new name that is ARVIND KUMAR SAHU S/O TILOK CHAND in all Government and other documents.

**ARVIND KUMAR SAHU**
D00035 G 08 NAVDURGA
CHOWK GOVIND NAGAR
RAJATALAB RAIPUR (C.G.)
492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, JOSHI PRAGATI VIJAYKUMAR D/O VIJAY KUMAR JOSHI resident of 33/264 NEAR HANUMAN TEMPLE BUDHAPARA RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name JOSHI PRAGATI VIJAYKUMAR D/O VIJAY KUMAR JOSHI so in future I should be recognized by my new name that is PRAGATI VYAS W/O VIVEK SHANKAR VYAS in all Government and other documents.

**PRAGATI VYAS**
33/264 NEAR HANUMAN
TEMPLE BUDHAPARA
RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ROHIT SINHA S/O BALDEV RAM SINHA resident of WARD NO 6 NAGAR PANCHAYAT CHHURIA RAJNANDGAON, , (C.G.) 491558 have changed my old name ROHIT SINHA S/O BALDEV RAM SINHA so in future I should be recognized by my new name that is ROHIT KUMAR SINHA S/O BALDEV RAM SINHA in all Government and other documents.

**ROHIT KUMAR SINHA**
WARD NO 6 NAGAR
PANCHAYAT CHHURIA
RAJNANDGAON, , (C.G.)
491558

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, YASHDEEP KUMAR S/O ROHIT KUMAR SINHA resident of WARD NO 6 NAGAR PANCHAYAT CHHURIA RAJNANDGAON, (C.G.) 491558 have changed my old name YASHDEEP KUMAR S/O ROHIT KUMAR SINHA so in future I should be recognized by my new name that is YASHDEEP SINHA S/O ROHIT KUMAR SINHA in all Government and other documents.

**YASHDEEP SINHA**
WARD NO 6 NAGAR
PANCHAYAT CHHURIA
RAJNANDGAON, (C.G.)
491558

**NAME CHANGE**

IT IS INFORMED TO THE GENERAL PUBLIC THAT I, AMIT SONI S/O MOHAN LAL SONI RESIDENT OF FLAT NO.304, BLOCK NO. 05 ASHOKA RATNA, OPPOSITE AYUSH HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, RAIPUR. DISTRICT-RAIPUR 492004 (C.G.) HAVE CHANGED MY OLD NAME AMIT SONI S/O MOHANLAL SONI SO IN FUTURE I SHOULD BE RECOGNIZED BY MY NEW NAME AMIT KUMAR SONI S/O MOHANLAL SONI IN ALL GOVERNMENT AND OTHER DOCUMENTS.

**AMIT KUMAR SONI**
FLAT NO.304, BLOCK NO. 05
ASHOKA RATNA, OPPOSITE
AYUSH HOSPITAL, SHANKAR
NAGAR, RAIPUR.DISTRICT-
RAIPUR 492004(C.G.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.मा.क्र./20250211080009/अ-6/2024-2025
ग्राम-भनपुरी, प.ह.नं. 39
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.02.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01. प्रशांत दुबे, 02 आकांक्षा दुबे दोनों पिता स्व. अरविन्द कुमार दुबे, 03. श्रीमती सुशीला दुबे पति स्व. अरविन्द कुमार दुबे निवासी ए/25, एम.पी एचबी कालोनी, बीरगांव, पोस्ट बीरगांव तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदकगण के पिता/पति अरविन्द कुमार दुबे पिता ऋषिदेव दुबे के नाम पर ग्राम भनपुरी, प.ह.नं. 39 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 91/3(शामिल खसरा नंबर 92-03-94-95/3) रकबा 0.1030 हे. याने 11201 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार स्व. अरविन्द कुमार दुबे पिता ऋषिदेव दुबे की मृत्यु दिनांक 10/08/2024 को हो चुकी है। मृतक खातेदार स्व. अरविन्द कुमार दुबे पिता ऋषिदेव दुबे के विधिक वारिसानों में 01. प्रशांत दुबे, 02. आकांक्षा दुबे दोनों पिता स्व. अरविन्द कुमार दुबे 03 श्रीमती सुशीला दुबे पति स्व. अरविन्द कुमार दुबे है अन्य कोई नहीं। अतः आवेदित भूमि में से मृतक खातेदार स्व. अरविन्द कुमार दुबे पिता ऋषिदेव दुबे का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम पर फौती दर्ज किये जाने निवेदन किये है।

अतः आवेदकगण का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 21/02/2025 तक स्वतः या अथवा वैद्य प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.मा.क्र./2025021180008/अ-6/20024-2025
ग्राम-उरकुरा, प.ह.नं. 40
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 05.02.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण 01. प्रशांत दुबे, 02. आकांक्षा दुबे दोनों पिता स्व. अरविन्द कुमार दुबे, 03 श्रीमती सुशीला दुबे पति स्व. अरविन्द कुमार दुबे निवासी ए/25, एम.पी एच.बी. कालोनी, बीरगांव पोस्ट बीरगांव, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व सहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदकगण के पिता/पति अरविन्द कुमार दुबे पिता ऋषिदेव दुबे के नाम पर ग्राम उरकुरा, प.ह.नं. 40, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 62/33 रकबा 0.0360 हे. याने 3891 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार स्व. अरविन्द कुमार दुबे पिता ऋषिदेव दुबे की मृत्यु दिनांक 10/08/2024 को हो चुकी है। मृतक खातेदार स्व. अरविन्द कुमार दुबे पिता ऋषिदेव दुबे के विधिक वारिसानों में 01. प्रशात दुबे, 02 आकांक्षा दुबे दोनों पिता स्व. अरविन्द कुमार दुबे 03. श्रीमती सुशीला दुबे पति स्वः अरविन्द कुमार दुबे है। अन्य कोई नहीं। अतः आवेदित भूमि में से मृतक खातेदार स्व. अरविन्द कुमार दुबे पिता ऋषिदेव दुबे का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम पर फौती दर्ज किये जाने निवेदन किये है।

अतः आवेदकगण का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 21/02/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा /आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
क्रमांकः 202502110800006
विषय-ब-121 सन् 2024-2025
उरकुरा प.ह.नं. 00040
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-अश्वनी कुमार साहू, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक अश्वनी कुमार साहू पिता स्व. कन्हैयालाल साहू वगैरह निवासी ग्राम उरकुरा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा डुप्लिकेट ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम उरकुरा, प.ह.नं, 40 तहसील व जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 414/1 रकबा 0.2940हे. भूमि के राजस्व अभिलेख में आवेदक अश्वनी कुमार साहू पिता स्व. कन्हैयालाल साहू एवं अन्य के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को ऋण पुस्तिका ग्राम उरकुरा में असावधानीवश कहीं गुम हो गया है, जो आज दिनांक तक अप्राप्त है। जिसकी रिपोर्ट थाना खम्हारडीह में दर्ज कराया गया है। ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण उन्हें बहुत परेशानी हो रही है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का इप्लिकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने का निवेदन किया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई दिनांक 21/02/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/02/2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.मा.क्र./ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम बेन्द्री प.ह.नं. 30
रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 29.01.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक मिलन गारू पिता स्व. बिस्वेश्वर गारू निवासी ग्राम बेन्दरी, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम बेन्दरी प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 222/5 रकबा 0.0298 हे. भूमि मिना गरू पिता गौरहरि वगैरह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था जो कहीं गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा आवेदित भूमि को द्वितीय प्रति पुस्तिका बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 27/02/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 29/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार धरसींवा**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्रमांक/202501115600054/अ-6/2024-2025
ग्राम-डंगनिया, प.ह.नं.-58
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 27.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण (1) श्रीमती दयावती साहू पति स्व. होरीराम साहू (2) नाबा. कु. किरण साहू (3) नाबा. नितेश साहू (4) नाबा, कु. चुनमुन साहू पिसरान स्व. होरीराम साहू वली मां श्रीमती दयावती साहू निवासी डंगनिया तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदकगण के पति/पिता होरीराम साहू पिता मानसिंग साहू के नाम पर ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 37/11 रकबा 1140 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेखों में धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी होरीराम साहू की मृत्यु दिनांक 25/10/2022 को हो चुका है जिनके विधिक वारिसान आवेदकगण है इसके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है का लेख करते हुए उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृतक का नाम विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से आवेदकगण का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदकगण निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 19.02.2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 19/02/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **नायब तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00062 रायपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425072 2600120

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00062 के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी संतराम पिता/पति स्व. मोतीराम सोनकर पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1204/7 0.0139 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुनीता अग्रवाल पिता/पति स्व. विजय शंकर अग्रवाल पता रायपुर छ.ग., स्नेहलता अग्रवाल पिता/पति स्व. विजय शंकर अग्रवाल पता रायपुर छ.ग., संजीव कुमार अग्रवाल पिता/पति स्व. विजय शंकर अग्रवाल पता रायपुर छ.ग., उषा अग्रवाल पिता/पति स्व. विजय शंकर अग्रवाल पता रायपुर छ.ग., सीमा अग्रवाल पिता/पति स्व. विजय शंकर अग्रवाल पता रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 24.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31.01.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 1408/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 10/02/25**

प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास (सरोना) योजनांतर्गत श्री छगनलाल बैस पिता श्री रामकिशन बैस को फ्लैट क्रमांक एफ-206 (प्रथम तल) क्षेत्रफल 290 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित हैं। आबंटिती के द्वारा उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 10.2.25 को जारी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 1287/रा.शा./आर.सी./वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 05/02/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 (कौशल्या माता विहार) के योजनांतर्गत श्री सतीश परमानंद पिता श्री मनोहर राव परमानंद मु.आ. श्रीमती साक्षी परमानंद पति श्री सतीश परमानंद को आवासीय भूखण्ड क्रमांक-डी-66 सेक्टर- 8 ए, खसरा नं.- 365/2 रकबा-645.83 वर्गमीटर पर आबंटित है। क्रेता श्री संजय कुमार जैन पिता-श्री नेमीचंद जैन निवासी बैरन बाजार, रायपुर, छ.ग. पिन नं.-492001 द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 11.12.2024 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त उत्तराधिकार नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमों के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 05.02.25 को जारी ।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

# अंतरराज्यीय ठगी के आरोपी को कर्नाटक से किया गिरफ्तार

## नौकरी लगाने के नाम से भूतपूर्व सैनिक से 5 लाख 25 हजार की थी ठगी

**बालोद,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। जिला बालोद पुलिस द्वारा लगातार सायबर फ्राड से बचने के लिए लोगो को जागरूक किया जा रहा है मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक श्री रामगोपाल गर्ग के निर्देशन में, श्रीमान पुलिस अधीक्षक बालोद श्री एस आर भगत के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद अशोक कुमार जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर पुलिस के पर्यवेक्षण में, अनुविभागीय अधिकारी बालोद श्री देवांश सिंह राठौर व अनुविभागीय अधिकारी गुण्डरदेही श्री राजेश बागड़े के नेतृत्व में थाना प्रभारी अर्जुंदा निरीक्षक लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल के साथ साइबर सेल से एक टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी हेतु मनुर कर्नाटक राज्य भेजा गया, टीम द्वारा मनुर कर्नाटक जाकर वहां कैम्प कर लोकल हिंट मुखबिर लगाकर और लोकल थाना के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

मामला थाना रनचिरई क्षेत्र का है, कि दिनांक 06.06.2023 को सेना से सेवानिवृत्त जवान प्रार्थी/पीड़ित मुकेश कुमार साहू पिता स्व0 दयालु राम साहू उम्र 40 साल साकिन खपरी (ब) थाना रनचिरई जिला बालोद ने थाना हाजिर होकर एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसे दिनेश कदम नामक आरोपी ने अपने मोबाइल नंबर 7204092242 के माध्यम से बातचीत कर प्रार्थी को नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर अपने मोबाइल फोन एवं विभिन्न फोन नंबरो के माध्यम से फोन कर दिनांक 19.03.2023 से 05.04.2023 के मध्य कुल करिब 05 लाख 25 हजार रूपये फोने पे, गुगल पे, आरटीजीएस के माध्यम से अपने अन्य साथी आरोपियो के खातो मे धोखाधड़ी पूर्वक रकम जमा कराकर ठगी करने कि रिपोर्ट पर थाना रनचिरई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना कार्यवाही प्रकरण में घटना घटित किये जाने हेतु मोबाइल फोन एवं इंटरनेट का उपयोग करना पाये जाने से धारा 66(डी) आई0टी0 एक्ट जोडकर विवेचना दौरान आरोपी एवं पीडित ने मोबाइल फोन नंबर की सीडीआर, एसडीआर एवं बैंक खातो के ट्रांजेक्शन का अध्ययन किया गया। प्रकरण के मुख्य आरोपी दिनेश कदम पिता मोहन कदम उम्र करिबन 32 साल साकिन मनुर थाना काकती जिला बेलगम (कर्नाटक) द्वारा अपने अन्य साथी आरोपियो निलेश कदम, महेश कदम आदि के साथ मिलकर एक राय होकर अपने साथी अभियुक्तो के मोबाइल नंबर एवं बैंक खाता का उपयोग कर प्रकरण के घटना घटित करना पाया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना अर्जुंदा एवं साइबर सेल बालोद के संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कर्नाटक भेजी गई थी, जो आरोपी के निवास ग्राम मनुर जिला बेलगाम कर्नाटका पहुंचकर प्रकरण के संदेहियों एवं आरोपियों पतासाजी करने हेतु पुलिस टीम दिनांक 08.02.2025 को मामले में मुख्य आरोपी को अपना बैंक खाता उपलब्ध कराकर ठगी के रूपयों का उपयोग करने वाले प्रकरण के आरोपी महेश कदम पिता मोहन कदम उम्र 36 साल मनुर थाना काकती जिला बेलगम (कर्नाटक) के बेलगम से पूछताछ तस्दीक करने तलब किया, दिनांक 10.02.2025 को आरोपी महेश कदम से पूछताछ एवं उसके बैंक खाते के ट्रांजेक्शन के अवलोकन पर पता चला कि प्रकरण के मुख्य अभियुक्त दिनेश कदम को प्रकरण सदर के घटना घटित करने में सहयोग करना तथा ठगी की राशि में से 1,25,000 रूपये आरोपी महेश कदम अपने खाते में जमा कर प्रकरण के अपराध कारित करना पाया गया है। प्रकरण मे गिरफ्तार आरोपी महेश कदम के कब्जे से खाता पासबुक, एटीएम कार्ड एवं घटना के दौरान प्रयुक्त 01 मोबाइल फोन को जप्त किया गया है। आरोपी को आज दिनांक 10.02.2025 गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। उक्त आरोपी द्वारा घटना में प्राप्त एवं बचत रकम रूपये 78,000 जो आरोपी केआईसीआईसीआई बैंक खाते में रखा गया है, को प्रकरण में संबद्ध किया जा रहा है। प्रकरण के घटना में शामिल मुख्य आरोपी दिनेश कदम अन्य आरोपी निलेश कदम फरार है, जिनकी पता तलाश की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी- महेश कदम पिता मोहन कदम, उम्र 36 साल, पता- मनुर थाना काकती जिला बेलगम (कर्नाटक), जप्ती- 01. घटना में प्रयुक्त बैंक खाता पासबुक, दो नग एटीएम कार्ड एवं 1 नग मोबाइल फोन आरोपी का नाम द्रमहेश कदम पिता मोहन कदम पता मोतीबाग गली मनुर बेलगवी जिला बेलगाम कर्नाटक।

आरोपी को पकड़ने में थाना प्रभारी अर्जुंदा से निरीक्षक श्री लक्ष्मीप्रसाद जायसवाल, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक श्री जोगेंद्र साहू, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, रूम लाल चुरेंद्र, आरक्षक राहुल मनहरे, संदीप यादव, पुरण देवांगन, मिथिलेश यादव का विशेष सराहनीय योगदान रहा।



- बालोद पुलिस की एक और बड़ी कार्यवाही
- आईटी एक्ट के तहत दर्ज था रनचिरई थाने में मामला

# पीड़ित परिवार को सतनामी समाज ने किया सहयोग



**समाज के सभी लोगों से सहयोग की अपील**

**पलारी,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। आज बलौदा बाजार जिला के नैन दास स्मृति स्थल में बाबा गुरु घासीदास जी की पूजा अर्चना कर बाबा गुरु घासीदास जी के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए सतनामी समाज के लोगो ने 10 जून बलौदा बाजार की घटना में जेल में बंद लोगों के परिवार को सहयोग किया और जेल से बाहर आए हमारे 4 साथी शैलेन्द्र बंजारे, उमेना डहरिया, हरेंद्र बंजारे और घसिया टंडन का सम्मान भी किया गया। साथ ही समस्त सतनामी समाज के लोगो से सहयोग की अपील की। विक्रम राय के आह्वान पर सतनामी समाज नया रायपुर से आए समाज के लोगो ने 15 पीड़ित परिवार और विक्रम राय ने 5 पीड़ित परिवार को सहयोग दिया। सहयोग पाने वालो में डागेश्वर पात्रे, करण कुर्रे, किशोर कुर्रे, हरेंद्र बंजारे, चेतन पुरैना वीरेंद्र मनहरे, हर किशोर बघेल, जितेंद्र घृतलहरे, घसीया टंडन, कविता टंडन उतरा रात्रे, समीर मारकंडे, गोपी बंदे, चंदन बघेल, उमेंद्र सोनवानी, संदीप कोसले, उमेना डहरिया सहित पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग दिया छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी सम्माननीय सामाजिक साथियों से भी अपील है कि अपने अपने स्तर पर राशी और चावल इकठ्ठा कर अपने अपने क्षेत्र के पीड़ित परिवार को अधिक से अधिक सहयोग करें समाज से अपील है कि अपने अपने आसपास के पीड़ित परिवार को गोद लेकर उनका भरण पोषण और शिक्षा में विशेष ध्यान देवे। उन्हें कभी भी किसी भी चीज की कमी न होने दें। इस अवसर पर विक्रम राय, वीरेंद्र कुमार, दिलीप बंजारे, रमेश कुमार, संतराम टंडन, भागलाल कोशले, अंगद दयाल खुटे, हेमंत नवरंगे, शैलेन्द्र बंजारे, सतनामी समाज के वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी, भंडारी, छड़ीदार सहित अधिक संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

विशेष सहयोग देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा आजाद, पार्षद हरीश गेडरे, नूलेश्वरी बंजारे, देव प्रसाद मारकंडे, फूलचंद घृतलहरें, काशीराम घृतलहरें, मुन्ना नारंग, राजेंद्र डहरिया, लेखराम गनहरे, मनोज भारद्वाज, रमेश गिधौडे, सुजीत गिधौडे, जितेंद्र बंजारे, मोहरसिंह चतुर्वेदी, भागवत बंजारे, नीलकमल आजाद, एम. पी. बांधे, मयाराम वंशे आदि शामिल थे।

# मतदान दल के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 9 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

**कवर्धा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत 08 फरवरी को आयोजित मतदान दल के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले 09 अधिकारी-कर्मचारियों को रिटर्निंग अधिकारी बोड़ला ने कारण बताओं नोटिस जारी किया है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 एवं पंचायती राज निर्वाचन नियम 1995 के विपरित है जो कि शासकीय कार्यो में उदासीनता लापरवाही एवं कदाचरण के श्रेणी में आता है। जिसके तहत पर्यवेक्षक सुश्री मनीषा साहू, सुश्री अहिल्या कोठारी, शिक्षक श्रीमती अनिता बंजारा, श्रीमती अमिता पाण्डेय, रामलाल, सुशील कुमार चंद्रवंशी, आनंद चंद्रवंशी, श्री उत्तमदास मांडले, राजूकुमार पाटिल को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 मतदान दलों का प्रशिक्षण 08 फरवरी को पी. एम. श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोड़ला में आयोजित की गई थी लेकिन उक्त प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 एवं पंचायती राज निर्वाचन नियम 1995 के विपरित है जो कि शासकीय कार्यो में उदासीनता लापरवाही एवं कदाचरण के श्रेणी में आता है। इस संबंध में संबंधित को अपना स्पष्टीकरण 24 घंटे के भीतर अद्योहस्तारकर्ता के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है। उत्तर समाधान कारक नही होने पर संबंधित के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# तीन आदतन अपराधी हेमंत पांडेय, चेतन मंडावी और विशाल बंजारे को 1 वर्ष के लिए जिलाबदर किया गया

**धमतरी,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के तीन आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले के 03 बदमाशों को आगामी 01 वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोण्डागांव की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है।

जिला बदर किये गए बदमाशों का नाम इस प्रकार है हेमंत पांडेय पिता अशोक पांडेय उम्र 22 वर्ष, साकीन स्टेशन पारा वार्ड धमतरी, थाना-सिटी कोतवाली धमतरी, विशाल बंजारे पिता प्रहलाद बंजारे, उम्र 27 वर्ष, साकिन साल्हेवार पारा धमतरी, थाना-सिटी कोतवाली धमतरी और चेतन मंडावी पिता विष्णु मंडावी उम्र 23 वर्ष साकिन मकेश्वर वार्ड धमतरी, थाना-सिटी कोतवाली धमतरी है।



विशाल बंजारे सल्हे पारा

**नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के पूर्व से ही चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने बदमाशों पर कार्यवाही की जा रही है**

जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी द्वारा उक्त तीनों बदमाशों को उपरोक्त जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने एवं एक वर्ष की कालावधि के पहले सक्षम न्यायालय की अनुमति के बगैर प्रवेश नहीं करने के आदेश दिये गये हैं।

उक्त आदेश का पालन नहीं करने पर उसे वैधानिक कार्यवाही कर/बल पूर्वक उपरोक्त जिले की सीमाओं से बाहर निकाल दिये जाने के निर्देश दिये गये हैं। यदि इसके बाद भी वह इस आदेश का उल्लंघन करे तो उसके विरूद्ध (छ0ग0) राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। वर्ष 2025 में अभी तक कुल जिला दंडाधिकारी के समक्ष 15 गुंडा बदमाशों के विरुद्ध जिला बदर के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया गया है जिसमें से अब तक कुल 13 बदमाशों पर जिला बदर की कार्यवाही की जा चुकी है, बाकी के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा रही है।

# डीएवी टिकुलिया भाटापारा में प्रधानमंत्री द्वारा संचालित परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण का सीधा डिजिटल प्रसारण

**भाटापारा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। विद्यार्थियों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल वातावरण का निर्माण करने वाली और विद्यार्थी विकास का एकमात्र लक्ष्य रखने वाली शिक्षण संस्थान डीएवी टिकुलिया भाटापारा में आगामी बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्ति व उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण का सीधा प्रसारण डीएवी टिकुलिया भाटापारा के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने डिजिटल माध्यम से अटेंड किया।

**विद्यार्थियों ने रखा प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी मन की बात , विद्यार्थि अपनी विशेष क्षमता को पहचाने ( प्रधानमंत्री ):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज, 10 फरवरी 2025 को, 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के आठवें संस्करण में छात्रों, शिक्षकों के साथ संवाद किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा के दौरान छात्रों के तनाव को कम करना । कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि वे पहले उन विषयों का अध्ययन करें जो उन्हें कठिन लगते हैं। उन्होंने नियमित सूर्य स्नान, पर्याप्त नींद, और संतुलित आहार के महत्व पर भी जोर दिया। इसके अतिरिक्त, पीएम मोदी ने माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपनी इच्छाओं को बच्चों पर न थोपें और उनकी विशेष क्षमताओं को पहचानें। असफलताओं को दुश्मन नहीं अपना टीचर मान के जीवन को और अच्छा बनाने पर ध्यान केंद्रित करें ।



**डीएवी टिकुलिया संस्था प्रमुख द्वारा विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा हेतु किया गया प्रेरित:** डीएवी टिकुलिया भाटापारा के संस्था प्रमुख श्री एस के सिंह ने परीक्षा पे चर्चा के इस आठवें संस्करण के मौके पर परीक्षा के समय विद्यार्थियों को आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा कर विद्यार्थियों के समक्ष उन सुझावों को परिभाषित किया जो उनको परीक्षा के तनाव से दूर और जीवन में उत्कृष्टता, सफलता के पास ले जाती है।परीक्षा सिर्फ नंबर का खेल नहीं है, बल्कि यह सीखने और आत्म-विकास का माध्यम भी है। आत्मविश्वास, सही रणनीति और मेहनत से किसी भी परीक्षा को सफलतापूर्वक दिया जा सकता है। खुद पर विश्वास रखें और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें।

# चौबेबांधा मार्ग से नवापारा पुल तक वाहनों के प्रवेश एवं आवागमन को लेकर आदेश जारी

**राजिम,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। अनुविभाग राजिम के अंतर्गत 12 से 26 फरवरी तक राजिम कुंभ कल्प मेला का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में राजिम के अनुविभागीय अधिकारी विशाल महाराणा ने चौबेबांधा मार्ग से नवापारा पुल तक भारी वाहनों के प्रवेश एवं आवागमन संबंधित आदेश जारी किया है। एसडीएम ने 8 फरवरी 2025 को आदेश जारी करते हुए कहा है कि राजिम कुंभ कल्प मेला के लिए प्रस्तावित स्थल ग्राम राजिम एवं चौबेबांधा की सीमा से लगी होने के कारण मेला आयोजन 12 से 26 फरवरी तक राजिम-चौबेबांधा मार्ग से नवापारा पुल तक भारी वाहनों का प्रवेश-आवागमन केवल रात्रि 12 बजे से प्रात: 06 बजे के मध्य किया जायेगा। साथ ही 12, 21 एवं 26 फरवरी को उक्त मार्गों में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णत: वर्जित एवं प्रतिबंधित किया है।



**मेला आयोजन 12 से 26 फरवरी तक राजिम-चौबेबांधा मार्ग से नवापारा पुल तक भारी वाहनों का रात्रि 12 बजे से प्रात: 06 बजे के मध्य किया जायेगा। साथ ही 12, 21 एवं 26 फरवरी को उक्त मार्गों में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित**

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**भाटापारा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। थाना भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर निवासी आरोपी राजू साहू को सिंगारपुर के ही तोरण साहू के सिर में डंडे से मारकर मृत्यु कारित करने के आरोप सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपये आर्थिक दण्ड से दंडित किया गया है।

विशेष लोक अभियोजक भाटापारा संजय बाजपेयी ने बताया कि प्रार्थी श्रीमती टिकेश्वरी साहू द्वारा थाना मे उपस्थित होकर यह रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 10-6-22 को शाम 6.30 बजे करीब घर पर खाना बना रही थी। घर के बाहर खुला परछी मे उसके ससुर तोरण लाल साहू बया गाँव के छन्नु सोनवानी बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे, तभी छन्नु सोनवानी ने घर में आकर उसे बताया कि राजू साहू डंडा से उसके ससुर को मारपीट कर रहा है, ऐसा खबर सुनकर वह कमरे से बाहर परछी में आयी तो राजू साहू डंडा से लगातार उसके ससुर के सिर पर मारपीट कर रहा था, जिसे देखकर वह छन्नु के साथ बीच बचाव करने गई तो राजू साहू डंडा लहराते हुए उन दोनों को डरा धमका कर भगा दिये। आसपास के लोगों एवं परिवार के लोगों को मदद के लिए बुलाये, जिसके बाद उपचार हेतु सरकारी अस्पताल ले गए थे, जहाँ ससुर तोरण साहू की मृत्यु हो जाना बताया गया। राजू ने बम्हरी पेड़ के डंडा से उसके ससुर के सिर में प्राणघातक चोट पहुँचाकर हत्या किया है। उक्त रिपोर्ट पर थाने मे अपराध दर्ज करते हुए आरोपी से मेमोरंडम कथन लेखबद्ध कर घटना के समय पहने हुए खून लगा कपड़ा, बबूल का डंडा जप्त कर मृतक का शव पंचनामा घटना स्थल का नक्शा तैयार कर, आरोपी को गिरफ्तार कर गवाहों के कथन लेखबद्ध कर संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय मे प्रस्तुत हुआ।

न्यायालय के समक्ष अभियोजन साक्षियों के बयान पूर्ण होने पर विशेष लोक अभियोजक ने आरोपी को इस आपराध के लिए कठोर दंड से दंडित किये जाने का निवेदन किया। अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते पर आरोपी द्वारा किया अपराध सिद्ध होना पाया इसलिए आरोपी राजू साहू को धारा 302 भा. द. संहिता के तहत आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये की सजा से दंडित किया गया है। शासन की ओर से पैरवी संजय बाजपेयी द्वारा किया गया है।

**JINDAL STEEL & POWER**
**JINDAL STEEL AND POWER- D**
JSPL, Kharsia Road, Raigarh, Chattisgarh. PIN - 496001
Event No. PFCCL/PFC Consulting Limited/LTSP/24-25/ET/157
**Request for Selection for supply of 59 MW Solar Power from Project located anywhere in India through Tariff-Based Competitive Bidding**
Jindal Steel Power Limited (JSPL) holds a license for distribution and retail supply of electricity in the area of the O.P. Jindal Industrial Park (OPJIP) and in the area of villages Tumdih and Punjipathra of Gharghoda tehsil of Raigarh District, Chhattisgarh. JSPL plans to procure 59 MW solar power on long-term basis as per the competitive bidding guidelines of Ministry of Power. Power can be sourced from already commissioned projects or upcoming projects with supply start date in April 2025.
Interested Renewable Energy Developers can access the detailed Request for Selection (RfS) document on the DEEP Portal.
Bid Submission Due Date: 20th February 2025 up to 5:00 PM
For further queries parties may contact to Mr. Zulfeqar Ali at zulfeqar.ali@jindalsteel.com.
Mobile: +91 9827477540

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर नपा बेमेतरा के मतदान केन्द्रों एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**बेमेतरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिये आचार सहिता लगने के बाद स्थानीय स्तर पर तैयारी की गई है। दिनांक 09.02.2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर पालिका परिषद बेमेतरा के मतदान केन्द्रो एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होने नगर पालिका परिषद बेमेतरा के मतदान केंद्रों पर की गई तैयारियों का अवलोकन किया और चुनाव अधिकारियों से आवश्यक सुविधाओं जैसे मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था और मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता के बारे में जानकारी ली। मतदान केन्द्रो में तैनात किये जाने वाले बलों के मुलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखने और आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने नगर पालिका बेमेतरा के स्ट्रांग रूम निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को ब्रीफिंग कर उनकी व्यवस्थाओं को जाना व स्ट्रांग रूम सुरक्षा एवं मतपेटी वितरण के दौरान लगने वाले सावधानियों के बारे में चर्चा कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद ( छ.ग. )**
**फार्म-अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**( नियम-10 देखिये )**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप नाहटा आ. श्री मूलचंद नाहटा जाति जैन उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम हाउस नं. 134/1 बी, 1 एमए टाइप, वार्ड नं. 08 राम मंदिर वार्ड टाउनशिप दल्लीराजहरा थाना दल्लीराजहरा तह. डौण्डी जिला बालोद छ.ग. एवं आवेदिका मेनका वर्मा पिता श्री भुनेश्वर वर्मा उम्र 36 वर्ष जाति लोधी निवासी वार्ड नं. धमतरी थाना व तह. व जिला धमतरी छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 19.02.2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 20.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

आगामी तिथि-19.02.2025

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
मुहर **जिला बालोद ( छ.ग. )**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार से सुलभा आ. श्री सोमा निवासी रायपुर, तहसील व जिला रायपुट छ.ग. ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम अछोली, प.ह.नं 31 रा.नि.मं. तुमगांव तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 125/2 रकबा 0.2300 हे., को विक्रय करने का सौदा हमारे पक्षकार से कर सौदा पेटे अग्रिम रकम प्राप्त कर हमारे पक्षकार के पक्ष में अनुबंध पत्र निष्पादित किया है।

उक्त खसरा नंबर के भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति संस्था या बैंक, सोसायटी को किसी प्रकार से आपत्ति अथवा उक्त भूमि पर किसी प्रकार का स्वत्व आधिपत्य प्राप्त हो तो इस सूचना प्रकाशन के तिथि से एक सप्ताह की अवधि में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् की गयी आपत्ति निष्प्रभावी होगी। हमारा पक्षकार वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन कर सौदा की गयी भूमि का विक्रय विलेख निष्पादित कर उपपंजीयन कार्यालय में पंजीयन करायेगा ।

सो सूचना ज्ञात हो।

महासमुन्द (छ.ग.)
दिनांक :10/02/2025

**दिनेश राव भोसले ,सोमनाथ साहू**
**ऋषभ भार्गव, कु. नित्या कौशिक**
**अधिवक्तागण**
**कार्यालय-श्री शैलेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता**
**स्टेशन रोड महासमुन्द जिला महासमुन्द ( छ.ग. )**
**मो.नं. 9425212035**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार से श्री दिनेश कुमार आ. श्री तुलसीराम साहू निवासी वार्ड नं. 19 क्लब पारा महासमुन्द, थाना, तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम अछोली, प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. तुमगांव, तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 127 रकबा 0.1800 हे., खसरा नं. 128/02 रकबा 0.1200 हे. कुल खसरा नं. 02 कुल रकबा 0.30 हे. को विक्रय करने का सौदा हमारे पक्षकार से कर सौदा पेटे अग्रिम रकम प्राप्त कर हमारे पक्षकार के पक्ष में अनुबंध पत्र निष्पादित किया है।

उक्त खसरा नंबर के भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक, सोसायटी को किसी प्रकार से आपत्ति अथवा उक्त भूमि पर किसी प्रकार का स्वत्व आधिपत्य प्राप्त हो तो इस सूचना प्रकाशन के तिथि से एक सप्ताह की अवधि में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् की गयी आपत्ति निष्प्रभावी होगी। हमारा पक्षकार वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन कर सौदा की गयी भूमि का विक्रय विलेख निष्पादित कर उपपंजीयन कार्यालय में पंजीयन करायेगा ।

सो सूचना ज्ञात हो ।

महासमुन्द (छ.ग)
दिनांक-10/02/2025

**दिनेश राव भोसले ,सोमनाथ साहू**
**ऋषभ भार्गव, कु. नित्या कौशिक**
**अधिवक्तागण**
**कार्यालय-श्री शैलेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता**
**स्टेशन रोड महासमुन्द जिला महासमुन्द ( छ.ग. )**
**मो.नं. 9425212035**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार से श्री रोशन आ. श्री खेदूराम निवासी ग्राम फिंगेश्वर जिला गरियाबंद छ.ग. ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम अछोली प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. तुमगांव तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. स्थित कृषि भूमि क्रमशः खसरा नं. 128/1 रकबा 0.1300 हे. खसरा नं. 131 रकबा 0.3800 हे., खसरा नं. 132 रकबा 0.2000 हे. खसरा नं. 140/2 रकबा 0.1100 हे. कुल खसरा नं. 04 कुल रकबा 0.8200 हे. को विक्रय करने का सौदा हमारे पक्षकार से क्रय सौदा पेटे अग्रिम रकम प्राप्त कर हमारे पक्षकार के पक्ष में अनुबंध पत्र निष्पादित किया है।

उक्त खसरा नंबर के भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक, सोसायटी को किसी प्रकार से आपत्ति अथवा उक्त भूमि पर किसी प्रकार का स्वत्व आधिपत्य प्राप्त हो तो इस सूचना प्रकाशन के तिथि से एक सप्ताह की अवधि में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् की गयी आपत्ति निष्प्रभावी होगी। हमारा पक्षकार वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन कर सौदा की गयी भूमि का विक्रय विलेख निष्पादित कर उपपंजीयन कार्यालय में पंजीयन करायेगा ।

सो सूचना ज्ञात हो ।

महासमुन्द (छ.ग)
दिनांक-10/02/2025

**दिनेश राव भोसले ,सोमनाथ साहू**
**ऋषभ भार्गव, कु. नित्या कौशिक**
**अधिवक्तागण**
**कार्यालय-श्री शैलेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता**
**स्टेशन रोड महासमुन्द जिला महासमुन्द ( छ.ग. )**
**मो.नं. 9425212035**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार से श्री विकास गुप्ता आ. श्री बसंत गुप्ता निवासी संजय नगर फिंगेश्वर जिला गरियाबंद छ.ग. ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम अछोली प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. तुमगांव तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 125/1 रकबा 0.2900 हे. को विक्रय करने का सौदा हमारे पक्षकार से कर सौदा पेटे अग्रिम रकम प्राप्त कर हमारे पक्षकार के पक्ष में अनुबंध पत्र निष्पादित किया है।

उक्त खसरा नंबर के भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक, सोसायटी को किसी प्रकार से आपत्ति अथवा उक्त भूमि पर किसी प्रकार का स्वत्व आधिपत्य प्राप्त हो तो इस सूचना प्रकाशन के तिथि से एक सप्ताह की अवधि में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् की गयी आपत्ति निष्प्रभावी होगी। हमारा पक्षकार वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन कर सौदा की गयी भूमि का विक्रय विलेख निष्पादित कर उपपंजीयन कार्यालय में पंजीयन करायेगा ।

सो सूचना ज्ञात हो ।

महासमुन्द (छ.ग)
दिनांक-10/02/2025

**दिनेश राव भोसले ,सोमनाथ साहू**
**ऋषभ भार्गव, कु. नित्या कौशिक**
**अधिवक्तागण**
**कार्यालय-श्री शैलेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता**
**स्टेशन रोड महासमुन्द जिला महासमुन्द ( छ.ग. )**
**मो.नं. 9425212035**

**शपथ पत्र**

मैं सोहन राम कोर्राम पिता स्व. श्री सुकालू राम कोर्राम उम्र 39 वर्ष निवासी न्यु पुलिस लाईन परपा जिला - बस्तर छ.ग. का शपथ पूर्वक निम्न व्यक्त करता हूँ।

(1) यह कि मेरे पुत्र का चन्द्रदेव का जन्म प्रमाण पत्र चन्द्रदेव के नाम से बना है, उसका नाम चन्द्रदेव शैक्षणिक दस्तावेजों पर लिखा गया था। जबकि मेरे पुत्र चन्द्रदेव का सही नाम 'सौम्य कोर्राम' है।

(2) यह कि मेरे पुत्र चन्द्रदेव का उम्र 06 वर्ष के शैक्षणिक अभिलेख जन्म प्रमाण पत्र, एवं समस्त दस्तावेजों में उसका नाम चन्द्रदेव के स्थान पर सही नाम 'सौम्य कोर्राम' दर्ज किये जाए 'सौम्य कोर्राम' लिखे जाने के समर्थन में शपथ पत्र निष्पादित किया।

(3) यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम 'सौम्य कोर्राम' आज से पढ़ा एवं लिखा जाना न्यायोचित होगा। शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**




# नक्सली मुठभेड़ में शहीद नरेश ध्रुव के पार्थिव शरीर को राजस्व मंत्री ने दिया कंधा



**बलौदाबाजार,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए नरेश कुमार ध्रुव का उनके गृह ग्राम गुर्रा में लोगों ने डबडबाई आंखों के साथ अंतिम विदाई दी. इसके पहले बलौदाबाजार में शहीद के पार्थिव शरीर को कलेक्टर-एसपी के साथ राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कंधा दिया. इस दौरान शहीद नरेश ध्रुव को नमन करते हुए राजस्व मंत्री ने कहा कि उनकी कुर्बानी को देश याद रखेगा.

इसके पहले बीजापुर जिले के नेशनल पार्क के जंगल में नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए प्रधान आरक्षक नरेश कुमार ध्रुव का पार्थिव शरीर आज बलौदाबाजार लाया गया. सेना के हेलीकॉप्टर के जरिए शहीद का पार्थिव शरीर चक्रपाणि हाईस्कूल मैदान में बने हेलीपैड पर पहुंचा. हेलीकॉप्टर से उतारते ही शहीद के पार्थिव शरीर को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी और एसपी विजय अग्रवाल ने कंधा देते हुए श्रद्धांजलि सभा तक लाए.

आसमान में गूंजते 'शहीद नरेश ध्रुव अमर रहे' नारे के बीच शहीद के माता-पिता, पत्नी-बच्चे और परिजनों के साथ राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, भाटापारा विधायक इंद्र साव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी सुरेंद्र जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए. इसके बाद पुलिस बल ने शोक शस्त्र कर अपने साथी जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की.

शहीद के पिता महेश ध्रुव ने भरे गले से कहा कि देश व अपने छत्तीसगढ़ महतारी की रक्षा के लिए उनका बेटा शहीद हुआ है, यह गौरव की बात है. सबसे मार्मिक पल तब आया जब शहीद की बेटी विभूति ध्रुव ने अपने पिता को अंतिम विदाई देते हुए कहा कि वह बड़ी होकर अपने पिता से भी ऊंचे पद पर पहुंचकर देश की सेवा करेगी. उसके पापा चाहते थे कि उससे भी बड़ा आफिसर बने तो वह उसे पूरा करेगी. उसकी इस बात ने वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम कर दीं.

मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि हमारे जिले के नरेश कुमार ध्रुव नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए हैं. हम सब जिलावासी उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं. उनका यह समर्पण व्यर्थ नहीं जाएगा. हमारा जो वीर भाई है, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की रक्षा करते हुए शहीद हो गया. छत्तीसगढ़ सरकार छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए संकल्पित है. कुछ दिन बाद यहां से नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा.

पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बीजापुर नक्सली हमले में शहीद जवान के पार्थिव शरीर को चॉपर के माध्यम से जिला मुख्यालय लाया गया, यहां उनको श्रद्धांजलि दी गई. उनके गृह ग्राम गुर्रा में राजकीय सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी जाएगी. प्रशासन ने इसके लिए पूरी व्यवस्था कर ली है.

### गृह ग्राम के लिए रवाना हुआ पार्थिव शरीर

श्रद्धांजलि सभा के बाद पुलिस पायलटिंग वाहन के जरिए शहीद के पार्थिव शरीर को भाटापारा ब्लॉक स्थित उनके गृह ग्राम गुर्रा के लिए रवाना किया गया. वहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया. शहीद को अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में आम नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे. पूरा क्षेत्र शोक में डूबा हुआ है, लेकिन शहीद की शौर्यगाथा ने हर किसी के हृदय में देशभक्ति की भावना को और प्रबल कर दिया है.

# चलती बस में महिला ने दिया बच्ची को जन्म, जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ



**खैरागढ़,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। हैदराबाद से छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के ग्राम जरोधा लौट रही एक गर्भवती महिला ने बस में ही एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है। यह घटना शनिवार की शाम तकरीबन 6-30 बजे खैरागढ़ के बस स्टैंड पर हुई। जानकारी अनुसार ग्राम जरोधा निवासी 27 वर्षीय देवकुमारी निषाद अपने पति दक्ष निषाद के साथ मजदूरी का काम करने के लिए हैदराबाद गई हुई थीं। डॉक्टर ने डिलीवरी की संभावित तारीख 18 बताई थी जिसके चलते वे अपनी सास के साथ गांव लौट रही थीं। हालांकि, यात्रा के दौरान ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और बस में ही उन्होंने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है। जब महिला को प्रसव पीड़ा हुई तो बस में मौजूद यात्रियों ने उसकी मदद की। कुछ महिलाओं ने तुरंत पर्दे बनाकर अस्थायी डिलीवरी रूम तैयार किया और सुरक्षित तरीके से प्रसव कराया। नवजात बच्ची का वजन लगभग 4 किलोग्राम बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि देवकुमारी निषाद का पहले से एक तीन साल का बेटा है। इस बार उनके घर में बेटी का जन्म हुआ है जिससे परिवार में खुशी का माहौल है वहीं उनकी सास भी इस पूरी घटना की गवाह बनीं और बच्चे को सुरक्षित जन्म लेने में मदद की। डिलीवरी के बाद मां और बच्ची को प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर उन्हें उनके गांव भेज दिया गया। इस दौरान बस में मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी। देवकुमारी का पति दक्ष निषाद अभी भी हैदराबाद में ही हैं।

# राजिम कुंभ कल्प पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था 12 से 26 फरवरी तक




**राजिम,** 10 फरवरी (देशबंधु)। जिला प्रशासन द्वारा राजिम कुंभ मेला को व्यवस्थित करने के लिए रोड मैप तैयार किया गया है जिसका पालन श्रद्धालुयों को करना होगा। प्रशासन द्वारा राजिम कुंभ मेला के लिए तैयार किया गया रोड मैप अनुसार पी 1 -पुराना वीआईपी पार्किंग राजिम ,पी 2 सोनकर पार्किंग राजिम , पी 3 पुराना मीना बाजार पार्किंग राजिम , पी 4 देवी संपदा पार्किंग राजिम , पी 5 - यशोदा अस्पताल पार्किंग राजिम, पी 6 सब्जी मंडी पार्किंग राजिम ,पी 7 नया वीआईपी पार्किंग नया मेला स्थल ,पी 8 - गौठान पार्किंग नया मेला मैदान , पी 9-मुक्तिधाम पार्किंग चौबेबांधा पी 10 नवागांव तिराहा पार्किंग - पी 11 लोमश ऋषि आश्रम पार्किंग, पी 12 -सोमवारी पुलिया नीचे पार्किंग महानदी , पी 13 गौशाला पार्किंग गोबरा नवापारा -,पी 14 -हरिहर स्कूल पार्किंग नवापारा ,पी 15 सरस्वती फड़ पार्किंग नवापारा में व्यवस्था की गई है ।

# 1177 नक्सलियों की गिरफ्तारी राज्य सरकार की मजबूत सुरक्षा नीति का परिणाम: साय

**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने नक्सल उन्मूलन के प्रयासों में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। सरकार द्वारा लागू की गई प्रभावी नीतियों और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण ने राज्य में स्थायी शांति और सुरक्षा का माहौल बनाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में बीते 13 महीनों में 305 नक्सली मारे जा चुके हैं, 1177 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 985 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह आंकड़े न केवल सरकार की प्रतिबद्धता और कुशल रणनीति को दर्शाते हैं, बल्कि यह भी प्रमाणित करते हैं कि छत्तीसगढ़ नक्सल हिंसा से मुक्त होकर शांति और विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नक्सल समस्या केवल सुरक्षा बलों की कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक और विकासात्मक चुनौती भी है। उनकी सरकार ने इस समस्या को एक समग्र दृष्टिकोण से हल करने का प्रयास किया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास योजनाएं तैयार की गई हैं, जिनमें उन्हें रोजगार, आर्थिक सहायता और समाज की मुख्यधारा में वापस लौटने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। यह पुनर्वास नीतियां न केवल उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रही हैं, बल्कि समाज में भी शांति और विश्वास का माहौल बना रही हैं।

■ 13 महीनों में 305 नक्सली मारे गए

श्री साय ने कहा कि 1177 नक्सलियों की गिरफ्तारी राज्य सरकार की मजबूत सुरक्षा नीति का परिणाम है। राज्य सरकार ने सुरक्षा बलों को अत्याधुनिक उपकरण, उन्नत प्रशिक्षण और बेहतर समन्वय से लैस किया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि नक्सल संगठनों की गतिविधियों को जड़ से खत्म किया जा सके। गिरफ्तार किए गए नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है, जिससे राज्य में न्याय और कानून व्यवस्था मजबूत हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता न केवल नक्सलियों को हथियार डालने के लिए प्रेरित करना है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि वे समाज में पुन: जुड़कर सम्मानजनक जीवन जी सकें। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास के लिए विशेष योजनाएं बनाई गई हैं, जिनके तहत उन्हें रोजगार और व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया है। इन क्षेत्रों में विकास कार्यों ने न केवल स्थानीय जनजातीय समुदायों का विश्वास बढ़ाया है, बल्कि युवाओं को हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए भी प्रेरित किया है। इन विकास कार्यों का असर यह हुआ है कि अब नक्सल प्रभावित क्षेत्र धीरे-धीरे शांति और समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं। राज्य सरकार ने नक्सल समस्या को सुलझाने में अधिक प्रभावी और दूरगामी दृष्टिकोण अपनाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उनकी सरकार छत्तीसगढ़ को न केवल नक्सल मुक्त बनाना चाहती है, बल्कि इसे शांति और विकास का प्रतीक राज्य भी बनाना चाहती है। नक्सल उन्मूलन के लिए सरकार की दीर्घकालिक योजनाओं में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करना, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना और युवाओं के लिए कौशल विकास के अवसर बढ़ाना शामिल है। श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने नक्सल समस्या के समाधान के लिए एक समग्र और प्रभावी दृष्टिकोण अपनाया है। 985 आत्मसमर्पण और 1177 गिरफ्तारियों के आंकड़े यह साबित करते हैं कि राज्य न केवल शांति की ओर बढ़ रहा है, बल्कि विकास के नए आयाम भी स्थापित कर रहा है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ को नक्सल हिंसा से मुक्त कर स्थायी शांति और समृद्धि की ओर ले जाने का सशक्त प्रमाण है।

# आबकारी विभाग ने जब्त की 2 लाख से अधिक की अवैध शराब, 1 गिरफ्तार




**दुर्ग,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। उतई थाना अंतर्गत ग्राम मटंग-मानिक चौरी मार्ग पर एक स्विफ्ट कार में अवैध शराब भरकर परिवहन करने की शिकायत के आधार पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा 31 पेटियों में भरी कुल 1 हजार 50 नग गोवा स्पेशल पाव फार सेल एमपी ओनली मदिरा पकड़ी गई। इस शराब का मूल्य 2 लाख 1 हजार 5 सौ रूपये आंका गया है। इसी मामले में एक स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 08 एएन 7948 मूल्य 5 लाख रूपये बरामद की गई। इस तरह अवैध शराब व कार मिलाकर कुल 7 लाख 1 हजार 5 सौ रूपये की जब्ती बनाई गई है।

इस मामले में आबकारी, पुलिस ने आरोपी पुनेश्वर खरे उर्फ नानू को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2)36, 59 (क) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। आरोपी को जेल भेज दिया गयाहै। इस प्रकरण में आबकारी उपनिरीक्षक अरविंद साहू, गीतांजली तारम, आबकारी मुख्य आरक्षक संतोष दुबे, आबकारी आरक्षक खुलदीप यादव व ड्रायवर धनराज व नोहर का योगदान रहा। आबकारी विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार यह अवैध शराब पंचायत चुनाव के सिलसिले में परिवहन की जा रही थी।

पुलिस की कार्रवाई

# अलग-अलग मामलों में 230 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**बिलासपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव से पहले अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने कोनी, कोटा और मस्तूरी क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त किया है. अलग-अलग मामलों में 230 लीटर अवैध महुआ शराब और 250 किलो महुआ लहान जब्त किया गया है. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध शराब के 14 मामलों में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है. पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने यह अभियान चलाया. अवैध शराब के खिलाफ यह कार्रवाई जारी रहेगी.दो दिनों में बिलासपुर पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाबिलासपुर पुलिस ने पिछले दो दिनों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 43 आरोपियों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है. जिनके कब्जे से कुल 4805 लीटर शराब जब्त किया गया है. अभियान चलकर सिविल लाईन अनुभाग में 3 प्रकरण में 3 आरोपियों से कुल 108 लीटर, सिटी कोतवाली अनुभाग में 7 प्रकरणों में 8 आरोपियों से कुल 162 लीटर, सरकण्डा अनुभाग से 15 प्रकरणों में 15 आरोपियों से कुल 1768 लीटर, चकरभाठा अनुभाग से 6 प्रकरणों में 6 आरोपियों से कुल 250 लीटर, इसी प्रकार कोटा अनुभाग से 11 प्रकरणों में 11 आरोपियों से 2517 लीटर जब्त किया गया है.

# भाजपा महापौर प्रत्याशी पूजा विधानी के जाति प्रमाण पत्र पर कल होगी सुनवाई



**बिलासपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा महापौर प्रत्याशी एल. पद्मजा (पूजा विधानी) के जाति प्रमाण पत्र से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध न कराए जाने के मामले में हाईकोर्ट ने सुनवाई की तिथि बढ़ाकर 12 फरवरी कर दी है।

बसपा महापौर प्रत्याशी आकाश मौर्य ने भाजपा प्रत्याशी एल. पद्मजा (पूजा विधानी) के पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के दस्तावेजों की मांग की थी, लेकिन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा दस्तावेज न सौंपे जाने पर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। इस मामले में आज 10 फरवरी को सुनवाई निर्धारित थी। जस्टिस बी. डी. गुरु की बेंच ने इस याचिका पर अगली सुनवाई 12 फरवरी को करने का निर्णय लिया है। वहीं महापौर और पार्षद पद के लिए मतदान कल 11 फरवरी को होगा।

# 50 लाख का विदेशी मदिरा सहित एक ट्रक जब्त

**बलौदाबाजार,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। संभाग स्तरीय अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिस तारतम्य में 7 फरवरी को छतीसगढ़ राज्यस्तरीय उड़नदस्ता-संभागीय उड़नदस्ता रायपुर, कबीरधाम, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की संयुक्त दल ने रायपुर-सिमगा मार्ग में सिमगा में स्थित ताज ढाबा के पास खड़े वाहन ट्रक डब्लू बी-25-के-8424 की जांच करने पर कुल 775 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित गोवा व्हिस्की मदिरा जिसका बाजार मूल्य लगभग 50 लाख रूपये एवं जब्त वाहन का बाजार मूल्य 50 लाख रूपये सहित कुल 1 करोड़ रूपए की सामग्री जब्त की गई है। उक्त कार्यवाही में आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 36, 59(क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी नीलम किरण सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक जीतेश्वरी आलेन्द्र, आबकारी उपनिरीक्षक योगेश सोनी, संभागीय उड़नदस्ता रायपुर के विशेश्वर साव, सहायक जिला आबकारी अधिकारी बलौदाबाजार से जलेश सिंह, उपनिरीक्षक मोतिन बंजारे एवं कबीरधाम जिले से अभिनव आनंद बख्शी, अभिनव रायजादा, रामानंद दीवान आबकारी उपनिरीक्षक सहित स्टाफके कर्मचारी गण उपस्थित रहे।



# निर्दलीय प्रत्याशी ने भाजपा प्रत्याशी को पैसा बांटते रंगे हाथ पकड़ा

■ विवाद बढ़ा तो नाले में फेंक दिया लिफाफा

**बिलासपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव में मतदान के पहले प्रत्याशी पैसे बांटकर मतदाताओं को लुभाने में जुटे हैं. ऐसे ही एक मामले में निर्दलीय प्रत्याशी ने भाजपा प्रत्याशी को पैसा बांटते रहे हाथ पकड़ा. इस मामले में जब विवाद बढ़ा तो प्रत्याशी ने नोटों से भरा लिफाफा नाले में फेंक दिया. पूरे वाकये का वीडियो वायरल हो रहा है.



मामला बिलासपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 7 कालिका नगर का है, जहां से भाजपा प्रत्याशी श्याम कार्तिक वर्मा आज सुबह मतदाताओं को पैसे बांटने के लिए अपने पास लिफाफे रखे हुए थे. इसकी जानकारी होने पर निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी जितेंद्र भावे ने मौके पर जाकर श्याम वर्मा को रोका. जब अन्य लोगों ने इसका विरोध किया गया तो श्याम वर्मा ने पैसों से भरे लिफाफे को नाली में फेंक दिया.

घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें भाजपा प्रत्याशी श्याम कार्तिक वर्मा को निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र भावे पहले समझाते हैं कि मना करने के बाद भी चुनाव में गड़बड़ कर रहे हो. इस दौरान अन्य व्यक्ति कहता है लगाऊं फोन, श्याम वर्मा कहता है, किसे लगना है. जवाब आता है चुनाव आयोग को फोन लगता हूं ना. जिसके बाद श्याम वर्मा पलटकर जेब में रखे लिफाफे को नाले में फेंक देता है. निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थक नाले में कूदकर फेंके गए लिफाफों को बाहर निकलते हैं. लिफाफों को जब खोल कर देखा गया तो उसमें से 200 रुपए के नोट मिले.

# पहले सोशल मीडिया पर दी धमकी, फिर दूध व्यवसायी पर देसी कट्टे से फायरिंग कर भागा

**कोरबा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के निहारिका इलाके में दूध व्यवसायी की हत्या की कोशिश का मामला सामने आया है. आरोपी ने देसी कट्टे से फायर किया, लेकिन गोली निशाने से चूक गई. इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी हिमांशु यादव और दो नाबालिगों को पकड़ लिया है.

घटना को अंजाम देने से पहले आरोपी हिमांशु यादव सोशल मीडिया पर हवाई फायरिंग का वीडियो वायरल कर रहा था और पीड़ित व्यवसायी को जान से मारने की धमकी दे रहा था. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के पास से एक देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं. मुख्य आरोपी हिमांशु यादव उत्तर प्रदेश के प्रयागपुर, बरगदहा, थाना गदागंज, जिला रायबरेली का निवासी है. उसके साथ दो नाबालिगों को भी हिरासत में लिया गया है. पीड़ित, जो कोरबा में डेयरी और होटल सप्लाई के लिए दूध बेचने का काम करता है. वह रोजाना की तरह 8 फरवरी 2025 की शाम 6-30 बजे रवि डेयरी के पीछे स्थित फैक्ट्री में दूध देने गया था. इस दौरान तीन संदिग्ध युवक पीड़ित को देखकर उसे आसपास चक्कर लगा रहे थे।

**NECC**

| 10.02.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 455 | 60 | 175 |
| चिल्हर | 6 | 82 | 200 |
| डिलीवरी | 460 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

बेटा- मुझे शादी नहीं करनी पापा मुझे सभी औरतों से डर लगता है
पिता- कर ले बेटा
फिर एक ही औरत से डर लगेगा, बाकी सब अच्छी लगेंगी।

संपादकीय

## चुनें अच्छे लोगों की सरकार

पिछले माह घोषित नगरीय निकायों एवं पंचायतों के त्रिस्तरीय चुनावों के अंतर्गत नगरीय निकायों के लिये मतदान 11 फरवरी को होने जा रहा है। नतीजे 15 फरवरी को आयेंगे। वहीं तीन-स्तरीय पंचायतों के लिये मतदान 17, 20 व 23 को होंगे। इनके परिणाम 18, 21 व 24 फरवरी को आयेंगे। मतदाताओं को चाहिये कि वे भयरहित होकर तथा किसी भी प्रकार के लालच में आये बगैर अधिकाधिक संख्या में अपने मतदान का प्रयोग कर नागरिक बोध का परिचय दें। चूंकि स्थानीय निकायों के चुनाव के जरिये आम जनता की सबसे नज़दीक की सरकार का गठन होता है तथा इनके कामों का सर्वाधिक सम्बन्ध उनके जनजीवन से है, इसलिये अच्छे प्रत्याशियों का चयन हो ताकि वे जनता की सेवा संतोषजनक ढंग से करें। इन चुनावों में पार्टियों से अधिक व्यक्तियों का महत्व होता है।

लोकसभा हो या विधानसभा अथवा स्थानीय निकाय- किसी भी तरह के चुनावों में मतदाताओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। इन सभी चुनावों का मकसद भी जनता की पसंद की सरकार बनाना होता है। इन सभी तरह की सरकारें अंततोगत्वा जनता के लिये ही होती हैं और उन्हीं के द्वारा निर्वाचित लोगों से मिलकर बनती हैं। अच्छे लोग चुनकर आयेंगे तो अच्छी सरकार बनेगी और जनता के हितों के काम उतने ही अच्छे तरीके से होंगे। अपने वोट का उपयोग जनता को बहुत सोच-समझकर करना चाहिये। प्रतिनिधियों का चयन एक तरह से खुद के शहर-गांव की तस्वीर बनाने जैसा है। मतदाताओं को चाहिये कि जाति, धर्म, सम्प्रदाय आदि जैसे संकीर्ण मानकों के आधार पर वे अपने उम्मीदवार तय न करें बल्कि वे उनकी शैक्षणिक योग्यता, व्यवहार व चरित्र देखें। यदि ऐसे उम्मीदवार जीतकर आते हैं तो, चाहें वे सत्ता में रहें या विपक्ष में, शहरों, कस्बों एवं गांवों की तस्वीर उनके माध्यम से बदली जा सकेगी।

मतदाता जिसे भी अपने वोट के योग्य समझते हों, चयन करते वक्त यह भी देखा जाना चाहिये कि उन्हें अपने शहर या गांव तथा वार्ड की समस्याओं की कितनी समझ है। एक यह भी पैमाना होना चाहिये कि वोटर इस बात को देखें कि उस तक सभी की सहज पहुंच हैं या नहीं। वे कामों के लिये उपलब्ध होते हैं या उनकी प्रतिबद्धता अन्य कामों को लेकर रहेगी। जिस तरह के प्रतिनिधि चुने जायेंगे वैसी ही स्थानीय सरकार बनेगी। ईमानदार लोगों का स्वायत्त निकाय बनेगा तो काम भी अच्छे होंगे। स्थानीय सरकारों के काम की प्रमुख समस्या है भ्रष्टाचार। मतदाताओं को ईमानदार प्रत्याशी चुनने चाहिये ताकि सार्वजनिक कामों में गुणवत्ता दिखे।

स्थानीय निकायों के चुनाव में मतदान करते वक्त प्रत्याशी की राजनीतिक प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण नहीं होती। मतदाताओं को चाहिये कि वे दल को देखने की बजाये व्यक्ति को देखकर वोट करें। लोकसभा या विधानसभा में पार्टी का महत्व हो सकता है परन्तु इनमें व्यक्ति अहम है।

# मतदान के पूर्व महापौर पद के प्रत्याशी और दोनों प्रमुख दल के नेतागणों ने किया जनसंपर्क



**जगदलपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। दोनों ही प्रमुख दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी मतदान दिवस के पूर्व सोमवार को अपने जस्ट श्रेष्ट नेताओं के साथ सुबह से लेकर देर रात तक जनसंपर्क में लग रहे और मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते नजर आए।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक किरण सिंह देव, मंत्री केदार कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफना, श्रीनिवास राव मद्दी, शरद अवस्थी, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे के साथ सभी भाजपा के जेस्ट श्रेष्ठ नेता जनसंपर्क में नजर आए वहीं कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक रेखचंद जैन, अतिरिक्त शुक्ला, राजीव शर्मा के साथ कांग्रेसी नेता गण भी सुबह से लेकर शाम तक जनसंपर्क करते नजर आए और जगह-जगह लोगों से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस बीच एक ऐसा भी अवसर आया जब भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी संजय पांडे और कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदु बड़े ही आत्मीयता के साथ एक दूसरे से मुलाकात कर हाथ मिलाए जो एक अच्छे राजनीतिक वातावरण का संदेश देती है। आपस में विचारों का मतभेद है लेकिन व्यक्तिगत रूप से किसी तरह की कोई विरोध की स्थिति नहीं है। यह वातावरण पूरे चुनाव के दौरान भी नजर आया। प्राय- यह देखने में आता है कि प्रत्याशी एक दूसरे के ऊपर व्यक्तिगत आरोप लगाने से भी नहीं चूकते हैं, लेकिन इस चुनाव में दोनों ही प्रमुख पार्टी के प्रत्याशियों ने आपस में एक दूसरे के ऊपर किसी तरह का व्यक्तिगत आरोप नहीं लगाया। अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्र के ऊपर ध्यान केंद्रित करते हुए माहौल को अपने पक्ष में करने का पूरा प्रयास किया। इसी तरह निर्दलीय प्रत्याशी रोहित सिंह आर्य भी अपने पक्ष में मतदाताओं को लुभाने का भर्षक प्रयास किया। वही आप पार्टी के प्रत्याशी समीर खान ने भी अपने अंदाज से लोगों तक पहुंचाते हुए प्रचार को गति दिया।

प्रचार में सबसे कमजोर शिवसेना की प्रत्याशी पिंकी ठाकुर नजर आई। अब देखना है जगदलपुर शहर की जनता किसे महापौर चुनती है।

## कलेक्टर ने नपं बस्तर में मतदान दलों को ईव्हीएम सहित मतदान सामग्री वितरण का लिया जायजा



**जगदलपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस ने मंगलवार को नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत नगर पंचायत बस्तर के अंतर्गत मतदान प्रक्रिया सम्पन्न करवाने के लिए मतदान दलों को ईव्हीएम सहित मतदान सामग्री वितरण का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान स्ट्रांग रूम तथा मतगणना केन्द्र का भी निरीक्षण किया तथा मतगणना केन्द्र में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री हरिस ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में बनाये गए स्ट्रांग रूम और वितरण केन्द्र का भी निरीक्षण कर मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रदाय, परिवहन एवं सामग्री जमा करने की व्यवस्था का संज्ञान लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, एसडीएम एआर राणा सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मतदान दलों की हुई रवानगी



**कलेक्टर हरिस एस ने मतदान दलों को किया रवाना**

**जगदलपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। जगदलपुर नगर निगम और बस्तर ग्राम पंचायत चुनाव के लिए मतदान दल अपने-अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए और शाम तक मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदान की तैयारी में जुटे रहे। मंगलवार को सुबह से ही मतदान प्रारंभ होगा। सुबह से ही मतगणना केंद्र और स्ट्रांग रूम से एवं मशीन एवं अन्य चुनाव सामग्रियों का वितरण किया गया और उसके पश्चात सभी मतदान केंद्र प्रभारी अपने-अपने दल के साथ मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए और शाम से पूर्व मतदान केंद्र में पहुंच गए हैं।

## कलेक्टर ने की मतदाताओं को चुनाव के इस महापर्व में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील



**सुकमा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने आम नागरिकों को आगामी 11 फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव में उत्साह से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के की अपील की है। उन्होंने वोट के इस महापर्व में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाकर मतदान के इस पर्व को सफल बनाने का आग्रह किया है। कलेक्टर श्री ध्रुव ने कहा कि हमारे देश की प्रगति और विकास में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। चुनाव में वोट डालकर आप अपना कर्तव्य जरुर निभाएं यह आपका लोकतांत्रिक अधिकार है और कर्तव्य भी। कृपया अपने मताधिकार का उपयोग करके इस महापर्व में महत्वपूर्ण योगदान दें। जाबो कार्यकम के नोडल अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन के दिशा निर्देश में नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारी शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में नगरीय निकाय सुकमा और दोरनापाल में 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदाता मतदान कर सकेंगे। जिले में कुल 31 मतदान केंद्र बनाया गया है। इनमें नगरपालिका परिषद सुकमा में 16 मतदान केन्द्र और नगर पंचायत दोरनापाल में 15 मतदान केंद्र बनाया गया है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र सुकमा से नगरीय निकाय आम निर्वाचन के लिए आज मतदान दलों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना किया गया है।

## बस्तर सर्व समाज द्वारा मनाया गया भूनकर दिवस

**बस्तर के आदिवासी एवं मूल निवासी अपनी परंपरागत वेशभूषा और नृत्य के साथ हुए शामिल**



**जगदलपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बस्तर सर्व समाज के द्वारा भूमकाल दिवस मनाया गया। आदिवासी समाज के युवा अपने पारंपरिक वेशभूषा में स्थानीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से रैली निकालकर वीर शहीद गुंडाधूर पार्क पहुंचे जहां पर वीर गुंडाधूर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और दीप प्रज्वलित किया गया।

यहां से रैली की शक्ल में बस्तर सर्व समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य करते नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए कचहरी चौक पर स्थित भूमकाल स्मृति चौक पहुंचे और वहां पर बस्तर के वीर शहीदों को याद करते हुए दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात रैली नगर के मेन रोड से होते हुए गोल बाजार पहुंची जहां पर स्थित शहीद स्मारक इमली के पेड़ पर शहीदों का स्मरण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसी इमली के पेड़ में बस्तर के वीर शहीदों को फांसी दी गई थी। इसके पश्चात रैली राजा रुद्र प्रताप देव टाउन क्लब प्रांगण पहुंचे जहां पर आम सभा का आयोजन किया गया और बस्तर के सर्व समाज के लोगों को उनके अधिकार दिए जाने की बात विभिन्न समाज के पदाधिकारी ने रखी। विशेष कर जल ,जंगल ,जमीन पर यहां के स्थानीय निवासियों और आदिवासियों को हक मिले इस पर जोर दिया गया।

## सड़क मार्ग से रवाना हुए मतदान दल



**सुकमा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। सुकमा जिले के नगर पालिका परिषद सुकमा और नगर पंचायत दोरनापाल में 11 फरवरी 2025 को चुनाव संपन्न होने जा रहा है। मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं। सोमवार को कलेक्टर के निर्देशन में मतदान दलों को आवश्यक चुनाव सामग्री का वितरण किया गया। जिला और पुलिस प्रशासन दोनों ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह चौकन्ना हैं और जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतदान सामग्री का वितरण आईटीआई सुकमा से किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मतदान दलों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन के समय धैर्य और संयम बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, साथ ही मतदान करने आने वाले मतदाताओं को हर संभव सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। साथ ही, सभी

- **कलेक्टर ने शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**
- **नगरीय निकाय निर्वाचन में 02 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए**

मतदान कर्मियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ काम करें।

**मतदान केंद्रों और मतदाताओं का विवरण:** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले के नगर पालिका परिषद सुकमा व नगर पंचायत दोरनापाल के लिए कुल 31 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें सुकमा नगर पालिका के 16 मतदान केंद्र और 15 मतदान केंद्र नगर पंचायत दोरनापाल शामिल है। नगर पालिक परिषद सुकमा एवं नगर पंचायत दोरनापाल में कुल 17511 मतदाता शामिल है। जिसमें 8502 पुरुष मतदाता और 9009 महिला मतदाता शामिल हैं। नगर पालिक परिषद सुकमा के लिए 13518 मतदाता जिसमें 6892 महिला मतदाता और 6626 पुरुष मतदाता शामिल हैं। नगर पंचायत दोरनापाल में 3993 मतदाता, जिसमें 2117 महिला मतदाता और 1876 पुरुष मतदाता शामिल हैं। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 हेतु नगरीय निकाय सुकमा में आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है। जो जनपद प्राथमिक शाला कक्ष के 01, शांति नगर वार्ड क्रमांक 10 और माध्यमिक शाला शबरी नगर कक्षर्क 01 शबरी नगर वार्ड क्रमांक 12 आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। मतदान के दिन भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

## रामाराम के लिए राजवाड़ा से निकली माता की डोली



**पूजा अर्चना करने उमड़ी भीड़, मंगलवार को लगेगा रामाराम में मेला**

**सुकमा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। रामाराम में होने वाले ऐतिहासिक मेले के लिए सोमवार को सुकमा राजवाड़ा से माता की डोली रवाना हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं समेत नगरवासी मौजूद रहे। माता की डोली का शहर में जगह जगह स्वागत किया गया। इस दौरान रामाराम ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज देव, भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे, करण देव, जिला महामंत्री विश्वराज सिंह चौहान, राजू साहू, हूँगाराम मरकाम, श्रृंगदेव, विक्रांत सिंह देव, वैभव सिंह देव समेत बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। मंगलवार को जिला मुख्यालय से करीब 9 किलोमीटर दूर रामाराम में 11 फरवरी को भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में चार राज्यों बसे देवी देवताओं का मिलन होता है। यह मेला दक्षिण बस्तर का सबसे प्रथम व बड़ा आदिवासी मेला है, जिसमे चार राज्यों की संस्कृति झलकती है। रामाराम में प्रतिवर्ष फरवरी माह में भव्य मेला का आयोजन होता है। बस्तर के इतिहास अनुसार 711 सालों से यहां मेला आयोजन होता आ रहा है।

**जमींदार परिवार की सहभागिता:** सुकमा जमींदार परिवार रियासत काल से यहां पर देवी देवताओं की पूजा करते आ रहे हैं। विदित हो कि श्रीराम ने त्रेता युग मे भू-देवी की आराधना की थी, इसलिए क्षेत्र के लोग शुभ कार्य करने से पहले मिट्टी की पूजा करते हैं।

**मंगलवार को लगेगा रामाराम में भव्य मेला:** मंगलवार को रामाराम में भव्य मेला का आयोजन होगा। जिसमें जिले के देवी-देवता शामिल होगे। रामाराम मेला करीब सात सौ सालों से अधिक समय से लगते आ रहा है। इस मेले में करीब सौ से अधिक स्थानीय देवी देवता शामिल होगे। रामाराम में मंदिर में जमीदार परिवार के द्वारा पुजा अर्चना करने के साथ ही मेले की शुरूआत होगी। इसके बाद अगले दिन बुधवार को सुकमा स्थित राजवाड़ा में मेला होगा। रामाराम मेला सम्पन्न होने के बाद दूसरे दिन माता की डोली सुकमा राजवाड़ा पहुंचेंगी। जहां माता की डोली को मंदिर में प्रवेश करने के बाद यहां मेले को आयोजन होगा।

## कुमकुम पूजा में शामिल हुईं सैकड़ों सुहागिन महिलाएं



**जगदलपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। स्थानीय धरमपुरा मार्ग पर स्थित श्री बालाजी मंदिर का 24 वां वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत तीसरे दिन सोमवार को सुबह 8:00 बजे से सुप्रभातम ,नित्य आराधना, वेद पारायण ,मंगलशासनम, बालभोग वितरण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सुबह 9:00 बजे नित्य हवन विशेष हवन के पक्ष बली प्रसादनम, पूजा विधान संपन्न होने के पश्चात 10:00 बजे कुमकुम पूजा माता लक्ष्मी जी का विशेष पूजा अनुष्ठान। यह महिलाओं के लिए विशेष पूजा का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो की संख्या में सुहागिन महिलाएं शामिल हुई। सभी ने अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना के साथ पूरे विधि विधान पूर्वक पूजा अनुष्ठान संपन्न किये। इसके पश्चात शाम 6:00 बजे नित्य हम का आयोजन हुआ और 8:00 बजे सहस्त्र दीपालंकार ,ऊंजल सेवा, भजन कीर्तन के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ चौथे दिन के कार्यक्रम का समापन हुआ। सभी कार्यक्रमों में काफी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हुए।

# मुठभेड़ में शहीद जवानों को दी गई अंतिम सलामी

**जगदलपुर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। बीजापुर जिला मुख्यालय में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए दो जवानों को आखिरी सलामी देते समय सबकी आंखों से आंसुओं का समंदर छलक पड़ा। मगर पुलिस और अन्य फोर्सेस के जवान अपने साथियों के बलिदान से प्रेरित होकर अपनी मिट्टी, अपने वतन की हिफाजत के लिए और भी दृढ़ संकल्पित नजर आ रहे थे। बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ में मारे गए 11 महिलाओं सहित कुल 31 वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इनमें से पांच नक्सलियों की शिनाख्त हो गई है।

मुठभेड़ में डीआरजी बीजापुर के प्रधान आरक्षक नरेश ध्रुव एवं एसटीएफ के आरक्षक बासित रावटे बहादुरी के साथ लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुए हैं। शहीद जवानों के पार्थिव शरीर जिला मुख्यालय बीजापुर लाया गया। शहीद जवानों को नई पुलिस लाईन स्थित शहीद वाटिका में श्रद्धांजली दी गई। घटना में घायल दो जवानों को भारतीय वायु सेना द्वारा एयरलिफ्ट किया गया। घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि नेशनल पार्क एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नक्सल विरोधी सर्च अभियान में बीजापुर डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ की टीम नेशनल पार्क एरिया के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 9 फरवरी की सुबह लगभग 8 बजे थाना मद्देड़ व फरसेगढ़ बॉर्डर के बीच जंगल पहाड़ में डीआरजी, एसटीएफ एवं बस्तर फाईटर की संयुक्त पार्टी एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। जो शाम 3-4 बजे तक रूक-रूक कर चलती रही। मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर वर्दीधारी 11 महिला एवं 20 पुरूष कुल 31 हार्डकोर वर्दीधारी नक्सलियों के शव हथियार सामग्री सहित बरामद हुए। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास राइफल, 303, नक्सलियों द्वारा निर्मित रॉकेट लांचर, बीजीएल लांचर, हथियार एवं विस्फोटक पदार्थ बरामद हुए। मुठभेड़ में मारे गये 5 नक्सलियों की शिनाख्त हुई है। शेष मारे गये नक्सलियों की पहचान की जा रही है।

मुठभेड़ में शहीद डीआरजी के प्रधान आरक्षक नरेश ध्रुव निवासी बालौदाबाजार एवं एसटीएफ आरक्षक बासित रावटे निवासी फागुनदाह, थाना डौडी लोहारा जिला बालोद के पार्थिव शरीर जिला मुख्यालय बीजापुर लाए गए। शहीद जवानों को पूर्वान्ह 11 बजे नई पुलिस लाईन स्थित शहीद वाटिका में श्रद्धांजलि दी गई। मुठभेड़ में घायल डीआरजी आरक्षक जग्गू कलमू एवं एसटीएफ आरक्षक गुलाब मंडावी को भारतीय वायुसेना द्वारा एयरलिफ्ट किया गया है। दोनों घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है। मुठभेड़ में और भी कई नक्सलियों के मारे जाने और घायल होने की संभावना को देखते हुए आसपास के क्षेत्र में सर्च अभियान जारी है। री इनफ़ोर्समेंट के लिए डीआरजी एसटीएफ, बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ का अतिरिक्त बल भेजा गया है।



- मारे गए 31 नक्सलियों में से 5 की हुई शिनाख्त
- डीजीपी अरुण देव गौतम, एडीजीपी विवेकानंद सिन्हा ने दी श्रद्धांजलि

**संकल्प होगा मजबूत : आईजी**

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी. ने पत्रकारों को बताया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुए वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई नक्सल संगठन के विरूद्ध अभियान संचालित किए जाने के परिणाम स्वरूप विगत 40 दिनों में कुल 65 हार्डकोर नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। सरकार की मंशा और जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ, बीएसएफ आईटीबीपी, सीएएफ, बस्तर फाइटर्स एवं अन्य सुरक्षा बलों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। शहीद जवानों का बलिदान हमारे संकल्प के लिए प्रेरणा होगा द्य मुठभेड़ में मारे गए 5 नक्सलियों की शिनाख्त हुई है। शेष मारे गये नक्सलियों की शिनाख्ती की कार्यवाई जारी है।

**5 नक्सलियों की शिनाख्त**

जिन नक्सलियों की शिनाख्त हुई है उनमें हुंगा कर्मा डीव्हीसीएम वेस्ट बस्तर डिवीजन ईनामी 8 लाख, मंगू हेमला निवासी सावनार, थाना गंगालूर, पीपीसीएम प्लाटून नम्बर 11 कमांडर, ईनामी 5 लाख ईनाम ,सुभाष ओयाम, एसीएम, नेशनल पार्क एरिया कमेटी, ईनामी 5 लाख, सन्नू एसीएम, गंगालूर एरिया कमेटी, ईनामी 5 लाख, रमेश नेशनल पार्क एरिया, पार्टी सदस्य, ईनामी 2 लाख शामिल हैं।

**बरामद हथियार और सामाग्री**

बरामद हथियार एवं अन्य सामग्री में एके 47 रायफल 1 नग, 3 मैगजीन, 56 नग कारतूस, एसएलआर रायफल 1 नग, 2 मैगजीन, 6 नग कारतूस, 1 नग इंसास रायफल, 1 नग मैगजीन, 1 नग 303 रायफल, 1 मैगजीन, 2 नग कारतूस, 1 नग 315 बोर रायफल, 30 नग कारतूस, 12 बोर गन 8 नग, 1 नग बीजीएल रॉकेट लांचर बड़ा मय स्टैंड, 4 नग बीजीएल सेल, 6 नग बीजीएल लांचर, 14 नग सेल, 4 नग मजल लोडिंग राइफल, आईईडी 9 नग, लेजर प्रिंटर, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी, साहित्य, दवाईयां एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुई हैं।

**40 दिन में 56 ढेर**

उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के परिणाम स्वरूप बीजापुर जिले में विगत 40 दिनों में कुल 56 हार्डकोर नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। नक्सलियों की तमाम साजिशों एवं कायराना हरकतों के बावजूद सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने मुठभेड़ के सबंध में जानकारी देते हुए बताया कि फरसेगढ़-मद्देड एरिया में नेशनल पार्क एरिया कमेटी के जंगल में टीएससी एसजेडसीएम बंडी प्रकाश, भास्कर व मद्देड़ नेशनल पार्क एरिया कमेटी के एससीमए बुचन्ना, एसीएम कृष्णा, एसीएम अजीत के साथ 40-45 सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी बीजापुर एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम नक्सलियों के विरूद्ध अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान 11 महिलाओं सहित 31 वर्दीधारी नक्सलियों को सुरक्षा बलों ने मार गिरया। मौके पर खून के धब्बे एवं घसिटने के निशान से कई और नक्सलियों के मारे जाने एवं घायल होने की संभावना है। मौके से भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक एंव सामग्री बरामद किया गई है।

**हिंसा छोड़ने के सिवा कोई रास्ता नहीं**

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने कहा है कि प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई नक्सलियों संगठन के पास अब हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करने के अलावा और कोई विकल्प नही बचा है। इसलिए नक्सली संगठन से अपील है कि वे तत्काल हिंसात्मक गतिविधियों को छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़े अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहें।

## शत-प्रतिशत मतदान करें : डॉ पाणिग्राही



**बागबाहरा**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा ,विधान सभा चुनाव के बाद अब बारी है निकाय चुनाव में मतदान की। जिसमे महापौर / अध्यक्ष / पार्षद के लिए मतदान करना है ।हमारे प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में कल याने 11 फरवरी को शहर सरकार चुनने के लिए मतदान की तारीख है। स्वीप कार्यक्रम अंर्तगत शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने वाले महासमुंद जिले के स्वीप आइकन डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने अपने अलग अंदाज में लोगों तक पहुंचकर मतदान अवश्य करने अपील किया । अच्छे प्रत्यासी का चुनाव एवम शत प्रतिशत मतदान आपकी जिम्मेदारी ,आपका कर्तव्य एवम आपका अधिकार है । मतदान के दिन कितना भी आवश्यक कार्य हो सबसे पहले मतदान करें। फिर दूसरा काम करें। पांच साल में एक बार मिलने वाला आपका मतदान का अधिकार व्यर्थ न जाए इसका ध्यान रखें। इस कड़ी मे डॉ पाणिग्राही ने हर मतदाता से विशेष कर मातृ शक्ति एवम युवाओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु अपील किया । डॉ पाणिग्राही ने कहा लोगों में भारी उत्साह है अच्छा मतदान होगा।



**जगदलपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत धरमपुरा स्थित मॉडल कालेज में स्थापित स्ट्रांग रूम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम मशीन के वितरण हेतु स्ट्रांग रूम को खोला गया। इसके पश्चात मतदान दलों को ईव्हीएम मशीन और मतदान सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

### सार-संक्षेप

## सौंदर्यीकरण कराना पहली प्राथमिकता : भागीरथी



**जी जामगांव** 10 फरवरी (देशबंधु। ग्राम जी जामगांव के शिक्षित ,ऊर्जावान सरपंच पद के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ रहे प्रत्यासी भागीरथी साहू ने देशबंधु से चर्चा करते हुए बताया कि वह अपने गाँव के प्रत्येक घर तक पानी की ब्यवस्था,नाली निर्माण,समशान घाट में सेड निर्माण,युवा साथियो के लिए खेल मैदान में समुचित सुविधा ,शीतला मंदिर तालाब का वृक्षारोपण कर सौदर्यीकरण कराना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। ग्राम पंचायत के सभी वार्डो से मतदाताओं का समर्थन मिल रहा है। मेरा विजन विकास है बताकर भारी मतों से जिताने का आग्रह कर वोट मांग रहे है।

## बागबाहरा में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित : भूपेंद्र

**बागबाहरा**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने एक बड़ा दावा किया है कि बागबाहरा के नगरपालिका चुनाव में कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल एवं वार्ड प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है। बागबाहरा के सभी 15 वार्डो के मतदाता कांग्रेस के पक्ष में हैं। यहां का चुनावी माहौल कांग्रेसमय है। जिसे कोई नहीं नकार सकता। यहां के आम मतदाता कांग्रेस प्रत्याशियों को पंजा झाप में वोट देकर भारी बहुमत से जीताना चाहते हैं। नगरपालिका का चुनाव आज मंगलवार 11 फरवरी को होने जा रहा है। जिसमें यहां के मतदाता बढ चढ कर भाग लेंगे। नगर के सभी मतदान केन्द्रों में तैयारियां पूरी कर ली गई है।



चुनावी शोरगुल थमने के पहले कांग्रेस पार्टी ने नगर में एक बड़ी जंगी रैली खल्लारी क्षेत्र के विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में निकालकर सत्तासीन भाजपा सरकार को शक्ति प्रदर्शन कर दिखा दिया है। यह दिल्ली का चुनाव नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के बागबाहरा नगर का चुनाव है। यहां कांग्रेस की परचम लहराएगी। यहां अध्यक्ष एवं पार्षद की कुर्सी पर कांग्रेस पार्टी के जीते हुए प्रत्याशी बैठेंगे। शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने आगे बताया कि नगर में आज सोमवार की शाम छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हुआ। जहां कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर पार्टी के पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता एवं प्रत्याशियों से भेंट मुलाकात कर उन्हें जीत का पूरा भरोसा दिलाया है। कांग्रेस पार्टी के एक - एक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में दिन-रात चुनावी कार्य में जी-जान से जुटे हुए हैं। प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता नगर के घर-घर जाकर मतदाताओं से सीधे संपर्क करने में लगे हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बागबाहरा नगर में आगमन होते ही कांग्रेसजनो ने आतिशबाजी कर उनका जोशिला स्वागत किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि निषाद, महेंद्र चंद्राकर, ताम्रध्वज छोटू बघेल,केशव नायकराम चंद्राकर, फिरोज मेमन, गणेश शर्मा , शमीम खान,लखबीर छाबड़ा, सुश्री दुर्गा सागर, मिथुन अमीर,नवनीत सलूजा, रामेश्वर चक्रधारी,लोकेश दीवान , शैलेश साहू,देवेश साहू,शिवा जगत, श्रीमती मेनका पोखराज साहू, आशाराम बांधे,सेतराम बघेल, ममता गौरव सांवरा, दिनेश साहू, लक्ष्मी विरेन्द्र महानंद, भूषण जलक्षत्री,श्रद्धा हरीश चंद्राकर, चुम्मन तांडी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे। अपने पार्टी के प्रत्याशियों की शानदार होने वाली जीत को लेकर कांग्रेसियों में खुशी की लहर है। नगर में पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में माहौल है।

## भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रूक्मिणी विवाह प्रसंग

**खरोरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पंचायत केशला के सिंघादूरिहा चौक के मंदिर के प्रांगण में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ चल रहे। संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन रविवार को कथावाचिका भागवत मर्मज्ञा पूज्या श्रद्धा दीदी सोनम तिवारी कथा प्रसंग में पवित्र व्यास गद्दी से श्रीकृष्ण मथुरा गमन, उद्धव चरित्र, रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि, हमारा मन ही मथुरा है और यह तन ही गोकुल है। यदि भगवान को पाना चाहते हो तो मन को मथुरा बना लो। जिसका मन पवित्र हो जाता है वह मथुरा बन जाता है। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा कृष्ण-रुक्मणी विवाह से जुड़ी मनोहारी झांकी प्रस्तुत की गई। जिसे देख पूरा पंडाल श्रीकृष्ण के जयकारे से गुंजायमान हो उठा। भजन गीतों से सुरों में सभी श्रोता झूमने लगे। कथा व्यास ने कहा कि भगवान पर अटूट विश्वास होना चाहिए, यदि अटूट विश्वास है तो भगवान हर स्थिति में अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। इस दौरान श्रीकृष्ण-रूक्मिणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर कथा श्रवण करने आए भागवत प्रेमियों ने जमकर पुष्प वर्षा की। साथ ही विवाह के मंगल गीत गाते हुए नृत्य भी किए। इस मौकें पर कृष्ण-रूक्मिणी विवाह की आकर्षक झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। तो वहीं संगीतमय कृष्ण भजनों पर रसिक श्रोताओं ने खूब ठुमके लगाए। कथा के मध्य भगवान श्रीकृष्ण की धूमधाम के साथ बारात निकाली गई। बारात में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बाराती बनकर झूमते नाचते हुए कथा पंडाल पहुंचे। इस दौरान भक्त भगवान श्री कृष्ण की महिमा पर आधारित भजनों की मीठी तान पर थिरकते रहे। इस अवसर पर वरमाला धूमधाम से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण और रूक्मिणी के पैर धोकर पूजा-अर्चना की और मंगला आरती गाकर विवाह संपन्न कराया। वहीं भगवान को उपहार भी भेट किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नृत्य करते हुए जयकारे लगाए तो माहौल धर्ममय हो गया। पंडाल में सारा जनमानस भाव विभोर होकर झूम उठे। वहीं सजीव झांकियां भी सजाई गई थी। जो सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। कृष्ण-रूक्मिणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक ने कृष्ण-रूक्मिणी विवाह प्रसंग पर बोलते हुए कहा कि, श्रीकृष्ण के साथ हमेशा देवी राधा का नाम आता है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं में यह दिखाया भी था कि राधा और वह दो नहीं बल्कि एक हैं, लेकिन देवी राधा के साथ श्रीकृष्ण का लौकिक विवाह नहीं हो पाया। देवी राधा के बाद भगवान श्रीकृष्ण की प्रिय देवी रूक्मिणी हुईं। रूक्मिणी और कृष्ण के बीच प्रेम कैसे हुआ इसकी बड़ी अनोखी कहानी है। इसी कहानी से प्रेम की नई परंपरा की शुरुआत भी हुई। देवी रूक्मिणी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थी। रूक्मिणी अपनी बुद्धिमता, सौंदर्य और न्यायप्रिय व्यवहार के लिए प्रसिद्ध थीं। रूक्मिणी का पूरा बचपन श्रीकृष्ण के साहस और वीरता की कहानियां सुनते हुए बीता था। जब विवाह की उम्र हुई तो इनके लिए कई रिश्ते आए लेकिन उन्होंने सभी को मना कर दिया।



**श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा, मंगल गीत भी गाए**

## रायखेड़ा विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित



**तिल्दा नेवरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में 10 फरवरी 2025 दिन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा छात्रों के साथ च्परीक्षा पे चर्चा च्किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों में परीक्षा के तनाव से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट और अलग-अलग प्लेटफार्म पर प्रसारण किया गया इस कार्यक्रम को विद्यालय में बच्चों को जोड़ा गया ।परीक्षा पे चर्चा पूरे 1 घंटे तक चली। इस बीच बच्चे सवाल पर सवाल पूछते रहे,और प्रधानमंत्री जी उन सभी प्रश्नों के उत्तर देते रहे ।

प्रधानमंत्री जी ने बताया कि फेल होने से जिंदगी रुक नहीं जाती है। आपको तय करना होगा कि जीवन में सफल होना है ,जीवन में सफल होने का एक उपाय होता है,कि आप अपने जीवन की जितनी भी विफलताएं हैं उसे अपना गुरु बना ले ।जीवन सिर्फ परीक्षाएं नहीं है ।इसे समग्रता में देखना चाहिए ।हमारे अंदर परमात्मा ने कुछ कमियां भी रखी है,कुछ विशेषताएं भी दी है विशेषताओं पर ध्यान देना चाहिए। ज्यादातर लोग अपने से दुर्बल से स्पर्धा करते हैं और फिर कूदते रहते हैं कि उसकी 34 आया ,मेरा 35 आया लेकिन जो खुद से स्पर्धा करता है उसका विश्वास कभी टूटता नहीं है। प्रधानमंत्री जी ने शिक्षकों को भी बताया कि शिक्षक भी जो बच्चे होशियार होते हैं बार-बार उनको पुचकारते हैं। बाकियों को गिनते ही नहीं है ।इससे बच्चे डिप्रैस हो जाते हैं ।टीचर्स से भी मेरी आग्रह है कि विद्यार्थियों के बीच में कोई तुलना मत कीजिए ।बाकी विद्यार्थियों के सामने दूसरे को टोकना बंद कीजिए। कुछ कहना है तो उसे अलग से बात करके मोटिवेट करने के अंदाज में कहिए। अंत में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सभी बच्चों को आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी गई ।इस कार्यक्रम मे आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा के182बच्चे, 07पालक एवम् शिक्षक शिक्षिकाएं जुड़े रहे।

## कांग्रेस में गुटबाजी, चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशी अकेले पड़े

**गरियाबंद,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हार के बाद भी कांग्रेस में गुटबाजी खत्म नहीं हुई। नगर पालिका चुनाव में भी यही हाल है। पार्टी के कई नेता बागी होकर मैदान में हैं। कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। संगठन पूरी तरह नदारद है। अध्यक्ष और 15 वार्डों के प्रत्याशी अकेले पड़ गए हैं। पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला गरियाबंद का दौरा कर रहे हैं, लेकिन गुटबाजी पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने भी संगठन की तरह जिम्मेदारी से किनारा कर लिया है। भाजपा ने इसे कांग्रेस की स्वाभाविक हार बताया। निकाय प्रभारी किशोर महानंद ने कहा कि कांग्रेस की गुटबाजी से जनता पहले ही नाराज है। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो जाएगी।

**भाजपा ने रूठों को मनाया, कांग्रेस नाकाम**

टिकट वितरण के बाद भाजपा ने नाराज नेताओं को मना लिया। प्रशांत मानिकपुरी, गफ्फू मेमन, आसिफ मेमन और आशीष शर्मा को टिकट नहीं मिला, लेकिन वे अब पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जुटे हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस में स्थिति उलट है। टिकट नहीं मिलने से संदीप सरकार और ऋतिक सिन्हा अपने वार्ड में सिमट गए। संदीप सरकार वार्ड 1 से और ऋतिक सिन्हा वार्ड 15 से (निर्दलीय) चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों को अपनी सीट बचाने की चुनौती है। कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी गैंदलाल सिन्हा को संगठन से कोई मदद नहीं मिल रही। कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी भी उनके साथ एकजुट नहीं हैं। जनता के मन में सवाल उठ रहा है कि जो पार्टी अपना घर नहीं संभाल पा रही, वह नगर कैसे संवारेगी ?

**पार्षद प्रत्याशियों के लिए भी राह मुश्किल**

कांग्रेस की गुटबाजी कई वार्डों में हार की वजह बन सकती है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को भाजपा से ज्यादा अपने ही बागियों से चुनौती मिल रही है। वार्ड 1, 2, 4, 12, 13, 14 और 15 में कांग्रेस के 12 बागी मैदान में हैं। इनमें वार्ड 1 से विकास यादव, वार्ड 2 से निरंजन प्रधान और घनश्याम यादव, वार्ड 4 से ज्योति साहनी, गीता जगत और झरोखा सोरी, वार्ड 12 से पुरुषोत्तम यादव, वार्ड 13 से मुकेश भोई और जीवेश सिन्हा, वार्ड 14 से उर्वशी सोनी और योगिता सिन्हा, वार्ड 15 से ऋतिक सिन्हा शामिल हैं। इनमें ऋतिक सिन्हा और ज्योति साहनी पहले पार्षद रह चुके हैं। गीता जगत, घनश्याम यादव और पुरुषोत्तम यादव का नाम अंतिम समय में काट दिया गया। अब यही नेता कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के लिए मुश्किल खड़ी कर रहे हैं। भाजपा को इसका सीधा फायदा मिल रहा है। बागी जीतने की स्थिति में नहीं हैं, लेकिन कांग्रेस के वोट काट रहे हैं। इससे कांग्रेस का पूरा समीकरण बिगड़ गया है। अगर यही स्थिति बनी रही तो इन वार्डों में कांग्रेस की जीत मुश्किल हो जाएगी।

**बड़े चेहरे भी नहीं आए नजर संगठन भी हुआ किनारे**

**चुनाव प्रचार में भी नहीं दिखे बड़े चेहरे**

प्रचार-प्रसार में भी कांग्रेस बीजेपी की तुलना में अब तक पीछे रही। कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने ना पार्टी संगठन सामने आया ओर ना पार्टी के कोई बड़े नेता कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार प्रसार करने गरियाबंद पहुंचे। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी से सांसद रूप कुमारी चौधरी और विधायक रोहित साहू लगातार प्रचार प्रसार में सक्रिय रहे। विधायक ने शहर के अलग-अलग कई वार्ड में घूम-घूम कर प्रचार प्रसार किया वहीं सांसद ने भी नगर के अलग-अलग वार्डों में सभाएं की। भाजपा का संगठन भी चुनाव में दमदारी से जुटा है। इसके उलट कांग्रेस में केवल अमितेश शुक्ल ही एक दो बार चुनाव प्रचार के लिए गरियाबंद पहुंचे। बीच में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के गरियाबंद आने की चर्चा हुई लेकिन वह भी नहीं आए। देखा जाए तो चुनाव प्रचार में भी कांग्रेस बीजेपी से पीछे रहें।

# कलेक्टर ने नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों का लिया जायजा



## केशकाल व फरसगांव में मतदान केन्द्रों, स्ट्रांग रूम व मतगणना कक्ष का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ आज जिले के केशकाल और फरसगांव का दौरा कर नगरीय निकाय आम निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों, स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को सतर्क एवं सजग रहकर निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

**केशकाल में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण**

कलेक्टर ने केशकाल में विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, जिनमें शा.प्रा.शाला डिहीपारा के मतदान केन्द्र क्र. 07, मा.शाला के मत.कें.क्र. 08, शा.उ.मा.विद्यालय सुरडोंगर के मत.कें.क्र. 03, मा.विद्यालय, सुरडोंगर के मत.कें.क्र. 05, प्रा.शाला सुरडोंगर के मत.कें.क्र. 04 निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बीएलओ से मतदाताओं की संख्या एवं मतदाता पर्ची वितरण की जानकारी लेकर मतदान कर्मियों को निर्देशित किया कि मतदान प्रक्रिया को निर्धारित समय में पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शा.क.उ.मा.विद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष में प्रवेश व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया।

**फरसगांव में स्ट्रांग रूम में तैयारियों का जायजा**

ऐसे ही कलेक्टर ने फरसगांव में मतदान केन्द्रों, स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष की तैयारियों का निरीक्षण किया। आदर्श उ.मा.विद्यालय फरसगांव में बनाए गए मत.कें.क्र. 12 का निरीक्षण कर वहां की तैयारियों का जायजा लिया और मतदान कर्मियों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चैयतू गायता शा.महाविद्यालय फरसगांव पहुंचकर स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष का अवलोकन किया और बैरिकेडिंग, प्रवेश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम फरसगांव अश्वनी पुसाम, एसडीएम केशकाल अंकित चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पत्नी की हत्या के आरोप में पति को किया गिरफ्तार



**कोण्डागांव,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। शराब के नशे में अपनी ही पत्नी के सिर पर कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने के मामले में पर्याप्त अपराध सबुत पाये जाने से आरोपी पति को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजे गए होने के सम्बन्ध में पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार चौकी बांसकोट थाना विश्रामपुरी में प्रार्थी जगदीश पिता लच्छीन मरकाम निवासी ग्राम खरगांव थाना विश्रामपुरी जिला कोण्डागांव ने चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी छोटी बहन पूर्णिमा नेताम की शादी 2015 में सामाजिक रिति रिवाज से ग्राम मारंगपुरी निवासी गुरू प्रसाद नेताम से हुआ था, शादी के बाद 02 बच्चे हुए, दोनों पति-पत्नी व बच्चे एक साथ रहते थे।

सपरिवार अपने अन्य रिस्तेदारों के साथ एक दिन पूर्व गांव मारंगपुरी मड़ई मेला देखने गए थे और 9 फरवरी को खाना पीना खाकर रात में सो गए तकरीबन 12 बजे रात में शराबी आरोपी गुरूप्रसाद नेताम ने अपनी सोई हुयी पत्नी की हत्या करने की नियत से धारदार टंगिया से उसके सिर पर प्राणघातक वारकर हत्याकर दिया। उक्त रिपोर्ट पर प्रथम दृष्ट्या हत्या का अपराध पाए जाने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के आदेशानुसार एवं अति.पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के निर्देशन पर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण नेताम के पर्यवेक्षण में विवेचना कार्यवाही किया गया। पता तलाश कर आरोपी गुरूप्रसाद पिता धनसिह नेताम निवासी मारंगपुरी पटेलपारा चौकी बांसकोट थाना विश्रामपुरी को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार करने से 10 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुरी निरीक्षक भुनेश्वर नाग, चौकी प्रभारी निरीक्षक रोशन कौशिक, सउनि रामनंदन कोरोटी, प्र.आर.224 रामकृष्ण सोम, प्र.आर.25 रामनारायण जगत, आर.653 प्रदीप मरकाम एवं सीन ऑफ क्राईम मोबाईल युनिट टीम कोण्डागांव का विशेष योगदान रहा।

# आज सवैतनिक अवकाश घोषित

**कांकेर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 कार्यक्रम अनुसार नगरपालिका के महापौर, अध्यक्ष व पार्षद पदों के निर्वाचन हेतु तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष व पार्षद पदों के निर्वाचन के लिए मंगलवार 11 फरवरी को मतदान किया जाएगा।

इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंचों तथा पंचों के निर्वाचन हेतु सोमवार 17 फरवरी, गुरूवार 20 फरवरी और रविवार 23 फरवरी को मतदान की तिथि निर्धारित है। छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा जारी आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त नियत मतदान तिथि को निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित कार्यरत श्रमिक या कर्मचारियों को मतदान के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किये जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिक अथवा कर्मचारियों चाहे वे दैनिक वेतनभोगी हो या आकस्मिक श्रमिक हो, उनको अवकाश प्रदान किया जाएगा।

# ट्राइबल कालोनी में श्री शिव महापुराण प्रारंभ



## भव्य कलश यात्रा के साथ शुरूआत

**दंतेवाड़ा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा की ट्राइबल कालोनी एसबीआई चौक में आज से श्री शिव महापुराण की कथा प्रारंभ हुई। आचार्य अनिल तिवारी द्वारा यह कथा सुनाई जा रही है। श्री शिव महापुराण का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। इसमें बड़ी संख्या में कालोनी की महिलाएं शामिल हुईं। कथा 16 फरवरी तक जारी रहेगी। प्रतिदिन कथा दोपहर 3 बजे से शाम तक होगी। इस दौरान आचार्य श्री तिवारी द्वारा श्री शिव महापुराण की अलग-अलग कथा प्रसंगों की व्याख्या की जाएगी। साथ में मौजूद कीर्तन मंडली द्वारा सुंदर भजन भी प्रस्तुत किये जायेंगे। यह आयोजन कालोनी वासियों द्वारा कराया जा रहा है। पहले दिन की कथा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल हुए रवाना



**कांकेर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकायों में अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए 11 फरवरी मंगलवार को मतदान सम्पन्न होगा। मतदान केन्द्रों के लिए आज सुबह 9 बजे से नवीन सामुदायिक भवन कांकेर से मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री वितरित की गई। प्राप्त सामग्रियों का मिलान चेकलिस्ट से करने के उपरांत मतदान दल में सम्मिलित सभी मतदान अधिकारी अपने नियत पोलिंग बूथ के लिए प्रस्थान हुए। दल अपने-अपने केन्द्रों में उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में सकुशल पहुंच गए। मौके पर उपस्थित अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे एवं एसडीएम अरूण वर्मा ने मतदान दलों का उत्साहवर्धन करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने की मतदान करने की अपील

**कांकेर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकायों में अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु मंगलवार 11 फरवरी को प्रात: 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान सम्पन्न कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि मतदान अधिकार और कर्तव्य दोनों है जिसके माध्यम से एक स्वस्थ लोकतंत्र की नींव स्थापित की जाती है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बिना किसी भय, प्रलोभन के निष्पक्ष होकर अपने स्वविवेक से उम्मीदवार को वोट करने का आव्हान जिले के सभी मतदाताओं से किया है।

# मतदाता पहचान के लिए 18 प्रकार के दस्तावेज मान्य

**दंतेवाड़ा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय चुनाव में मतदान के लिए मतदान केंद्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। अधिकृत दस्तावेजों में क्रमश: भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक पासबुक, डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र पैन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य या केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों के उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छ.ग. राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल का जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौंसिल का अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त नि:शक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन का जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय का जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसीईआर जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। मतदाता उपरोक्त में से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान-पत्र मतदान केन्द्र पर लेकर जायेगा और पीठासीन अधिकारी द्वारा पहचान स्थापित की जायेगी।

# मतदान में महिला कर्मियों की बड़ी भागीदारी



- पांच निकायों में आज वोटिंग
- 336 मतदान कर्मी निभाएंगे दायित्व
- 5 अध्यक्ष और 81 वार्ड पार्षदों के लिए मतदान

**दंतेवाड़ा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निकाय आम निर्वाचन के तहत कल 11 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए आज मतदान दलों की रवानगी हुई। जिले के पांच निकायों में पांच अध्यक्ष और 81 वार्ड पार्षदों के लिए कल वोट डाले जायेंगे।

सभी मतदान दलों में महिला कर्मचारियों की संख्या पुरूषों के मुकाबले अधिक है। नगर पालिका परिषद क्षेत्र दंतेवाड़ा में 15 वार्ड हैं, जिसके लिए कुल 17 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। यहां कुल 68 मतदान कर्मियों द्वारा निर्वाचन दायित्व निभाया जाएगा। यहां पर कुल 10 हजार 356 मतदाता हैं। इसी प्रकार बचेली नगर पालिका क्षेत्र के 18 वार्ड में 19 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां 76 मतदान कर्मी तैनात रहेगें। इस पालिका में मतदाताओं की संख्या 13 हजार 130 है। किरंदुल नगर पालिका के 18 वार्डो में 18 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, यहां पर 78 मतदान कर्मी तैनात रहेंगे। किरन्दुल पालिका में मतदाताओं की संख्या 13 हजार 287 है। गीदम नगर पंचायत के 15 वार्डों में 15 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, बारसूर नगर पंचायत क्षेत्र के 15 वार्डो में भी 15 मतदान केंद्र बनाए गए। यहां पर क्रमश: 60-60 मतदान कर्मियों द्वारा निर्वाचन कार्यो का संपादन किया जाएगा। गीदम नगर पंचायत में कुल मतदाता 6 हजार 528 है, वहीं बारसूर नगर पंचायत में कुल 4 हजार 418 मतदाता हैं। पांचों निकाय में कुल 81 वार्ड और 84 मतदान केन्द्र हैं।

इन निकायो में 5 अध्यक्ष और 81 पार्षद पदों के लिए चुनाव होना है। इस प्रकार पूरे जिले के नगरीय निकाय में कुल 336 मतदान कर्मी निर्वाचन कार्य में अपना योगदान देगें। इन सभी नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए आज रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में मतदान दलों को सामग्री के साथ रवाना किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के.बर्मन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा, और निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगरीय निकाय चुनाव के मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**कोण्डागांव,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए मतदान दलों को रवाना कर दिया गया। जिला मुख्यालय कोंडागांव स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने नगर पालिका परिषद कोंडागांव के 37 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन दलों में 37 मुख्य मतदान दलों के अलावा 4 रिजर्व दल भी शामिल किए गए हैं, जो किसी भी आपात स्थिति में तैनात किए जाएंगे।

**केशकाल और फरसगांव में भी दलों की रवानगी**

कोंडागांव के अलावा नगर पंचायत केशकाल और नगर पंचायत फरसगांव के लिए भी मतदान दल रवाना किए गए। केशकाल में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से नगर पंचायत के 15 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों की रवानगी की गई। वही शासकीय महाविद्यालय फरसगांव से नगर पंचायत फरसगांव के 15 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया।

कलेक्टर ने मतदान दलों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। मतदान दलों में शामिल कर्मचारियों ने भी विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा से निभाएंगे।

मतदान दलों को संबंधित मतदान केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए विशेष परिवहन व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही मतदान सामग्रियों की पूरी जांच कर सुनिश्चित किया गया कि कहीं कोई कमी न हो। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदान के दिन मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें और निष्पक्ष एवं निर्बाध रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएं।

# ईव्हीएम के साथ समझाई वोटिंग की तकनीक

## बारसूर, किरन्दुल, बचेली में जागरूकता अभियान



**दंतेवाड़ा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत नगर पंचायत बारसूर में तहसील कार्यालय वार्ड क्रमांक 11 एवं 15 तथा नगर पालिका किरंदुल, बचेली में प्रशिक्षकों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा सभी वार्डों में मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से मतदान हेतु जागरूक भी किया जा रहा है एवं मतदाताओं से 11 फरवरी सुबह 8 बजे से 5 बजे तक पोलिंग बूथ में आकर वोट डालने का आग्रह भी इसी दौरान किया गया।

# नाबालिग की प्रशासन ने रूकवाई शादी



- बाल विवाह रोकने में मिली कामयाबी
- समझाईश के बाद परिजनों ने मानी गलती
- निर्धारित आयु पूर्ण होने के बाद शादी के लिए राजी

**दंतेवाड़ा**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। जिले में बाल विवाह के रोकथाम के लिए कलेक्टर के मार्गदर्शन में गठित जिला प्रशासन की संयुक्त टीम को एक बाल विवाह रोकने में सफलता मिली है।

ग्राम पंचायत छोटे तुमनार में बाल विवाह होने की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन दंतेवाड़ा को प्राप्त हुई थी। इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए चाइल्ड हेल्प लाईन, पुलिस थाना गीदम, परियोजना गीदम एवं जिला बाल संरक्षण इकाई दंतेवाड़ा की संयुक्त टीम ने विवाह कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर वर एवं वधु का आयु का सत्यापन किया। वधु द्वारा बतायी गयी आयु एवं वर के शैक्षणिक प्रमाण-पत्र में उल्लेखित जन्मतिथि के अनुसार वधु की आयु पूर्ण पाई गई परन्तु वर की वैधानिक आयु, विवाह हेतु पुर्ण नहीं थी। जहाँ कार्यवाही के दौरान वधु पक्ष द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक दस्तावेज अनुसार वधु की वर्तमान आयु 20 वर्ष 9 दिन उल्लेखित थी। परन्तु वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण नहीं होना पाया गया। इसके मद्देनजर वर के कम आयु होने पर प्रशासन की टीम द्वारा वर-वधु के परिजनों को समझाइश देते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियमों से अवगत कराया गया। तत्पश्चात वर पक्ष, बालक के विवाह की वैधानिक आयु पूर्ण होने से पहले विवाह नहीं कराए जाने पर सहर्ष राजी हो गए। इसके साथ ही ग्राम छोटे तुमनार के वासियों द्वारा भी भविष्य में गांव में अपनी ओर से बाल विवाह नहीं होने देने का वादा भी किया गया। विवाह कार्यक्रम स्थल पर वर-वधु पक्ष के परिवार के लोगों को उपस्थित समिति द्वारा समझाइश देते हुए बताया गया कि बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नहीं बल्कि कानूनन अपराध भी है, ऐसे विवाह में शामिल माता-पिता, रिश्तेदार, पुरोहित सभी अपराधी माने जा सकते हैं तथा बाल विवाह करने और कराने वाले को दो वर्ष तक कारावास एवं एक लाख रुपए तक जुर्माना भी हो सकता है। दोनों पक्षों की सहमति से समिति द्वारा कार्यवाही पूर्ण कर वधु को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

इस संबंध में समिति के द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई को निर्देशित किया गया है कि, निर्धारित समय अनुसार, बाल विवाह का फॉलोअप किया जाना सुनिश्चित किया जाये। बाल विवाह रोकथाम संबंधी संपूर्ण कार्यवाही के दौरान, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी वरूण सिंह नागेश, प्रभारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी, रविशंकर सनाड्य, आउटरीच वर्कर श्रीमती ममता ठाकुर, सेक्टर पर्यवेक्षक सुश्री रेणु घिवडोड़े, पुलिस विभाग गीदम, एवं सुपरवाईजर प्रेम कोमरे चाइल्ड हेल्पलाइन के सदस्य उपस्थित रहे।

# मतदान दिवस को रहेगा सवैतनिक अवकाश


**कोण्डागांव,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा आम निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार जिला कोण्डागांव में नगरीय निकाय अंतर्गत शहरी निर्वाचन क्षेत्र में वर्श 2025 के 11 फरवरी दिन मंगलवार एवं त्रिस्तरीय पंचायत के जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंचों तथा पंचों के निर्वाचन हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में 17 फरवरी दिन रविवार, 20 फरवरी दिन गुरूवार एवं 23 फरवरी दिन रविवार को मतदान की तिथि निर्धारित है। छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग, मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर रायपुर द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-135 ख, 'मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश मंजुरी' में उल्लेखित प्रावधान अनुसार नियत मतदान तिथि में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1953 के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं, स्थापनाओं में कार्यरत् श्रमिकों व कर्मचारियों को मतदान के दिन अर्थात 11 फरवरी, 17 फरवरी, 20 फरवरी एवं 23 फरवरी को राज्य शासन द्वारा सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है।

जारी आदेशानुसार कोण्डागांव जिले में स्थापित कारखानों, संस्थाओं, स्थापनाओं में कार्यरत् श्रमिकों, कर्मचारियों को नियत निर्वाचन तिथि को मतदान करने हेतु सवैतनिक अवकाश प्रदाय किया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में निर्देशित किया जाता है कि समस्त स्थापनाओं के नियोजक, ठेकेदार अपने अधीनस्थ कर्मचारियों, श्रमिकों को उक्त नियत निर्वाचन तिथि को सवैतनिक अवकाश स्वीकृत करेंगे। साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन श्रमिक, कर्मचारी कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 02-02 घंटे अवकाश घोषित करने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्टा पुल्टा

राजू पहाड़ों पर पैराशूट बेच रहा था।
ग्राहक- अगर पैराशूट नहीं खुला तो?
राजू- तो आपके पूरे पैसे वापिस।

संपादकीय



## चुनें अच्छे लोगों की सरकार

*पिछले माह घोषित नगरीय निकायों एवं पंचायतों के त्रिस्तरीय चुनावों के अंतर्गत नगरीय निकायों के लिये मतदान 11 फरवरी को होने जा रहा है। नतीजे 15 फरवरी को आयेंगे। वहीं तीन-स्तरीय पंचायतों के लिये मतदान 17, 20 व 23 को होंगे। इनके परिणाम 18, 21 व 24 फरवरी को आयेंगे। मतदाताओं को चाहिये कि वे भयरहित होकर तथा किसी भी प्रकार के लालच में आये बगैर अधिकाधिक संख्या में अपने मतदान का प्रयोग कर नागरिक बोध का परिचय दें। चूंकि स्थानीय निकायों के चुनाव के जरिये आम जनता की सबसे नज़दीक की सरकार का गठन होता है तथा इनके कामों का सर्वाधिक सम्बन्ध उनके जनजीवन से है, इसलिये अच्छे प्रत्याशियों का चयन हो ताकि वे जनता की सेवा संतोषजनक ढंग से करें। इन चुनावों में पार्टियों से अधिक व्यक्तियों का महत्व होता है।*

*लोकसभा हो या विधानसभा अथवा स्थानीय निकाय- किसी भी तरह के चुनावों में मतदाताओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। इन सभी चुनावों का मकसद भी जनता की पसंद की सरकार बनाना होता है। इन सभी तरह की सरकारें अंततोगत्वा जनता के लिये ही होती हैं और उन्हीं के द्वारा निर्वाचित लोगों से मिलकर बनती हैं। अच्छे लोग चुनकर आयेंगे तो अच्छी सरकार बनेगी और जनता के हितों के काम उतने ही अच्छे तरीके से होंगे। अपने वोट का उपयोग जनता को बहुत सोच-समझकर करना चाहिये। प्रतिनिधियों का चयन एक तरह से खुद के शहर-गांव की तस्वीर बनाने जैसा है। मतदाताओं को चाहिये कि जाति, धर्म, सम्प्रदाय आदि जैसे संकीर्ण मानकों के आधार पर वे अपने उम्मीदवार तय न करें बल्कि वे उनकी शैक्षणिक योग्यता, व्यवहार व चरित्र देखें। यदि ऐसे उम्मीदवार जीतकर आते हैं तो, चाहें वे सत्ता में रहें या विपक्ष में, शहरों, कस्बों एवं गांवों की तस्वीर उनके माध्यम से बदली जा सकेगी।*

*मतदाता जिसे भी अपने वोट के योग्य समझते हों, चयन करते वक्त यह भी देखा जाना चाहिये कि उन्हें अपने शहर या गांव तथा वार्ड की समस्याओं की कितनी समझ है। एक यह भी पैमाना होना चाहिये कि वोटर इस बात को देखें कि उस तक सभी की सहज पहुंच हैं या नहीं। वे कामों के लिये उपलब्ध होते हैं या उनकी प्रतिबद्धता अन्य कामों को लेकर रहेगी। जिस तरह के प्रतिनिधि चुने जायेंगे वैसी ही स्थानीय सरकार बनेगी। ईमानदार लोगों का स्वायत्त निकाय बनेगा तो काम भी अच्छे होंगे। स्थानीय सरकारों के काम की प्रमुख समस्या है भ्रष्टाचार। मतदाताओं को ईमानदार प्रत्याशी चुनने चाहिये ताकि सार्वजनिक कामों में गुणवत्ता दिखे।*

*स्थानीय निकायों के चुनाव में मतदान करते वक्त प्रत्याशी की राजनीतिक प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण नहीं होती। मतदाताओं को चाहिये कि वे दल को देखने की बजाये व्यक्ति को देखकर वोट करें। लोकसभा या विधानसभा में पार्टी का महत्व हो सकता है परन्तु इनमें व्यक्ति अहम है।*

# मीनल चौबे-दीप्ती दुबे में सीधा मुकाबला

## भाजपा-कांग्रेस के कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर

**रायपुर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित नगर निगम रायपुर का अगला महापौर कौन होगा इसका फैसला मंगलवार को राजधानी के मतदाता करेंगे। इस चुनाव में सीधा मुकाबला भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे और कांग्रेस की दीप्ती प्रमोद दुबे के बीच है। हालांकि चुनाव में आप सहित दर्जनभर से अधिक प्रत्याशी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए चुनाव लड़ रहे है। इसी के साथ ही राजधानी के 70 वार्डों में पार्षदों का फैसला भी होना है। विर्तमान महापौर एजाज ढेबर, श्री कुमार मेनन, समीर अख्तर, सतीश जैन, सूर्यकांत राठौर, मनोज वर्मा, सतनाम सिंह पनाग सहित कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर लगी है। वहीं टिकट नहीं मिलने से वंचित भाजपा-कांग्रेस के कई नेता बगावत कर चुनाव लड़ रहे है। जिसके कारण कई वार्डों में चुनावी समीकरण गड़बड़ा गया है।

राजधानी में करीब 16प्रत्याशी महापौर के लिए व काफी संख्या में पार्षद का चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन मुख्य मुकाबला कांग्रेस की दीप्ती प्रमोद दुबे और भाजपा की मीनल चौबे के बीच है। दोनों दलों ने चुनाव जीतने पूरी ताकत झोंक दी है। हालांकि आप से शुभांगी तिवारी चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने कई जगहों पर पार्षद के लिए भी प्रत्याशी खड़े किए गए है लेकिन वे कोई करिश्मा कर पाएंगे इसकी संभावना कम नजर आ रही है। लगातार तीन बार के पार्षद रहे समीर अख्तर को कांग्रेस ने इस बार टिकट नहीं दी है। आप पार्टी से समीर को प्रत्याशी बनाकर शहीद राजीव पाण्डे में मुकाबला को दिलचस्प बना दिया है। यहां भाजपा से बद्री गुप्ता व कांग्रेस से देवेन्द्र यादव चुनाव लड़ रहे हैं।

**नगर निकाय चुनाव**
**कम से कम 10 स्थानों पर निर्दलीय जोर-आजमाइश कर रहे**

पार्षद चुनाव के लिए सबसे दिलचस्प मुकाबला पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड में हो रहा है। यहां पर निवर्तमान महापौर एजाज ढेबर कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं उनके मुकाबले भाजपा ने अमर गिदवानी को मैदान में उतारा है। इस चुनाव में एजाज की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। उनका वार्ड बैजनाथपारा इस बार महिला के लिए आरक्षित हो गया है जिसके चलते पड़ोस के वार्ड से किस्मत आजमा रहे है। उनकी पत्नी भी बैजनाथपारा वार्ड से कांग्रेस की प्रत्याशी है। कांग्रेस पार्टी यदि महापौर का चुनाव जीतती है तो वे सभापति के स्वाभाविक दावेदार होंगे। यदि पार्टी महापौर चुनाव हार जाती है तो ऐसी स्थिति में उनका नेता प्रतिपक्ष बनना तय माना जा रहा है। संभवत: यही कारण है कि वे महापौर रहने के बाद भी पार्षद का चुनाव लड़ रहे हैं।

पहली बार कांग्रेस ने चुनाव में कई पार्षदों की टिकट काटकर नए चेहरों को मौका दिया है। जिससे कई जगहों पर बागी प्रत्याशियों से जूझना पड़ रहा है। इनमें सदर बाजार की प्रतिष्ठित सीट भी शामिल है। इस बार भी टिकट नहीं मिलने पर सतीश जैन कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ मैदान में डटे है। वे पूर्व में निर्दलीय यहां से जीते थे। इसी तरह पूर्व पार्षद वीमल गुप्ता भी इंदिरा गांधी वार्ड से बागी होकर लड़ रहे है। हेमू कालाणी वार्ड में कांग्रेस को दो बागी चुनौती दे रहे है। निवर्तमान पार्षद बंटी होगा व पूर्व में पार्षद रहे जसबीर ढिल्लन भी यहां से चुनाव लड़ रहे है। अब्दुल हमीद वार्ड में अनीश निजामी कांग्रेस से बगावत कर अधिकृत प्रत्याशी को चुनौती दे रहे है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के निवर्तमान पार्षद श्री कुमार मेनन, मनोज वर्मा, सतनाम सिंह पनाग अपने क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे है। इसी तरह भाजपा के निवर्तमान पार्षद सूर्यकांत राठौर की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

# मुस्लिम हूं इसलिए प्रचार से दूर रखा : एजाज ढेबर

**रायपुर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। निकाय चुनाव के लिए मतदान से पहले रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने बड़ा बयान दिया है। भाजपा ने कांग्रेस पर निकाय चुनाव में ढेबर को किनारा करने का आरोप लगाया था। जिस पर उन्होंने कहा कि शायद मैं मुस्लिम हूं, इस वजह से मुझे किनारा किया जा रहा है।

कांग्रेस महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे के प्रचार में ढेबर की गैर मौजूदगी पर लगातार सवाल उठ रहे थे।भाजपा भी चुनावी प्रचार के पोस्टरों से उनकी तस्वीर गायब होने को लेकर कांग्रेस पर लगातार निशाना साधते नजर आई थी।इन्ही सवालों का जवाब देते हुए ढेबर ने कहा कि सिर्फ फोटो नहीं होना कोई आधार नहीं है। मैं सिर्फ पार्षद चुनाव लड़ रहा हूं।70 पार्षद भी चुनाव लड़ रहे हैं। पोस्टर में फोटो नहीं होने का ये भी कारण हो सकता है। एजाज ढेबर के इस बयान से सियासत गरमा चुकी है।



परिवार में दो लोगों को टिकट मिलने और परिवादवाद वाले भाजपा के आरोपों पर ढेबर ने कहा, प्रफुल विश्वकर्मा, प्रमोद साहू, रोहित साहू, गोलछा क्या इनके परिवार वाले कभी चुनाव लड़े हैं? हम उस सीट से चुनाव लड़ते आ रहे थे जो महिला हुई है।इसलिए मेरी पत्नी चुनाव लड़ रही है.

**मीनल चौबे के बयान को बताया चुनावी प्रोपेगेंडा**

रायपुर नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार को लेकर जांच कराने वाले भाजपा प्रत्याशी मीनल चौबे के बयान को ढेबर ने चुनावी प्रोपेगेंडा बताया है। उन्होंने कहा कि पांच साल नेता प्रतिपक्ष रहते उन्होंने क्या किया।पांच साल में कोई जांच नहीं कराई। डेढ़ साल से भाजपा की सरकार है।वो नेता प्रतिपक्ष थी, जांच करा लेना था। ये सिर्फ चुनावी प्रोपोगंडा है। कहीं कोई सुनवाई नहीं। ढेबर ने कहा, शासन-प्रशासन धमकी चमकी में लगे हैं। हमारे पांच आदमी और अभिकर्ताओं को उठा लिया गया है। कल धमकी दी गई है कि यदि कही दिखे तो भी उठा लिए जाएंगे।यहां गुंडाराज चल रहा है।कहीं कोई सुनवाई नहीं है, लेकिन अति का अंत होता है। शासन-प्रशासन और सरकार सबसे हम लड़ रहे हैं।

**शराब घोटाला, नोटिस पर बोले मैं कोई अपराधी नहीं**

ईओडब्ल्यू के नोटिस पर एजाज ढेबर का बयान सामने आया है।उन्होंने मतदान से ठीक पहले इस समन को राजनीति से प्रेरित बताया है।एजाज ढेबर ने कहा कि न इतने दिनों से कोई नोटिस भेजा गया न ही चालान में मेरा नाम है।इसके बावजूद चुनाव से ठीक पहले ये किया गया है। इससे स्पष्ट है कि ये राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने जांच में पूरा सहयोग करने की बात कहते हुए कहा कि मैंने कोई अपराध नहीं किया है। जैसा बोला जाएगा वैसा करूंगा, जांच में पूरा सहयोग करूंगा। जनवरी 2024 में ई डी ने राज्य की जांच एजेंसी ईओडब्ल्यू-एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई थी। ई डी ने एफआईआर के लिए दिए अपने आवेदन में कहा था कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कारपोरेशन के तत्कालीन एमडी एपी त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए दो हजार करोड़ रुपए से अधिक के घोटाले को अंजाम दिया है।ईओडब्ल्यू-एसीबी ने जांच शुरू करते हुए डुप्लीकेट होलोग्राम का खुलासा किया था अनवर ढेबर की जमीन खोदकर बड़े पैमाने पर डुप्लीकेट होलोग्राम निकाले गए थे। अब ढेबर परिवार से पूर्व महापौर एजाज ढेबर और उनके करीबी रिश्तेदारों को तलब किया गया है।

# सुव्यवस्थित और भू-माफिया मुक्त शहर बनाने मतदान करे : दीप्ति प्रमोद दुबे



**रायपुर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने आज अपने डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान के दौरान शहरवासियों से अपील की कि वे शहर को सुव्यवस्थित करने एवं भू-माफिया के खिलाफ एकजुट होकर सही नेतृत्व का चयन करें। उन्होंने जनता से अपने पक्ष में मतदान कर आशीर्वाद देने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, शहर की जनता अच्छे से जानती है कि कौन स्वच्छ प्रशासन देना चाहता है और कौन नहीं? मेरी स्वच्छ और ईमानदार छवि को देखकर रायपुर की जनता मुझे अपना आशीर्वाद देगी। भाजपा मेरी सरलता और सहजता से परेशान है और इसी कारण मेरे खिलाफ दुष्प्रचार कर रही है। उन्होंने आगे कहा, मैं एक साइकोलॉजिस्ट हूं और नकारात्मक मानसिकता से विचलित नहीं होती। मेरा संकल्प है कि रायपुर को भयमुक्त, स्वच्छ और सुव्यवस्थित शहर बनाऊं। यह मेरा वादा है।उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस परिवर्तन और विकास के संकल्प में उनके साथ आएं और रायपुर को एक सुशासित, सुरक्षित और विकसित शहर बनाने में सहयोग करें।

# मतदान से पहले कई जगह विवाद, पैसे बांटने के आरोप, 3 कांग्रेसी हिरासत में

## सांसद बृजमोहन के खिलाफ भी शिकायत

**रायपुर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। निकाय चुनाव के मतदान के पहले कांग्रेस ने भाजपा नेताओं पर रैली निकालने, और आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है। इससे परे पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड में मतदाताओं को पैसे बांटते तीन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। नगर निगम चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान होगा। मतदान से पहले आज कई जगह कांग्रेस, और भाजपा कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। कुछ जगहों पर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है।

भगवती चरण शुक्ल वार्ड में तीन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन पर आरोप है कि वो मतदाताओं को प्रलोभन देने की कोशिश कर रहे थे, और पैसे बांट रहे थे।

पुलिस ने कांग्रेस के तीन कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया है। वार्ड में कई जगहों पर विवाद की स्थिति बन गई थी।रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी आज ज्यादातर समय भगवती चरण शुक्ल वार्ड में रहकर कार्यकर्ताओं को समझाइश देते नजर आए। इससे परे वार्ड क्रमांक 67 में सांसद बृजमोहन अग्रवाल पर भाजपा प्रत्याशी ममता सोनू तिवारी के लिए रैली निकालने का आरोप लगाया है, और इसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से कर सांसद बृजमोहन अग्रवाल पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

# भाजपा हार के डर से शराब, पैसा बांट रही : कांग्रेस

**रायपुर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा नगरीय निकाय चुनाव में संभावित हार से बौखला गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि चुनाव में हारने के डर से भाजपा पूरे प्रदेश में सत्ता बल का दुरुपयोग कर रही है। प्रदेश के सभी निकायों और वार्डों में भाजपा के कार्यकर्ता आबकारी विभाग के सहयोग से शराब बांट रहे है। भाजपा के वार्ड प्रत्याशी आम लोगों को पर्चियां देकर शराब दुकानों से शराब दिलवा रहे है। पिछले तीन दिनों से प्रदेश के सभी वार्डो, गली, मोहल्लों में शराब की नदियां बह रही है। जनता और महिलाएं भाजपा के द्वारा शराब बांटे जाने पर विरोध में उतर आई है। बिलासपुर में भाजपा के एक वार्ड प्रत्याशी पैसा बांट रहे थे, जब जनता ने विरोध किया तो उन्होंने नोटों को नाले में फेंक दिया। रायपुर, दुर्ग, चिरमिरी में भी भाजपा नेताओं के पैसा बांटने की शिकायतें आई है।



■ पुलिस और प्रशासन का खुला दुरुपयोग कर चुनाव को प्रभावित किया जा रहा है

श्री शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में शराब प्रदेश में चुनाव को प्रभावित करने के लिये सत्ता के संरक्षण में बड़ी मात्रा में दूसरे राज्यों से शराब मंगाई गयी है। इस पूरे मामले में सरकार का आबकारी विभाग और पुलिस विभाग भी भाजपा का सहयोग कर रहा है। सरकार की जानकारी के बिना राज्य के विभिन्न हिस्सो बाहर से शराब आ ही नहीं सकती। बॉर्डर चेक पोस्ट नाके क्या कर रहे है? प्रदेश में शराब के कारोबार पर पूरा नियंत्रण सरकार का है। बिना सरकार के संरक्षण के राज्य में 1 पाव शराब मिलना संभव नहीं है। प्रदेश में इतनी बड़ी मात्रा में शराब सरकार के द्वारा भाजपा चुनावी संभावना के लिये मंगा कर बांटा गया है। बेमेतरा से सिमगा के बीच में बड़ी मात्रा में 1480 पेटी शराब पकड़ाया है। बिलासपुर, रायगढ़ में शराब पकड़ाई। बॉर्डर से 200 किलोमीटर दूर यहां तक शराब का कंटेनर कैसे आया?

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को इशारो पर पुलिस कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धमका रही है। पुलिस के द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जबरिया थानों में बुलाकर बिना एफआईआर के घंटों बैठाया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता, कांग्रेस और विरोध में चुनाव लड़ने वालो को धमका रहे

भाजपा नगरीय निकाय चुनाव में सारी प्रजातांत्रिक मर्यादाओं का तार-तार कर रही है। सरकारी कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने धमकाया जा रहा है।


# मतदान के लिए श्रमिकों को आज मिलेगा सवेतन अवकाश

**रायपुर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी रायपुर जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 कार्यक्रम अनुसार नगरपालिका के महापौर और पार्षद पदों के लिए चुनाव मंगलवार 11 फरवरी 2025 को मतदान किया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश मंजूरी, कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान और स्थापना अधिनियम 1953 अंतर्गत आने वाले कारखानों व संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत श्रमिक व कर्मचारियों को मतदान के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है।

साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम और द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किये जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिक अथवा कर्मचारियों चाहे वे दैनिक वेतनभोगी हो या आकस्मिक श्रमिक हो, उनको प्रदान किया जाएगा।

# नौकरी दिलाने के नाम पर हिंदू लड़कियों को निशाना बनाने की साजिश!

**रायपुर**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें नौकरी दिलाने के नाम पर लड़कियों को फंसाने और गलत कामों में धकेलने का आरोप है। इस मामले में भाजपा नेता निश्चय वाजपेयी ने पुलिस से शिकायत करते हुए एक संगठित गिरोह के खिलाफ जांच की मांग की है, जो खासतौर पर हिंदू लड़कियों को निशाना बना रहा है। उन्होंने इस मामले में सिविल लाइन थाना और एसएसपी से शिकायत की है।साथ ही इससे जुड़े व्हाट्सएप मैसेज का स्क्रीनशॉट और अन्य जानकारी भी पुलिस को सौंपी है। निश्चय वाजपेयी ने एसएसपी रायपुर को पत्र लिखकर बताया है कि ऐसे मामले देवेन्द्र नगर, अभनपुर, धमतरी सहित अन्य थानों में भी दर्ज हुए हैं।इस तरह के कामों का एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है, जिसमें हिंदू समाज की लड़कियों को निशाना बनाया जा रहा है।



## बिलाईगढ़, बरमकेला, भटगांव, सरिया, सरसीवा, पवनी में सुबह 8 बजे से 5 बजे तक होगा मतदान

**बिलाईगढ़** 10 फरवरी। नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़ बरमकेला भटगांव सरिया, पवनी और सरसीवा में 11 फरवरी मंगलवार को सुबह 8 बजे से मतदान प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक होगा। मतदान परिसर में अंतिम समय में बचे मतदाताओं को लाइन लगाकर आखिरी व्यक्ति से शुरू कर प्रथम व्यक्ति को अंतिम गिनती कर, उतने मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया पूर्ण किया जायेगा।



# मीनल चौबे ने सामाजिक प्रमुखों और संगठनों से मांगा समर्थन

**रायपुर,** 1 फरवरी (देशबन्धु)। 11 फरवरी नगर निगम रायपुर की जनता अपने नए महापौर और पार्षदों को चुनने के लिए मतदान करेंगी 1 दिन पूर्व चुनावी शोरगुल थामने के बाद सभी प्रत्याशी डोर टू डोर जनसंपर्क करके अपने प्रति समर्थन जुटा रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने चुनावी शोरगुल थमने के पश्चात विभिन्न सामाजिक प्रमुखों और संगठनों के साथ भेंट कर मतदान स्वरूप आशीर्वाद और समर्थन मांगा जिसका अच्छा प्रतिसाद उन्हें मिल रहा है उन्होंने आज अधिवक्ता संघ, ऑटो और ई रिक्शा चालक संघ अग्रवाल समाज, विभिन्न धार्मिक आयोजन करवाने वाले प्रमुखों और साथ ही साथ महिला संगठनों के बीच पहुंच कर उनसे भी निगम चुनाव में समर्थन मांगा इस दौरान उनके साथ कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर अपनी बात संबोधन के माध्यम से रखी।



**भाजपा के लिए जनता का विश्वास अतुलनीय हमारे परिश्रम का प्रतिफल जनता के आशीर्वाद में : मीनल चौबे**

इस दौरान विभिन्न बैठकों में मीनल चौबे ने उपस्थित गणमान्य सामाजिक वरिष्ठों और महिलाओं के समूहों से सीधा संवाद स्थापित किया उन्होंने कहा कि वर्तमान में जनता का विश्वास भाजपा के साथ है डबल इंजन की सरकार के साथ है और जनता ने अब उसमें तीसरा इंजन जोड़ने का मन बना लिया है और ट्रिपल इंजन की राजधानी बनाने का मन बना लिया है कि जन मन जीतने में भाजपा सफल है और उसका कारण है हमारे किए गए कार्य बात चाहे ग्रामीण क्षेत्रों की हो या शहरी भाजपा ने हर वादा पूरा किया आज कांग्रेसियों की स्थिति खिसियानी बिल्ली की तरह है नगर निगम रायपुर के चुनाव में 15 साल निगम में स्थापित रहने के बावजूद कांग्रेस के पास गिनाने के लिए कोई

### मतदान पूर्व भाजपा प्रत्याशी ने किया डोर टू डोर संपर्क

जनता का भाजपा के प्रति विश्वास कोई प्रचार या दिखावे से नहीं आया अपितु हमने जनता से किए वादों को संकल्प मान कर पूरा किया है मैने अपने चुनाव प्रचार के दौरान जगह जगह इस बात का अनुभव किया है कार्य नहीं सिवाय कोई बयानबाजी के पूर्व महापौर को पूरे नगर निगम चुनाव से ही गायब कर दिया गया क्योंकि कांग्रेस जानती थी कि एजाज ढेबर ने पांच वर्ष महापौर रहते रायपुर निगम की जनता को छलने का कार्य किया है उन्होंने नगर निगम को भ्रष्टाचार और दलाली का केंद्र बना कर रख दिया और उसके विपरीत भाजपा ने सत्ता में आते ही जनता से किए वादों को सिरे से पूरा किया इसका प्रतिसाद निगम चुनाव में देखने को मिला महिलाओं का हुजूम मिलकर पहले ही चर्चा करता महतारी वंदन योजना की करता और अपने अनुभव हमसे साझा करते उन्होंने बताया कि महिलाओं के जीवन में इससे आमूलचूल परिवर्तन आए और उनके रहन सहन जीवन यापन में महतारी वंदन योजना के माध्यम से मिल रही सम्मान राशि से उनकी रोजमर्रा की आवश्यकताओं की पूर्ति से महिलाओं में संतुष्टि है, मुफ्त गैस कनेक्शन उज्वला योजना से, कोविड काल में प्रधानमंत्री जी मुफ्त राशन योजना जैसी अनेकों योजनाओं ने लोगों को आपदा में भी संबल प्रदान किया है आज लोग केवल मतदान का समर्थन नहीं करते अपितु पहुंचते ही घर की बेटी की तरह आशीर्वाद प्यार और दुलार भी देते हैं जिससे मन प्रफुल्लित हो जाता है मै आज मीडिया के माध्यम से रायपुर शहर की शिक्षित और प्रबुद्ध जनता से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील भी करती हूं जिससे मतदान प्रतिशत बढ़े जिससे स्वास्थ्य और सार्थक परिणाम आए।

# ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडेमी में 12वीं के छात्रों के लिए आशीर्वाद समारोह




**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का सबसे सुनहरा पल माना जाता है। छात्र यहीं से ज्ञान अर्जित कर समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनता है। कक्षा 12वीं के बाद वह एक अलग दुनिया में प्रवेश करता है उसे वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सफलता अर्जित करने के लिये शिक्षा के साथ गुरूजनों का आशीर्वाद भी आवश्यक है। इसी संस्कार की परम्परा का पालन करते हुये विद्यालय के सभागार में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के उज्वल परिणाम तथा सुखद भविष्य हेतु आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम शाला प्राचार्या प्रतिमा राजगोर जी ने माँ सरस्वती के चरणों में माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने गीत के माध्यम से भी विद्यार्थियों को परीक्षा में आत्मविश्वास बनाये रखने की प्रेरणा दी। कक्षा 1 से लेकर 12वीं तक जिन शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाया है, सभी ने आशीर्वचन प्रदान किये।

अंत में शाला की प्राचार्या ने डाक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं को सफलता के गुर बताये. उन्होने विद्यालय के विद्यार्थियों के जीवन पर एक फिल्म भी दिखाई जिसमें उनके बचपन से लेकर कक्षा 12वी तक के विद्यालयीन क्रिया कलापों को दिखाया गया, जिसे देखकर विद्यार्थी बहुत प्रसन्न हुए। प्राचार्या ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा परीक्षा के लिये निर्धारित नियमों से भी सभी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय की हेड गर्ल कुमारी सोनाक्षी शांडिल्य एवं हेड ब्वॉय आर्यन गिरि गोस्वामी ने सभी गुरूजनों को उनके आशीर्वचन के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी छात्र-छात्राओं को भोजन तथा मिष्ठान खिलाकर विदा किया गया।

# बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल ने किया विद्यार्थियों का सम्मान

**रायपुर,** 10 फरवरी। बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमलीडीह, रायपुर में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा स्थापित भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल ट्रस्ट के तहत विगत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विद्यालय स्तर पर कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा में अनुसूचित जाति / जनजाति संवर्ग से सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता दो विद्यार्थियों यथा बालिका वर्ग से सुश्री पायल ढीढी एवं बालक वर्ग से श्री हुमेश कुमार तांडी को रु 3000-3000 की राशि एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्व हिन्दी दिवस 2025 के अवसर पर इसी विद्यालय में आयोजित विविध हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल के डॉ रमेश कुमार मोहंती, उप महाप्रबंधक ङ्क अनुपालन एवं आश्वासन के कर कमलों से सम्मानित किया गया। इन कार्यक्रमों में बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से डॉ आर के मोहंती सहित सुश्री नंदिनी छलवानी मुख्य प्रबन्धक (माँ सं प्र विभाग), सोमेन्द्र यादव, मुख्य प्रबन्धक, राजभाषा, सुभाष बोस, वरिष्ठ प्रबन्धक एवं बलराम डे अधिकारी, (मा सं प्र) विभाग तथा विद्यालय परिवार की ओर से नितिन कुमार तालुकर प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमलीडीह, रायपुर सहित सभी शिक्षकगण, विद्यार्थीगण एवं ए बी बी न्यूज,रायपुर की ओर से डी के शर्मा भी उपस्थित रहे। प्राचार्य तालुकर ने विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु बैंक के इस पुनीत कदम की सराहना की और बैंक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक डॉ मोहंती ने भविष्य में भी विद्यालय एवं विद्यार्थियों के भले के लिए बैंक द्वारा यथायोग्य अनुकरणीय पहल करने का आश्वासन दिया ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।



## अनुपयोगी सामान से बना रहे सजावटी सामान

**भिलाईनगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। घरो, दुकानो, फैक्ट्रीयो आदि से निकलने वाले बहुत प्रकार के कचरे ऐसे होते है। जो अनुपयोगी हो जाते है, जो अनावश्यक रूप से जगह घेरते है। ऐसे कचरो से क्या सकारात्मक पहल की जाये, जिससे वह उपयोगी हो जाये। शासन द्वारा इस प्रकार का अभियान चलाने के लिए निकायों को निर्देश मिला है। उसी के तारतम्य में नगर निगम भिलाई क्षेत्र के उद्यानों, एस.एल.आर.एम. सेंटर, मुख्य कार्यालय में अनुपयोगी सामग्री को उपयोगी बनाया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से पुराने टायर से गमला, झुला, सोफ, पानी के बोतल से सजावटी सामान, गमला, जुट के बोरे से झोला, पुराने जिंस से गमला, पुराने नल से साजावटी सामग्री इत्यादि बनाये जा रहे है।

# डहरिया ने कांग्रेसियों को चुनाव जीतने दिया मंत्र



**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव में मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस रायपुर नगर निगम में अपने सारे समीकरण सही करने में जुटी है. इस कड़ी में रायपुर नगर निगम चुनाव प्रभारी शिव डहरिया ने बैठक लेकर निगम क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशियों में जोश भरा. इसके साथ ही कांग्रेस मतदाताओं को बूथ तक लाने का गुरु मंत्र बताया।

कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे के अलावा निवृत्तमान निगम सभापति प्रमोद दुबे, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ पार्टी नेताओं की मौजूदगी में आयोजित बैठक में प्रत्याशियों के साथ पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान को लेकर चर्चा हुई. इसके साथ ही प्रत्याशियों को मतदान प्रक्रिया की पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

कांग्रेस प्रत्याशियों की बैठक को लेकर पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कहा कि कांग्रेस में पूरा जोश है. भाजपा के समय में नगरीय निकायों की स्थिति बत से बत्तर हुई है. शहर में भाजपा की सरकार में कोई काम नहीं हुआ है. इनके समय में तीन महीने में हड़ताल शुरू हो गया था, इससे जनता में भारी नाराज है, जिसका फायदा हमारे पार्षद और महापौर प्रत्याशी को मिलेगा।

भाजपा की ओर से रायपुर नगर निगम के लिए अलग से घोषणा पत्र जारी करने को लेकर शिव डहरिया ने कहा कि भाजपा की सरकार की घोषणा खाली घोषणा है. किसानों को प्रति चिंटल 3100 रुपए देने, महिलाओं को 500 में सिलेंडर देने का वादा किया था, लेकिन अब तक दिया नहीं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही विकास किया है, और इस बार भी कांग्रेस ही विकास करेगी।

चुनाव में शराब बेचने के आरोप पर शिव डहरिया ने कहा कि भाजपा ये सभी काम कर रही है. भाजपा के लोग शराब बेचने का काम करते हैं. वहीं बृजमोहन अग्रवाल जैसे बड़े लोगों धमकाने का काम कर रहे हैं. आने वाले चुनाव में कांग्रेस को लाभ होगा. वहीं महाकुंभ जाने के न्योता को ठुकराने के बयान पर डहरिया ने कहा कि कुंभ में जाने की किसी को मनाही नहीं है. भाजपा हमेशा जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करती है. ये संविधान को नहीं मानते हैं, और संविधान के विरुद्ध काम करते हैं।

# नवजात को झाड़ियों में फेंकने वाली युवती प्रेमी सहित गिरफ्तार, जमानत पर छोड़ा

**दुर्ग,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले झाड़ियों में मिने नवजात के मामले में पुलिस ने प्रेमी. प्रेमिका व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में खास बात है कि नवजात को फेंकने वाला युवक ही उसका पिता है और उसी ने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया और थाने में भी रिपोर्ट लिखवाई। जांच के दौरान पुलिस को उसी पर शक हुआ और फिर मामला खुल गया। मोहन नगर पुलिपु स ने धारा 93 बीएनएस के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार दरअसल 7-8 फरवरी की दरमियान रात पुलिस को सूचना मिली कि दो लडके जिला अस्पताल दुर्ग में नवजात शिशु (बालक) को इलाज के लिए लेकर पहुंचे हैं। दोनों बता रहे हैं कि मुकुट नगर तितुरतुडी दुर्ग के पास झाडियों में बच्चा रोते हुआ मिला है। बच्चे को आदित्य नगर निवासी गुरूदर्शन सिह संधु एवं यश साहू लेकर पहुंचे थे। इनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 93 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

**शिशु को किया गया अस्पताल में भर्ती**

बच्चे के पैदा पै होते ही उसे इस तरह फेंक देने वाले मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया। जांच के दौरान तकनीकी पहलुओं की गहन विवेचना में प्रार्थी गुरूदर्शन सिह संधु द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट पर ही संदेह हुआ। इसके बाद पुलिस ने गुरुदर्शन सिंह को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। पुलिस की पूछताछ में आरोपी गुरुदर्शन ने सारी सच्चाई उगल दी।

**गर्भवती प्रेमिका ने वॉशरूम में दिया बच्चे को जन्म :** पूछताछ में गुरूदर्शन सिह संधु बताया कि वह एक युवती से करीब डेढडे वर्षों से प्रेम करता है तथा इनके बीच रजामंदी से कई बार शारीरिक संबंध स्थापित हुए। इसके कारण उक्त युवती गर्भवती हो गई। आरोपी युवती ने 7-8 फरवरी के दरमियानी रात अपने घर के बाथरूम में शिशु बालक को जन्म दिया और उसके बाद बाथरूम की खिडकी तरफ से शिशु को नारफुल सहित फेंक दिया। इसके बाद युवती ने अपने प्रेमी गुरूदर्शन सिह संधु को फोन कर घटना की जानकारी दी।

इसके बाद गुरूदर्शन सिह संधु अपने दोस्त यश साहू के मौके पर जाकर नवजात शिशु को उठाकर जिला अस्पताल दुर्ग लेकर पहुंचा। दुर्ग अस्पताल में पहुंचकर उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए झुठी एवं मनगढंत कहानी बनाई। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने आरोपी गुरूदर्शन सिह, युवती व यश साहू को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मामला जमानती होने के कारण दोनों आरोपियों को जमानती मुचलके पर छोड़ दिया गया। नवजात शिशु को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहन नगर शिव चंद्रा, एएसआई राजेन्द्र देशमुख, महिला प्रधान आरक्षक भेनू ठाकुर, महिला आरक्षक सुमित्रा साहू एवं अन्य की विशेष भूमिका रही।

# टावर के बैटरी बैकअप में लगी आग



**नवापारा राजिम,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। आज एक बड़ी दुर्घटना होते होते बच गया,शहर के सोमवारी बाजार वार्ड स्थित एक निजी भवन के ऊपर स्थापित आइडिया टावर के बैटरी बैकअप में अचानक आग लग गयी।बताया जाता है कि टावर की बैटरी में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी।आग की लपटे एवं धुएं देख वार्ड वासी सहित नगर पालिका के फायर ब्रिगेड द्वारा पानी डालकर आग को काबू किया गया। बहरहाल किसी के जान माल की हानी की सूचना नहीं है।घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,भाजपा नेता अंजय शुक्ला,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय गोयल,धीरज साहू,निर्मला साहू के अलावा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जीत सिंह,कांग्रेस नेता रामा यादव,राकेश सोनकर,राजा चावला,सुनीता सोनकर सहित अन्य कांग्रेस नेता भी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

**वृक्ष लगाएं पर्यावरण बचाएं**

## निधन

### भागमती साहू

**भाटापारा,** 10 फरवरी। ग्राम ढाबाडीह भाटापारा निवासी श्रीमती भागमती साहू का आकस्मिक निधन हो गया है। श्रीमती साहू पूर्व मंडी तौलया संघ के अध्यक्ष एवं बोलबम सेवा समिति मे सक्रिय भागीदारी निभाने वाले स्व. मूलचंद साहू की धर्मपत्नी, पुनीत, मनहरण, चंद्रप्रकाश प्रदीप की माता तथा शिवनारायण, नरेश, राकेश, हरीश, लोमेश, सुशील, राजेंद्र की दादी तथा भरापुरा परिवार छोड़ गई है जिसके अंतिम संस्कार में परिवारजन एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे।



## दामाखेड़ा संत समागम में उमड़ी भीड़



**सिमगा,** 10 फरवरी। पंथ श्री प्रकाशमुनि नाम साहेब ने कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में संत समागम माघ मेले के तीसरे दिवस हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी हमें सत्संग करने का मौका मिले तो लाख काम छोड़कर सत्संग में संतो के महंतों के दर्शन करने जाना चाहिए उनके शरण जाने से थोड़ी देर बैठने से ही जीवन की कई समस्याओं का समाधान मिल जाता है। संतो के सानिध्य में इतना जबरदस्त प्रभाव रहता है। हमारे सद्गुरु कबीर साहब कहते कि एक घड़ी भी अगर मनुष्य सच्चे श्रद्धा एवं मन से संतो के सत्संग में अगर बैठता हैं तो हमारे जीवन में काफी परिवर्तन आ जाता है। मन के सारे विकार दूर हो जाते है और मन के विकार दूर होते ही सद्गुरु की शरण हमें सहजता से प्राप्त हो जाता है। प्रवचन उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहब एवं नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री हजूर उदितमुनि नाम साहब की मंगल आरती किए।

# जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सहित 4 लोगों ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**बेमेतरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। बेमेतरा जिला कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष गणेश गौसेवक सहित किशोर शर्मा एवं मदनलाल तथा भोजेन्द निर्मलकर ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है

अलग अलग त्याग पत्र में दिए गए इस्तीफा पत्र में अलग-अलग कारण दर्शाया गया है इस संबंध में बेमेतरा जिला के प्रथम अध्यक्ष गणेश गौसेवक ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को भेजे गए इस्तीफा पत्र में कहा कि कांग्रेस पार्टी में 45 वर्षों से पार्टी के सक्रिय राजनिती में निरंतर सेवा करता रहा है इस दरम्यान में ग्राम पंचायत बेरला के तीन बार सरपंच रहा बेमेतरा कृषि उपज मंडी में दो बार अध्यक्ष एव सदस्य बेरला अध्यक्ष पंचायत के अध्यक्ष प्रथम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रहा है कांग्रेस पार्टी में इतने सारे पदों में रहकर में अपनी सेवाये दी है मगर अब मेरा मन व्यथित है। जिस कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के साथ सभी परिस्थिती में कांग्रेस में अपनी सेवाये दी है। आज के उस पार्टी के विचारधारा मुझे अलग लग रहा है। अत: कांग्रेस पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से अपना त्याग पत्र दे रहा है वहीं दुसरे त्याग पत्र में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता किशोर शर्मा एवं मदनलाल ने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज को भेजे गए इस्तीफा पत्र में लिखा

विगत कुछ माह से बेमेतरा जिला के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा पुराने कार्यकर्ताओं को अपमानित करना और उनकी अनदेखी किया जा रहा है इससे दुखी होकर मै किशोर शर्मा और मदल लाल शर्मा कांग्रेस कमेटी के प्राथामिक सदस्य से इस्तीफा से दे दिया गया जबकि बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के विधायक कार्यकाल के दौरान बहुत करीबी रहे भोजेन्द निर्मलकर ने कार्यवाहक जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा को भेजे त्याग पत्र में कॉग्रेस पार्टी से प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा की जानकारी देते हुए बताया कि अपने व्यक्तिगत कारणों से कॉग्रेस पार्टी में अपने कार्य का अच्छे से निर्वाहन नहीं कर पा रहा हूँ। मुझे आपके द्वारा पार्टी में बहुत सम्मान मिला आपके प्रति अभार व्यक्त करता हूं एवं आपका ऋणी रहूंगा। मेरा कॉग्रेस पार्टी से प्राथमिक सदस्यता पद से इस्तीफा स्वीकार करें। कुछ दिन पूर्व बेमेतरा जिला के पूर्णकालिक अध्यक्ष बंसी पटेल के द्वारा बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया गया था पटेल अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते समय कई आरोप लगाया गया था जिसका आज़ तक कांग्रेस के किसी भी पदाधिकारियों अथवा कांग्रेस नेता के अभी तक पटेल द्वारा लगाए गए आरोप का न तो जवाब दिया गया और न ही खंडन ही किया गया है इसके बाद से जिला में एक के बाद एक कांग्रेस के वरिष्ठ और कनिष्ठ नेता द्वारा कांग्रेस से इस्तीफा देने का सिलसिला जारी है और यह इस्तीफा का दौर ऐसे समय शुरू हुआ जबकि नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय स्तरीय पंचायत चुनाव होने वाला है इससे कांग्रेस के लिए कितना फायदेमंद या नुकसान दायक होगा।



# पीने के लिये नहीं दिए रूपये, आरोपियों ने किया युवक पर प्राणघातक हमला, गिरफ्तार

**दुर्ग,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। थाना मोहन नगर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास के दो आरोपी सहित एक नाबालिग बालक को गिरफ्तार किया है। युवक पर चाकू, कटर से प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से घायल किया गया था। आरोपी एवं नाबालिग बालक से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं कटर को जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपीगण एवं नाबालिग बालक को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### दो आरोपी सहित एक नाबालिग गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि 9 फरवरी को प्राथी लोकेश पाल पिता विष्णु पाल उम्र 21 साल ठाकरे भवन के पास आदित्य नगर दुर्ग ने रि पोर्ट दर्ज कराई की आरोपीगण पीयुष नायक एवं सागर रायपूत व एक बालक तीनों आये और एक राय होकर शराब पीने के लिए पैसा की मांग करने लगे पैसा नही है कहने पर तीनो आवेशित होकर चाकू कटर से गले में वार किया। प्राथी द्वारा अपने आप को बचाते हुए झुकने पर पर उसको गाल में लगा तथा सागर पीछे से पकड कर रखा था। मारपीट करने से गंभीर चोटे आकर खून निकला है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों का तलाश कर थाना लाया गया। आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों को गिरफ्तार एवं नाबालिग बालक को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जाता है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मोहन नगर शिव चंद्र, राजेश पाण्डेय प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण, आरक्षक पुष्कार दीवान एवं अन्य की विशेष भूमिका रही।

# मानव तस्करी का मुद्दा जटिल नेटवर्क से बढ़ गया : रामसुब्रमण्यम

**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और में डिजिटल युग में मानव तस्करी का मुकाबलाज विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्घाटन भाषण देते हुए मुख्य अतिथि एनएचआरसी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम ने मानव तस्करी के अपराध से निपटने के लिए प्रभावी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कदम उठाने की आवश्यकता का आग्रह किया। उन्होंने उपलब्ध आंकड़ों से मानव तस्करी में भारी वृद्धि को रेखांकित किया जिसके लिए जटिल डिजिटल नेटवर्क की सहायता से किए जाने वाले इस संगठित अपराध को रोकने के लिए डिजिटल नेविगेशन और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में जागरूकता की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने युवा पीढ़ी से विशेष रूप से सोशल मीडिया के साथ नेट का उपयोग करते समय उचित सुरक्षित व्यवहार अपनाने का आग्रह किया।



सुश्री आर. शंगीता, सचिव एवं आयुक्त, उत्पाद शुल्क, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग, छत्तीसगढ़ शासन सम्मानित अतिथि के रूप में संबोधन देते हुए उन्होंने मानव तस्करी के खतरे से निपटने के अपने क्षेत्र के अनुभव और इससे निपटने के लिए सीजी सरकार द्वारा किए गए उपायों के बारे में बताया। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि अधिकांश मामलों में प्रक्रियात्मक कठोरता की कमी के कारण सजा नहीं हो पाती है और विधि के छात्रों से जागरूकता पैदा करने, पीड़ितों की मदद करने और सरकार के प्रयासों में शामिल होने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। इससे पहले आरंभिक टिपण्णी देते हुए, प्रोफेसर डॉ. विवेकानन्दन, एचएनएलयू के कुलपति ने अपने सम्बोधन में औपनिवेशिक काल के दौरान गिरमिटिया मज़दूरी, अफ्रीकी महाद्वीप से गुलामी और आधुनिक समय में गरीबी, आंतरिक संघर्ष, युद्ध और किशोरों की भोलापन के मुद्दों को भुनाने के रूप में मानव तस्करी के इतिहास का पता लगाया। उन्होंने टिप्पणी की कि इस तरह के अपराध की डिजिटल सहायता पर उचित ध्यान नहीं दिया गया है और डिजिटल जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए एक प्रभावी कानूनी ढांचे की आवश्यकता है। और कार्यक्रम के सचिव डॉ. देबमिता मंडल ने सम्मेलन की संरचना और डिजिटल परिप्रेक्ष्य से मानव तस्करी से निपटने के लिए इसके महत्व पर जानकारी दी। एचएनएलयू की संकाय सदस्य सुश्री गरिमा पंवार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय की एचएनएलयू गजट - न्यूज़लेटर का विमोचन भी किया गया। सम्मेलन के पहले पैनल चर्चा का विषय 'मानव तस्करी और प्रवासी तस्करी को में इंटरनेट की भूमिका - एक कानूनी और नियामक परिप्रेक्ष्य' था। मानव तस्करी और प्रवासी तस्करी की इंटरनेट सुविधा, जो प्रवर्तन प्रयासों को जटिल बनाती है। पैनल में मिस भामती बालासुब्रमण्यम, सेवानिवृत्त आईएएस और पूर्व सदस्य, केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण ने पूर्वोत्तर भारत की तस्करी संबंधी चिंताओं पर प्रकाश डालते हुए इस बात पर जोर दिया कि तस्करी शारीरिक गतिविधि के बिना भी हो सकती है।

**मानव तस्करी से निपटने अंतरराष्ट्रीय कदम उठाने की आवश्यकता**

# शेयर में निवेश के नाम पर दो लोगों से 40 लाख की ठगी

**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। अशोक रतन निवासी एक बुजुर्ग इंद्र मोहन सिंघल के साथ साइबर ठगों ने शेयर में निवेश करने के नाम पर साढ़े 31 लाख रुपए की धोखाधड़ी की. ठगों ने उनसे इंस्टाग्राम आईडी पर मैसेज भेज कर संपर्क किया. शेयर कारोबार की ट्रेनिंग देने के नाम पर उन्हें एक वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया. इसमें ढाई सौ से ज्यादा लोग सदस्य थे और ग्रुप एडमिन भी थे. ग्रुप में शेयर को लेकर जानकारी दी जाती थी. उन्हें बताया गया कि इस ग्रुप के जरिए निवेश करने पर काफी फायदा होगा. बुजुर्ग ठगों के झांसे में आ गए और धीरे-धीरे करके साढ़े 31 लाख रुपए ठगों के बताए एकाउंट में भेजकर फर्जी कंपनियों में निवेश किया. हालांकि उन्हें निवेश की रकम वॉट्सएप ग्रुप में ठगों द्वारा दी गई आईडी में दिखती रही. लेकिन जब उन्होंने रकम को वापस लेने का प्रयास किया तब धोखाधड़ी का पता चला. इसी तरह की एक शिकायत खम्हारडीह थाने में कचना निवासी महावीर तावणिया ने भी की है. साइबर ठगों ने स्टॉक मार्केट में निवेश का झांसा देकर उनसे 6 लाख 90 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए. मोवा पंडरी और खम्हारडीह पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# प्रदेश में बदलेगा मौसम का मिजाज तापमान में 2 से 3 डिग्री होगी वृद्धि



**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में फिर से पारा बढ़ने वाला है. पिछले कुछ दिनों से ठंड का असर बना हुआ था. पश्चिमी विक्षोभ के चलते न्यूनतम और अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना है. प्रदेश में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है. मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस वृद्धि होने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ उत्तर अफगानिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. इसके प्रभाव से एक प्रेरित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण पश्चिमी राजस्थान के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. प्रदेश में कल मौसम शुष्क रहने की संभावना है. प्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना है. 11 फरवरी तक मध्य और उत्तर छत्तीसगढ में, न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री वृद्धि होने की संभावना है. राजधानी रायपुर में आज आकाश मुख्यता साफ रहने की संभावना जताई गई है. मौसम विभाग के मुताबिक, न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 33 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई है।

# विप्र कॉलेज सम्मेलन में 28 साल पुराने छात्र हुए शामिल

**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र, कला वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में एलुमिनी एसोसिएशन द्वारा वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के पूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन का आयोजन किया गया। कॉलेज के 28 साल पुराने छात्र सी.ए. आकाश शर्मा प्रमुख रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विप्र महाविद्यालय से शिक्षित होकर आज हम सब जीवन के अच्छे मुकाम पर हैं। अब हम सब का दायित्व है, कि जिस महाविद्यालय से हमारा जीवन का निर्माण हुआ। उस महाविद्यालय के विकास में अब हम अपना योगदान दें। वर्तमान विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और सहयोग देकर कैरियर निर्माण के लिए प्रेरित करें ।इससे पहले प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि भूतपूर्व छात्रों का मिलन समारोह प्रतिवर्ष होता रहा है। परंतु इस वर्ष विभागीय पूर्व छात्रों का मिलन समारोह में आज वाणिज्य और प्रबंध संकाय के विद्यार्थी उपस्थित हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने पूर्व विद्यार्थियों को महाविद्यालय से जोड़कर महाविद्यालय के विकास में सहयोगी बनने के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। पूर्व विद्यार्थी जो अलग-अलग फील्ड में सफल है वर्तमान विद्यार्थियों को ज्यादा अच्छे से मार्गदर्शन कर सकते हैं ।अन्य इसी अपेक्षा के साथ और महाविद्यालय के विकास में सहयोगी बनाने के लिए मिलन समारोह का आयोजन किया गया है ।इस अवसर पर पूर्व छात्रों में काजल सिंह, अर्चना यादव, अजय साहू ,श्यामा , हेमंत सोना, अभिषेक मिश्रा ,पंकज देवांगन, जगदीश ,नरेंद्र ,अभिषेक वर्मा ,बादल ठाकुर,इस्मान राऊत एवं राहुल शर्मा सभी ने अपने अनुभव साझा किया और महाविद्यालय में अपनी पुरानी यादों का स्मरण करते हुए क्लास रूम में बिताए दिनों को याद किया।



साथ ही शिक्षकों के मार्गदर्शन के प्रति आभार प्रकट किया और महाविद्यालय से जुड़कर सदैव सहयोग करने की बात कही। पूर्व छात्रों को इस अवसर पर उनके उपलब्धियों के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. कैलाश शर्मा, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ .आराधना शुक्ला एलुमिनी एसोसिएशन के संयोजक श्रीमती रीना शुक्ला सहित समस्त प्राध्यापक और बड़ी संख्या में महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि शुक्ल ने किया।

# जहरीली शराब से मौत का पता लगाने पहुंचेगी कांग्रेस जांच समिति

**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। बिलासपुर के लोफंदी गांव में महुआ शराब पीने से हुई 9 ग्रामीणों की मौत के मामले में आज कांग्रेस की जांच समिति प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगी। समिति मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर मौत के कारणों का की जांच करेगी. वहीं फूड पॉइजनिंग या जहरीली शराब के सेवन से मौत की आशंका जताई जा रही है। यह भी पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि क्या चुनाव में बंटने वाली शराब का सेवन करने से ग्रामीणों की मौत हुई थी. बता दें कि इस घटना में पांच ग्रामीण गंभीर रूप से बीमार हैं, जिनका अस्पताल में इलाज हैं। कांग्रेस पार्टी ने मामले की जांच के लिए 6 सदस्यीय समिति का गठन किया. जिसमें विधायक दिलीप लेहरिया को संयोजक बनाया गया. इसमें कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, डीसीसी ग्रामीण विजय केशरवानी, पूर्व विधायक बिल्हा सियाराम कौशिक, पूर्व विधायक तखतपुर रश्मि सिंह एवं बेलतरा के पूर्व विधायक प्रत्याशी राजेंद्र डब्बू साहू शामिल हैं।



**लोफंदी गांव में हुआ था घटना**

बिलासपुर के कोनी थाना क्षेत्र के लोफंदी में जहरीली महुआ शराब पीने से 9 लोगों की मौत हो गई. जबकि 4 लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है. जिनमें से एक राजकुमार पटेल को रायपुर रेफर किया गया है. हालांकि प्रशासन इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहा है, वहीं मौत की असल वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद साफ होगी. ग्रामीणों के मुताबिक बीते बुधवार को पहले एक की मौत हुई, फिर दो लोगों की जान गई, तब बीमारी समझकर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया था. शुक्रवार की रात एक साथ चार लोगों की मौत हुई, तब कई दिनों से महुआ शराब पीने की सूचना मिली. ग्रामीणों का कहना है कि 9 लोगों की मौत हुई है, जबकि चार लोग अंजनी पटेल, डोमरा पटेल, गोलू देवांगन, बबलू पटेल, बुटीक पटेल सिम्स में भर्ती हैं।

इन लोगों की हुई मौत- देव कुमार पटेल (45 वर्ष), शत्रुहन देवांगन (40 वर्ष), कन्हैया लाल पटेल (60 वर्ष), कोमल प्रसाद लहरे (56 वर्ष), बलदेव पटेल (52 वर्ष), कोमल देवांगन ऊर्फ नानू, रामूराम सुनहले (50 वर्ष), पवन कश्यप, बुधराम पटेल शामिल है।

# कैट ने नगरीय निकाय चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने संकल्प लिया

**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। कैट के प्रदेश कार्यालय में अध्यक्ष जितेन्द्र दोषी की अध्यक्षता में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारियों की मिटिंग हुई। मिटिंग में कैट ने प्रदेष के नगरीय निकाय चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करनें का संकल्प लिया।



कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेष अध्यक्ष जितेन्द्र दोषी ने बताया कि कल 11 फरवरी को प्रदेष के नगरीय निकाय चुनाव होना है। उन्होंने आगे कहा कि कैट ने प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव के इस लोकतंत्र के महापर्व पर हम सभी व्यापारी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लिया है। कि हम व्यापारी अपने मताधिकार के साथ-साथ अपने परिवार एवं कर्मचारियों के मताधिकार का उपयोग अवश्य रूप से करवायेगें। कैट समस्त इकाइयों एवं एसोसिएशनों से अपील करती है कि मतदान हेतु अपने क्षेत्र के लोगों को प्रेरित करें ताकि शत् प्रतिशत मतदान हो सके।

**पहले मतदान, फिर दुकान : पारवानी**

बैठक में में मुख्य रूप से जितेन्द दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, जयराम कुकरेजा, अवनीत सिंह, महेश जेठानी, परमानन्द जैन (सायकल) मोहन वर्ल्यानी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, नागेन्द्र तिवारी, महेन्द्र कुमार बागरोडिया रतनदीप सिंह, अमित गुप्ता शामिल थे।

# आपसी विवाद के बाद दो भाइयों पर चाकू से हमला




**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। जिले से हत्या का मामला सामने आ रहा है, यहां नगरीय निकाय चुनाव से पहले दो भाईयों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया गया है। सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल भाईयों को चिंताजनक हालत में अस्पताल पहुंचा गया। जहां एक भाई की मौत हो गयी, वहीं दूसरे की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

**एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर**

हत्या की ये वारदात खमतराई पुलिस थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि वारदात रविवार की रात 9 बजें के लगभग घटित हुआ। पुलिस के मुताबिक इलाके के बदमाश बैठकर आपस में शराब पार्टी कर रहे थे। इस दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया। इसके बाद पास में ही खड़े दो भाइयों से भी वह उलझ गए। विवाद बढ़ने पर बदमाशों ने दोनों भाइयों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

इस घटना में गंभीर रूप से घायल रवि की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे भाई मुकेश के पीठ में चाकू लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। इसके बाद खमतराई पुलिस के मौके पर पहुंचते ही बदमाश मौके से फरार हो गये। पुलिस ने लहूलुहान हालत में मुकेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया। खमतराई पुलिस ने हत्या की इस वारदात में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर उनकी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# यूरोपीय देशों के निवेशकों को छग में निवेश का दिया न्योता

**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज यहां उनके निवास कार्यालय में पोलैंड की विदेशी मामलों की संसदीय समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल का छत्तीसगढ़ में स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह और राजकीय गमछा भेंट किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, खनिज भंडार, वन संपदा व पर्यटन सहित अन्य विशेषताओं की जानकारी देते हुए राज्य में आर्थिक निवेश के विषय में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ तेजी से आर्थिक विकास के पथ पर अग्रसर है। हमारे द्वार निवेशकों के लिए खुले हैं, यहां उद्योगों को सभी प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने पोलैंड सहित अन्य यूरोपीय देशों के निवेशकों को भी छत्तीसगढ़ में औद्योगिक निवेश के लिए आमंत्रित किया। छत्तीसगढ़ के नैसर्गिक सौंदर्य एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जानकारी से पोलैंड का संसदीय दल बहुत प्रभावित हुआ।



**मुख्यमंत्री से पोलैंड की विदेशी मामलों की समिति के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात**

पोलैंड की विदेशी मामलों की संसदीय समिति के अध्यक्ष श्री पावेल कोवल ने कहा कि उन्हें छत्तीसगढ़ में आकर बहुत अच्छा लगा। वे कल पुरखौती मुक्तांगन गए, जहां छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक देखने को मिली। पिछले साल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पोलैंड की यात्रा की थी। लगभग 45 वर्षों के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री पोलैंड आये। इस यात्रा के बाद पोलैंड और भारत के रिश्ते और मजबूत हुए हैं। इसी तारतम्य में हम भारत के विभिन्न राज्यों की यात्रा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ और पोलैंड के मध्य आपसी सहयोग की बहुत संभावनाएं हैं। इस लिहाज से छत्तीसगढ़ की यह यात्रा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में दल के आत्मीय स्वागत के लिए सभी का आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान कहा कि पिछले वर्ष प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पोलैंड की यात्रा की थी। यह 45 वर्ष बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पोलैंड यात्रा थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सभी देशों से अच्छे सम्बंध कायम कर रहे हैं। यह बहुत खुशी की बात है कि पोलैंड की विदेशी मामलों की संसदीय समिति ने छत्तीसगढ़ यात्रा कर यहां निवेश की संभावनाओं में रुचि दिखाई है। हम आप सभी का राज्य में स्वागत करते हैं। पोलैंड के जो निवेशक छत्तीसगढ़ में आर्थिक निवेश करना चाहते हैं उन्हें हम सभी प्रकार की सहयोग और सहूलियत प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को छत्तीसगढ़ के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि राज्य निर्माण के बाद अभी तक 25 वर्षों की यात्रा में छत्तीसगढ़ ने अभूतपूर्व उन्नति की है। छत्तीसगढ़ देश का नौवां सबसे बड़ा राज्य है। देश के विकास में छत्तीसगढ़ महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यहां प्रचुर मात्रा में खनिज भंडार और वन संपदा है। उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार ने प्रदेश में लागू की गई नवीन औद्योगिक नीति के बारे में जानकारी दी। इस दौरान छत्तीसगढ़ की अधोसंरचना और सांस्कृतिक विरासत तथा पर्यटन पर संक्षिप्त पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिवद्वय पी दयानंद, मुकेश बंसल, संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य उपस्थित थे।

# रैना और रणवीर का 28 को रायपुर में शो होने नहीं देंगे : इदरीस

**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी 28 फरवरी को रायपुर मे छत्तीसगढ़ यूथ वेलफेयर क्लब द्वारा आयोजित रणवीर अल्लाहबादिया और समय रैना के होने वाले कॉमेडी शो को किसी भी हालत में होने नहीं दिया जाएगा।

यह बात छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने प्रेस को जारी एक बयान में कहीं ।उन्होंने कहा कि हाल ही मे मुंबई मे इनके द्वारा आयोजित शो मे पैरेंट्स पर खुलेआम भद्दे और अश्लील कंटेंट किए गए जो बेहद शर्मनाक व निंदनीय है ।जिसको देखते हुए रायपुर के आम नागरिकों ने निर्णय लिया है कि रायपुर के वीआईपी रोड स्थित होटल में आगामी 28 फरवरी को आयोजित इस कॉमेडी शो को होने नहीं दिया जाएगा ।आयोजकों को भी समझाइए दी गई है कि ऐसे कार्यक्रमों को न रखें. इदरीस ने आगे कहा कि केंद्र सरकार को संज्ञान लेते हुए पूरे देश में इनके होने वाले कॉमेडी शो पर एक्शन लेते हुए तत्काल रोक लगाए

# कनौजिया साहू समाज के अध्यक्ष बने जगदीश साहू




**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। कनौजिया साहू समाज जन कल्याण समिति पंजीयन पश्चात् आयोजित प्रथम आम सभा में चुनाव में अध्यक्ष जगदीश प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू , सचिव अशीष साहू , उपसचिव अक्षय कुमार साहू, कोषाध्यक्ष शशिकांत साहू, आम सभा में सर्व सहमति से संगठन सचिव सूर्यकांत साहू, एवं प्रचार सचिव जय प्रकाश साहू निर्विरोध चुने गए। कार्यकारणी सदस्यों में अजय कुमार साहू, रविशंकर साहू, मणिशंकर साहू, प्रद्युम्न कुमार साहू, प्रशांत कुमार साहू, सत्यप्रकाश साव, देवेश कुमार साहू, सुरेश कुमार साहू , राजेश कुमार साहू, विवेक कुमार साहू एवं अरुण प्रकाश साहू चुने गये।

# गोल बाजार इलाके में चली गोली, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में नगरीय निकाय चुनाव के बीच गोल बाजार इलाके में रविवार देर रात गोली चलने से इलाके में दहशत का माहौल है. इस मामले में पुलिस ने दो आरोपी टप्पू और कलीम को गिरफ्तार किया है. पूरा मामला मौदहापारा थाना क्षेत्र का है.



जानकारी के मुताबिक, उर्स चादर निकालने के दौरान गोली चलाई गई. इसकी सूचना मिलते ही एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह, एडिशनल एसपी लखन पाटले समेत वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर की मामले की जांच की. इस मामले में पुलिस टप्पू और कलीम को गिरफ्तार कर दोनों से पूछताछ कर रही है. वहीं घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की भी जांच की जा रही है.

**उल्टा पुल्टा**

राजू पहाड़ों पर पैराशूट बेच रहा था।
ग्राहक- अगर पैराशूट नहीं खुला तो?
राजू- तो आपके पूरे पैसे वापिस।

## संपादकीय

## चुनें अच्छे लोगों की सरकार

*पिछले माह घोषित नगरीय निकायों एवं पंचायतों के त्रिस्तरीय चुनावों के अंतर्गत नगरीय निकायों के लिये मतदान 11 फरवरी को होने जा रहा है। नतीजे 15 फरवरी को आयेंगे। वहीं तीन-स्तरीय पंचायतों के लिये मतदान 17, 20 व 23 को होंगे। इनके परिणाम 18, 21 व 24 फरवरी को आयेंगे। मतदाताओं को चाहिये कि वे भयरहित होकर तथा किसी भी प्रकार के लालच में आये बगैर अधिकाधिक संख्या में अपने मतदान का प्रयोग कर नागरिक बोध का परिचय दें। चूंकि स्थानीय निकायों के चुनाव के जरिये आम जनता की सबसे नज़दीक की सरकार का गठन होता है तथा इनके कामों का सर्वाधिक सम्बन्ध उनके जनजीवन से है, इसलिये अच्छे प्रत्याशियों का चयन हो ताकि वे जनता की सेवा संतोषजनक ढंग से करें। इन चुनावों में पार्टियों से अधिक व्यक्तियों का महत्व होता है।*

*लोकसभा हो या विधानसभा अथवा स्थानीय निकाय- किसी भी तरह के चुनावों में मतदाताओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। इन सभी चुनावों का मकसद भी जनता की पसंद की सरकार बनाना होता है। इन सभी तरह की सरकारें अंततोगत्वा जनता के लिये ही होती हैं और उन्हीं के द्वारा निर्वाचित लोगों से मिलकर बनती हैं। अच्छे लोग चुनकर आयेंगे तो अच्छी सरकार बनेगी और जनता के हितों के काम उतने ही अच्छे तरीके से होंगे। अपने वोट का उपयोग जनता को बहुत सोच-समझकर करना चाहिये। प्रतिनिधियों का चयन एक तरह से खुद के शहर-गांव की तस्वीर बनाने जैसा है। मतदाताओं को चाहिये कि जाति, धर्म, सम्प्रदाय आदि जैसे संकीर्ण मानकों के आधार पर वे अपने उम्मीदवार तय न करें बल्कि वे उनकी शैक्षणिक योग्यता, व्यवहार व चरित्र देखें। यदि ऐसे उम्मीदवार जीतकर आते हैं तो, चाहें वे सत्ता में रहें या विपक्ष में, शहरों, कस्बों एवं गांवों की तस्वीर उनके माध्यम से बदली जा सकेगी।*

*मतदाता जिसे भी अपने वोट के योग्य समझते हों, चयन करते वक्त यह भी देखा जाना चाहिये कि उन्हें अपने शहर या गांव तथा वार्ड की समस्याओं की कितनी समझ है। एक यह भी पैमाना होना चाहिये कि वोटर इस बात को देखें कि उस तक सभी की सहज पहुंच हैं या नहीं। वे कामों के लिये उपलब्ध होते हैं या उनकी प्रतिबद्धता अन्य कामों को लेकर रहेगी। जिस तरह के प्रतिनिधि चुने जायेंगे वैसी ही स्थानीय सरकार बनेगी। ईमानदार लोगों का स्वायत्त निकाय बनेगा तो काम भी अच्छे होंगे। स्थानीय सरकारों के काम की प्रमुख समस्या है भ्रष्टाचार। मतदाताओं को ईमानदार प्रत्याशी चुनने चाहिये ताकि सार्वजनिक कामों में गुणवत्ता दिखे।*

*स्थानीय निकायों के चुनाव में मतदान करते वक्त प्रत्याशी की राजनीतिक प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण नहीं होती। मतदाताओं को चाहिये कि वे दल को देखने की बजाये व्यक्ति को देखकर वोट करें। लोकसभा या विधानसभा में पार्टी का महत्व हो सकता है परन्तु इनमें व्यक्ति अहम है।*

# दुर्ग नगर निगम चुनाव : आम मतदाताओं ने दस दिनों में सभी प्रत्याशियों-दलों को सुना- परखा, आज अपने मत से करेंगे इनके भाग्य का फैसला

**महापौर सहित 59 पार्षदों का फैसला आज ईव्हीएम मशीन में होगा लॉक**

**दुर्ग**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग के चुनाव में पिछले 10 दिनों से लगातार सघन जनसंपर्क एवं धुआंधार प्रचार के बाद अब कल 11 फरवरी को शहर के सभी 50 वार्डों में 2 महापौर प्रत्याशियों व 229 पार्षद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईव्हीएम मशीनों में लॉक हो जायेगा, जो 15 फरवरी को मतगणना के बाद ही ज्ञात होगा कि दुर्ग के मतदाताओं ने किसको महापौर व पार्षद बनाया है। आज दिनभर प्रशासनिक स्तर पर मतदान दलों को ईव्हीएम मशीनों व मतदान सामग्रियों के साथ 259 वार्डो के मतदान केन्द्रों के लिये रवाना किया गया है। इसी तरह से राजनीतिक दल एवं निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने पोलिंग एजेंट को जरूरी सामग्रियों के साथ सभी वार्डो में भेज दिया है। देर रात तक सभी मतदान दल अपने केन्द्रों में पहुंच जायेगें और कल सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हो जायेगा।

दुर्ग नगर निगम के महापौर पद के दोनों प्रत्याशियों अलका बाघमार भाजपा और प्रेमलता साहू कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। इन दोनों प्रत्याशियों में से किसी एक को ही अगली शहर सरकार बनाने का अवसर मिलेगा। जहां तक वार्ड पार्षदों का प्रश्न है तो एक वार्ड में पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो गया। इस वार्ड क्रमांक 21 से भाजपा की विद्यावती सिंह निर्वाचित हो चुकी है। शेष 59 वार्डो में कांग्रेस, भाजपा, आम आदमी पार्टी, व निर्दलीय मिलाकर कुल 229 प्रत्याशी मैदान में है। निर्दलीय प्रत्याशियों में कांग्रेस, व भाजपा दोनों ही दलों के बागी प्रत्याशी भी शामिल है जो अपनी अपनी पार्टियों के लिये चुनौती बने हुए है। इन बागियों को उन्हीं की पार्टियों के असंतुष्टों की मदद मिल रही है। ऐसी स्थिति में दलीय प्रत्याशियों का समीकरण बिगड़ रहा है। इसलिये दोनों ही पार्टी अभी से निर्दलीय प्रत्याशियों को भी साधने में लगी है कि यदि दलों के बैनर से निर्वाचित पार्षदों की संख्या कम पड़ जाती है तो सभापति के चुनाव में किसी भी प्रकार की अड़चन न आ सके।

**भाजपा :** दोनों ही राजनीतिक दलों ने चुनाव अभियान के दौरान काफी अच्छी केम्पेनिंग की। भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जिले के प्रभारी उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणसिंह देव, एवं प्रदेश के अन्य वरिष्ठ नेतागण, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय, विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव, ग्रामीण के ललित चंद्राकर, सांसद विजय बघेल, एवं उनकी पत्नी रजनी बघेल, प्रभारी राजीव अग्रवाल ने भी शहर के विभिन्न वार्डो में सघन जनसंपर्क किया व भाजपा को जिताने की अपील की। भाजपा के सभी स्तर के मैदान कार्यकर्ता भी महापौर के प्रचार अभियान के साथ ही वार्डो में भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में भी लगातार अभियान चलाते रहे। भाजपा ने आपापुरा स्थित अपने मुख्य कार्यालय के साथ ही पटेल चौक में चुनाव कार्यालय की स्थापना कर प्रचार अभियान को आक्रामक बना दिया। पटेल काम्पलेक्स में अनूप गटागट, कांतिलाल बोथरा, कांतिलाल जैन गोलू, देवेन्द्र चंदेल, शरद चंद्र अग्रवाल, गिरधर मढ़रिया, शिव चंद्राकर, संजय सिंह, संतोष सोनी, अजय तिवारी सहित दर्जन भर कार्यालय अपनी अपनी ड्यूटी में मुस्तैदी से डटकर कार्य करते रहे। इस व्यवस्था में आगंतुकों के लिये चाय पानी, नाश्ता, भोजन से लेकर चुनावी सामग्रियों के वितरण सहित अर्थव्यवस्था का दायित्व भी सुव्यवस्थित तरीके से संचालित था।

**कांग्रेस :** इसी तरह कांग्रेस ने भी अपने सीमित साधनों के साथ पूरे अभियान को बांधे रखा। इनका चुनाव संचालन राजीव भवन से चला। चुनाव प्रचार के लिये दो बार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विभिन्न वार्डो में जनसंपर्क कर गये। पूरे समय पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने शहर भ्रमण कर जनसंपर्क किया। इनके अलावा पूर्व विधायक अरूण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री राजेन्द्र साहू, सघन जनसंपर्क करते रहे।

कांग्रेस ने हमेशा की तरह इस बार भी डोर टू डोर केम्पेन बनाये रखा। इसी तरह सामाजिक बैठकों व जनसंपर्क को भी प्रधानता दी। महापौर की कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता साहू भी अपनी महिला मंडल के साथ वार्डो में भ्रमण कर महिला मतदाताओं को वोट की अपील करती रहीं।

**आम आदमी पार्टी :** आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी शहर अध्यक्ष संजय सिंह एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ वार्डो में सक्रिय रहे। आप पार्टी ने महापौर प्रत्याशी मैदान में उतारा ही नहीं। इसी तरह बसपा ने भी महापौर प्रत्याशी नहीं उतारा। इन्होंने वार्डो में ही स्वयं को केन्द्रित कर अपनी ताकत लगाते रहें।

**निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी लगाया जोर :** इस पूरे चुनाव अभियान में निर्दलीय प्रत्याशी हिमांशु सिन्हा, लिखन साहू, प्रकाश गीते, नीता जैन, संतोषी पटेल, मनीष यादव, सतीश देवांगन, अजीत वैद्य, सहित कतिपय अन्य प्रत्याशीगण भी अपने अपने वार्डो में जोर आजमाइश कर रहे है। वार्ड 36 से कांग्रेस सपर्थित प्रतिमा गुप्ता सिलाई मशीन लेकर मैदान में है। सभी कांग्रेस नेता इनके वार्ड में आकर प्रचार कर गये है।

## कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर मतदान दलों को किया रवाना



जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 11 फरवरी को सफलतापूर्वक मतदान सुनिश्चित करने आज भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग में नगरीय निकायों के लिए निर्धारित मतदान सामग्री का वितरण किया गया। सामग्री वितरण के पश्चात् कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्ग नगर निगम अंतर्गत नगर निगम दुर्ग के लिए 265 मतदान दल, नगर निगम भिलाई के लिए 8 मतदान दल एवं नगर पालिक निगम रिसाली के लिए 3 मतदान दलों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी ने सामग्री वितरण स्थल में लगाए गए विभिन्न स्टालों में मतदान दल को वितरित की जाने वाली मतदान सामग्री का अवलोकन किया एवं दल के सदस्यों, निर्वाचन प्रक्रिया में संलग्न अधिकारी.कर्मचारियों से मतदान के संबंध में चर्चा की। इस दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला, रिटर्निंग अधिकारी एडीएम अरविन्द एक्का एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

# जिला पंचायत चुनाव के लिये भाजपा ने नियुक्त किये संचालक व सहसंचालक

**दुर्ग**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत दुर्ग के चुनाव में 9 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव संचालन के लिये जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने सभी क्षेत्रों एक चुनाव संचालक एवं 2 सहसंचालकों की नियुक्तियां कर दी गई है। इन चुनाव संचालन समिति में प्रत्याशी, चुनाव संचालन व सहसंचालकों की सूची इस प्रकार है :

क्षेत्र क्रमांक 1 प्रत्याशी पवन शर्मा संचालक अजय उमरे सहसंचालक बहल वर्मा, डॉ. हर्ष साहू, क्षेत्र क्रमांक 2 प्रत्याशी मनीष साहू संचालक कृष्णा पटेल, सहसंचालक भोमराज जैन, धरमपाल पटेल, क्षेत्र क्रमांक 6 प्रत्याशी बीना देशमुख संचालक रोमनलाल साहू सहसंचालक अशोक गौतम, नंदू निर्मलकर, क्षेत्र क्रमांक 7 प्रत्याशी माया बेलचंदन संचालक मनोज बेलचंदन, सहसंचालक सन्नी देशमुख, राजेश चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 8 प्रत्याशी श्रद्धा साहू संचालक शीतला ठाकुर, सहसंचालक दानू यादव, दिलेश कुमार क्षेत्र क्रमांक 9 प्रत्याशी दिव्या कलिहारी संचालक पोसूराम निर्मलकर, सहसंचालक अखिलेश मिश्रा, देव चरण कौशल, क्षेत्र क्रमांक 10 प्रत्याशी नीलम चंद्राकर संचालक डॉ. घनश्याम कौशिक, सहसंचालक शुभम शर्मा, सुरेन्द्र साहू, क्षेत्र क्रमांक 11 प्रत्याशी शैलेन्द्री मंडावी संचालक खेमलाल साहू, सहसंचालक पारश्वत साहू, संजय चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 12 प्रत्याशी कल्पना साहू संचालक लालेश्वर साहू, सहसंचालक निर्मल जैन, रूप सिन्हा प्रमुख है।

# पीने के लिये नहीं दिए रूपये, आरोपियों ने किया युवक पर प्राणघातक हमला, गिरफ्तार

**दुर्ग,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। थाना मोहन नगर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास के दो आरोपी सहित एक नाबालिग बालक को गिरफ्तार किया है। युवक पर चाकू, कटर से प्राणघातक हमला कर गंभीर रूप से घायल किया गया था।

आरोपी एवं नाबालिग बालक से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं कटर को जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपीगण एवं नाबालिग बालक को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

पुलिस ने बताया कि 9 फरवरी को प्राथी लोकेश पाल पिता विष्णु पाल उम्र 21 साल ठाकरे भवन के पास आदित्य नगर दुर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराई की आरोपीगण पीयुष नायक एवं सागर रायपूत व एक बालक तीनों आये और एक राय होकर शराब पीने के लिए पैसा की मांग करने लगे पैसा नही है कहने पर तीनो आवेशित होकर चाकू कटर से गले में वार किया। प्राथी द्वारा अपने आप को बचाते हुए झुकने पर पर उसको गाल में लगा तथा सागर पीछे से पकड कर रखा था। मारपीट करने से गंभीर चोटे आकर खून निकला है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों का तलाश कर थाना लाया गया। आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों को गिरफ्तार एवं नाबालिग बालक को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जाता है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मोहन नगर शिव चंद्र, राजेश पाण्डेय प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण, आरक्षक पुष्कार दीवान एवं अन्य की विशेष भूमिका रही।

## मप्र में डॉ. रौनक जमाल का सम्मान



**दुर्ग**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। सांस्कृतिक एवं साहित्य शोध समिति मध्य प्रदेश द्वारा बाला घाट में डॉ. रौनक जमाल का सम्मान किया गया। समिति ने बालाघाट में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें तीन सत्र आयोजित किये गये प्रथम सत्र में मुख्य पुरस्कार प्रदान किये गये। प्रथम सत्र में डॉ. रौनक जमाल विशिष्ट अतिथि थे। प्रथम सत्र में समिति के पुस्तकालय का उद्घाटन भी रौनक जमाल ने किया और भारत के दस लेखकों को पुरस्कार देने का गौरव भी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# नवजात को झाड़ियों में फेंकने वाली युवती प्रेमी सहित गिरफ्तार, जमानत पर छोड़ा

**शिशु को किया गया अस्पताल में भर्ती**

**दुर्ग,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले झाड़ियों में मिने नवजात के मामले में पुलिस ने प्रेमी. प्रेमिका व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में खास बात है कि नवजात को फेंकने वाला युवक ही उसका पिता है और उसी ने बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया और थाने में भी रिपोर्ट लिखवाई। जांच के दौरान पुलिस को उसी पर शक हुआ और फिर मामला खुल गया। मोहन नगर पुलिपु स ने थारा 93 बीएनएस के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार दरअसल 7-8 फरवरी की दरमियान रात पुलिस को सूचना मिली कि दो लडके जिला अस्पताल दुर्ग में नवजात शिशु (बालक) को इलाज के लिए लेकर पहुंचे हैं। दोनों बता रहे हैं कि मुकुट नगर तितुरतुडी दुर्ग के पास झाडियों में बच्चा रोते हुआ मिला है। बच्चे को आदित्य नगर निवासी गुरूदर्शन सिह संधु एवं यश साहू लेकर पहुंचे थे। इनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थारा 93 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

बच्चे के पैदा पै होते ही उसे इस तरह फेंक देने वाले मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया। जांच के दौरान तकनीकी पहलुओं की गहन विवेचना में प्रार्थी गुरूदर्शन सिह संधु द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट पर ही संदेह हुआ। इसके बाद पुलिस ने गुरुदर्शन सिंह को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। पुलिस की पूछताछ में आरोपी गुरुदर्शन ने सारी सच्चाई उगल दी।

**गर्भवती प्रेमिका ने वॉशरूम में दिया बच्चे को जन्म :** पूछताछ में गुरूदर्शन सिह संधु बताया कि वह एक युवती से करीब डेढडे वर्षों से प्रेम करता है तथा इनके बीच रजामंदी से कई बार शारीरिक संबंध स्थापित हुए। इसके कारण उक्त युवती गर्भवती हो गई। आरोपी युवती ने 7-8 फरवरी के दरमियानी रात अपने घर के बाथरूम में शिशु बालक को जन्म दिया और उसके बाद बाथरूम की खिडकी तरफ से शिशु को नारफुल सहित फेंक दिया। इसके बाद युवती ने अपने प्रेमी गुरूदर्शन सिह संधु को फोन कर घटना की जानकारी दी।

इसके बाद गुरूदर्शन सिह संधु अपने दोस्त यश साहू के मौके पर जाकर नवजात शिशु को उठाकर जिला अस्पताल दुर्ग लेकर पहुंचा। दुर्ग अस्पताल में पहुंचकर उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए झुठी एवं मनगढंत कहानी बनाई। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने आरोपी गुरूदर्शन सिह, युवती व यश साहू को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार मामला जमानती होने के कारण दोनों आरोपियों को जमानती मुचलके पर छोड़ दिया गया। नवजात शिशु को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहन नगर शिव चंद्रा, एएसआई राजेन्द्र देशमुख, महिला प्रधान आरक्षक भेनू ठाकुर, महिला आरक्षक सुमित्रा साहू एवं अन्य की विशेष भूमिका रही।

# सुरेश के सात वादे की पांडादाह क्षेत्र में हो रही सराहना



**खैरागढ़**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 पांडादाह क्षेत्र के प्रत्याशी युवा अधिवक्ता सुरेश साहू ने अपने क्षेत्र के मतदाताओं से लगातार रूबरू हो रहे है। वहीं मतदाता सुरेश साहू के घोषणा पत्र पर लिखे गए सात वादे को ध्यान पूर्वक पढ़कर चर्चा कर रहे है। श्री साहू ने बताया कि पांडादाह जिपं क्षेत्र के ग्राम भूलाटोला, विक्रमपुर, बैहाटोला, कोहकाबोड सहित अन्य गांवों में जाकर आज अपना प्रचार - प्रचार किया है। क्षेत्र के मतदाताओं का समर्थन भी लगातार मिल रहा है।

# बाजार अतरिया क्षेत्र के प्रत्याशी लक्ष्मी ने किया जनसंपर्क

**खैरागढ़** 10 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 बाजार अतरिया क्षेत्र के प्रत्याशी लक्ष्मी संदीप सिरमौर ने अपने समर्थकों के साथ अपने क्षेत्र का प्रचार प्रसार अभियान को तेज कर दिया है। साथ में जनता के मनोरजन व प्रचार प्रसार के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भी चुनावी प्रचार को समर्थन मिल रहा है। प्रत्याशी लक्ष्मी संदीप सिरमौर ने बताया कि आज अपने क्षेत्र के ग्राम भोथी, पोटिया, शेरगढ़, जालबांधा, बफरा सहित अन्य गांवों का जनसंपर्क किया है। जनता जनार्दन का आशीर्वाद लगातार मिल रहा है।



# काम किया है काम करेंगे, वादा नही विकास करेंगे : चंद्रकांत जायसवाल

**खैरागढ़**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत शेरगढ़ से चंद्रकांत जायसवाल भी सरपंच पद के लिए चुनावी मैदान में उतर गए हैं। शेरगढ़ में सामान्य सीट आरक्षित होने के कारण शेरगढ़ पंचायत में चार प्रत्याशी मैदान पर उतरे हुए हैं। पंचायत चुनाव का माहौल जानने के लिए हमारे प्रतिनिधि ने शेरगढ़ पहुंचकर ग्रामीणों से बात किया तो ग्रामीणों का कहना है कि इस बार नए चेहरे को मौका देना है जो हमारे गांव का सर्वांगीण विकास कर सके। ज्ञात हो कि इसके पहले भी चंद्रकांत जायसवाल की पत्नी पूर्व में सरपंच के पद पर रही है और गांव का बेहतर विकास की है जिसका भी फायदा श्री जायसवाल को मिल सकता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पुराने लोगों को दोबारा सरपंच बनाने के बाद भी गांव के विकास को लेकर कुछ बेहतर नहीं कर पा रहे है ऐसे में नए लोगों को मौका देना जरूरी है ताकि वे ग्राम पंचायत का विकास कर सके। वर्तमान में चंद्रकांत जायसवाल के अतिरिक्त कोई दूसरा चेहरा सरपंच पद के लिए बेहतर नजर नहीं आ रहा है और लोगों का समर्थन भी उन्हें मिल रहा है। श्री जायसवाल ने कहा कि काम किया है काम करेंगे वादा नही विकास करेंगे शासन की योजनाओं का लोगों को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने का काम किया जाएगा।



## मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान हेतु 18 प्रकार के दस्तावेज होंगे मान्य

**कवर्धा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 हेतु मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। मतदाता पहचान पत्र, बैंक, डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र पैन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य, केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# सीटू ने किया एथिकल स्टील नारे का स्वागत




**भिलाईनगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। सीटू ने एथिकल स्टील के नारे का स्वागत किया है और कहा कि एथिकल स्टील नारे के तहत जिन चार बिंदुओं को प्रमुखता के साथ उठाया गया है वह स्वागत योग्य है जनवरी के महीने में जिस भी विभाग में सुरक्षा सप्ताह का कार्यक्रम मनाया गया एवं जिन कार्यक्रमों में नए कार्यपालक निदेशक वर्क्स उपस्थित हुए वे इस बात पर जोर दिए कि हमें सुरक्षा, हाउसकीपिंग, टेक्नोलॉजिकल डिसिप्लिन एवं हैप्पीनेस पर ध्यान देना है अर्थात वे सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में एथिकल स्टील के चारों बिंदुओं के बारे में बता रहे थे। संयंत्र के अंदर एथिकल स्टील के संदर्भ में बैनर लगाए गए हैं जिसमें चारों बिंदुओं को प्रमुखता के साथ लिखा गया है एवं बताया गया है कि हम कोशिश करते हैं कि हमारा स्टील बनाने का तरीका नैतिक रूप से सही हो अर्थात हम इस्पात का निर्माण करते समय सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें। हाउसकीपिंग के तहत सभी चीज अपने सही जगह पर हो, तकनीकी अनुशासन का पालन करें एवं कार्य करने वाले कर्मियों से लेकर कार्य करवाने वाले कर्मचारी एवं अधिकारियों तक सब खुश रहे तो निश्चित रूप से हम यह कह पाएंगे कि हमारा स्टील बनाने का तरीका नैतिक रूप से सही है। सीटू नेता ने कहा कि संयंत्र में होने वाली दुर्घटनाओं में कई बार सही तरीके से हाउसकीपिंग का ना होना बड़ा कारण रहता है। दुर्घटना के पश्चात होने वाले जांच में यह बात सामने आती है कि अमुक चीज अमुक स्थान पर होता तो घटी हुई घटना को रोका जा सकता था अर्थात कार्य स्थल पर सामान बिखरा बिखरा सा पडा रहे एवं कार्य स्थल का माहौल अच्छा ना हो तो कार्य के दौरान कोई घटना अथवा दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है एवं दुर्घटना होने पर सही हाउसकीपिंग ना होने के कारण दुर्घटना की चपेट में आने से बचने की संभावना भी घट जाती है इसीलिए सुरक्षा को ताक पर रखकर एक टुकड़ा लोहा बनाना भी मंजूर नहीं, के नारे को सार्थक करने के लिए सुरक्षा एवं हाउसकीपिंग बहुत जरूरी हो जाता है। प्रौद्योगिकी से जुड़े अध्ययन को प्रौद्योगिकी अनुशासन टेक्नोलॉजिकल डिसिप्लिन कहते हैं इसमें प्रौद्योगिकी से जुड़े प्रक्रियाओं और ज्ञान का अध्ययन किया जाता है। प्रौद्योगिकी अनुशासन में भौतिक दुनिया को बदलने और आकार देने की मानवीय क्षमता पर ध्यान दिया जाता है किसी भी काम को करने का मानक प्रक्रिया होती है मानक संचालन प्रक्रिया के रूप में जाना जाता है यह निर्देशों का एक सेट है जो बताता है कि किसी काम को कैसे किया जाए। एसओपी का उपयोग यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि किसी भी कार्य को लगातार, सुरक्षित रूप से और उच्च मानक पर किया जाए काम करने पर कार्य को अधिक कुशलता के साथ, गुणवत्ता के साथ, स्थिरता के साथ, सुरक्षित रूप से किया जा सकता है। सीटू नेता ने कहा कि स्टील बनाने के लिए हर किस्म की मशीन होने के बावजूद उन मशीनों पर व्यक्ति ही काम करते हैं। उत्पादन के दौरान काम करने वाले कामगारों की खुश रहने से उत्तरोत्तर नतीजे प्राप्त होते हैं इसीलिए संयंत्र के कामगारों को चाहे वे कर्मी हो या अधिकारी हो उन्हें खुश रहना जरूरी है और प्रबंधन की जवाबदारी है कि वह इस बात का ख्याल रखेगी कि उनके संयंत्र के कामगार खुश हैं। खुशी का संबंध खुशहाली और समग्र जीवन संतुष्टि से है। जो लोग उच्च स्तर की खुशी का अनुभव करते हैं उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है जो किसी भी उद्योग के बेहतर उत्पादन के लिए बहुत जरूरी है उत्पादन एवं अकूत मुनाफे के होड़ में कई बार उच्च स्तर पर ऐसे निर्णय ले लिए जाते हैं जिससे न केवल कामगार परेशान हो जाता है बल्कि मन से हारने लगता है एवं उद्योग के प्रति भाव भी बदलने लगते हैं जो किसी भी उद्योग के लिए ठीक नहीं है यदि प्रबंधन खुशी के महत्व को समझता है तो उन्हें इस पर ठोस काम करना चाहिए। सीटू नेता ने कहा कि एथिकल स्टील में जिन बातों को कहा जा रहा है वह धरातल पर उतर जाए तो ना केवल दुर्घटनाएं कम हो जाएगी बल्कि उत्पादन लगातार बढ़ता जाएगा एवं संयंत्र के विभाग वास्तव में शून्य दुर्घटनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करने लगेंगे इसीलिए इस नारे को विभागों में लागू करना जरूरी है जिसकी जिम्मेदारी विभाग प्रमुख विभाग के उच्च अधिकारी एवं सुरक्षा अधिकारी के साथ-साथ वहां के कर्मियों की है अन्यथा यह केवल नारा बन कर रह जाएगा।

# पानी बिना डायवर्ट किए ठीक से नहीं होता निर्माण



**भिलाईनगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। निगम भिलाई द्वारा कर्मा चौक मौर्या टाकिज से लोहिया पेट्रोल पम्प कृष्णा नगर के मध्य नाले का निर्माण 1 करोड़ 97 लाख की लागत से करवाया जा रहा है। यह नाला पूर्व में 25 साल पहले का निर्मित होने के कारण जीर्णखीर्ण हो गया था। इसके कारण पानी का बहाव ठीक से नहीं हो पा रहा था। विगत बरसात के समय अधिक पानी का वर्षा होने से नाला भरकर उफान में आ गया। इससे सुपेला घड़ी चौक पर लबालब पानी भर जाने के कारण सड़क व नाल दिखना बंद हो गया था। इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को लेकर स्वयं गये थे। निर्माण एजेंसी का कहना था कि हमने नाले के बहाव को रोकने के लिए बीच में राष्ट्रीय राजमार्ग के दुसरी तरफ पानी को डायवर्ट कर दिया है। पानी पुराने बस डिपो में भरते हुए सब्जी मंडी के रास्ते निकल रहा है। यह नाला 2 मीटर गहरा, 2 मीटर चौड़ा, 1580 मीटर लम्बा निर्माण के साथ-साथ उसके उपर स्लेब से लिन्टर भी किया जायेगा। जिससे भविष्य में कोई दुर्घटना न हो।

# शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए शक्ति जोन कार्मिक



**भिलाईनगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार समारोह में पावर फेसिलिटी जोन के उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले कार्मिकों को कर्म शिरोमणि एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी अभय कुमार द्वारा की गई। इसी संदर्भ में आयोजित कार्यक्रम में उत्तम कार्य प्रदर्शन के लिए पाली शिरोमणि पुरस्कार से अप्रैल से जून 2024 तिमाही के लिए सहायक महाप्रबंधक पी एंड बीएस गुणवंत प्रेमलाल गजभिये, जुलाई से सितम्बर 2024 के लिए उप प्रबंधक पी एंड बीएस महेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया। कर्म शिरोमणि पुरस्कार से माह जुलाई 2024 के लिए जूनियर ई.ए. पंकज राठौर, माह अगस्त 2024 के लिए चार्जमेन कम मास्टर ऑपरेटर पी एंड बीएस राकेश कुमार साहू, माह सितम्बर 2024 के लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट पी एंड बीएस लीलाधर वाहने, माह अक्टूबर 2024 के लिए चार्जमेन कम सीनियर ऑपरेटर टी पी एंड बीएस अरविंद सिंह, माह नवम्बर 2024 के लिए चार्जमेन कम सीनियर ऑपरेटर पी एंड बीएस कैलाश कुमार वामनकर तथा माह दिसम्बर 2024 के लिए जूनियर ई.ए. एस. हरी शंकर राव को सम्मानित किया गया। शक्ति जोन के महाप्रबंधक पी. एसण् खोब्रागडे, महाप्रबंधक. पी.कृष्ण मोहन, महाप्रबंधक राहुल निगम, महाप्रबंधक शेख जाकिर, महाप्रबंधक वी.एस. देवांगन, महाप्रबंधक संजय अग्रवाल, महाप्रबंधक सन्देश आर. शेंडे, सहायक महाप्रबंधक सुशांत कुमार सामल ने पुरस्कार विजेताओं और कार्मिकों के जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन सुश्री डामेश्वरी बेलसर और धन्यवाद ज्ञापन मिहिर मनोहर द्वारा किया गया।

# मोटर सायकिल सहित एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। सुपेला पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उनके पास से एस मोटर सायकिल जप्त की है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी होमेन्द्र कुमार देशमुख निवासी कैलाश नगर कुरूद द्वारा थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 फरवरी को नगर निगम भिलाई मेन ऑफिस के सामने सुपेला में अपनी मोटर सायकिलि पैशन प्लस क्रमांक सी.जी. 04 सी.ई 1591 को खड़ी किया था। जिसे अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सुपेला में चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधो पर नियंत्रण करते हुए अधिक से अधिक माल मशरूका बरामद करने के निर्देश प्राप्त है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर भिलाई सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में थाना सुपेला पुलिस द्वारा माल.मुल्जिम की पता तलाश में लगी हुई थी। इसी दौरान मुखबीर द्वारा सूचना मिला की एक व्यक्ति चोरी की मोटर सायकल बिक्री हेतु ग्राहक तालाश रहा है। सूचना प्राप्त होते ही सुपेला पुलिस तत्काल मौके पर जाकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकारते हुए प्रार्थी की वाहन मोटर सायकिल पैशन प्लस क्रमांक सी.जी. 04 सी.ई 1591 को नगर निगम भिलाई मेन ऑफिस के सामने सुपेला से चोरी करना बताया। आरोपी को आज सोमवार को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक पूरन साहू आरक्षक संगम वर्मा, रविन्द्र बांधव का विशेष योगदान रहा। सुपेला पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई है।

# भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सांसद ने निकाली रैली



**भिलाईनगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। अटल विजय संकल्प रैली भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल के अखरा दाई महा जगन्नाथ मंदिर के पास पाटन से निकाली गई सर्व प्रथम भगवान जगन्नाथ मंदिर में पुजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया तत्पश्चात अटल विजय संकल्प रैली में शामिल हुए विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, जितेन्द्र वर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष पद प्रत्याशी योगेश निक्की भाले एवं समस्त पार्षद प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के प्रत्याशी वेद प्रकाश देवांगन, जितेन्द्र निर्मलकर, निशा सोनी, नेहा वर्मा, थानसिह कश्यप, सुप्रिया देवांगन, तारिणी बाई ठाकुर, राजकुमार देवांगन, राम कृष्ण बघेल, चिरंजीव देवांगन, केवल चंद देवांगन, अन्नपूर्णा पटेल, संगीता धुरंधर, राधिका कोसे, देवेन्द्र कुमार ठाकुर ने पाटन में भ्रमण करते हुए सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि पाटन के विकास के लिए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी योगेश निक्की भाले एवं भाजपा के पार्षद पद के प्रत्याशी को विजय बनाने का संकल्प लेना है। जनता जनार्दन के आशीर्वाद से आपके भविष्य की चिंता और हर किसी के अपने पक्के घर की चिंता करने वाले विष्णु देव साय है। जिन्होंने वादा किया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती है तो सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के फाइल पर हस्ताक्षर करुंगा तभी मै अपने घर जाऊंगा लेकिन कांग्रेस के लोग कांग्रेस का जब शासन था भ्रष्टाचार कर केवल पैसा कमाने में लगे हुए थे। जिनके घर के पास से शराब जखिरा पकड़ा है। इस रैली में समस्त प्रत्याशी एवं भाजपा कार्यकर्ता अत्यधिक संख्या में उपस्थित रहे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि पाटन में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से यहा का विकास तेजी से होगा।

# समाज की बेटी की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग



**भिलाईनगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। समाज की बेटी सुपेला निवासी माया तांडी की दल्ली राजहरा जिला बालोद सुसराल में बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में हुए मौत मामले में निष्पक्ष जांच और कार्यवाही की मांग को लेकर अखिल भारतीय उड़िया समाज के प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी के नेतृत्व में परिवार के लोग आईजी रामगोपाल गर्ग से मुलाकात किया। इस दौरान आईजी ने सीएसपी चित्रा वर्मा को कॉल लगाकर घटना की जानकारी भी लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी और अगर गलत हुआ है तो इससे जुड़े लोगों पर कार्रवाई भी किया जाएगा। इसके अलावा समाज ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन से भी घटना को लेकर अवगत कराया गया है। उन्होंने भी प्रदेश के गृह मंत्री से बातचीत कर कार्यवाही करने का आश्वाशन दिया है। अखिल भारतीय उड़िया समाज लगातार समाज से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से रख समाज को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान अखिल भारतीय उड़िया समाज के महासचिव तरुण निहाल समेत मृतका के परिजन भी मौजूद थे। अखिल भारतीय उड़िया समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में आरोपी को कड़ी सजा दिलाने की मांग आईजी राम गोपाल गर्ग से की गई है।

# परमेश्वरी महोत्सव में प्रतिभाएं हुई सम्मानित

**भिलाईनगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। देवांगन समाज कोहका मंडल के द्वारा परमेश्वरी भवन कोहका में परमेश्वरी महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथियों एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य एवं संत बिरेंद्र देशमुख का उनके योगदान के लिए सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन के प्रतिनिधि एडवोकेट प्रेमचंद देवांगन, देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल देवांगन, कुरूद मंडल अध्यक्ष श्रीराम देवांगन, पत्रकार टीएस पिपरिया, भिलाई निगम सभापति गिरवर बंटी साहू विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था रंग झरोखा के डायरेक्टर दुष्यंत हरमुख, प्रसिद्ध गायिका रिंकी देवांगन एवं उनकी टीम के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों का मन मोह लिया। समाज द्वारा गायक एवं वादक सहित सभी कलाकारों का सम्मान किया गया। नाड़ी वैद्य एवं संत बिरेंद्र देशमुख ने कहा कि हमें भक्ति के साथ साथ अपने स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने के लिए अपने खान-पान पर नियंत्रण रखना जरूरी है। आजकल के टाक्सिक भोजन के विशैलापन से बचने के लिए पुराने समय में उपयोग आने वाली फूलकांस के बर्तन में भोजन करना चाहिए। इससे चर्मरोग में लाभ मिलता है। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा ईष्ट देवी माता परमेश्वरी की छत्रछाया में देवांगन समाज फल.फूल रहा है। हमें अपनी संस्कृति एवं संस्कार की रक्षा करते हुए समाज को आगे ले जाना है। समाज के वरिष्ठ शंकरलाल देवांगन ने कहा कि हमारे पुरोधाओं ने कड़ी मेहनत और परिश्रम से समाज को संगठित किया है। उसे हमें बनाए रखते हुए मिल जुलकर आगे बढ़ना है। एडवोकेट प्रेमचंद देवांगन ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सभी एकजुट होकर रहें। प्रथम सत्र में दुर्ग जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र लिमजे, कैम्प भिलाई मंडल अध्यक्ष भेदूराम देवांगन, संत माताजी विशेष रूप से उपस्थित हुए। देवांगन समाज कोहका की अध्यक्ष श्रीमती तारा देवांगन, सचिव मुकेश देवांगन, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र देवांगन, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सीमा देवांगन, सचिव रीना देवांगन सहित पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। महोत्सव की शुरुआत मां परमेश्वरी मंदिर में दीप प्रज्वलन, पूजा अर्चना एवं आरती से हुई। समाज की महिलाओं ने जसगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन मनोज देवांगन ने किया।




# पर्यावरण बचाने के लिए सायकिल चलाने पर दिया जोर




**भिलाईनगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। साईकिल चलाने वाला वैश्विक योद्धा है जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषित नही होता। हर व्यक्ति को साईकिल चलाना चाहिए और सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने आफिस इससे जाना चाहिए। उन्हें वैश्विक पर्सनैलिटी का दर्जा दिलाने के लिए साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन की शुरुआत हुई। इस दौरान मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, विजय शर्मा, प्रकाश बंछोर, मोहित मंडावी, प्रवीण कालमेघ, भूपत राव बोरकर, हरीश देवांगन, यश दलवी, कांता देवी, ललित कला अकादमी बोर्ड मेम्बर डा.अंकुश देवांगन मौजूद थे। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर में डी.एस.विद्यार्थी ने इस वैश्विक अभियान की शुरुआत की। प्रकाश बंछोर ने साईकिल से होने वाले शारीरिक स्वस्थता के अपने अनुभव को साझा किया। साईकिल से लेह लद्दाख की यात्रा करने वाले प्रवीण कालमेघ ने भी अपने संस्मरण सुनाये। विजय शर्मा ने कहा कि आज पूरी दुनिया भीषण प्रदूषण की चपेट में है जिसके कारण हर मौसम.बेमौसम होता जा रहा है। हरीश देवांगन ने बताया कि कोरोनाकाल में स्वच्छ वातावरण के कारण हिमालय पर्वत की चोटियां भी 100.150 किलोमीटर दूर से दिखाई देती थी। डा.अंकुश देवांगन ने साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर आंदोलन को देश दुनिया में फैलाने की बात कही।

# कोक ओवन में एससी एसटी एम्पलाइज का गठन



**भिलाईनगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद की अध्यक्षता में संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में एससी एसटी एम्पलाईज् ऐसोसिएशन की विभागीय समिति का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से कोक ओवन विभागीय समिति के अध्यक्ष पद के लिये हेमंत भुआर्य, विभागीय कोषाध्यक्ष लेखराम घरेंद्र एवम विभागीय सचिव सेवक राम जांगड़े को चुना गया। अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने कहा कि हम अपने लोगों से जुड़कर उनकी समस्याओं, उनके हक अधिकार एवं उनके सम्मान, उनके विभाग में होने वाली परेशानियां, उनकी सुरक्षा से संबंधित पहलुओं पर विचार विमर्श कर समस्याओं को हल करने का सार्थक प्रयास करेंगे,और बहुत जल्दी ही संयंत्र के अन्य विभागों में भी विभागीय समितियों का गठन किया जाएगा। एसोसिएशन के महासचिव विजय कुमार रात्रे ने कहा की कोक ओवन में गठित या विभागीय समिति अपने लक्ष्य को बहुत जल्द हासिल कर लेगी। आप सभी के सहयोग से संगठन एक नई ऊंचाई हासिल करेगा। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी अध्यक्ष कोमल प्रसाद, महासचिव विजय कुमार रात्रे, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार, हेमंत भुआर्य, लेखराम घरेंद्र, सेवक राम जांगड, बलराम सिंह गौड़, देऊराम सलामें, खुमान सिंह घरेंद्र, जय सिंह ठाकुर, अखिलेश कुमार, भोपाल सिंह ब्रम्हेण, राजकुमार चतुर्वेदी, फगन राम उपस्थित थे।

# अनुपयोगी सामान से बना रहे सजावटी सामान

**भिलाईनगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। घरो, दुकानो, फैक्ट्रीयो आदि से निकलने वाले बहुत प्रकार के कचरे ऐसे होते है। जो अनुपयोगी हो जाते है, जो अनावश्यक रूप से जगह घेरते है। ऐसे कचरो से क्या सकारात्मक पहल की जाये, जिससे वह उपयोगी हो जाये। शासन द्वारा इस प्रकार का अभियान चलाने के लिए निकायों को निर्देश मिला है। उसी के तारतम्य में नगर निगम भिलाई क्षेत्र के उद्यानों, एस.एल.आर.एम. सेंटर, मुख्य कार्यालय में अनुपयोगी सामग्री को उपयोगी बनाया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से पुराने टायर से गमला, झुला, सोफ, पानी के बोतल से सजावटी सामान, पेन स्टेण्ड, झरना, गमले, खेल सामग्रीए नारियल के खोल से झुमर, गमला, जुट के बोरे से झोला, पुराने जिंस से गमला, पुराने नल से साजावटी सामग्री इत्यादि बनाये जा रहे है। जो बहुत ही कम खर्च में आकर्षक दिखने लगते है। बस उसमे थोड़ा क्रियेटिव काम करना पड़ता है। इसका झुला इतना मजबूत एवं नर्म बनता है कि देखकर किसी को भी झुलने का मन करने लगता है। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जब जाके देखा उन्हे भी आशचर्य होने लगा। निगम के ऐसे जगहो पर बनाकर लगाया गया है। कुसुम कानन गार्डन, जीम गार्डन, भारत माता गार्डन, शंकरा उद्यान, एस.एल.आर.एम. सेंटर, कार्यालयों आदि जगहो पर उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, एस.एल.आर.एम. सेंटर की समूह की महिलाओ द्वारा बनाया जा रहा है। जिसे एक बार देखने के बाद यह एहसास नहीं होता है कि यह वही कबाड़ था। जो इधर-उधर पड़े रहने से जगह घेरता था। थोड़ा सा क्रियेटिव सोच से मन को आकर्षित करने लगता है।

# चंद्राकर समाज का पारिवारिक मिलन समारोह



**भिलाईनगर,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। युवा चंद्राकार समाज भिलाई नगर का वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह अध्यक्ष कमल नारायण चंद्राकर के नेतृत्व में कुर्मी भवन सेक्टर 7 में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं लोक कलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को युवा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। डा. चंद्राकर ने आज के समय को युवाओं का ही समय करार दिया। उन्होंने युवाओ को समाज का ऊर्जा का स्त्रोत कहा सभी क्षेत्र को युवाओं का ही क्षेत्र बताया, परिश्रम और प्रयास कभी भी विफल नहीं होता। युवा चंद्राकार समाज द्वारा युवा गौरव सम्मान से सम्मानित सुश्री स्मारिका चंद्राकर जो एक उन्नत कृषकने अपने विचार रखते हुए कृषि के क्षेत्र को युवाओं के लिए असीम संभावनाओं वाला क्षेत्र बताया। नई.नई तकनीकी से कृषि क्षेत्र में बहुत ही अधिक संभावनाएं की जानकारी दी। नए क्षेत्र में तलाश करने वाले युवाओं को जोश के साथ निसंकोच आगे बढ़ाने की सलाह दी। हालांकि कृषि के क्षेत्र जोखिम भरा होता है, फिर भी आधुनिक तकनीकी से कृषि कार्य को सरल किया जा सकता है। महिला पुरुष एवं बच्चों के लिए त्रिस्तरीय खेलकूद का कार्यक्रम रखा गया था। जिसे सांस्कृतिक प्रभारी विनय चंद्राकर के द्वारा किया गया। ईश्वर दयाल चंद्राकर के द्वारा गायन एवं बच्चों के द्वारा नृत्य किया गया। कार्यक्रम में कमल नारायण चंद्राकर, छगन चंद्राकर, थनेंद्र चंद्राकर, गितेंद्र चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, पवन चंद्राकर, गजेंद्र चंद्राकर,श्रीमती प्रीति चंद्राकर, श्रीमती सरिता मुरारी चंद्राकर, बलदाऊ चंद्राकर, भुवनेश्वर चंद्राकर, मनहरण चंद्राकर, सतानंद चंद्राकर, मदन चंद्राकर, मोहनीश चंद्राकर, वेद चंद्राकर, सेतराम चंद्राकर, अजय चंद्राकर, बलराम चंद्राकर, युगल चंद्राकर, रघुवीर चंद्राकर, रविंद्र चंद्राकर, दौलत चंद्राकर, दीपक चंद्राकर मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन विनय चंद्राकर ने किया एवं आभार छगन चंद्राकर व्यक्त किये।

## बिलाईगढ़, बरमकेला, भटगांव, सरिया, सरसीवा, पवनी में सुबह 8 बजे से 5 बजे तक होगा मतदान

**बिलाईगढ़** 10 फरवरी। नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़ बरमकेला भटगांव सरिया, पवनी और सरसीवा में 11 फरवरी मंगलवार को सुबह 8 बजे से मतदान प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक होगा। मतदान परिसर में अंतिम समय में बचे मतदाताओं को लाइन लगाकर आखिरी व्यक्ति से शुरू कर प्रथम व्यक्ति को अंतिम गिनती कर, उतने मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया पूर्ण किया जायेगा।



# जिले के कुल 8 नगरीय निकायों में आज सुबह 8 से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा मतदान

**बालोद,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथि अनुसार मंगलवार 11 फरवरी को जिले के कुल 8 नगरीय निकायों के 137 वार्डों के 164 मतदान केन्द्रों में सुबह 8 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान संपन्न होगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में बालोद जिले के सभी नगरीय निकायों में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से मतदान संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रवाल के निर्देशानुसार लोकतंत्र के महापर्व में बालोद जिले के नगरीय क्षेत्रों के मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं की चाक-चैबंद व्यवस्था की गई है। मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा सुरक्षा बल के जवान अपने-अपने नियत मतदान केन्द्रों में पहुँच चुके है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले के 08 नगरीय निकायों में सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अलावा रिटर्निंग ऑफिसर, नोडल अधिकारी एवं पुलिस विभाग के आला अधिकारियों के अलावा स्थिति पर नजर रखते हुए व्यवस्थाओं की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार 11 फरवरी को जिले के नगर पालिका परिषद बालोद एवं दल्लीराजहरा सहित नगर पंचायत गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी, चिखलाकसा एवं अर्जुन्दा सहित 08 नगरीय निकायों में मतदान कार्य संपन्न होगा। इसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालोद के 20 वार्डों के लिए कुल 27, नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के 27

### स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से मतदान संपन्न कराने सभी तैयारियां पूर्ण

वार्डों के लिए 47 सहित जिले के नगर पंचायत गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी, चिखलाकसा एवं अर्जुन्दा के 15-15 वार्डों के लिए 15-15 केन्द्र बनाए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि नगर पालिका परिषद बालोद में मतदाताओं की संख्या पुरूष 09 हजार 882, महिला 10 हजार 983 सहित कुल 20 हजार 865 है। इसी तरह नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में मतदाताओं की संख्या पुरूष 17 हजार 174, महिला 18 हजार 525 सहित कुल 35 हजार 699 है। इसी तरह तरह नगर पंचायत डौण्डी में मतदाताओं की संख्या पुरूष 02 हजार 93, महिला 02 हजार 898 सहित कुल 05 हजार 491 है। इसी तरह तरह नगर पंचायत अर्जुंदा में मतदाताओं की संख्या पुरूष 02 हजार 102, महिला 02 हजार 318 सहित कुल 04 हजार 420 है। इसी तरह तरह नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में मतदाताओं की संख्या पुरूष 02 हजार 350, महिला 02 हजार 622 सहित कुल 04 हजार 972 है। इसी तरह तरह नगर पंचायत गुण्डरदेही में मतदाताओं की संख्या पुरूष 03 हजार 549, महिला 03 हजार 854 एवं 01 तृतीय लिंग मतदाता सहित कुल 07 हजार 404 है। इसी तरह तरह नगर पंचायत गुरूर में मतदाताओं की संख्या पुरूष 01 हजार 551, महिला 01 हजार 727 सहित कुल 03 हजार 278 है। इसी तरह तरह नगर पंचायत चिखलाकसा में मतदाताओं की संख्या पुरूष 02 हजार 07, महिला 02 हजार 325 सहित कुल 04 हजार 332 है। इस तरह से जिले के 08 नगरीय निकायों में कुल पुरूष मतदाताओं की संख्या 41 हजार 208 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 45 हजार 252 तथा तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या कुल 01 है। इस तरह से जिले के कुल 08 नगरीय निकायों के कुल मतदाताओं की संख्या 86 हजार 461 है।

## नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सर्वजन मतदान अवश्य करें : द्विवेदी



**राजनांदगांव,** 10 फरवरी। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के अत्यंत महत्तम परिप्रेक्ष्य में नगर के विचारप्रज्ञ प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने सामयिक आह्वान, चिंतन विमर्श में कहा कि स्थानीय शासन में समृद्ध लोकतंत्र सभी स्तर पर सर्वजन-जन मतदाताओं की ही सबसे अधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक लोकप्रिय नारा है कि राष्ट्र प्रदेश से नगर ग्राम, ग्रामीण लोकतंत्र की सही पहचान, सभी करें बढ़-चढ़ कर मतदान। वस्तुतः प्रदेश में नगर और त्रिस्तरीय पंचायत स्तर पर लोकतंत्र को सबल बनाने के लिए आवश्यक होगा कि प्रत्येक मतदाता अपने सर्वाधिक मौलिक प्रभावी अधिकार मताधिकार का अवश्य ही प्रयोग करें। साथ में अपने क्षेत्र-ग्राम-नगर में मतदान के लिए शत-प्रतिशत मन-प्राण से स्वयं संकल्पित हों और दूसरों को भी संकल्पित करें। यही लोकतंत्र की महत्तम अवधारणा है। डॉ. द्विवेदी ने विशेषकर युवा, प्रौढ़ एवं प्रबुद्ध पीढ़ी को आह्वान्वित किया कि स्वयं तो प्रत्येक स्तर पर मताधिकार के लिए जागरूक हों और दूसरों को भी अनिवार्य मतदान के लिए पहल कर जागरूक करें। प्रजातंत्र प्रत्येक स्तर पर लोकतंत्र के स्थायित्व एवं सुदृढता के लिए सहज रूप से आवश्यक होता है कि प्रत्येक चुनाव में मतदाताओं की जितनी अधिक भागीदारी होगी उतना ही प्रत्येक चुनाव स्तर पर लोकतंत्र की जड़े मजबूत होगी और संपूर्ण प्रदेश के विकास में आम-जन-जन की प्रत्यक्ष भूमिका सहज रूप से सुनिश्चित हो सकेगी। आईये प्रदेश में नगर-ग्राम पंचायत स्तर पर लोकतंत्र के लिए सभी मतदाता निर्धारित तिथियों में मतदान अवश्य करें। यही नगर निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचन पर्व में सभी के लिए श्रेष्ठ-सार्थक संदेश होगा।

## दल्लीराजहरा निकाय चुनाव केन्द्र, तैयारी का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

**दल्लीराजहरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 11 फरवरी को मतदान की तिथि निर्धारित की गई है द्य नगर पालिका दल्ली राजहरा में सफलतापूर्वक मतदान कराने बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 2 के प्रांगण में आज 10 फरवरी को प्रात: 9ः00 बजे से मतदान सामग्री वितरण कार्य किया गया। समग्री वितरण के दौरान बालोद कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल बी एस पी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 पहुंचे। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर नूतन कुमार कवर ने चुनाव की समस्त तैयारी की जानकारी देते हुए बताएं कि सामग्री वितरण के लिए 5 काउंटर बनाया गया है, 47 मतदान केंद्र के लिए 47 पीठासीन एवं 8 मतदान दलों को रिजर्व रखा गया है,4 सेक्टर अधिकारी एवं एक रिजर्व रखा गया है। सामग्री वितरण प्रांगण में एक मेडिकल यूनिट की व्यवस्था की गई है। एवं मतदान केन्द्रो में मतदान दलों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई ।कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल द्वारा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतदान दलों से बातचीत कर सफल मतदान कराने शुभकामनाएं दी। रिटर्निंग ऑफिसर नूतन कुमार कंवर द्वारा हरी झंडी दिखाकर मतदान दलों को रवाना किया गया द्य सहायक रिटर्निंग ऑफिसर दीपक चंद्राकर, भूपेंद्र वारडेकर एवं जिला मास्टर ट्रेनर विजय कुमार देवांगन उपस्थित रहे।



## पद्मिनी व प्रतिभा में कांटे की लड़ाई के बीच आज होगा मतदान

**बालोद**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद जिले के नगरीय क्षेत्रों के सभी मतदाताओं से नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतदान तिथि मंगलवार 11 फरवरी को मतदान केन्द्र में पहुँचकर अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रवाल ने कहा कि जिले के 08 नगरीय निकायों के 164 मतदान केन्द्रों में 11 फरवरी को सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि यह हम सबके लिये गर्व की बात है कि हमें अपने मताधिकार का प्रयोग के माध्यम से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभाने का मौका मिल रहा है। बालोद जिला प्रशासन द्वारा आपके सुगम मतदान हेतु जिले के सभी मतदान केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। आपके मतदान से न केवल लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी, अपितु इससे बालोद जिले का मान भी बढ़ेगा। श्री चन्द्रवाल ने कहा कि आप सभी से विनम्र अपील है कि 11 फरवरी दिन मंगलवार को आप सभी लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर अपने परिवार, इष्ट मित्रों तथा आस-पास के लोगों के साथ मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।

**दोनों पार्टी के नेताओं ने खूब जोर लगाया, अब जनता के हाथों में इनके भाग्य का होगा फैसला**

## रायखेड़ा विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

**तिल्दा नेवरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में 10 फरवरी 2025 दिन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा छात्रों के साथ च्परीक्षा पे चर्चा च्किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों में परीक्षा के तनाव से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट और अलग-अलग प्लेटफार्म पर प्रसारण किया गया ।इस कार्यक्रम को विद्यालय में बच्चों को जोड़ा गया ।परीक्षा पे चर्चा पूरे 1 घंटे तक चली।



इस बीच बच्चे सवाल पर सवाल पूछते रहे,और प्रधानमंत्री जी उन सभी प्रश्नों के उत्तर देते रहे ।

प्रधानमंत्री जी ने बताया कि फेल होने से जिंदगी रुक नहीं जाती है। आपको तय करना होगा कि जीवन में सफल होना है ,जीवन में सफल होने का एक उपाय होता है,कि आप अपने जीवन की जितनी भी विफलताएं हैं उसे अपना गुरु बना ले ।जीवन सिर्फ परीक्षाएं नहीं है ।इसे समग्रता में देखना चाहिए ।हमारे अंदर परमात्मा ने कुछ कमियां भी रखी है,कुछ विशेषताएं भी दी है विशेषताओं पर ध्यान देना चाहिए। ज्यादातर लोग अपने से दुर्बल से स्पर्धा करते हैं और फिर कूदते रहते हैं कि उसकी 34 आया ,मेरा 35 आया लेकिन जो खुद से स्पर्धा करता है उसका विश्वास कभी टूटता नहीं है। प्रधानमंत्री जी ने शिक्षकों को भी बताया कि शिक्षक भी जो बच्चे होशियार होते हैं बार-बार उनको पुचकारते हैं। बाकियों को गिनते ही नहीं है ।इससे बच्चे डिप्रैस हो जाते हैं ।टीचर्स से भी मेरी आग्रह है कि विद्यार्थियों के बीच में कोई तुलना मत कीजिए ।बाकी विद्यार्थियों के सामने दूसरे को टोकना बंद कीजिए। कुछ कहना है तो उसे अलग से बात करके मोटिवेट करने के अंदाज में कहिए। अंत में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सभी बच्चों को आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी गई ।इस कार्यक्रम मे आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा के182बच्चे, 07पालक एवम् शिक्षक शिक्षिकाएं जुड़े रहे।

## दामाखेड़ा संत समागम में उमड़ी भीड़



**सिमगा,** 10 फरवरी। पंथ श्री प्रकाशमुनि नाम साहेब ने कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में संत समागम माघ मेले के तीसरे दिवस हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी हमें सत्संग करने का मौका मिले तो लाख काम छोड़कर सत्संग में संतो के महंतों के दर्शन करने जाना चाहिए उनके शरण जाने से थोड़ी देर बैठने से ही जीवन की कई समस्याओं का समाधान मिल जाता है ।संतो के सानिध्य में इतना जबरदस्त प्रभाव रहता है ।हमारे सद्गुरु कबीर साहब कहते कि एक घड़ी भी अगर मनुष्य सच्चे श्रद्धा एवं मन से संतो के सत्संग में अगर बैठता हैं तो हमारे जीवन में काफी परिवर्तन आ जाता है ।मन के सारे विकार दूर हो जाते है और मन के विकार दूर होते ही सद्गुरु की शरण हमें सहजता से प्राप्त हो जाता है। प्रवचन उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहब एवं नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री हजूर उदितमुनि नाम साहब की मंगल आरती किए।

## मतदान अवश्य करें, यह मौका बिल्कुल ना चूकें : संतोष पाण्डेय

**राजनांदगांव,** 10 फरवरी। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने संसदीय क्षेत्र के समस्त नागरिको से नगरीय निकाय चुनावों में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वोट देना नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। आपका वोट नगरीय शासन व्यवस्था में आपकी भागीदारी को सुनिश्चित करेगा। सांसद पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है, शहरी क्षेत्र के मतदाता विकसित और स्वच्छ शहर बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में वोट करने हेतु उत्साहित है, उनके द्वारा भाजपा के पक्ष में किया गया हर वोट अच्छे जनप्रतिनिधि को चुनने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।



## भागवत साहू का जन संपर्क जारी



**राजनांदगांव,** 10 फरवरी। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 टेढ़ेसरा के कांग्रेस प्रत्याशी भागवत साहू ने अपना धुआंधार जनसंपर्क एवं प्रचार प्रसार अभियान जारी रखा है। उनके साथ समर्थकों की बड़ी फौज साथ में चल रही है। चूंकि श्री साहू जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रहते हुए क्षेत्र विकास के लिए अच्छा ध्यान पहले ही दिया है। अत: उन्हें इस पद के लिए भारी जनसंपर्थन मिल रहा है। श्री साहू उगता सूरज चुनाव चिन्ह लेकर अपने निर्वाचन क्षेत्र के गांव गांव भ्रमण करते हुए लोगों से हाथ जोड़कर भारी बहुमत से जीताने की अपील कर रहे हैं। गांव-गांव में लोग उनका आत्मीयता से स्वागत कर रहे हैं। और अपने गांव की समस्या भी रख रहे हैं। इस दौरान भागवत साहू के साथ नारायण प्रसाद दुबे, जीवन लाल धनकर, मनोहर साहू, हीरा लाल साहू, देवशरण वर्मा, इतवारी साहू, गिरीश साहू, मुकेश साहू, तेजेश्वर साहू, महिला लोगों का नाम, पायल साहू, अहिल्या देशमुख, गोदावरी देशमुख, फेकन यादव, जानकी साहू, बिरजा, साहू, नीरबती साहू, अनुसुइयां साहू, ललिता साहू, गोमती साहू, त्रिवेणी साहू, लता साहू, रत्ना साहू, नीरा साहू, सुशीला साहू, लक्ष्मी साहू, गुलशन बघेल आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बागबाहरा में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित : भूपेंद्र

**बागबाहरा**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने एक बड़ा दावा किया है कि बागबाहरा के नगरपालिका चुनाव में कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल एवं वार्ड प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है। बागबाहरा के सभी 15 वार्डो के मतदाता कांग्रेस के पक्ष में हैं। यहां का चुनावी माहौल कांग्रेसमय है। जिसे कोई नहीं नकार सकता। यहां के आम मतदाता कांग्रेस प्रत्याशियों को पंजा झाप में वोट देकर भारी बहुमत से जीताना चाहते हैं। नगरपालिका का चुनाव आज मंगलवार 11 फरवरी को होने जा रहा है। जिसमें यहां के मतदाता बढ चढ कर भाग लेंगे। नगर के सभी मतदान केन्द्रों में तैयारियां पूरी कर ली गई है।



चुनावी शोरगुल थमने के पहले कांग्रेस पार्टी ने नगर में एक बड़ी जंगी रैली खल्लारी क्षेत्र के विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में निकालकर सत्तासीन भाजपा सरकार को शक्ति प्रदर्शन कर दिखा दिया है। यह दिल्ली का चुनाव नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के बागबाहरा नगर का चुनाव है। यहां कांग्रेस की परचम लहराएगी। यहां अध्यक्ष एवं पार्षद की कुर्सी पर कांग्रेस पार्टी के जीते हुए प्रत्याशी बैठेंगे। शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने आगे बताया कि नगर में आज सोमवार की शाम छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हुआ। जहां कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर पार्टी के पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता एवं प्रत्याशियों से भेंट मुलाकात कर उन्हें जीत का पूरा भरोसा दिलाया है। कांग्रेस पार्टी के एक – एक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में दिन-रात चुनावी कार्य में जी-जान से जुटे हुए हैं। प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता नगर के घर-घर जाकर मतदाताओं से सीधे संपर्क करने में लगे हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बागबाहरा नगर में आगमन होते ही कांग्रेसजनो ने आतिशबाजी कर उनका जोशिला स्वागत किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि निषाद, महेंद्र चंद्राकर, ताम्रध्वज छोटू बघेल,केशव नायकराम चंद्राकर, फिरोज मेमन, गणेश शर्मा , शमीम खान,लखबीर छाबड़ा, सुश्री दुर्गा सागर, मिथुन अमीर,नवनीत सलूजा, रामेश्वर चक्रधारी,लोकेश दीवान , शैलेश साहू,देवेश साहू,शिवा जगत, श्रीमती मेनका पोखराज साहू, आशाराम बांधे,सेतराम बघेल, ममता गौरव सांवरा, दिनेश साहू, लक्ष्मी विरेन्द्र महानंद, भूषण जलक्षत्री,श्रद्धा हरीश चंद्राकर, चुम्मन तांडी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे। अपने पार्टी के प्रत्याशियों की शानदार होने वाली जीत को लेकर कांग्रेसियों में खुशी की लहर है। नगर में पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में माहौल है।

## मतदान करते फोटो, वीडियो लेने और सोशल मीडिया में शेयर करने पर जा सकते हैं जेल

**बिलाईगढ़,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। वर्तमान में युवा और अन्य वर्ग के मतदाता, इंस्टाग्राम, ट्विटर और व्हाट्सएप स्टेटस में अपनी फोटो और वीडियो डालने की एक आदत बना रखे हैं, यह आदत यदि निर्वाचन कानून के उल्लंघन करता है, तो जेल भी पहुंचा सकता है। यदि किसी मतदाता के द्वारा मतदान करते समय फोटो खींचने, मतदान का बटन दबाते हुए वीडियो व रिल्स बनाने, सेल्फी लेने, साथ ही उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट किया जाता है। इससे मतदान की गोपनीयता भंग हो जाती है। किसी भी परिस्थिति में कोई भी मतदाता मतदान करते समय स्वयं का या बैलेट यूनिट का बटन दबाते हुए फोटो, वीडियो, सेल्फी नहीं लें, इसे सुनिश्चित करने को लेकर मतदान कक्ष में मोबाइल लेकर प्रवेश निषेध रहेगा। वहीं प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि पीठासीन पदाधिकारी द्वारा दिए गए अनुमति वाले स्थान से ही मतदान का कवरेज करेंगे और किसी भी परिस्थिति में बैलेट यूनिट का फोटो, वीडियो नहीं लेंगे। यदि निर्देशों का अनुपालन कोई नहीं होता है और ऐसा करते हुए अगर कोई व्यक्ति पकड़ा जाता है तो पीठासीन पदाधिकारी तत्काल इसकी सूचना सेक्टर मजिस्ट्रेट को देंगे और संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट 1951 की धारा 128 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके तहत तीन महीने का जेल या आर्थिक दंड या दोनों के तहत कार्रवाई करने का प्रावधान है।

## नगर पंचायतों के मतदान केंद्रों में सकुशल पहुंचे मतदान दल

**बिलाईगढ़,** 10 फरवरी(देशबन्धु)। नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़, बरमकेला, भटगांव, सरिया, पवनी और सरसीवा में जिले के मतदान दल संबंधित मतदान केंद्र में निर्वाचन सामग्री संग्रहण कर सकुशल पहुंच गए हैं। वे 11 फरवरी को मतदान कार्य पूर्ण कराएंगे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### मप्र में डॉ. रौनक जमाल ...

उन्हें प्राप्त हुआ। तृतीय सत्र में आपको शॉल, मोमेंटो, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डा रौनक जमाल की कविताओं को भी बहुत पसंद किया गया ।

### मतदान केन्द्र पर ...

फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी ईआर जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। मतदाता उपरोक्त में से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान-पत्र मतदान केन्द्र पर लेकर जायेगा और पीठासीन अधिकारी द्वारा पहचान स्थापित की जायेगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर द्वारा ऑनलाइन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। यह पर्ची आयोग की वेबसाईट पर दिये गये लिंक से मतदाता के द्वारा डाउनलोड की जा सकती है, इसके लिए सीजीएसईसी डॉट जीओवी डॉट इन बहेमब.हवअ.पद वेबसाईट में जाकर वोटर सर्च एंड प्रिंट अर्बन एवं वोटर सर्च एंड प्रिंट – रूरल नामवार सर्च करके अपना मतदान केन्द्र का विवरण देख व प्रिंट कर सकते हैं।

# जिले के नगरीय निकायों में मतदान आज

**कवर्धा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत 11 फरवरी को होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी मतदान के लिए कबीरधाम जिले के दो नगर पालिका और पांच नगर पंचायत के लिए सामग्री वितरण कर मतदान दलों को रवाना किया गया। कवर्धा नगर पालिका के 52 मतदान केन्द्रों के लिए पीजी कॉलेज कवर्धा में सामग्री वितरण कर मतदान दलों को रवाना किया गया। मतदान का समय सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक निर्धारित है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर व रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती मोनिका कौड़ो, कवर्धा एसडीएम व सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुश्री आकाक्षा नायक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त उपस्थित थे।

जिले के सात नगरीय निकाय नगर पालिका कवर्धा, पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी के 120 वार्डों के लिए 145 मतदान केन्द्र बनाया गया है। मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए सामग्री प्राप्त कर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। सभी नगरीय निकाय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी राजनीतिक दल के अभ्यर्थी एवं प्रतिनिधि की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला गया। इसके बाद मतदान दल को सामग्री का वितरण प्रारंभ किया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने बताया कि जिले में दो नगर पालिका और पांच नगर पंचायत है। इन सातों नगरीय निकाय में 145 मतदान केन्द्र है। सभी मतदान केन्द्रों के लिए रिजर्व सहित 200 कंट्रोल यूनिट और 376 बैलेट यूनिट तैयार किया गया है। कवर्धा के लिए 68 कंट्रोल यूनिट और 116 बैलेट यूनिट, पंडरिया के लिए 27 कंट्रोल यूनिट और 49 बैलेट यूनिट, पिपरिया के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 42 बैलेट यूनिट, बोड़ला के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 42 बैलेट यूनिट, पाण्डातराई के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 42 बैलेट यूनिट, इंदौरी के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 42 बैलेट यूनिट, सहसपुर लोहारा के लिए 21 कंट्रोल यूनिट और 43



बैलेट यूनिट तैयार किया गया है।

जिले के सभी 7 नगरीय निकाय में वार्डों की संख्या 120 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 78 हजार 817 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 38 हजार 578, महिला मतदाताओं की संख्या 40 हजार 239 है। इन सभी निकायों में 145 मतदान केन्द्र है। नगर पालिका कवर्धा अंतर्गत वार्डों की संख्या 27 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 39 हजार 276 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 19 हजार 271, महिला मतदाताओं की संख्या 20 हजार 05 है। कवर्धा नगर पालिका अंतर्गत कुल 52 मतदान केन्द्र है। नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत वार्डों की संख्या 18 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 14 हजार 715 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 7 हजार 150, महिला मतदाताओं की संख्या 07 हजार 565 है। पंडरिया नगर पालिका अंतर्गत कुल 18 मतदान केन्द्र है।

नगर पंचायत पाण्डातराई अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 हजार 650 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 807, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 843 है। पाण्डातराई नगर पंचायत अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत पिपरिया अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 3 हजार 875 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 हजार 920, महिला मतदाताओं की संख्या 1 हजार 955 है। पिपरिया नगर पंचायत अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत इंदौरी अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 4 हजार 731 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 306, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 425 है। नगर पंचायत इंदौरी अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 4 हजार 691 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 297, महिला मतदाताओं की संख्या 2 हजार 394 है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है। नगर पंचायत लोहारा अंतर्गत वार्डों की संख्या 15 है, जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 हजार 879 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 हजार 827, महिला मतदाताओं की संख्या 3 हजार 52 है। नगर पंचायत बोड़ला अंतर्गत कुल 15 मतदान केन्द्र है।

## निधन

### भागमती साहू

**भाटापारा,** 10 फरवरी। ग्राम ढाबाडीह भाटापारा निवासी श्रीमती भागमती साहू का आकस्मिक निधन हो गया है। श्रीमती साहू पूर्व मंडी तौलया संघ के अध्यक्ष एवं बोलबम सेवा समिति मे सक्रिय भागीदारी निभाने वाले स्व. मूलचंद साहू की धर्मपत्नी, पुनीत, मनहरण, चंद्रप्रकाश प्रदीप की माता तथा शिवनारायण, नरेश, राकेश, हरीश, लोमेश, सुशील, राजेंद्र की दादी तथा भरापुरा परिवार छोड़ गई है जिसके अंतिम संस्कार में परिवारजन एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे।



# बेमेतरा नगर पालिका चुनाव में हम संकल्पित है भाजपा के घोषणा पत्र को पूरा करने के लिए

**बेमेतरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। विजय सिन्हा ने आज शांति पूर्वक नगर की जनता से व्यक्तिगत संपर्क कर लोगों से मिलके जीत का आशीर्वाद मांग रहे हैं।

आपकी सेवा और नगर पालिका को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने ही चुनाव लड़ रहे हैं हमारी जीत जनता की जीत है नागरिक सुविधाओं की जीत है

भाजपा ने शहर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं को ध्यान देकर घोषणा पत्र बनाया है–

जिसमें सड़क, यातायात, गलियां की ट्रैफिक लाइट और साइन बोर्ड्स । पार्किंग सुविधा स्वच्छ जल आपूर्ति ।शुद्ध मीठा पेयजल सीवरेज और ड्रेनेज सिस्टम में सुधार 7 नियमित सफाई कचरा निपटान की प्रभावी व्यवस्था ।

विजय सिन्हा ने कहा घोषणा पत्र में शामिल है शिक्षा और स्वास्थ्य ,सरकारी स्कूलों का आधुनिकीकरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा । प्राथमिक स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाएं ।स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हरित क्षेत्र और सार्वजनिक उद्यानों का विकास। सोलर पैनल और रेन वाटर हार्वेस्टिंग,प्लास्टिक मुक्त बेमेतरा के लिए अभियान ।युवाओं के लिए कौशल विकास केंद्र महिलाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार ।युवाओं के खेल और मनोरंजन – खेल मैदान और इंडोर स्टेडियम का निर्माण। सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सभागार।



विजय सिन्हा ने आगे बताया सेवा ही हमारा लक्ष्य है विकास की योजना में बेमेतरा की खुशहाली है ।जिसमें बिजली और ऊर्जा संसाधन निर्बाध बिजली आपूर्ति,स्ट्रीट लाइट्स का रखरखाव और स्वच्छ लाइट्स ।डिजिटल और स्मार्ट सुविधाएं हेतु ऑनलाइन नागरिक सेवा।7 वाई–फाई हॉटस्पॉट्स की स्थापना। सभी वार्डो में सीसीटीवी सुरक्षा ।सड़क हादसे में गो वंश की सुरक्षा,पर्याप्त चारे और उचित रहवास की व्यवस्था । नगर को प्रदान की जाने वाली सभी सेवाएं शामिल है।

विजय सिन्हा ने कहा हमारा एक ही ध्येय उत्कृष्ट पालिका ।विशाल और भव्य योजनाओ के साथ आपके सामने हाजिर हूं ।आशीर्वाद मांगता हूं नगर आवास और शहरी विकास हेतु किफायती आवास योजना देने के लिए । झुग्गी–झोपड़ियों के पुनर्विकास वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगों के लिए सुविधाएं सार्वजनिक स्थानों पर रैंप और विशेष सुविधाएं सहित और भी बहुत से काम है और हम तैयार है पूरा करने के लिए। प्रत्याशी विजय सिन्हा ने मीडिया प्रभारी दीपक पाण्डे द्वारा जारी विज्ञप्ति में नागरिकों से अपील किया कि भाजपा का नारा हमने बनाया है हम ही संवारेंगे,भाजपा म हे हमर विश्वास हमर नगर के हो ही विकास ।बस आपको चुनाव के कमल के बटन दबाना है नगर पालिका में कमल खिलाना है। आज की चुनावी व्यवस्था संचालन में हर्षवर्धन तिवारी राजेश शर्मा ,आदित्य सिंह ठाकुर अमरीका निर्मलकर सतीश कसार सुरेश पटेल नारद साहू प्रवीण नीलू राजपूत मनोज मिश्रा योगेश साहू प्रहलाद मिश्रा किशोर गुप्ता हिरेंद्र घृतलहरे गोलू कोसले विनय साहू पन्ना लाल निर्मलकर नंदू गुप्ता रामानंद त्रिपाठी नंदू राठी वैभव तिवारी संजय निषाद सभी पार्षदों सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता का सहयोग रहा।

# जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सहित चार लोगों ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**बेमेतरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। बेमेतरा जिला कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष गणेश गौसेवक सहित किशोर शर्मा एवं मदनलाल तथा भोजेन्द निर्मलकर ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है

अलग अलग त्याग पत्र में दिए गए इस्तीफा पत्र में अलग–अलग कारण दर्शाया गया है इस संबंध में बेमेतरा जिला के प्रथम अध्यक्ष गणेश गौसेवक ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को भेजे गए इस्तीफा पत्र में कहा कि कांग्रेस पार्टी में 45 वर्षों से पार्टी के सक्रिय राजनिती में निरंतर सेवा करता रहा है इस दरम्यान में ग्राम पंचायत बेरला के तीन बार सरपंच रहा बेमेतरा कृषि उपज मंडी में दो बार अध्यक्ष एव सदस्य बेरला अध्यक्ष पंचायत के अध्यक्ष प्रथम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रहा है कांग्रेस पार्टी में इतने सारे पदों में रहकर में अपनी सेवाये दी है मगर अब मेरा मन व्यथित है। जिस कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के साथ सभी परिस्थिती में कांग्रेस में अपनी सेवाये दी है। आज के उस पार्टी के विचारधारा मुझे अलग लग रहा है। अत: कांग्रेस पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से अपना त्याग पत्र दे रहा है वहीं दुसरे त्याग पत्र में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता किशोर शर्मा एवं मदनलाल ने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज को भेजे गए इस्तीफा पत्र में लिखा



विगत कुछ माह से बेमेतरा जिला के वरिष्ट नेताओं के द्वारा पुराने कार्यकर्ताओं को अपमानित करना और उनकी अनदेखी किया जा रहा है इससे दुखी होकर मै किशोर शर्मा और मदल लाल शर्मा कांग्रेस कमेटी के प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा से दे दिया गया जबकि बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के विधायक कार्यकाल के दौरान बहुत करीबी रहे भोजेन्द निर्मलकर ने कार्यवाहक जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा को भेजे त्याग पत्र में कॉग्रेस पार्टी से प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा की जानकारी देते हुए बताया कि अपने व्यक्तिगत कारणों से कॉग्रेस पार्टी में अपने कार्य का अच्छे से निर्वाहन नहीं कर पा रहा हूँ। मुझे आपके द्वारा पार्टी में बहुत सम्मान मिला आपके प्रति अभार व्यक्त करता हू एवं आपका ऋृणी रहूंगा। मेरा कॉग्रेस पार्टी से प्राथमिक सदस्यता पद से इस्तीफा स्वीकार करें।

बता दे की कुछ दिन पूर्व बेमेतरा जिला के पूर्णकालिक अध्यक्ष बंसी पटेल के द्वारा बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया गया था पटेल अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते समय कई आरोप लगाया गया था जिसका आज़ तक कांग्रेस के किसी भी पदाधिकारियों अथवा कांग्रेस नेता के अभी तक पटेल द्वारा लगाए गए आरोप का न तो जवाब दिया गया और न ही खंडन ही किया गया है इसके बाद से जिला में एक के बाद एक कांग्रेस के वरिष्ठ और कनिष्ठ नेता द्वारा कांग्रेस से इस्तीफा देने का सिलसिला जारी है और यह इस्तीफा का दौर ऐसे समय शुरू हुआ जबकि नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय स्तरीय पंचायत चुनाव होने वाला है इससे कांग्रेस के लिए कितना फायदेमंद या नुकसान दायक होगा यह चुनाव परिणाम बतायेगा।

# जिला पंचायत चुनाव के लिए रंग चढ़ने लगा क्षेत्र क्रमांक चार में भाजपा का प्रचार अभियान

**बेमेतरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। बेमेतरा जिला पंचायत क्षेत्र क्र 04 से भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी श्रीमति चंद्र रश्मि देशलहरा का चुनाव प्रचार अभियान का आगाज 07 फरवरी को ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष गजानंद साहु के नेतृत्व में हुआ। चुनाव प्रचार की शुरुआत ग्राम कंतेली से प्रारंभ होकर ओटेबंद भीमपुरी उघरा में डोर टू डोर जाकर बैजलपुर में सभा के साथ संपन्न हुआ ।दूसरे दिन हमारी उम्मीदवार का जनसंपर्क ग्राम बैजी से शुरू कर सांवतपुर निनवा डूड़ा हथमुड़ी भूरकी सिरवाबांधा में घर–घर जाकर संपन्न हुआ, इन गाँवों में नुक्कड सभा के माध्यम से आशिर्वाद मांगा गया।



तीसरे दिन चुनाव प्रचार का कारवा ग्राम तेलईकुड़ा से चलकर रचकुड़ी जेवरी अमोरा फरी होते हुए खिलोरा में संपन्न हुआ।

इस दौरान जिला पंचायत चुनाव संचालक प्रबल सिंह, महामंत्रीगण डेरहाराम देवांगन भागी साहु चुनाव प्रभारी डा शिवेंद्र त्रिपाठी छोटूराम साहु परस वैष्णव ओमसिंग वर्मा टोप सिंग टंडन कोमल साहु सालिक राम दुबे रामकुमार निषाद मोनू साहु डा भूनेश्वर साहु झारन साहु दीपक देवांगन मोनू साहु विमल कर्माकर इंदल वर्मा भुवन मानिकपुरी उत्तम वर्मा मैना देवी मांडले चितरेंद चौहान गन्नू पाटिल पुरानिक निर्मलकर सहित मंडल के वरिष्ठ नेतागण पदाधिकारी शक्तिकेंद्रों के प्रभारी संयोजक सहसंयोजकों के साथ साथ प्रमुख कार्यकर्तागण और भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय कुम्हारी का वार्षिकोत्सव संम्पन्न

**कुम्हारी,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। द आई.सी.एफ.ए.आई. विश्वविद्यालय कुम्हारी , रायपुर का वार्षिकोत्सव शनिवार को विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया । इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. गिरीश चंदेल कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सत्य प्रकाश दुबे एंव कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंम्भ मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कुलपति डॉ. सत्य प्रकाश दुबे ने इस आयोजन में वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होने विश्वविद्यालय के वर्ष भर की समस्त गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विविध गतिविधियां जिसमें शैक्षणिक, खेल, साहित्यिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी संबंधी सभी उपलब्धियां शामिल रही। मुख्य अतिथि ने




अपने उद्बोधन में कहा कि– ज्आज के इस समय में शिक्षा प्राप्त करने के कई आयाम है। किंतु विश्वविद्यालय में जो व्यावहारिक और सैद्धांतिक शिक्षा दी जाती है वह कहीं अन्यत्र प्राप्त नहीं हो सकती उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का समय सृजनशीलता को बढ़ाने वाला है इस लिए प्रत्येक विद्यार्थियों को अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को बाहर लाने के लिए ऐसे आयोजन एक मंच प्रदान करते हैं इसी लिए सभी को इसमें बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ।ज्ञ उन्होंने विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के सांस्कृतिक प्रतिभा की भूरी भूरी प्रशंसा की और उन्हें भविष्य के लिए बधाईयां दी उन्होंने आगे कहा कि आप अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पूरा करने के लिए पूरी तरह जूट जाएं जिससे निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जिसमे पीयूष अनुराग ने कत्थक नृत्य, ऐश्वर्या एंड ग्रुप ने छत्तीसगढ़ी नृत्य, छात्रोंओ ने घूमर एकल गीत, तथा सामूहिक गीत, बैंड और विभिन्न प्रांतो की वेशभूषा में रैंप वॉक किया। इस पूरे आयोजन में विश्वविद्यालय के सभी अध्यापक–विद्यार्थीगण एवं भूतपूर्व विद्यार्थीयों ने अपनी प्रतिभागिता दी मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें आउटपुट रीच कार्यक्रम रिजर्व बैंक आफ इंडिया में पुरस्कृत एवं प्रवीणता प्राप्त विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया साथ ही वर्ष भर की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के लिए एवं आई–स्पर्धा 2025 में विभिन्न खेलों में प्रथम आए विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान की गई इस आयोजन में विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, विद्यार्थीगण, कर्मचारीगण प्रेस मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया के पत्रकार एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण संपन्न हुआ।

# नगरीय निकाय चुनाव को लेकर गुरुर में 15 स्थानो पर बनाए गए मतदान केंद्र

**गुरुर,** 10 फरवरी (देशबंधू)। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर गुरुर नगर में 15 स्थानो पर मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां 10 फरवरी को अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए मतदान होना है। रविवार की शाम 7 बजे एसडीएम कार्यालय गुरुर जानकारी के मुताबिक सोमवार 10 फरवरी को प्रात: 8ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक मतदान होगा, इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है।




यहां कुल 15 वार्डों मे पार्षद पद के लिए 31 प्रत्याशी एवं अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। जानकारी के मुताबिक नगरीय निकाय क्षेत्र गुरुर में संचालित कॉलेज में 3, आंगनवाड़ी में 1, स्कूलों 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा देउर मंदिर के पास भवन में, जैतखाम के पास कलामंच में, बाजार चौक के पास कलामंच में एवं सामुदायिक भवन को भी मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां नगरवासी निर्धारित समय तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। नगर पंचायत में अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए चुनाव को लेकर जिला दंडाधिकारी के अलावा रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर ने शांतिपूर्वक मतदान के लिए नगरवासियों से अपील किया है।

# प्रधानमंत्री से परीक्षा में सफलता के गुर सीखे बच्चे

**कवर्धा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। गत दिवस 10 फरवरी के दिन देश के प्रधानमंत्री ने देश के बच्चो को प्रति वर्ष की भांति परीक्षा पर चर्चा पर गूढ़ बातें बताई । इसी तारतम्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल रौचन के कक्षा 6वी से 10 तक के विद्यार्थी एवं शिक्षक परीक्षा पर चर्चा के लाइव प्रसारण पर जुड़े रहे । उक्त कार्यक्रम प्रात: 11 बजे प्रारम्भ हुआ जहां 6वी से 8वी तक के 79 विद्यार्थी एवं 9 से 10 वी के 97 विद्यार्थी एवम 10 शिक्षक शामिल हुए । बच्चो के इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विद्यालय के स्मार्ट क्लास में प्रॉजेक्टर से व्यवस्था की गई थी । इस बार की चर्चा का प्रारूप हर बार से भिन्न रहा, अलग अलग क्षेत्रो से अलग अलग भाषाओ के जानकार विद्यार्थियों से प्रधानमंत्री की परिचर्चा सार्थक दिशा में चलती रही । बच्चो ने परीक्षा में तनाव से बचने, सफल होने से सम्बंधित अपने विचारों को प्रकट किया जिनका जवाब उन्ही बच्चो से परिचर्चा में मिलते रहे । प्राचार्य शिव सिन्हा एवं प्रधान पाठक नकुल वर्मा ने सेशन के उपरांत बच्चो को सारगर्भित रूप से इसे दोहराया । व्याख्याता संजय कुर्रे, अजय सिंह, डोंगर सिंह मरकाम, नितेश सिंह, शिक्षक पन्ना लाल लोधी, उमा देवी, प्रेम राज सिंह और भानु प्रताप सिंह राजपूत ने उक्त कार्यक्रम में बच्चो के सक्रिय रूप से सहभागी होने में और बच्चो के उत्साहवर्धन करते रहे ।



# पांडादाह में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन

**खैरागढ़,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। पांडादाह में रविवार 9 फरवरी को जिला व जनपद पंचायत के लिए भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी दिनेश वर्मा व सरस्वती यदु को विजयी दिलाने की तैयारियों के संबंध में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रुप में जिला भाजपा अध्यक्ष बिसेसर साहू, संयोजक कमलेश भदौरिया, मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, खैरागढ़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन, सहकारी समिति के अध्यक्ष पंकज सिंह ठाकुर, महामंत्री संतोष कर्ष, संतोष देवांगन, गौस मोहम्मद बेग, संजय यदु, पुष्पराज सिंह, वंदना टांडेकर, कमलेश यदु, हेमर दास साहू, जवाहर वर्मा, अनूप देवांगन, हेमपुष्पा यदु सहित पांडादाह, बेन्द्रीडीह, पिपलाकछार व खम्हारडीह के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष बिसेसर साहू के समक्ष खम्हारडीह के युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया।



# बफ़रा में सरपंच प्रत्याशी सरोजनी कर रही जनसम्पर्क

**खैरागढ़,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। पंचायत चुनाव की सरगर्मियां जोरों पर हैं और सभी प्रत्याशी अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बफरा से सरपंच पद के लिए सरोजनी लहरे ने अपनी प्रबल दावेदारी प्रस्तुत की है। उनके मैदान में उतरते ही ग्रामीणों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। लोग उन्हें एक मजबूत, निष्ठावान और विकासोन्मुखी उम्मीदवार के रूप में देख रहे हैं। विकास और सशक्तिकरण को लेकर सरोजनी लहरे वर्षों से सामाजिक कार्यों से जुड़ी रही हैं और उन्होंने महिलाओं, किसानों, मजदूरों और युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। उनका मानना है कि ग्राम पंचायत बफरा को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर होगी।



गांव के बुजुर्ग, महिलाएं और युवा सरोजनी लहरे की उम्मीदवारी से बेहद उत्साहित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे एक ईमानदार और मेहनती नेत्री हैं जिन्होंने हमेशा समाज की बेहतरी के लिए काम किया है। उनके नेतृत्व में गांव का समग्र विकास संभव होगा। ग्राम पंचायत के कई वरिष्ठ नागरिकों ने भी उनके समर्थन में खुलकर अपनी राय रखी। गांव के युवा, महिलाएं और वरिष्ठ नागरिकों का मानना है कि सरोजनी लहरे एक सक्षम, ईमानदार और मेहनती उम्मीदवार हैं। उनके नेतृत्व में बफरा गांव को एक नया आयाम मिलेगा। सरोजनी लहरे का कहना है कि यह चुनाव सिर्फ एक पद के लिए नहीं बल्कि बफरा गांव के उज्जवल भविष्य के लिए है। मेरा संकल्प है कि यदि आप सबका आशीर्वाद मिला तो मैं अपने गांव को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगी। ग्राम पंचायत बफरा में सरपंच पद के लिए सरोजनी लहरे की दावेदारी ने चुनावी माहौल को गर्मा दिया है। उनके विजन, नीतियों और सामाजिक कार्यों को देखते हुए जनता में उनके प्रति सकारात्मक भावना देखी जा रही है। अब देखना यह होगा कि चुनाव परिणाम क्या रुख लेती है, लेकिन एक बात स्पष्ट है कि सरोजनी लहरे की उम्मीदवारी ने गांव के विकास में नई उम्मीदें जगा दी हैं।

# कलेक्टर रणबीर शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया मतदान दलों को रवाना

## ■ कलेक्टर ने मतदान दलों का बढ़ाया हौसला, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित मतदान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**बेमेतरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के 01 नगर पालिका परिषद और 09 नगर पंचायतों में 11 फरवरी 2025 को चुनाव संपन्न होने जा रहा है। मतदान प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां कि गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा सभी चुनाव संबंधी गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं। आज सोमवार को कलेक्टर ने स्वयं उपस्थित होकर मतदान दलों को आवश्यक चुनाव सामग्री का वितरण कराया और उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भी मौजूद रहे, जिन्होंने सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिला और पुलिस प्रशासन दोनों ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह चौकन्ना हैं, और जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतदान सामग्रियों का वितरण कृषि उपज मंडी परिसर से किया गया, जहां सोमवार सुबह 7 बजे से ही सामग्री का वितरण शुरू हो गया। तकरीबन दोपहर 3 बजे तक सभी मतदान दलों को सामग्री वितरित की जा चुकी थी। नगर पालिका परिषद बेमेतरा के सामग्री वितरण के लिए 36 टेबल लगाई गई थीं, इसी प्रकार जिले के नगर पंचायतों मे भी सामग्री का वितरण किये जाने कि कार्यवाही कि गई 7 सभी मतदान दलों को बसों के माध्यम से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उनके गंतव्य तक भेजा गया। सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम भी लगाया गया है ताकि उनकी सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने रवानगी के दौरान सर्वप्रथम विधिवत पूजा–अर्चना की और इसके बाद मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मतदान कर्मियों का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाओं के साथ उन्हें उनके गंतव्य की ओर विदा किया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, जिला सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अपर




कलेक्टर अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर दीप्ति वर्मा और सीएमओ कोमल ठाकुर भी उपस्थित रहे। सभी दल सकुशल अपने–अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मतदान दलों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में धैर्य और संयम बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, साथ ही मतदान करने आने वाले मतदाताओं को हर संभव सुविधा प्रदान की जाए। कलेक्टर शर्मा ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उनके लिए मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में पानी और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सभी मतदान कर्मियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर उपस्थित अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ काम करें और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तत्पर रहें। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव कराना है। इसके लिए मतदाता और मतदान कर्मियों दोनों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भी सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए सभी पुलिसकर्मियों को चेतावनी दी कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत से लेकर समाप्ति तक सुरक्षा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए, और सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखा जाए। लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदान दलों को दिए गए इन निर्देशों के बाद सभी दलों ने अपने–अपने मतदान केंद्रों की ओर कड़ी सुरक्षा के बीच प्रस्थान किया। सभी मतदान कर्मी पूरी तैयारी के साथ मतदाताओं को सर्वोत्तम सुविधा देने और चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम**– जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने मतदाताओं और मतदान कर्मियों की सुरक्षा और सुविधा का खास ध्यान रखा है। कलेक्टर रणबीर शर्मा और एसपी रामकृष्ण साहू की देखरेख में सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, साथ ही सभी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

**मतदान केंद्रों और मतदाताओं का विवरण**– बेमेतरा जिले के 01 नगर पालिका परिषद व 9 नगर पंचायतों के लिए 171 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें बेमेतरा नगर पालिका के 36 मतदान केंद्र शामिल हैं, जबकि 09 नगर पंचायतों में प्रत्येक के लिए 15–15 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। कुल 75,106 मतदाता इस चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमें 38,506 महिला मतदाता और 36,577 पुरुष मतदाता शामिल हैं। गौरतलब है कि इस चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है।

**चुनाव की तैयारियों पर प्रशासन की पैनी नजर**– जिले में आचार संहिता लागू होते ही चुनाव की तैयारियों में तेजी आ गई थी। कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के नेतृत्व में चुनावी गतिविधियों पर पूरी तरह से निगरानी रखी जा रही है। मतदान के दिन भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके। मतदान समाप्त होने के बाद सभी मतदान केंद्रों से मतपेटियों को सुरक्षित तरीके से जिला मुख्यालय तक पहुंचाने के भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

उल्टा पुल्टा

बेटा- मुझे शादी नहीं करनी पापा मुझे सभी औरतों से डर लगता है
पिता- कर ले बेटा
फिर एक ही औरत से डर लगेगा, बाकी सब अच्छी लगेंगी।

# कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण का लिया जायजा



- सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने दलों का बढ़ाया हौसला
- जिले के 8 नगरीय निकायों के 181 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दल रवाना

**बलौदाबाजार,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोने ने सोमवार को नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरण का जायजा लिया। उन्होंने पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पलारी में बनाए गये सामग्री वितरण स्थल में व्यवस्थाओ का जायजा लेते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने मतदान दलों का हौसला बढ़ाया।

कलेक्टर ने रितेनिंग अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर को प्रोटोकॉल के अनुसार सुव्यावास्थित सामग्री वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्ट्रांग रूम से ई व्ही एम को काउंटर तक ले जाने तथा कॉउंटर में सही मतदान दल को सामग्री व ई व्ही एम सौंपने में अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। वहीं सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षा कर्मियों को भी मुस्तैदी से ड्यूटी करने कहा। सामग्री वितरण केंद्र बलौदाबाजार में 4 टेबल लगाकर सामग्री वितरण किया गया वहीं पलारी में नगर पंचायत पलारी के लिए 4 टेबल लगाकर सामग्री वितरण किया गया। इसीतरह शेष 6 नगरीय निकायों में भी मतदान दलों को सामग्री वितरण किया गया।

मतदान कार्य के लिए महिला शक्ति तैयार– इस बार जिले के नगरीय निकाय चुनाव में जिला प्रशासन द्वारा मतदान कार्य की कमान महिला शक्ति को सौंपा गया है। जिले के 8 नगरीय निकाय के 181 मतदान केंद्रों के लिए गठित सभी मतदान दल में 900 महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सोमवार को मतदान सामग्री लेने पहुंची महिला शक्ति खासे उत्साहित थे।

उन्होंने काउंटर में कतारबद्ध होकर सामग्री प्राप्त किया और सूची अनुसार सामग्रियों का मिलान किया। इसके पश्चात अपने–अपने सेक्टर अधिकारी के मार्गदर्शन में निर्धारित रूट अनुसार वाहन में सवार होकर आवंटित मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। मतदान केंद्र पहुंच कर कल के मतदान के लिए आवश्यक तैयारी करेंगे।

# टावर के बैटरी बैकअप में लगी आग विधायक एवं जनप्रतिनिधि पहुंचे



**नवापारा राजिम,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। आज एक बड़ी दुर्घटना होते होते बच गया, शहर के सोमवारी बाजार वार्ड स्थित एक निजी भवन के ऊपर स्थापित आइडिया टावर के बैटरी बैकअप में अचानक आग लग गयी।बताया जाता है कि टावर की बैटरी में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी।आग की लपटे एवं धुएं देख वार्ड वासी सहित नगर पालिका के फायर ब्रिगेड द्वारा पानी डालकर आग को काबू किया गया। बहरहाल किसी के जान माल की हानी की सूचना नहीं है।घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, भाजपा नेता अंजय शुक्ला, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय गोयल, धीरज साहू, निर्मला साहू के अलावा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जीत सिंह, कांग्रेस नेता रामा यादव, राकेश सोनकर, राजा चावला, सुनीता सोनकर सहित अन्य कांग्रेस नेता भी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

# कुरूद एवं भखारा पुलिस द्वारा निकाला गया पैदल फ्लेग मार्च



गुंडा बदमाश एवं असमाजिक तत्वों की अब खैर नहीं, धमतरी पुलिस द्वारा लगातार रखी जा रही है नजर

**धमतरी,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में आदर्श आचार संहिता को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा के मार्गदर्शन में एसडीओपी. कुरूद के नेतृत्व में कुरुद पुलिस की टीम द्वारा पैदल पेट्रोलिंग एवं पैदल फ्लेग मार्च निकाला गया। पैदल फ्लेग मार्च कुरूद के मुख्य चौक चौराहों से होते हुये वापस कुरूद थाना पहुंचा। थाना भखारा द्वारा भी फ्लेग मार्च निकाला गया था जिसमें पुलिस अधिकारी व जवान शामिल थे। आगामी नगरीय चुनाव 2025 में आदर्श आचार संहिता के पालन करने सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए है और जनता में विश्वास कायम करने और चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया है। पुलिस के इस फ्लैग मार्च से असामाजिक तत्वों में भय पैदा हो और आम जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना जागृत होगा। पैदल फ्लेग मार्च में एसडीओपी. कुरूद रागिनी मिश्रा, थाना प्रभारी कुरुद निरी. अरुण साहू, निरी. चन्द्रकांत साहू, थाना प्रभारी भखारा निरी. लेखराम ठाकुर सहित पुलिस बलों की संयुक्त टीम बनाकर फ्लैग मार्च किया गया।

# कलेक्टर ने मतदान वितरण केन्द्र पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा



- मतदान दल अपने–अपने मतदान केन्द्रों के लिए हुए रवाना
- जिले के 6 नगरीय निकाय अंतर्गत 144 मतदान केंद्रों में आज होगा मतदान, 1 लाख 3 हजार 692 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे

**महासमुंद,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत मंगलवार 11 फ़रवरी को मतदान होगा। जिले के 6 नगरीय निकायों में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में निर्वाचन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान के पूर्व सामग्री वितरण के दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने कृषि उपज मंडी पिटियाझर परिसर में मतदान सामग्री वितरण का सभी स्टालों में जाकर जायजा लिया। उन्होंने मतदान दल कर्मियों से मुलाकात भी की और उन्हें शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि स्थानीय निर्वाचन में आपकी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। अतः अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्ण मनोयोग से करें। मंडी परिसर में नगर पालिका महासमुंद के मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित किया गया। इसके अलावा अन्य 5 नगरीय निकायों में भी मतदान दलों को सामग्री वितरण किया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सोमवार की सुबह महासमुंद जिले के नगर पालिका परिषद महासमुंद के मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को शुभकामनाओं सहित रवाना किया। उन्होंने मतदान दलों के मतदान कर्मियों से मुलाकात कर उन्हें सफ्लतापूर्वक अपने जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। आज यहां मतदान सामग्री लेने पहुंचे मतदान कर्मियों ने जिला प्रशासन द्वारा किए गए व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि सामग्री प्राप्त करने और रवानगी में किसी भी तरह की कोई कठिनाई नहीं हुई। वहीं मतदान अधिकारीगण निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन के लिए उत्साहित नजर आए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार साहू, रविराज ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सृष्टि चंद्राकर सहित अधिकारीगण मौजूद थे। बता दें कि मंगलवार 11 फ़रवरी को जिले के 144 मतदान केंद्रों में मतदान होगा। इसमें एक लाख 3 हजार 692 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। 144 मतदान केन्द्रों में नगर पालिका महासमुंद अंतर्गत 60, बागबाहरा नगर पालिका अंतर्गत 21, सरायपाली नगर पालिका अंतर्गत 18 एवं नगर पंचायत बसना अंतर्गत 15, पिथौरा अंतर्गत 15 व तुमगांव नगर पंचायत अंतर्गत 15 मतदान केंद्र बनाए गए है। मतदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। मतगणना 15 फ़रवरी को होगी। ज्ञात है कि महासमुंद जिले के अंतर्गत आने वाले 06 नगरीय निकायों में कुल 105 वार्ड शामिल है। नगरीय निकाय अंतर्गत 03 नगर पालिका परिषद् महासमुंद, बागबाहरा व सरायपाली तथा 03 नगर पंचायत तुमगांव, बसना एवं पिथौरा शामिल है। वर्तमान में नगरीय निकाय अंतर्गत मतदाताओं की कुल संख्या एक लाख 03 हजार 692 है, जिसमें पुरुष मतदाता 49 हजार 408 तथा महिला मतदाता 54 हजार 271 और तृतीय लिंग अंतर्गत 13 मतदाता शामिल है। जिसमें नगर पालिका महासमुंद अंतर्गत 30 वार्डों में 47 हजार 178 मतदाता है, इनमें पुरुष मतदाता 22 हजार 254, महिला मतदाता 24 हजार 915 व तृतीय लिंग मतदाता >> शेष पृष्ठ 9 पर >



CMYK



## बिलाईगढ़, बरमकेला, भटगांव, सरिया, सरसीवा, पवनी में सुबह 8 बजे से 5 बजे तक होगा मतदान

**बिलाईगढ़** 10 फरवरी। नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़ बरमकेला भटगांव सरिया, पवनी और सरसीवा में 11 फरवरी मंगलवार को सुबह 8 बजे से मतदान प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक होगा। मतदान परिसर में अंतिम समय में बचे मतदाताओं को लाइन लगाकर आखिरी व्यक्ति से शुरू कर प्रथम व्यक्ति को अंतिम गिनती कर, उतने मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया पूर्ण किया जायेगा।

# जिले के 6 नगरीय निकायों में 20 अध्यक्ष उम्मीदवार, 267 पार्षद प्रत्याशी

**गरियाबंद,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के 6 नगरीय निकायों के 11 फरवरी को मतदान होगा। इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी निकाय में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। यहां कुल 41207 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 21455 महिला, 19749 पुरुष और 3 अन्य मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए 90 केंद्र बनाए गए हैं। इन 6 नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए 20 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगर पालिका परिषद गरियाबंद में 2, नगर पंचायत राजिम में 6, फिंगेश्वर में 4, छुरा में 2, कोपरा में 4 और देवभोग में 2 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।

वहीं 90 वार्डों के लिए 267 उम्मीदवार पार्षद पद के लिए मैदान में हैं। नगर पंचायत कोपरा में 54, फिंगेश्वर में 53, गरियाबंद में 48, राजिम में 43, देवभोग में 38 और छुरा में 31 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। जिनमें महिला मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

नगर पालिका परिषद गरियाबंद में 15 वार्डों के लिए 15 मतदान केंद्र होंगे। यहां 3490 पुरुष, 4369 महिला मतदाता सहित कुल 8309 मतदाता हैं। नगर पंचायत छुरा में 15 वार्डों के लिए 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां 2529 पुरुष, 2748 महिला और 3 अन्य मतदाता सहित कुल 5316 मतदाता हैं।

नगर पंचायत फिंगेश्वर में 15 वार्डों के लिए 15 मतदान केंद्र होंगे। यहां 3376 पुरुष, 3714 महिला सहित कुल 7090 मतदाता हैं। नगर पंचायत राजिम में 15 वार्डों के लिए 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां 5387 पुरुष, 5820 महिला सहित कुल 11207 मतदाता हैं। नगर पंचायत कोपरा में 15 वार्डों के लिए 15 मतदान केंद्र होंगे। यहां 2496 पुरुष, 2624 महिला सहित कुल 5120 मतदाता हैं। नगर पंचायत देवभोग में 15 वार्डों के लिए 15 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां 2021 पुरुष, 2144 महिला सहित कुल 4165 मतदाता हैं। चुनाव के लिए 6 आरओ, 6 एआरओ, 8 सेक्टर अधिकारी, 432 मतदान अधिकारी और 246 गणना अधिकारी सहित कुल 704 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### 90 केंद्रों में 41207 मतदाता डालेंगे वोट

**एक ही ईवीएम से अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान**

नगरीय निकाय चुनाव में मतदाता एक ही ईवीएम मशीन से अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मतदान करेंगे। ईवीएम के सफेद भाग में अध्यक्ष और गुलाबी भाग में पार्षद के नाम होंगे। मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार के नाम के सामने बटन दबाकर वोट डाल सकेंगे। पहले अध्यक्ष पद के लिए सफेद लेबल में बटन दबाने पर बीप की हल्की आवाज आएगी। इसके बाद पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में बटन दबाने पर बीप की लंबी आवाज सुनाई देगी। एक मतदान यूनिट में अधिकतम 16 बटन होते हैं। ईवीएम मशीन ईसीआईएल द्वारा निर्मित बैटरी से संचालित होती है। यह त्रुटिरहित और सुगम है। मतदाता उम्मीदवार के नाम, फोटो और चुनाव चिन्ह के सामने नीला बटन दबाकर मतदान कर सकेंगे।

**मतदाता की पहचान के लिए 18 दस्तावेज मान्य**

नगरीय निकाय चुनाव में मतदान केंद्र पर मतदाता की पहचान के लिए 18 प्रकार के दस्तावेज मान्य होंगे। इनमें मतदाता पहचान पत्र, बैंक/डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, पैन कार्ड, आधार कार्ड, सरकारी या निजी संस्थानों द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, स्वतंत्रता सेनानी पहचान पत्र, दसवीं-बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार काउंसिल द्वारा जारी अधिवक्ता पहचान पत्र, फोटोयुक्त दिव्यांग प्रमाण पत्र, वैध राशन कार्ड, महाविद्यालय या विद्यालय द्वारा जारी छात्र पहचान पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लाइसेंस और छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ऑनलाइन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची शामिल हैं।


# नगर पंचायत में आज मतदान

**पिथौरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। आज 11 फरवरी को होने वाले नगर पंचायत चुनाव की तैयारी आज पूरी कर ली गई है नगर के 15 वार्ड के 7399 मतदाता नगर के दो अध्यक्ष पद सहित 31 पार्षदों के भाग्य का फैसला करेंगे, भाजपा कांग्रेस द्वारा अंतिम दिनों तक भव्य रैलियां निकालकर मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है निवर्तमान अध्यक्ष आत्माराम यादव, (ष्श्रठ-द्दह्द्ग्रह्यह्य) एवं पूर्व अध्यक्ष देव सिंह निषाद (भाजपा)के बीच कड़ी टक्कर है वहीं वार्ड क्रमांक 14 में त्रिकोणी मुकाबला है शेष वार्डो में भाजपा एवं कांग्रेस की सीधी टक्कर है अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगर पंचायत द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों के मतदान केदो की सूची जारी कर दीं गई है जो निम्न अनुसार है,,,, वार्ड क्रमांक एक महात्मा गांधी वार्ड अनु सूचित जाती कन्या आश्रम वार्ड ,क्रमांक 2 जवाहरलाल नेहरू वार्ड शासकीय नवीन प्राथमिक शाला वार्ड क्रमांक 3 राजेंद्र प्रसाद वार्ड ,शासकीय नवीन प्राथमिक शाला वार्ड, क्रमांक 4 शहीद भगत सिंह वार्ड खेल मैदान जिम्नेशियम हाल, वार्ड क्रमांक 5 चंद्रशेखर आजाद वार्ड लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क वार्ड क्रमांक 6 महाराणा प्रताप वार्ड कनिष्ठ बुनियादी शाला वार्ड क्रमांक 7 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड शासकीय कनिष्ठ बुनियादी शाला ,वार्ड क्रमांक 8 इंदिरा गांधी वार्ड नवीन नवीन प्राथमिक शाला वार्ड 8, वार्ड क्रमांक 9 अंबेडकर वार्ड कन्या हाई स्कूल ,वार्ड क्रमांक 10 बाल गंगाधर तिलक वार्ड कन्या हाई स्कूल कक्ष क्रमांक 2 ,वार्ड क्रमांक 11 लाला लाजपत राय वार्ड प्राथमिक / मिडिल स्कूल अंग्रेजी माध्यम कक्ष क्रमांक एक ,वार्ड क्रमांक 12 सुभाष चंद्र बोस सामुदायिक भवन ,वार्ड क्रमांक 13 बिपिन चंद्र पाल वार्ड शासकीय रंजीत कृषि हाई स्कूल ,वार्ड क्रमांक 14 महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड सामुदायिक भवन बगड़परा वार्ड क्रमांक 15 डॉक्टर जाकिर हुसैन वार्ड प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल अंग्रेजी माध्यम कक्षा क्रमांक 2 में मतदान केंद्र बनाया गया है ।जहां अपने-अपने वार्ड के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाता करेंगे मतदान का चुनाव परिणाम 15 फरवरी को घोषित किया जाएगा।



- 33 प्रत्याशियों का फैसला
- 15 वार्डो के लिए मतदान केंद्रों की सूची जारी

# शत-प्रतिशत मतदान करें : डॉ पाणिग्राही



**बागबाहरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा ,विधान सभा चुनाव के बाद अब बारी है निकाय चुनाव में मतदान की। जिसमे महापौर / अध्यक्ष / पार्षद के लिए मतदान करना है ।हमारे प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में कल याने 11 फरवरी को शहर सरकार चुनने के लिए मतदान की तारीख है। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने वाले महासमुंद जिले के स्वीप आइकन डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने अपने अलग अंदाज में लोगों तक पहुंचकर मतदान अवश्य करने अपील किया । अच्छे प्रत्यासी का चुनाव एवम शत प्रतिशत मतदान आपकी जिम्मेदारी ,आपका कर्तव्य एवम आपका अधिकार है । मतदान के दिन कितना भी आवश्यक कार्य हो सबसे पहले मतदान करें। फिर दूसरा काम करें। पांच साल में एक बार मिलने वाला आपका मतदान का अधिकार व्यर्थ न जाए इसका ध्यान रखें। इस कड़ी मे डॉ पाणिग्राही ने हर मतदाता से विशेष कर मातृ शक्ति एवम युवाओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु अपील किया । डॉ पाणिग्राही ने कहा लोगों में भारी उत्साह है अच्छा मतदान होगा।

# रायखेड़ा विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

**तिल्दा नेवरा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में 10 फरवरी 2025 दिन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा छात्रों के साथ च्परीक्षा पे चर्चा च्किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों में परीक्षा के तनाव से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट और अलग-अलग प्लेटफार्म पर प्रसारण किया गया ।इस कार्यक्रम को विद्यालय में बच्चों को जोड़ा गया ।परीक्षा पे चर्चा पूरे 1 घंटे तक चली। इस बीच बच्चे सवाल पर सवाल पूछते रहे,और प्रधानमंत्री जी उन सभी प्रश्नों के उत्तर देते रहे ।



प्रधानमंत्री जी ने बताया कि फेल होने से जिंदगी रुक नहीं जाती है। आपको तय करना होगा कि जीवन में सफल होना है ,जीवन में सफल होने का एक उपाय होता है,कि आप अपने जीवन की जितनी भी विफलताएं हैं उसे अपना गुरु बना ले ।जीवन सिर्फ परीक्षाएं नहीं है ।इसे समग्रता में देखना चाहिए ।हमारे अंदर परमात्मा ने कुछ कमियां भी रखी है,कुछ विशेषताएं भी दी है विशेषताओं पर ध्यान देना चाहिए। ज्यादातर लोग अपने से दुर्बल से स्पर्धा करते हैं और फिर कूदते रहते हैं कि उसकी 34 आया ,मेरा 35 आया लेकिन जो खुद से स्पर्धा करता है उसका विश्वास कभी टूटता नहीं है। प्रधानमंत्री जी ने शिक्षकों को भी बताया कि शिक्षक भी जो बच्चे होशियार होते हैं बार-बार उनको पुचकारते हैं। बाकियों को गिनते ही नहीं है ।इससे बच्चे डिप्रैस हो जाते हैं ।टीचर्स से भी मेरी आग्रह है कि विद्यार्थियों के बीच में कोई तुलना मत कीजिए ।बाकी विद्यार्थियों के सामने दूसरे को टोकना बंद कीजिए। कुछ कहना है तो उसे अलग से बात करके मोटिवेट करने के अंदाज में कहिए। अंत में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सभी बच्चों को आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी गई ।इस कार्यक्रम मे आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा के182बच्चे, 07पालक एवम् शिक्षक शिक्षिकाएं जुड़े रहे।

# दामाखेड़ा संत समागम में उमड़ी भीड़



**सिमगा,** 10 फरवरी। पंथ श्री प्रकाशमुनि नाम साहेब ने कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में संत समागम माघ मेले के तीसरे दिवस हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी हमें सत्संग करने का मौका मिले तो लाख काम छोड़कर सत्संग में संतो के महंतों के दर्शन करने जाना चाहिए उनके शरण जाने से थोड़ी देर बैठने से ही जीवन की कई समस्याओं का समाधान मिल जाता है ।संतो के सानिध्य में इतना जबरदस्त प्रभाव रहता है ।हमारे सद्गुरु कबीर साहब कहते कि एक घड़ी भी अगर मनुष्य सच्चे श्रद्धा एवं मन से संतो के सत्संग में अगर बैठता हैं तो हमारे जीवन में काफी परिवर्तन आ जाता है ।मन के सारे विकार दूर हो जाते है और मन के विकार दूर होते ही सद्गुरु की शरण हमें सहजता से प्राप्त हो जाता है। प्रवचन उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहब एवं नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री हुजूर उदितमुनि नाम साहब की मंगल आरती किए।

# सौंदर्यीकरण कराना पहली प्राथमिकता : भागीरथी

**जी जामगांव** 10 फरवरी (देशबंधु)। ग्राम जी जामगांव के शिक्षित ,ऊर्जावान सरपंच पद के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ रहे प्रत्यासी भागीरथी साहू ने देशबंधु से चर्चा करते हुए बताया कि वह अपने गाँव के प्रत्येक घर तक पानी की ब्यवस्था,नाली निर्माण,समशान घाट में सेड निर्माण,युवा साथियो के लिए खेल मैदान में समुचित सुविधा ,शीतला मंदिर तालाब का वृक्षारोपण कर सौदर्यीकरण कराना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। ग्राम पंचायत के सभी वार्डो से मतदाताओं का समर्थन मिल रहा है। मेरा विजन विकास है बताकर भारी मतों से जिताने का आग्रह कर वोट मांग रहे है।



## मतदान दिवस पर निर्वाचन क्षेत्र में रहेगा अवकाश

**बिलाईगढ़,** 10 फरवरी। नगर पालिका और त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 हेतु छत्तीसगढ़ के सभी जिले में मतदान 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार, 17 फरवरी 2025 दिन सोमवार, 20 फरवरी 2025 दिन गुरुवार के दिन जिले के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश, सामान्य अवकाश रहेगा।

# बागबाहरा में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित : भूपेंद्र

**बागबाहरा**, 10 फरवरी (देशबन्धु)। शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने एक बड़ा दावा किया है कि बागबाहरा के नगरपालिका चुनाव में कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल एवं वार्ड प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है। बागबाहरा के सभी 15 वार्डो के मतदाता कांग्रेस के पक्ष में हैं। यहां का चुनावी माहौल कांग्रेसमय है। जिसे कोई नहीं नकार सकता। यहां के आम मतदाता कांग्रेस प्रत्याशियों को पंजा झाप में वोट देकर भारी बहुमत से जीताना चाहते हैं। नगरपालिका का चुनाव आज मंगलवार 11 फरवरी को होने जा रहा है। जिसमें यहां के मतदाता बढ चढ कर भाग लेंगे। नगर के सभी मतदान केन्द्रों में तैयारियां पूरी कर ली गई है।



चुनावी शोरगुल थमने के पहले कांग्रेस पार्टी ने नगर में एक बड़ी जंगी रैली खल्लारी क्षेत्र के विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में निकालकर सत्तासीन भाजपा सरकार को शक्ति प्रदर्शन कर दिखा दिया है। यह दिल्ली का चुनाव नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के बागबाहरा नगर का चुनाव है। यहां कांग्रेस की परचम लहराएगी। यहां अध्यक्ष एवं पार्षद की कुर्सी पर कांग्रेस पार्टी के जीते हुए प्रत्याशी बैठेंगे। शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने आगे बताया कि नगर में आज सोमवार की शाम छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन हुआ। जहां कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर पार्टी के पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता एवं प्रत्याशियों से भेंट मुलाकात कर उन्हें जीत का पूरा भरोसा दिलाया है। कांग्रेस पार्टी के एक - एक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में दिन-रात चुनावी कार्य में जी-जान से जुटे हुए हैं। प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता नगर के घर-घर जाकर मतदाताओं से सीधे संपर्क करने में लगे हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बागबाहरा नगर में आगमन होते ही कांग्रेसजनो ने आतिशबाजी कर उनका जोशिला स्वागत किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि निषाद, महेंद्र चंद्राकर, ताम्रध्वज छोटू बघेल,केशव नायकराम चंद्राकर, फिरोज मेमन, गणेश शर्मा , शमीम खान,लखबीर छाबड़ा, सुश्री दुर्गा सागर, मिथुन अमीर,नवनीत सलूजा, रामेश्वर चक्रधारी,लोकेश दीवान , शैलेश साहू,देवेश साहू,शिवा जगत, श्रीमती मेनका पोखराज साहू, आशाराम बांधे,सेतराम बघेल, ममता गौरव सांवरा, दिनेश साहू, लक्ष्मी विरेन्द्र महानंद, भूषण जलक्षत्री,श्रद्धा हरीश चंद्राकर, चुम्मन तांडी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे। अपने पार्टी के प्रत्याशियों की शानदार होने वाली जीत को लेकर कांग्रेसियों में खुशी की लहर है। नगर में पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में माहौल है।

# मतदान करते फोटो, वीडियो लेने और सोशल मीडिया में शेयर करने पर जा सकते हैं जेल

**बिलाईगढ़,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। वर्तमान में युवा और अन्य वर्ग के मतदाता, इंस्टाग्राम, ट्विटर और व्हाट्सएप स्टेटस में अपनी फोटो और वीडियो डालने की एक आदत बना रखे हैं, यह आदत यदि निर्वाचन कानून के उल्लंघन करता है, तो जेल भी पहुंचा सकता है। यदि किसी मतदाता के द्वारा मतदान करते समय फोटो खींचने, मतदान का बटन दबाते हुए वीडियो व रिल्स बनाने, सेल्फी लेने, साथ ही उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट किया जाता है। इससे मतदान की गोपनीयता भंग हो जाती है। किसी भी परिस्थिति में कोई भी मतदाता मतदान करते समय स्वयं का या बैलेट यूनिट का बटन दबाते हुए फोटो, वीडियो, सेल्फी नहीं लें, इसे सुनिश्चित करने को लेकर मतदान कक्ष में मोबाइल लेकर प्रवेश निषेध रहेगा। वहीं प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि पीठासीन पदाधिकारी द्वारा दिए गए अनुमति वाले स्थान से ही मतदान का कवरेज करेंगे और किसी भी परिस्थिति में बैलेट यूनिट का फोटो, वीडियो नहीं लेंगे। यदि निर्देशों का अनुपालन कोई नहीं होता है और ऐसा करते हुए अगर कोई व्यक्ति पकड़ा जाता है तो पीठासीन पदाधिकारी तत्काल इसकी सूचना सेक्टर मजिस्ट्रेट को देंगे और संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट 1951 की धारा 128 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके तहत तीन महीने का जेल या आर्थिक दंड या दोनों के तहत कार्रवाई करने का प्रावधान है।

## नगर पंचायतों के मतदान केंद्रों में सकुशल पहुंचे मतदान दल

**बिलाईगढ़,** 10 फरवरी(देशबन्धु)। नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़, बरमकेला, भटगांव, सरिया, पवनी और सरसीवा में जिले के मतदान दल संबंधित मतदान केंद्र में निर्वाचन सामग्री संग्रहण कर सकुशल पहुंच गए हैं। वे 11 फरवरी को मतदान कार्य पूर्ण कराएंगे।



## निधन

### भागमती साहू

**भाटापारा,** 10 फरवरी। ग्राम ढाबाडीह भाटापारा निवासी श्रीमती भागमती साहू का आकस्मिक निधन हो गया है। श्रीमती साहू पूर्व मंडी तौलया संघ के अध्यक्ष एवं बोलबम सेवा समिति मे सक्रिय भागीदारी निभाने वाले स्व. मूलचंद साहू की धर्मपत्नी, पुनीत, मनहरण, चंद्रप्रकाश प्रदीप की माता तथा शिवनारायण, नरेश, राकेश, हरीश, लोमेश, सुशील, राजेंद्र की दादी तथा भरापुरा परिवार छोड़ गई है जिसके अंतिम संस्कार में परिवारजन एवं आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### कलेक्टर ने मतदान वितरण...

09 है। इसी तरह बागबाहरा अंतर्गत 15 वार्डा में 15 हजार 887 मतदाता है, जिसमें पुरुष मतदाता 07 हजार 617, महिला मतदाता 08 हजार 266 व तृतीय लिंग मतदाता 04 है। नगरपालिका सरायपाली अंतर्गत 15 वार्डा में 17 हजार 175 मतदाता है, जिसमें 08 हजार 348 पुरुष मतदाता व 08 हजार 827 महिला मतदाता है। इसी तरह नगर पंचायत तुमगांव अंतर्गत 15 वार्डों में 06 हजार 126 मतदाता शामिल है, जिसमें पुरुष मतदाता 02 हजार 997 व महिला मतदाता 03 हजार 129, बसना अंतर्गत 15 वार्डा में 09 हजार 927 मतदाता है जिसमें पुरुष मतदाता 04 हजार 596 व महिला मतदाता 05 हजार 331 एवं नगर पंचायत पिथौरा अंतर्गत 15 वार्डों में 07 हजार 399 मतदाता है, जिसमें 03 हजार 596 पुरुष मतदाता एवं 03 हजार 803 महिला मतदाता शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने जिले के समस्त मतदाताओं को नगरीय निर्वाचन अंतर्गत 11 फरवरी को जिले के 06 नगरीय निकायों में होने वाले चुनाव में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की है। उन्होंने पहली बार वोट दे रहे सभी नवीन मतदाताओं से अपने मत प्रयोग करने के लिए विशेष रूप से अपील की है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान द्वारा हमें एक महत्वपूर्ण अधिकार के रूप में मत देने का अधिकार दिया गया है। यह एक ऐसा अधिकार है जिसके प्रयोग के द्वारा ही आप अपने क्षेत्र के संपूर्ण विकास में अपना योगदान दे सकते हैं और लोकतंत्र को मजबूत बना सकते हैं।

# प्रत्याशियों के चुनावी खर्च का द्वितीय व्यय लेखा परीक्षण हुआ

**महासमुंद** 10 फरवरी (देशबंधु)। छग राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों द्वारा किए गए चुनावी खर्च का द्वितीय व्यय लेखा परीक्षण 7 एवं 8 फरवरी को संपन्न हुआ। 07 फरवरी को नगर पालिका सरायपाली एवं नगर पंचायत पिथौरा के प्रत्याशियों का व्यय लेखा परीक्षण किया गया, जबकि 08 फरवरी को नगर पालिका महासमुंद, बागबाहरा एवं नगर पंचायत तुमगांव के प्रत्याशियों के खर्चों का विस्तृत मिलान किया गया। यह लेखा परीक्षण व्यय लेखा प्रेक्षक लक्ष्मीनारायण पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जांच प्रक्रिया के दौरान जिला व्यय नोडल अधिकारी गुपेश कुमार होता, सहायक कोषालय अधिकारी देवेन्द्र बाम्बोडे, व्यय संपरीक्षक बिपुल बरई, लेखापाल जीपी चन्द्राकर सहित अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। प्रत्याशियों के अधिकृत अभिकर्ता भी इस प्रक्रिया में शामिल हुए। व्यय लेखा परीक्षण के दौरान प्रत्याशियों द्वारा किए गए चुनाव प्रचार खर्च का विस्तृत मिलान किया गया और आयोग द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार जांच की गई। सभी अभिकर्ताओं को व्यय सीमा एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देशों के अनुरूप यह प्रक्रिया निर्विघ्न संपन्न हुई।



# कांग्रेस में गुटबाजी, चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशी अकेले पड़े

**गरियाबंद,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हार के बाद भी कांग्रेस में गुटबाजी खत्म नहीं हुई। नगर पालिका चुनाव में भी यही हाल है। पार्टी के कई नेता बागी होकर मैदान में हैं। कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। संगठन पूरी तरह नदारद है। अध्यक्ष और 15 वार्डों के प्रत्याशी अकेले पड़ गए हैं। पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला गरियाबंद का दौरा कर रहे हैं, लेकिन गुटबाजी पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने भी संगठन की तरह जिम्मेदारी से किनारा कर लिया है। भाजपा ने इसे कांग्रेस की स्वाभाविक हार बताया। निकाय प्रभारी किशोर महानंद ने कहा कि कांग्रेस की गुटबाजी से जनता पहले ही नाराज है। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो जाएगी।

**भाजपा ने रूठों को मनाया, कांग्रेस नाकाम**

टिकट वितरण के बाद भाजपा ने नाराज नेताओं को मना लिया। प्रशांत मानिकपुरी, गफ्फू मेमन, आसिफ मेमन और आशीष शर्मा को टिकट नहीं मिला, लेकिन वे अब पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जुटे हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस में स्थिति उलट है। टिकट नहीं मिलने से संदीप सरकार और ऋतिक सिन्हा अपने वार्ड में सिमट गए। संदीप सरकार वार्ड 1 से और ऋतिक सिन्हा वार्ड 15 से (निर्दलीय) चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों को अपनी सीट बचाने की चुनौती है। कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी गैंदलाल सिन्हा को संगठन से कोई मदद नहीं मिल रही। कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी भी उनके साथ एकजुट नहीं हैं। जनता के मन में सवाल उठ रहा है कि जो पार्टी अपना घर नहीं संभाल पा रही, वह नगर कैसे संवारेगी?

**पार्षद प्रत्याशियों के लिए भी राह मुश्किल**

कांग्रेस की गुटबाजी कई वार्डों में हार की वजह बन सकती है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को भाजपा से ज्यादा अपने ही बागियों से चुनौती मिल रही है। वार्ड 1, 2, 4, 12, 13, 14 और 15 में कांग्रेस के 12 बागी मैदान में हैं। इनमें वार्ड 1 से विकास यादव, वार्ड 2 से निरंजन प्रधान और घनश्याम यादव, वार्ड 4 से ज्योति साहनी, गीता जगत और झरोखा सोरी, वार्ड 12 से पुरुषोत्तम यादव, वार्ड 13 से मुकेश भोई और जीवेश सिन्हा, वार्ड 14 से उर्वशी सोनी और योगिता सिन्हा, वार्ड 15 से ऋतिक सिन्हा शामिल हैं। इनमें ऋतिक सिन्हा और ज्योति साहनी पहले पार्षद रह चुके हैं। गीता जगत, घनश्याम यादव और पुरुषोत्तम यादव का नाम अंतिम समय में काट दिया गया। अब यही नेता कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के लिए मुश्किल खड़ी कर रहे हैं। भाजपा को इसका सीधा फायदा मिल रहा है। बागी जीतने की स्थिति में नहीं हैं, लेकिन कांग्रेस के वोट काट रहे हैं। इससे कांग्रेस का पूरा समीकरण बिगड़ गया है। अगर यही स्थिति बनी रही तो इन वार्डों में कांग्रेस की जीत मुश्किल हो जाएगी।

### बड़े चेहरे भी नहीं आए नजर संगठन भी हुआ किनारे

**चुनाव प्रचार में भी नहीं दिखे बड़े चेहरे**

प्रचार-प्रसार में भी कांग्रेस बीजेपी की तुलना में अब तक पीछे रही। कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने ना पार्टी संगठन सामने आया ओर ना पार्टी के कोई बड़े नेता कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार प्रसार करने गरियाबंद पहुंचे। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी से सांसद रूप कुमारी चौधरी और विधायक रोहित साहू लगातार प्रचार प्रसार में सक्रिय रहे। विधायक ने शहर के अलग-अलग कई वार्ड में घूम-घूम कर प्रचार प्रसार किया वहीं सांसद ने भी नगर के अलग-अलग वार्डों में सभाएं की। भाजपा का संगठन भी चुनाव में दमदारी से जुटा है। इसके उलट कांग्रेस में केवल अमितेश शुक्ल ही एक दो बार चुनाव प्रचार के लिए गरियाबंद पहुंचे। बीच में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के गरियाबंद आने की चर्चा हुई लेकिन वह भी नहीं आए। देखा जाए तो चुनाव प्रचार में भी कांग्रेस बीजेपी से पीछे रहें।

CMYK

# शिवरतन शर्मा ने अध्यक्ष अश्वनी शर्मा व पार्षदों के समर्थन में व्यापारियों से समर्थन मांगा

**भाटापारा,** 10 फरवरी (देशबन्धु)।भाटापारा में भाजपा से नगरपालिका अध्यक्ष पद प्रत्याशी अश्वनी शर्मा एवं वार्ड पार्षदो के समर्थन में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के माध्यम से व्यापारियों से मुलाकात और चर्चा कर सहयोग और समर्थन मांगा ।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष पद प्रत्याशी अश्वनी शर्मा ने अपनी आगामी कार्ययोजनाओं को सम्मुख रखा और हमेशा व्यापारिक और नगर हित में कार्य करने की बात कही । जिसमें विशेष रूप से दुकानो के पट्टे का नवीनीकरण, टैक्स नोटिस का निपटारा, व्यापारियों के लिए सभागार भवन का निर्माण, व्यापारिक क्षेत्रों में शौचालय और समुचित स्ट्रीट लाइट के साथ व्यवस्थित पार्किंग सहित बहुत से विषयों पर अपनी की बात रखी।



वहीं शिवरतन शर्मा ने उनकी नगर के प्रति विकास की सोच, प्रदेश नेतृत्व से संपर्क और कार्य कराने की क्षमता के साथ हर छोटे बड़े कार्य के लिए व्यापारियों के साथ खड़े रहने की बात कही और अपने बहुमूल्य मत को भाटापारा नगर के विकास के लिए भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनाने उपयोग करने का आव्हान किया।

बैठक में व्यापारियों ने भी अपनी शंका और सुझावों से प्रत्याशी को अवगत कराया । बैठक में पार्षद पद के प्रत्याशी बजरंग वार्ड - दिलीप छाबड़िया, संजय वार्ड - श्रेणिक गोलछा, सदर वार्ड - सुरेश बब्बू मंधान, शंकर वार्ड - नंदकिशोर वैष्णव, सुभाष वार्ड - संध्या राजेश साहू ने भी मौजूद रहकर व्यापारियों से समर्थन और बहुमूल्य वोट मांगा ।

बैठक का आयोजन श्री माहेश्वरी भवन में रखा गया था जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु शामिल हुए, बैठक का संचालन मुकेश सोनी और सुभाष भट्टर ने किया और व्यापारियों की ओर से आभार प्रदर्शन सुनील दुबे और भाजपा की ओर से आभार प्रदर्शन आशीष जायसवाल ने किया ।

बैठक में चेंबर प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधर गोविंदनी, भाटापारा इकाई अध्यक्ष सचिव श्रीचंद छाबड़िया, प्रताप ठाकुर, पोहा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुकरेजा, राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सदर बाजार व्यापारी संघ अध्यक्ष शिव दम्मानी, मनिहारी संघ प्रहलाद राय लछवानी, कपड़ा संघ तेजप्रकाश जैन, बर्तन संघ नवल लाहोटी, मोबाइल संघ महोदय तोरण साहू, दवा विक्रेता संघ हरमिंदर चावला, इलेक्ट्रॉनिक एवं इलेक्ट्रिकल संघ सुनील दुबे, हार्डवेयर संघ मुफद्दल बोहरा, सीमेंट एवं छड़ विक्रेता संघ सचिन जैन, सब्जी एवं फल विक्रेता संघ गोविंद पटेल सहित अन्य सभी व्यापार से जुड़े व्यापारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस

**राजिम,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम में आज प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें संस्था की प्राचार्य डॉक्टर सविता मिश्रा , साथ में संस्था के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएल वर्मा सर एवं घनश्याम यदु विभाग अध्यक्ष हिंदी थे। इस प्रेस वार्ता में मीडिया प्रभारी श्रीमती श्वेता खरे एवं महाविद्यालय में आयोजित की जाने वाली कार्मिक दक्षता कार्यक्रम की संयोजक सुश्री मनीषा भोई उपस्थित थी। महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं छात्र हित के लिए आयोजित की जाने वाली विविध गतिविधियों के कुशल संपादन हेतु आयोजित इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रेस के माध्यम से डॉ सविता मिश्रा द्वारा विभिन्न गतिविधियों जैसे दक्षता कार्यक्रम, सेमिनार, कॉन्फ्रेंस की जानकारी एवं उनके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। सुश्री मनीषा भोई के द्वारा शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के उद्देश्य , इसके विभिन्न दिवसों तथा उन दिवसों में आमंत्रित वक्ताओं के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी पत्रकारों को उपलब्ध कराई गई। समय-समय पर पत्रकारों द्वारा व्यक्त की गई। जिज्ञासाओं का समाधान सुश्री मनीषा भोई, एमएल वर्मा एवं घनश्याम यदु के द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी श्रीमती श्वेता खरे के द्वारा एफ डीपी के कवरेज को सही तरीके से संपादित करने के लिए आवश्यक चर्चा मीडिया के साथ की गई। इस अवसर पर मीडिया एवं संस्था के सहयोग से विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास की बात सुनिश्चित करने की पहल की गई।



महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं छात्र हित के लिए आयोजित की जाने वाली विविध गतिविधियों के कुशल संपादन हेतु

# शहर सरकार चुनने मतदान आज

**बलौदाबाजार,** 10 फरवरी (देशबन्धु)।नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष के 8 तथा पार्षद के 142 पद पर चुनाव के लिए ईव्हीएम से मतदान 11 फरवरी 2025 को होगा। मतदान प्रात: 8 बजे प्रारम्भ होकर अपरान्ह 5 बजे तक सम्पन्न होगा।जिले के 8 नगरीय निकाय के 181 मतदान केंद्रों में लगभग 1,27,644 मतदाता शहरी सरकार चुनने अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में मतदान हेतु चाक-चौबंद तैयारी कर ली गई है।

- मतदान प्रात: 8 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक
- जिले के 8 नगरीय निकायों के 181 मतदान केंद्रों में 127644 मतदाता करेंगे मतदान

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका आम निर्वाचन हेतु जिले के कुल 127644 मतदाताओं में पुरूष मतदाता 62081, महिला मतदाता 65551 एवं 12 अन्य शामिल है।नगरपालिका परिषद् बलौदाबाजार में कुल 21 वार्ड, मतदान केन्द्रों की संख्या 20, अध्यक्ष पद-1, एवं पार्षद पदों की संख्या 21 है जिसमें पुरूष मतदाता 11292, महिला मतदाता 12069, कुल मतदाता 23361 है।नगरपालिका परिषद भाटापारा कुल 31 वार्ड, मतदान केन्द्रों की संख्या 61, अध्यक्ष पद-1, एवं पार्षद पदों की संख्या 31 है।जिसमें पुरूष मतदाता 25053, महिला महिला मतदाता 26617 एवं अन्य मतदाता 11 कुल मतदाता 51681 है।नगर पालिका परिषद सिमगा कुल वार्ड 15, मतदान केन्द्रों की संख्या 15, अध्यक्ष पद-1 एवं पार्षद पदों की संख्या 15 है।जिसमें पुरूष मतदाता 6213, महिला मतदाता 6499, कुल मतदाता 12712 है।नगर पंचायत पलारी कुल वार्ड 15, मतदान केन्द्रों की संख्या 15, अध्यक्ष पद-1 एवं पार्षद पदों की संख्या 15 है।जिसमें पुरूष मतदाता 3441, महिला मतदाता 3691, कुल मतदाता 7507 है। नगर पंचायत लवन कुल वार्ड 15, मतदान केन्द्रों की संख्या 15, अध्यक्ष पद-1 एवं पार्षद पदों की संख्या 15 है। जिसमें पुरूष मतदाता 3665, महिला मतदाता 3842, कुल मतदाता 7739 है। नगर पंचायत कसडोल कुल वार्ड 15, मतदान केन्द्रों की संख्या 15, अध्यक्ष पद-1 एवं पार्षद पदों की संख्या 15 है। जिसमें पुरूष मतदाता 5926, महिला मतदाता 6276, कुल मतदाता 12202 है।नगर पंचायत टुण्डरा कुल वार्ड 15, मतदान केन्द्रों की संख्या 15, अध्यक्ष पद-1 एवं पार्षद पदों की संख्या 15 है।जिसमें पुरूष मतदाता 3894, महिला मतदाता 3845 कुल मतदाता 7132 है।एवं नगर पंचायत रोहांसी में कुल 15 वार्ड, मतदान केन्द्रों की संख्या 15, अध्यक्ष 1-1 पद, एवं पार्षद पदों की संख्या 15 है। जिसमें पुरूष मतदाता 2597, महिला मतदाता 2712 एवं अन्य मतदाता 01 कुल मतदाता 5310 है।

# पीएमश्री स्कूल कसडोल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बच्चो के साथ संवाद कार्यक्रम के आठवां संस्करण का लाइव प्रसारण किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन पीएमश्री स्कूल के सभागृह में किया गया।जिसमें कक्षा नवमी से लेकर बारहवीं तक के सभी स्कूली बच्चे उपस्थित हुए।इस कार्यक्रम मे प्रधानमंत्री ने सभी बच्चो को पढाई से सम्बन्धित बहुत सारी जानकारी प्रदान किए।



पीएम के इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के कॉन्फिडेंस को बढ़ाना, उनके स्ट्रेस के लेवल को कम करना और उन्हें स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना है। लाइव कार्यक्रम के समाप्त होने के बाद पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने भी सभी बोर्ड परीक्षा के बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा के समय ज्यादा टेंशन न ले धैर्य से ध्यान से और निरंतर समय सारणी बनाकर पढाई करने को कहा। कार्यक्रम के इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद ध्रुव, सहायक विकासखंड अधिकारी रमाकांत देवांगन, बी आर सी सी नीलमणि साहू, सी ए सी फिरतू साहू एवं पीएमश्री स्कूल के सभी बच्चो के साथ साथ इग्नाइट स्कूल के बच्चे एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# विधायक इंद्र कुमार साहू का वार्डों में किया जनसंपर्क

**नवापारा राजिम,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू ने चुनाव प्रचार थमने के बाद सोमवार को घर-घर जनसंपर्क कर भाजपा को वोट देने की अपील की। विधायक श्रीसाहू ने वार्डों सहित गंज रोड, सदर रोड का भी भ्रमण कर मतदाताओं से रूबरू हुए। नगर के सभी वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।



इस दौरान भाजपा की पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी ओम कुमारी संजय साहू, चुनाव प्रभारी अंजय शुक्ला, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय गोयल, रतन साहू, रेशम सिंह हुंदल, चैनु साहू, कमलनरायण साहू एवं पार्षदों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजिम मेला में छोटे दुकानदारों को राहत दी जाए : मुकेश साहू

**राजिम,** 10 फरवरी (देशबन्धु)। राजिम कुंभ कल्प मेला के लिए इस बार नया स्थल चयन किया गया है।उक्त क्षेत्र में मीना बाजार सहित अन्य दुकान लगाने की जिम्मेदारी निजी ठेकेदार को दी गई है, जिससे छोटे व्यापारियो को दुकान लगाने में कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मुकेश साहू ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाए जुटाने, मुख्य मंच, दुकाने, विभागीय स्टाल और मीना बजार लगाने टेंडर के द्वारा ठेकेदार को दिया गया। जिसके तहत छोटे दुकानदारों को शुल्क अधिक पड़ रहा है, छोटे दुकानदारों को राहत देने शुल्क में मुक्त करतें हुए, दुकान लगाने उचित जगह मुहय्या कराने का मांग शासन एवं मेला अधिकारीयों से किया है।



